For the fiscal year 2023-24, the Gross Refining Margin (GRM) was recorded at US$ 8.64 per barrel (Singapore GRM: $6.61 per barrel), compared to US$ 11.91 per barrel (Singapore GRM: $8.96 per barrel) in the previous financial year. CPCL consistently outperformed Singapore GRMs over the last two years, largely due to optimized refinery production, enhanced product distribution, crude procurement strategies and efficient secondary units processing capabilities.

Numaligarh Refinery Limited (NRL)

Profit Before Tax (PBT) of the year 2022-23 was higher by 2.17% at ₹ 4,953.23 crore as compared to ₹ 4,847.85 crore of the previous financial year mainly due to increase in overall gross margin and higher inventory gains. Accordingly, the Company posted record profits for the year 2022-23 with Profit After Tax (PAT) of ₹ 3,702.79 crore as compared to ₹ 3,561.56 crore of the previous year registering an increase of ₹ 141.23 crore.

Brahmaputra Cracker and Polymer Limited (BCPL)

The Profit before Tax (PBT) of Brahmaputra Cracker and Polymer (BCPL) reduced by 206% in 2023-24 to ₹ (-) 204.44 crore as compared to ₹ 192.69 crore in 2022-23. The Profit After Tax (PAT) reduced by 219% in 2023-24 to ₹ (-) 160.22 crore as compared to ₹ 134.23 crore in 2022-23. The profits reduced due to lower production, subdued prices and high cost of feedstock.

Appendix-X

There were 80 CAG Audit Paras upto FY 2023-24. After the settlement of 7 CAG Audit Parasduring FY 2023-24, 73 CAG Audit Parasare pending in the Ministryas on 31.03.2024. Out of these 73 CAG Audit Paras, replies of 70 Audit Parashave been submitted to CAG. Out of 70 CAG Audit Paras,vetting remarks have been received on 28 Audit Paras on which further action is being taken. Further, in year 2017, 1 PAC Report No. 34 contains 5 Paras on which replies have been sent by the Ministry to PAC. However, vetting remarks on the same has been received from PAC on which necessary action is being taken.

Year wise position of ATN of CAG Audit Paras received upto FY 2023-24

(As on 31.03.2024)

Sl. No.	Year	No. of CAG paras on which ATNs have to be submitted to CAG for settlement	Details of the CAG paras on which ATNs are pending		
			No. of CAG paras on which 1st ATN is yet to be taken	No. of ATNs sent but returned with observations by CAG	No. of ATNs sent by Ministry but vetting remarks have not been received from CAG
	(i)	(ii)	(iii)	(iv)	(v)
1	2008	1	-	1	-
2	2009	1	-	1	-
3	2011	2	-	2	-
4	2012	2	-	2	-
5	2013	4	-	2	2
6	2014	2	-	1	1
7	2015	3	-	1	2
8	2016	7	-	4	3
9	2017	5	-	2	3
10	2018	5	-	2	3
11	2019	10	-	3	7
12	2020	4	-	-	4
13	2021	9	-	5	4
14	2022	9	-	2	7
15	2023	9	3	-	6


Appendix-XI

List of Assets acquired by Indian PSU's Abroad

Sr. No.	Country	Name of Asset	Company Name	Participating Companies
1.	Australia	Production License T/L1 (Yolla Field)	Prize Petroleum Company Limited (Through its 100% subsidiary Prize Petroleum International Pte Ltd in Singapore)	Beach Energy (Operations) Limited, Beach Energy (Bass Gas) Limited, Beach Energy Limited, Prize Petroleum International Pte Ltd.
2		Retention Leases T/RL 2, 4 & 5 (Trefoil & Others)		Beach Energy (Operations) Limited (Operator), Beach Energy Limited, Prize Petroleum International Pte Ltd
3	Azerbaijan	ACG	OVL	ONGC Videsh Limited, BP (Operator), AzACG, MOL, INPEX, Equinor Apsheron AS, ExxonMobil, TPAO, Itochu
4		BTC Pipeline	OVL	ONGC BTC Limited, BP (Operator), AzBTC, MoL, INPEX, Equinor Apsheron AS, TPAO, Itochu, TOTAL, ENI, Exxon
5	Bangladesh	SS-04	OVL OIL	ONGC Videsh Limited (Operator), Oil India Limited, BAPEX (Carried)
6		SS-09	OVL OIL	ONGC Videsh Limited (Operator), Oil India Limited, BAPEX (Carried)
7	Brazil	BC-10	OVL	ONGC Videsh Limited, Shell (Operator), Qatar Energy
8		BM-SEAL-4	OVL	ONGC Videsh, Petrobras (Operator)
9		BM-SEAL-11 (2 blocks)	BPRL	Petrobras, IBV
10		BM-C-30 (1 block)	BPRL	PetroRio, IBV
11	Canada	PNW Project	IOCL	Petronas Energy Canada Ltd. (PECL) (Operator), Sinopec Huadian, IndOil Montney Ltd. (IML), Petroleum Brunei Montney Holdings Limited
12	Colombia	MECL	OVL	ONGC Videsh, SIPC
13		CPO-5	OVL	ONGC Videsh (Operator), Geopark
14		RC-10	OVL	ONGC Videsh (Operator), Ecopetrol
15		SSJN 7	OVL	ONGC Videsh; Canacol Energy Ltd (Operator)
16	Gabon	Block Shakthi- II	IOCL OIL	OIL (Operator), IOCL

Sr. No.	Country	Name of Asset	Company Name	Participating Companies
17	Indonesia	Nunukan	BPRL	Pertamina , BPRL VI BV
18	Iran	Block Farzad-B	OVL	ONGC Videsh Limited (Operator), IOC, OIL
19	Iraq	Block 20 (Erstwhile Block 8)	OVL	ONGC Videsh Limited
20	Libya	Contract Area 43	OVL	ONGC Videsh Limited
21		Area 95/96	OIL IOCL	OIL, IOCL, SIPEX (Operator)
22	Mozambique	Offshore Area 1, Rovuma Basin	OVL OIL BPRL	ONGC Videsh Rovuma Limited, BREML (consortium of ONGC Videsh Limited, OIL), Total Energies (Operator), ENH, Mitsui, BPRL, PTTEP
23	Myanmar	Blocks A-1	OVL	ONGC Videsh, MOGE, Posco International (Operator), Kogas, GAIL
		Blocks A-3	OVL	
24		Blocks A-1 & A-3	GAIL (India) Limited	
25		Offshore Mid-stream Gas Pipeline (Pipeco 1)	OVL GAIL (India) Limited	ONGC Videsh, MOGE, POSCO International (Operator); Kogas, GAIL
26		Onshore Gas Pipeline (SEAGP) (Pipeco 2)	OVL GAIL (India) Limited	ONGC Nile Ganga B.V., CNUOC(O), MOGE, POSCO International, GAIL, KG-SEAGP
27		Block B-2	OVL	ONGC Videsh (Operator), M&S (Carried)
28		Block EP-3	OVL	ONGC Videsh (Operator), M&S (Carried)
29	Nigeria	OML 142	IOCL OIL	Summit Oil (Operator), Suntera Nigeria Ltd, (JV Partners: Suntera, IndianOil, OIL)
30	Oman	Mukhaizana	IOCL	IOCL Singapore Pte. Ltd. (ISPL), Occidental Mukhaizna LLC, Oman Oil, Liwa Energy Limited (Mubadala), PTTEP (Partex (Oman) Corporation
31	Russia	Sakhalin -1	OVL	ONGC Videsh Limited, SODECO, Rosneft subsidiaries (SMNG and RN Astra)
32		Vankorneft	OVL OIL IOCL BPRL	ONGC Videsh Vankorneft Pte Ltd, Vonkor India Pte Ltd. (consortium of IOCL Singapore Pte. Ltd., Oil India International Pte. Ltd., BPRL International Singapore Pte. Ltd.), Vostok Oil LLC
33		Imperial Energy	OVL	ONGC Videsh Limited
34		Taas Yuryakh	IOCL OIL BPRL	Rosneft, Taas India Pte Ltd (TIPL), BP Russian Investment Ltd
35		Licence-61	OIL	Oil India International B.V. Netherlands, Petroneft Resources

Sr. No.	Country	Name of Asset	Company Name	Participating Companies
36	South Sudan	GPOC	OVL	ONGC Videsh Limited, CNPC, Petronas, Nilepet
37		SPOC	OVL	ONGC Videsh Limited, Petronas, Nilepet
38	Syria	AFPC	OVL	SSPD (Operator), HESBV (Partners of ONGBV & CNPC)
39		Block 24	OVL	ONGC Videsh Limited, IPRMEL (Operator), TOM
40	UAE	Lower Zakum Concession	OVL IOCL BPRL	OVLFOGBV- Falcon Oil & Gas B.V. (Consortium of ONGC Videsh, IOC, BPRL), ADNOC, INPEX- JODCO, CNPC, TOTAL, ENI
41		Onshore Block 1	IOCL BPRL	UBPL (a JV of BPRL and IOCL)
42	USA	Niobrara Shale Project	IOCL	IOCL USA Inc., Verdad Resources LLC; Haimo Oil & Gas LLC
43		Eagle Ford Joint Venture (JV)	GAIL Global (USA) Inc. (GGUI)-100% Subsidiary of GAIL	Texas American Resources II, LLC, ("TAR"), Ridgemar, GAIL Global (USA) Inc.
44	Venezuela	San Cristobal	OVL	ONGC Videsh Limited, CVP-PDVSA, PDVSA Social
45		Carabobo Project-1	OVL OIL IOCL	ONGC Videsh Limited, PDVSA, Repsol, IOCL, OIL
46	Vietnam	Block 06.1	OVL	ONGC Videsh Limited, Zarubezhneft EP Vietnam B.V, Petro Vietnam
47		Block 128	OVL	ONGC Videsh Limited


भारतगैस



Ministry of Petroleum and Natural Gas
Government of India

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय

भारत सरकार



विकास
सहयोग
परिवर्तन

वार्षिक रिपोर्ट
2023-24

भारत पर्यावरणीय सूझबूझ के साथ ऊर्जा स्रोतों के विकास पर बल दे रहा है ताकि हम विभिन्न उर्जा स्रोतों के साथ काम कर सकें। हम न केवल अपनी ज़रूरतों को पूरा कर रहे हैं, बल्कि विश्व को नई दिशा भी दे रहे हैं।



भारत की ऊर्जा कार्यनीति के सात प्रमुख कारक

- गैस आधारित अर्थव्यवस्था बनने से संबंधित प्रयासों में तीव्रता लाना
- जैव ईंधन को प्रचालित रखने के प्रयोजनार्थ घरेलू स्रोतों पर अधिक निर्भरता
- जीवाश्म ईंधन विशेषकर पेट्रोलियम और कोयले का स्वच्छ उपयोग
- गतिशीलता को डी-कार्बोनाइज करने के लिए विद्युत के योगदान को बढ़ाना
- 2030 तक 450 जीडब्ल्यू के नवीकरणीय लक्ष्य की प्राप्ति
- सभी प्रकार की ऊर्जा प्रणालियों में डिजीटल नवाचार
- हाइड्रोजन सहित उभरते ईंधनों की ओर बढ़ते जाना



विषयवस्तु

अध्याय 1: परिचय	7
अध्याय 2: अन्वेषण और उत्पादन	35
अध्याय 3: पाइपलाइन और प्राकृतिक गैस	61
अध्याय 4: रिफाइनरी	67
अध्याय 5: विपणन और वितरण	79
अध्याय 6: अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और संबंध	87
अध्याय 7: पूर्वोत्तर–क्षेत्र का विकास	109
अध्याय 8: अनुसंधान एवं विकास और नई तकनीकें	119
अध्याय 9: जैव ईंधन	153
अध्याय 10: संधारणीयता और नेट जीरो पहलें	159
अध्याय 11: संवेदनशील पेट्रोलियम उत्पादों के संबंध में मूल्य निर्धारण नीति	195
अध्याय 12: अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग और दिव्यांगजन का कल्याण	199
अध्याय 13: महिलाओं का कल्याण, विकास और सशक्तिकरण	203
अध्याय 14: उपक्रम/संगठन	207
अध्याय 15: एकीकृत वित्त प्रभाग	305
अध्याय 16: सामान्य	313
अध्याय 17: साइबर सुरक्षा दिशा–निर्देशों का अनुपालन	319
अध्याय 18: परिशिष्ट	323

संगठनात्मक संरचना

1.1. श्री हरदीप सिंह पुरी दिनांक 11 जून, 2024 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री का कार्यभार संभाल रहे हैं।

1.2. श्री सुरेश गोपी दिनांक 11 जून, 2024 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री का कार्यभार संभाल रहे हैं।

1.3. श्री पंकज जैन, आईएएस (एएम:1990), दिनांक 30 दिसंबर, 2021 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में सचिव का कार्यभार संभाल रहे हैं।

1.4. श्री प्रवीण मल खनूजा, आईए एंड एएस:1994, दिनांक 12 अगस्त, 2022 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव का कार्यभार संभाल रहे हैं।

1.5. सुश्री कामिनी चौहान रतन, आईएएस (यूपी:1997), दिनांक 22 नवंबर, 2022 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार का कार्यभार संभाल रही हैं।

1.6. सुश्री सुजाता शर्मा, आईएएस (एपी:2006), दिनांक 12 दिसंबर, 2022 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव का कार्यभार संभाल रही हैं।

1.7. श्री आशीष जोशी, आईएएस (यूडी:2006), दिनांक 19 जुलाई, 2023 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव का कार्यभार संभाल रहे हैं।

1.8. सुश्री ईशा श्रीवास्तव, आईएफएस: 2004, दिनांक 8 जनवरी, 2024 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव का कार्यभार संभाल रही हैं।

1.9. श्री रोहित माथुर, सीएसएस, दिनांक 17 जनवरी, 2020 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (इन–सीटू) का कार्यभार संभाल रहे हैं।


1.10. श्री धीरज कुमार ओझा, आईएसएस: 1999, दिनांक 10 दिसंबर, 2021 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उप महानिदेशक का कार्यभार संभाल रहे हैं।

1.11. श्री राजिंदर कुमार, आईईएस: 2003, दिनांक 11 मार्च, 2022 से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार का कार्यभार संभाल रहे हैं।


माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा विशाखा एवं अन्य बनाम राजस्थान राज्य एवं अन्य के मामले में निर्धारित दिशा–निर्देशों और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग/महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा जारी आदेशों के अनुसरण में, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतों की रोकथाम और निवारण के लिए मंत्रालय में एक आंतरिक शिकायत समिति (महिला प्रकोष्ठ) का पुनर्गठन किया गया है। वर्तमान में, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुश्री सुजाता शर्मा इस समिति की अध्यक्ष हैं तथा चार अन्य सदस्य (एनजीओ से एक सदस्य सहित) इस समिति में शामिल हैं।



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय का संगठनात्मक चार्ट







परिचय

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस क्षेत्र का प्रदर्शन–कुछ प्रमुख वृहत्–आर्थिक रुझान

1 परिचय

1.1. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस क्षेत्र का प्रदर्शन–कुछ प्रमुख वृहत्–आर्थिक रुझान

भारत वर्तमान में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा प्राथमिक ऊर्जा उपभोक्ता है, जबकि यहां प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत वैश्विक औसत का केवल एक तिहाई है. ऐसे देश में सामाजिक–आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए ऊर्जा निश्चित रुप से सर्वोपरी आधार है। तेल और गैस क्षेत्र भारत के आठ प्रमुख उद्योगों में शामिल है और ये अर्थव्यवस्था के अन्य सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों के निर्णय निर्धारण को प्रमुखता से प्रभावित करते हैं। विभिन्न संस्थाओं द्वारा यह आकलन किया गया है कि भारत की ऊर्जा खपत की बढ़ती मांग में योगदान देने वाले प्रमुख कारकों में पिछले कुछ वर्षों से हमारा निरंतर आर्थिक विकास करना शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप औद्योगीकरण, नगरीकरण, परिवहन की आवश्यकताएं, अवसंरचनात्मक विकास, आय में वृद्धि, जीवन स्तर में सुधार, आधुनिक ऊर्जा का उपयोग करने की हमारी क्षमता में वृद्धि के साथ–साथ निजी खपत और सकल स्थिर पूंजी निर्माण में वृद्धि आदि हुई है।

भारत उपलब्धता और वहनीयता में सुधार करके ऊर्जा न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास कर रहा है, जो निकट भविष्य में प्रति व्यक्ति ऊर्जा मांग बढ़ाने का प्रमुख कारण होगा। माननीय प्रधानमंत्री ने भारत के ऊर्जा भविष्य के चार रतनों की परिकल्पना की है– ऊर्जा की उपलब्धता, ऊर्जा दक्षता, ऊर्जा स्थिरता और ऊर्जा सुरक्षा। भारत दुनिया में एक आर्थिक महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा के साथ आगे बढ़ रहा है ऐसे में ये चार स्तंभ इसके लिए महत्वपूर्ण हैं। हमारी ऊर्जा प्रणाली को अधिक विश्वसनीय, पर्यावरण अनुकूल और लागत प्रभावी बनाने के लिए परिवर्तन लाना हमारी आज की ऊर्जा नीति का एक केंद्रीय लक्ष्य है। भविष्य की ऊर्जा प्रणालियों को डिजाइन करने और एक प्रभावी राष्ट्रीय ऊर्जा नीति तैयार करने में नए ईंधन स्रोतों और वैकल्पिक ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करना प्रमुख चालक और लीवर के रूप में कार्य करेंगे। ऊर्जा परिवर्तन, ऊर्जा बास्केट का विविधीकरण, ऊर्जा स्वतंत्रता और ऊर्जा सुरक्षा का मुद्दा आने वाले वर्षों में भारत के ऊर्जा स्रोतों के मिश्रण को प्रभावित करेगा।

ऊर्जा की मांग ज्यादातर जीवाश्म ईंधन से पूरी होती है क्योंकि जीवाश्म ईंधन भारत की प्राथमिक ऊर्जा आवश्यकता का 89% हिस्सा है। ऊर्जा स्रोतों के मिश्रण में 56% हिस्सा कोयला का है, तेल और गैस का क्रमशः 27% और 6% हिस्सा है। वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन लगभग 29.36 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) था जबकि प्राकृतिक गैस का उत्पादन 36.44 बीसीएम था।

यह उल्लेख करना आवश्यक है कि लगभग 77% कच्चे तेल का उत्पादन नामांकन व्यवस्था के माध्यम से राष्ट्रीय तेल कंपनियों (ओएनजीसी और ओआईएल) द्वारा किया जाता है और शेष 23% कच्चे तेल का उत्पादन संविदा व्यवस्था में निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियों/एनओसी द्वारा किया जाता है। जहां तक प्राकृतिक गैस के उत्पादन का संबंध है, 62% प्राकृतिक गैस नामांकन



बीपीसीएल पम्प, पुणे



ओएनजीसी पश्चिमी ऑफशोर

व्यवस्था से राष्ट्रीय तेल कंपनियों द्वारा उत्पादित किए गए, 39% प्राकृतिक गैस संविदा व्यवस्था से निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियों/एनओसी द्वारा उत्पादित किए गए (जिसमें लगभग 2% कोल बेड मीथेन से था)।

वर्तमान में तेल और गैस का जितना उत्पादन हो रहा है वह देश की ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है और इसके कारण कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयात करना पड़ता है। वर्ष 2023–24 में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत के आधार पर कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस पर आयात निर्भरता क्रमशः 87.7% और 47.1% थी।

सरकार ने ऊर्जा सुरक्षा में सुधार करने और तेल तथा गैस की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए एक बहुआयामी कार्यनीति अपनाई है जिसमें घरेलू स्तर पर तेल और गैस का उत्पादन बढ़ाना, ऊर्जा दक्षता और संरक्षण उपायों को बढ़ावा देना, मांग प्रतिस्थापन पर बल देना, जैव ईंधन और अन्य वैकल्पिक ईंधन/नवीकरणीय स्रोतों को बढ़ावा देना, ईवी चार्जिंग सुविधाएं और रिफाइनरी प्रक्रिया में सुधार करना आदि शामिल है। इसके अलावा, सरकार ने देश में जैव ईंधन की उपलब्धता को बढ़ाने और एथेनॉल ब्लेंडिंग, बायो–डीजल ब्लेंडिंग और वहनीय परिवहन के लिए किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प का उपयोग करने जैसी स्कीमों के माध्यम से एथेनॉल, बायो–डीजल और बायो–सीएनजी जैसे वैकल्पिक स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति, 2018 लागू की है। सरकार ने विकास उन्मुख नीतियों के माध्यम से आर्थिक स्थिरता की दिशा में कई पहल की हैं, जिनमें अन्य के साथ–साथ कैपेक्स–आधारित विकास कार्यनीति, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में व्यापक सुधार, मुद्रास्फीति का नियंत्रण, वस्तु एवं सेवा कर सुधार, कॉर्पोरेट कर की दर में कटौती, मेक इन इंडिया और स्टार्ट–अप इंडिया कार्यनीतियां और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं आदि शामिल हैं।

1.2. तेल, गैस और पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन

वर्ष 2023–24 के दौरान 29.36 (एमएमटी) कच्चे तेल का उत्पादन हुआ जबकि वर्ष 2022–23 में 29.18 एमएमटी उत्पादन हुआ था, जो 0.62% की वृद्धि दर्शाता है। ओएनजीसी के पश्चिमी अपतटीय क्षेत्र से कच्चे तेल का अधिकतम उत्पादन हुआ जो लगभग 13.196 एमएमटी था, यहां से 2023–24 के दौरान कुल 44.95% कच्चे तेल का उत्पादन हुआ है। वर्ष 2023–24 में कुल 29.36 एमएमटी कच्चे तेल और कंडेनसेट उत्पादन में से 65.43% (19.21 एमएमटी) उत्पादन ओएनजीसी (नामांकन क्षेत्र) से, 11.39% (3.344 एमएमटी) उत्पादन ओआईएल (नामांकन क्षेत्र) से और 23.18% (6.8 एमएमटी) पीएससी/आरएससी व्यवस्था से उत्पादन हुआ था।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 36.44 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) प्राकृतिक गैस का उत्पादन हुआ था, यह 2022–23 में 34.45 बीसीएम उत्पादन से 5.8% अधिक था। 2023–24 में कुल 36.64 बीसीएम प्राकृतिक गैस उत्पादन में से 53.02% (19.32 बीसीएम) ओएनजीसी (नामांकन क्षेत्र) से, 8.44% (3.091 बीसीएम) ओआईएल (नामांकन क्षेत्र) से और 38.54% (14.03 बीसीएम) पीएससी/आरएससी/सीबीएम व्यवस्था से हुआ था। प्राकृतिक गैस का अधिकतम उत्पादन ओएनजीसी के पश्चिमी अपतटीय क्षेत्र से हुआ जो लगभग 14.761 बीसीएम है, जो 2023–24 के दौरान प्राकृतिक गैस के कुल उत्पादन का 40.51% है।


वर्ष 2023–24 के दौरान 276.09 एमएमटी पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन हुआ, जो पिछले वर्ष के 266.54 एमएमटी उत्पादन से 3.6% अधिक था। कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों के उत्पादन के रुझान नीचे दिए गए हैं:–

तालिका 1: कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों में उत्पादन के रुझान

वर्ष	कच्चे तेल का उत्पादन (एमएमटी)	कच्चे तेल के उत्पादन में % वृद्धि	प्राकृतिक गैस उत्पादन (बीसीएम)	प्राकृतिक गैस उत्पादन में % वृद्धि	आयात किया गया कच्चा तेल (एमएमटी)	कच्चे तेल के आयात में % वृद्धि
2013-14	37.79	-0.19	35.41	-12.96	220.76	1.39
2014-15	37.46	-0.87	33.66	-4.94	221.14	0.17
2015-16	36.94	-1.39	32.25	-4.18	231.92	4.88
2016-17	36.01	-2.53	31.90	-1.09	243.55	5.01
2017-18	35.68	-0.90	32.65	2.36	254.40	4.46
2018-19	34.20	-4.15	32.87	0.69	262.36	3.13
2019-20	32.17	-5.95	31.18	-5.14	262.94	0.22
2020-21	30.49	-5.21	28.67	-8.05	233.51	-11.19
2021-22	29.69	-2.63	34.02	18.66	254.31	8.90
2022-23	29.18	-1.72	34.45	1.25	266.54	4.81
2023-24 (पी)	**29.36**	**0.61**	**36.44**	**5.77**	**276.09**	**3.58**

पी: अनंतिम

ग्राफ 1: कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों में उत्पादन के रुझान



1.3. रिफाइनिंग क्षमता और रिफाइनरी क्रूड थ्रूपुट

भारतीय रिफाइनिंग उद्योग ने स्वयं को विश्व स्तर पर एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने के संदर्भ में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। भारत, जो विश्व का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है और चीन के बाद एशिया में दूसरा सबसे बड़ा रिफाइनर है, एक रिफाइनिंग हब के रूप में उभर रहा है, जिसकी रिफाइनिंग क्षमता मांग से अधिक है। 31 मार्च 2024 तक, भारत की तेल रिफाइनिंग क्षमता 31 मार्च 2023 के 253.92 एमएमटीपीए की क्षमता से बढ़कर 256.82 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) हो गई है।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान संसाधित कच्चा तेल वित्त वर्ष 2022–23 में संसाधित 255.2 एमएमटी की तुलना में 261.5 एमएमटी था, जो 2.47% की वृद्धि दर्शाता है। वर्ष 2023–24 के दौरान रिफाइनरी क्षमता उपयोग 102.99% (अनंतिम) था। रिफाइनिंग क्षमता और कच्चे तेल थ्रूपुट का रुझान नीचे दिया गया है:

तालिका 2: रिफाइनरी क्षमता और संशोधित रिफाइनरी कच्चे तेल का रुझान


वर्ष	रिफाइनरी क्षमता (एमएमटीपीए)	रिफाइनरी क्षमता में वृद्धि का %	संसाधित कच्चा तेल	संसाधित कच्चे तेल में % वृद्धि	रिफाइनिंग क्षमता की उपयोगिता
2014-15	215.07	0.00	223.24	0	103.80
2015-16	215.07	0.00	232.86	4.31	108.27
2016-17	230.07	6.97	245.36	5.37	106.65
2017-18	233.97	1.70	251.93	2.68	107.68
2018-19	247.57	5.81	257.2	2.09	103.89
2019-20	248.37	0.32	254.39	-1.09	102.42
2020-21	248.37	0.00	221.77	-12.82	89.29
2021-22	249.22	0.34	241.70	8.99	96.98
2022-23	251.22	0.80	255.20	5.59	101.58
2023-24 (पी)	**253.92**	**1.07**	**261.50**	**2.47**	**102.99**
01.04.2024 तक	256.82	1.14			

(पी: अनंतिम, @: प्रारंभिक वर्ष में 1 अप्रैल की स्थिति के अनुसार)



बीपीसीएल कोची रिफाइनरी

ग्राफ 2 : रिफाइनरी क्षमता और संसाधित कच्चे तेल का रुझान



1.4. पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस की खपत

देश ने पिछले कुछ वर्षों में निरंतर आर्थिक विकास किया है, जिसके परिणामस्वरूप औद्योगीकरण, नगरीकरण और अवसंरचनात्मक विकास के साथ–साथ वाहनों की कुल बिक्री में वृद्धि हुई है। ये प्रमुख कारक हैं जिनसे परिवहन, ऊर्जा और ईंधन की समग्र मांग बढ़ी है, जिसके परिणामस्वरूप ईंधन की खपत बढ़ रही है। वाहन स्वामित्व और सड़क परिवहन के उपयोग में वृद्धि के कारण तेल की खपत और आयात में तेजी से वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों को एलपीजी कनेक्शन प्रदान की जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी के बढ़ते उपयोग के साथ–साथ नगरी क्षेत्रों में भी पाइपलाइन प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के उपयोग में वृद्धि हुई है। परिवहन क्षेत्र में भी हाल के वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो सबसे तेजी से विकसित होने वाला अंतिम–उपयोक्ता के रूप में उभरा है। भारत अपने परिवहन संबंधी अवसंरचनाओं के महत्वपूर्ण विस्तार की ओर अग्रसर है जिनमें राजमार्गों, रेलवे और मेट्रो लाइनों से लेकर हवाई अड्डे और बंदरगाह तक शामिल है।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान लगभग 234.3 एमएमटी की मात्रा के साथ पेट्रोलियम उत्पादों की खपत, वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान लगभग 223.0 एमएमटी की मात्रा की तुलना में 5% की वृद्धि दर्शाता है। प्राकृतिक गैस की हमारी मांग का लगभग 52.9% हिस्सा स्वदेशी स्रोतों से पूरा होता है और इस मांग का 47.1% आयात पर निर्भर



बीपीसीएल पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स, नेपेटकंडा


है। वर्ष 2023–24 में प्राकृतिक गैस की कुल खपत 67.51 बीसीएम है जो 2022–23 (59.97 बीसीएम) के दौरान हुए खपत से 12.58% अधिक है। ऊर्जा उद्देश्यों के लिए ईंधन के रूप में प्राकृतिक गैस की खपत 62.3% है, जबकि गैर–ऊर्जा उद्देश्य के लिए फीडस्टॉक के रूप में इसकी खपत 37.7% है। वर्ष 2023–24 के दौरान, प्राकृतिक गैस की सबसे अधिक खपत 31% उर्वरक उद्योग में हुई, इसके बाद नगर और स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क (सड़क परिवहन सहित) में 20%, विद्युत क्षेत्र में 13% और रिफाइनरी में 8% हुई।

तालिका 3: पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस की खपत

वर्ष	पेट्रो–उत्पादों की खपत (एमएमटी)	पेट्रो–उत्पादों की खपत में % वृद्धि	प्राकृतिक गैस की खपत (बीसीएम)	प्राकृतिक गैस की खपत का % वृद्धि
2013-14	158.41	0.86	51.83	-9.33
2014-15	165.52	4.49	50.30	-2.94
2015-16	184.67	11.57	50.18	-0.24
2016-17	194.60	5.37	54.41	8.43
2017-18	206.17	5.95	58.47	7.45
2018-19	213.22	3.42	60.60	3.66
2019-20	214.13	0.43	62.61	3.31
2020-21	194.30	-9.26	60.98	-2.60
2021-22	201.70	3.81	64.16	5.21
2022-23	223.02	10.57	59.97	-6.53
2023-24 (पी)	**234.30**	**5.00**	**67.51**	**12.58**

(पी–अंतिम)

ग्राफ 3: पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस की खपत



1.5. संवेदनशील पेट्रोलियम उत्पादों और कच्चे तेल के संबंध में मूल्य निर्धारण नीति

भारत के घरेलू मांगों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर होने से अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें पेट्रोलियम उत्पादों की घरेलू कीमतों पर निर्णायक प्रभाव डालती हैं। भारतीय बास्केट के कच्चे तेल की कीमतें तीन वर्षों से अधिक समय तक लगातार 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक थीं परंतु 2014 की दूसरी छमाही के दौरान ये कीमतें तेजी से

गिरने लगीं। परिणामस्वरूप, वर्ष 2015–16, 2016–17 और 2017–18 के दौरान भारतीय बास्केट के कच्चे तेल की औसत कीमत क्रमशः 46.17 डॉलर प्रति बैरल, 47.56 डॉलर प्रति बैरल और 56.43 डॉलर प्रति बैरल हो गई। वर्ष 2018–19 के दौरान ये कीमतें बढ़कर 69.88 डॉलर प्रति बैरल हो गई और वर्ष 2019–20 में फिर ये गिरकर 60.47 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अप्रैल 2020 के दौरान कीमतें +19.90/बीबीएल के निचले स्तर से बढ़कर मार्च 2021 के दौरान +64.73/बीबीएल के उच्च स्तर पर पहुंच गईं और 2020–21 के लिए औसतन +44.82/बीबीएल रहीं और 2021–22 के दौरान ये बढ़कर +79.18/बीबीएल हो गईं। कच्चे तेल की भारतीय बास्केट की कीमतें वर्ष 2022–23 और 2023–24 के दौरान क्रमशः +93.15/बीबीएल और +82.58/बीबीएल औसतन रही है।

1.6. कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आयात:


वर्ष 2023–24 के दौरान 233.1 एमएमटी कच्चे तेल का आयात हुआ, जिसका मूल्य ₹ 11,00,589 करोड था, जबकि 2022–23 में 232.7 एमएमटी का आयात हुआ, जिसका मूल्य ₹ 12,60,372 करोड़ था, यह वर्ष 2022–23 की तुलना में मात्रा की दृष्टि से 0.2% अधिक और मूल्य की दृष्टि से 12.7% कम है। वर्ष 2023–24 में 24.00 एमएमटी (पी) प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आयात हुआ, जिसका मूल्य ₹ 1,10,994 करोड़ (पी) था, जबकि 2022–23 में ₹ 1,37,210 करोड़ मूल्य के 19.85 एमएमटी का आयात हुआ, जो 2022–23 की तुलना में मात्रा की दृष्टि से 17.5% (पी) अधिक और मूल्य की दृष्टि से 20.0% (पी) कम है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की वृद्धि का रुझान तालिका–4 और ग्राफ–4 में दिखाया गया है।

तालिका 4: कच्चे तेल और एलएनजी के आयात का रुझान

वर्ष	कच्चे तेल का आयात (एमएमटी)	कच्चे तेल के आयात में % वृद्धि	एलएनजी का आयात (एमएमटी)	एलएनजी के आयात में % वृद्धि
2013-14	189.24	2.40	13.02	-0.88
2014-15	189.43	0.10	13.29	2.06
2015-16	202.85	7.08	14.38	8.19
2016-17	213.93	5.46	17.78	23.69
2017-18	220.43	3.04	20.18	13.46
2018-19	226.50	2.75	21.54	6.78
2019-20	226.95	0.20	24.42	13.33
2020-21	196.46	-13.44	25.05	2.61
2021-22	212.38	8.10	23.42	-6.54
2022-23	232.70	9.57	19.85	-15.22
2023-24(पी)	**233.12**	**0.18**	**24.00**	**20.9**

(पी: अनंतिम)

ग्राफ 4: कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आयात



1.7. पेट्रोलियम उत्पादों का आयात और निर्यात


वर्ष 2023–24 के दौरान 48.67 एमएमटी (अनंतिम) पेट्रोलियम उत्पादों का आयात किया गया, जिसका मूल्य ₹ 1,90,914 करोड़ (अनंतिम) था, जबकि वर्ष 2022–23 में 44.6 एमएमटी आयात हुआ, जिसका मूल्य ₹ 2,15,854 करोड़ था, जो कि वर्ष 2022–23 की तुलना में मात्रा की दृष्टि से 9.1% अधिक और मूल्य की दृष्टि से 11.6% कम है। इसके अलावा, 2023–24 के दौरान 62.4 एमएमटी (अनंतिम) पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात हुआ था, जिसका मूल्य ₹ 3,94,153 करोड़ (अनंतिम) था, जो मात्रा की दृष्टि से 2.3% की वृद्धि और मूल्य की दृष्टि से 14.1% की कमी दर्शाता है, जबकि 2022–23 के दौरान 61.0 एमएमटी निर्यात हुआ जिसका मूल्य ₹ 4,58,729 करोड़ था। मात्रा की दृष्टि से पेट्रोलियम उत्पादों के आयात और निर्यात का रुझान नीचे दिया गया है:

तालिका 5: पेट्रोलियम उत्पादों का आयात और निर्यात

वर्ष	पेट्रोलियम उत्पादों का आयात (एमएमटी)	पेट्रोलियम उत्पादों के आयात में वृद्धि का %	पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात (एमएमटी)	पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में वृद्धि का %
2013-14	16.70	2.10	67.86	7.03
2014-15	21.30	27.57	63.93	-5.79
2015-16	29.46	38.28	60.54	-5.31
2016-17	36.29	23.19	65.51	8.22
2017-18	35.46	-2.28	66.83	2.01
2018-19	33.35	-5.96	61.10	-8.58
2019-20	43.79	31.30	65.69	7.51
2020-21	43.25	-1.23	56.77	-13.57
2021-22	39.02	-9.78	62.75	10.54
2022-23	44.60	14.30	61.01	-2.77
2023-24 (पी)	**48.67**	**9.13**	**62.44**	**2.33**

(पी: अनंतिम)

ग्राफ 5: पेट्रोलियम उत्पादों के आयात और निर्यात का रुझान



1.8. विदेश से इक्विटी तेल और गैस

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, भारत ने अपनी मांग की पूर्ति के लिए कच्चे तेल का ~87.7% और प्राकृतिक गैस का ~47.1% आयात किया। किसी एक भौगोलिक क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भर होने से हमारी ऊर्जा सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के संभावित खतरे से बचने और ओपीईसी पर अपनी निर्भरता को कम करने के लिए, सरकार तेल और गैस के आपूर्ति स्रोतों के विविधीकरण पर बल दे रही है। पिछले कुछ वर्षों में, यूएसए, कनाडा, अंगोला और गुयाना जैसे कच्चे तेल के नए आपूर्तिकर्ता से संबंध बनाए गए हैं। इसी प्रकार से, एलएनजी आयात भी जो कतर से होता था अब ऑस्ट्रेलिया, यूएसए, रूस जैसे नए स्रोतों से होने लगा है।

विदेशी परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के अपने रुख में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए भारत धीरे–धीरे शुद्ध लाभांश–आधारित निवेश मॉडल के स्थान पर इक्विटी तेल मॉडल की हकदारी की ओर बढ़ रहा है। इससे हमें अपनी बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण तेल सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, तेल और गैस का विदेशी उत्पादन लगभग 19.9 एमएमटीओई था, जो भारत के घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा है।



1.9. अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति में सुधार

सरकार ने अन्वेषण गतिविधियों को तेज करने, विदेशी और घरेलू निवेश आकर्षित करने और घरेलू उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न नीतिगत पहलें की हैं। सरकार द्वारा तेल और गैस के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए की गई प्रमुख नीतिगत पहलें निम्नानुसार हैं:

दीर्घकालिक पहलें:

i. हाइड्रोकार्बन खोजों के शीघ्र मौद्रिककरण के लिए प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स (पीएससी) व्यवस्था में छूट, विस्तार और स्पष्टीकरण से संबंधित नीति, 2014

ii पता लगाए गए लघु क्षेत्र संबंधी नीति, 2015

iii हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन और लाइसेंसिंग पॉलिसी, 2016

iv ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन और लाइसेंसिंग पॉलिसी (एचईएलपी) के संचालन की पद्धति का निर्धारण, 2017

v प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स के विस्तार की नीति, 2016 और 2017

vi कोल बेड मीथेन के शीघ्र मौद्रीकरण की नीति, 2017

vii राष्ट्रीय डेटा कोष की स्थापना, 2017

viii तलछटीय बेसिन में गैर मूल्यांकित क्षेत्रों का मूल्यांकन, 2017

ix हाइड्रोकार्बन संसाधनों का पुनर्मूल्यांकन, 2017

x पेट्रोलियम संचालन के लिए स्थल के पुर्नउत्थान और परित्याग संबंधी दिशानिर्देश, 2017

xi प्री–एनईएलपी और एनईएलपी ब्लॉक में प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स के कामकाज को कारगर बनाने का ढांचा, 2018

xii पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियम के नियम–3 के खंड (के) के तहत 'पेट्रोलियम' की परिभाषा में संशोधन, 2018

xiii तेल और गैस के लिए उन्नत पुनर्प्राप्ति विधियों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहन देने की नीति, 2018

xiv मौजूदा प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स, कोल बेड मीथेन कॉन्ट्रैक्ट्स और नामांकित क्षेत्रों के तहत अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन के अनुप्रयोग और अन्वेषण के लिए नीतिगत ढांचा, 2018

xv कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और उसकी सहायक कंपनियों को आवंटित कोयला खनन पट्टे के तहत क्षेत्रों के लिए कोल बेड मीथेन (सीबीएम) के अनुप्रयोग और अन्वेषण के लिए नीतिगत ढांचा, 2018

xvi प्री–एनईएलपी और एनईएलपी ब्लॉक के संबंध में प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स के कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित करने के लिए नीतिगत ढांचा, 2018

xvii तेल और गैस के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति में सुधार, 2019

xviii विवाद समाधान समिति, 2019

xix प्राकृतिक गैस विपणन सुधार, 2020

xx ई–बिडिंग के माध्यम से घरेलू उत्पादित प्राकृतिक गैस के लिए बाजार मूल्य की खोज, 2020

xxi घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल की बिक्री पर नियंत्रण, 2022

xxii विपणन और मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता के साथ डीपवाटर, अल्ट्रा डीपवाटर और उच्च दबाव–उच्च तापमान क्षेत्रों में की गई खोजों से उत्पादित गैस का बाजार मूल्य और बिक्री और पुनर्विक्रय का पता लगाना, 13 जनवरी, 2023

xxiii भारतीय नौसेना के साथ विशेष व्यवस्था के तहत, लगभग 99% गैर–गमनीय क्षेत्रों को अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियों के लिए खोल दिया गया है।

अल्पकालिक पहल:

i. मौजूदा खोजों का शीघ्र मुद्रीकरण

ii आईओआर/ईओआर तकनीकों के कार्यान्वयन और मौजूदा परिपक्व क्षेत्रों के पुनर्विकास के माध्यम से रिकवरी फैक्टर में वृद्धि।

iii इनफिल तेल/गैस कुओं की ड्रिलिंग

iv सेवा संविदाओं और आउटसोर्सिंग के माध्यम से ऑनशोर लघु और छुटपुट खोजों का मुद्रीकरण

v मौजूदा परिपक्व क्षेत्रों का पुनर्विकास और नए क्षेत्रों/छोटे क्षेत्रों का विकास

vi चुनिंदा क्षेत्रों में उपयुक्त प्रौद्योगिकियों का समावेश

vii उत्पादन संवर्द्धन संविदों का कार्यान्वयन।

viii आईओआर/ईओआर तकनीकों का कार्यान्वयन।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देना:

i डीजीएच की पुनर्परिभाषित भूमिका: अनुपालन/नियामक, विकास और समन्वय भूमिका को शामिल करते हुए डीजीएच की भूमिका को और सुदृढ़ करने के लिए अक्टूबर 2019 को अतिरिक्त शक्तियों और कार्यों का प्रत्यायोजन।

ii सरकार/डीजीएच/प्रबंधन समिति की मंजूरी में कटौती और शीघ्र मंजूरी दिए जाने पर बल देने के साथ सरलीकृत संविदात्मक शर्तें।

iii निम्नलिखित के लिए आईटी वर्कफ्लो के आधार पर अनुमोदन प्रदान करने के लिए और इसकी प्रक्रिया निर्धारित करने के लिए डीजीएच में इलेक्ट्रॉनिक सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम बनाया गया:

क. पीईएल/पीएमएल एप्लीकेशन प्रणाली

ख. पीडीएमएस प्रणाली

ग. पीएससी प्रबंधन प्रणाली

घ. ईसीएमएस एप्लीकेशन

ङ. पोत निकासी प्रबंधन प्रणाली (वीसीएमएस)

च. एक्सपैट क्लीयरेंस प्रणाली

छ. पर्यावरण मंजूरी

iv. 37 पीएससी प्रक्रियाओं के लिए स्व–प्रमाणन के आधार पर दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) सहित प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों का सरलीकरण।

1.10. हाइड्रोकार्बन अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी)

सरकार द्वारा 30 मार्च, 2016 को हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन लाइसेंसिंग पॉलिसी (एचईएलपी) को अधिसूचित किया गया था और दिनांक 1 जुलाई, 2017 को ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) की

अधिसूचना के साथ इसे औपचारिक रूप से शुरू किया था। हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन लाइसेंसिंग पॉलिसी (एचईएलपी) प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (पीएससी) व्यवस्था से रेवेन्यू शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (आरएससी) व्यवस्था में एक आदर्श बदलाव है, जो 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के सिद्धांत के आधार पर नियामक बोझ को कम करके भविष्य में अन्वेषण और उत्पादन (ई एंड पी) गतिविधियों के लिए नियामक व्यवस्था को पूरी तरह से खत्म करता है। यह नीति अन्य बातों के साथ–साथ ईएंडपी ऑपरेटरों को एक समान लाइसेंसिंग के माध्यम से तेल क्षेत्र विनियमन और विकास (ओआरडी) अधिनियम, 1948 और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस (पीएनजी) नियम, 1959 के तहत कवर किए गए सभी हाइड्रोकार्बन संसाधनों (पारंपरिक और अपरंपरागत) का पता लगाने और उनके दोहन के लिए उन्हें सक्षम बनाती है। एचईएलपी नीति की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

- सभी प्रकार के हाइड्रोकार्बन के लिए एक लाइसेंस
- राजस्व साझाकरण मॉडल
- ब्लॉक बनाने की स्वतंत्रता
- वर्ष भर रुचि प्रकटन प्रस्तुत करना
- मूल्य निर्धारण और विपणन स्वतंत्रता
- कम रॉयल्टी दरें

इस नीति को बेहतर बनाने के लिए, सरकार ने 28 फरवरी 2019 को नीतिगत सुधारों को अधिसूचित किया, जहाँ "ईज ऑफ डूइंग" को बढ़ावा देने के लिए कई प्रक्रियाओं और अनुमोदनों में ढील दी गई। ये सुधार उपरोक्त लाभों के अतिरिक्त कई अन्य लाभ भी प्रदान करते हैं, जिनमें से कुछ निम्न हैं:

- राजस्व अंश की तुलना में कार्य संबंधी कार्यक्रम को अधिक महत्व देना।
- मात्र एक वित्तीय वर्ष में 2.5 बिलियन अमरीकी डालर के अप्रत्याशित लाभ के मामले को छोड़कर श्रेणी II और III प्रकार के बेसिनों से राजस्व अंश को हटा दिया गया।
- ओएएलपी ब्लॉकों में शीघ्र उत्पादन के लिए रॉयल्टी दरों में रियायत।
- एफडीपी में संशोधन करने का लचीलापन
- ब्लॉकों को हस्तांतरित/बाहर निकालने की स्वतंत्रता
- ड्रिल स्टेम टेस्ट चलाने की बाध्यता हटाना

इसके अलावा, अल्प–शोधित श्रेणी–II और III बेसिनों में और अधिक प्रोत्साहन देने की आवश्यकता को पहचानते हुए, ओएएलपी बोली दस्तावेजों में 2023 में बदलाव करके कई अतिरिक्त प्रोत्साहन शामिल किए गए हैं।

इसके अलावा, अल्प–शोधित श्रेणी–II और III बेसिनों में और अधिक प्रोत्साहन देने की आवश्यकता को पहचानते हुए, ओएएलपी–VIII और आगामी दौरों के लिए कई अतिरिक्त प्रोत्साहन शामिल किए गए हैं:–

- केवल भूकंपीय कार्य से जुड़े कार्यक्रम के लिए प्रतिबद्धता और बोली के समय कुआं संबंधी प्रतिबद्ध शामिल नहीं करना।
- स्थिरीकरण अवधि में वृद्धि, शीघ्र मौद्रीकरण योजनाएँ।
- क्षम्य विलम्ब का प्रावधान।
- बोली और ईओआई जमा करने की प्रक्रिया को तर्कसंगत बनाना।

एकरेज क्षेत्रों को अन्वेषण और विकास के लिए प्रदान करने हेतु एचईएलपी/ओपन एकरेज लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) के तहत निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

i. ओएएलपी बोली प्रक्रिया के आठ राउंड के माध्यम से सभी बेसिन श्रेणियों में 2,42,056 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले कुल 144 अन्वेषण ब्लॉक सफल बोलीदाताओं को सौंपे गए हैं।

ii. अन्वेषण और विकास के तहत एकरेज को और बढ़ाने के लिए, सरकार ने 03 जनवरी, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के लिए 28 ब्लॉक पेश करते हुए ओएएलपी बोली राउंड–IX शुरू किया है। बोलीकर्ता राष्ट्रीय डेटा रिपॉजिटरी (एनडीआर) में उपलब्ध डेटा का अध्ययन कर सकते हैं और बोली के लिए ब्लॉक का चयन कर सकते हैं। बोलियां 29 फरवरी, 2024 तक एक समर्पित ऑनलाइन ई–बिडिंग पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत की जा सकती हैं। कुल 9 (नौ) ऑनलैंड ब्लॉक, 8 (आठ) शैलो–वाटर ब्लॉक और 11 (ग्यारह) अल्ट्रा डीप–वाटर ब्लॉक पेश किए गए हैं।

iii. ओएएलपी (एससीवीएम–2021) के तहत विशेष सीबीएम बोली राउंड 2021: भारत सरकार ने 22 सितंबर 2021 को ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) के तहत विशेष सीबीएम बोली राउंड–2021 का शुभारंभ किया, जिसमें 700 बीसीएम पूर्वानुमानित सीबीएम संसाधन के साथ 8,458 वर्ग किमी को कवर करने वाले 15 सीबीएम ब्लॉक पेश किए गए। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) और प्राप्त बोलियों के बाद किए गए मूल्यांकन के आधार पर, 3,862 वर्ग किमी को कवर करने वाले 4 ब्लॉक जिनमें लगभग 120 बीसीएम सीबीएम संसाधन मौजूद थे तीन कंपनियों को सौंपे गए, जिनमें एक एनओसी (ओएनजीसी) और 2 निजी कंपनियां (वेदांता और इनवेनेरे पेट्रोडाइन एनजी) शामिल हैं और 9 सितंबर 2022 को भारत सरकार के साथ राजस्व साझाकरण संविदा (आरएससी) पर हस्ताक्षर किए गए।

iv. ओएएलपी (एससीबीएम–2022) के तहत विशेष सीबीएम बोली राउंड 2022: भारत सरकार ने एससीबीएम–2022 के तहत अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली ('आईसीबी') के माध्यम से ओपन एकरेज लाइसेंसिंग नीति ('ओएएलपी') के तहत 5,817 वर्ग किमी क्षेत्र को कवर करने वाले 16 सीबीएम ब्लॉकों की पेशकश की घोषणा की। एससीबीएम–2022 के लिए बोली लगाने की समयसीमा 01 मई, 2023 से 30 जून 2023 तक थी। 3 सीबीएम ब्लॉकों (717 वर्ग किमी) के लिए बोलियां प्राप्त हुईं और दिसंबर, 2023 में सफल बोलीकर्ताओं को ब्लॉक सौंपे गए और 03 जनवरी 2024 को संविदा पर हस्ताक्षर किए गए।



1.11. खोजे गए लघु क्षेत्र नीति (डीएसएफ)

दिनांक 14.10.2015 के राजपत्र संकल्प द्वारा अधिसूचित सीमांत क्षेत्र नीति (एमएफपी) और जिसे बाद में दिनांक 05.04.2018 की अधिसूचना के माध्यम से खोजे गए लघु क्षेत्र संबंधी नीति (डीएसएफ) के रूप में पुनर्नामित किया गया था, जिसका उद्देश्य तेल और गैस के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए समयबद्ध चरणों में वर्षों से बंद हाइड्रोकार्बन संसाधनों का मौद्रीकरण करना है। डीएसएफ बोली दौर–I (2016) और डीएसएफ बोली दौर–II (2018) और डीएसएफ बोली दौर–III (2022) के तीन संपन्न डीएसएफ बोली दौर के तहत, सफल बोलीदाताओं को कुल 85 राजस्व शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स (आरएससी) जिसमें 175 डिस्कवरी/फील्ड शामिल हैं सौंपे गए थे।

1.12. प्राकृतिक गैस विपणन सुधार

i. गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते हुए एक अन्य महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरकार ने हेनरी हब (यूएसए), अल्बर्टा (कनाडा), एनबीपी (यूके), रूस आदि जैसे प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय केंद्रों में प्रचलित कीमतों के आधार पर अक्टूबर, 2014 में 'नए घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों' को मंजूरी दी ताकि उत्पादक और उपभोक्ता दोनों की आवश्यकताओं के बीच संतुलन रखा जा सके। प्राकृतिक गैस की कीमतों का हर छह महीने में संशोधन किया जाता है जिसे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण सेल (पीपीएसी) द्वारा अधिसूचित किया जाता है। ये दिशानिर्देश नामांकित क्षेत्रों और एनईएलपी, पूर्व–एनईएलपी ब्लॉकों/क्षेत्रों से उत्पादित प्राकृतिक गैस पर लागू होते हैं, जहां सरकार द्वारा उत्पादन साझेदारी संविदा (पीएससी) के अनुसार मूल्य निर्धारण अनुमोदित किया जाता है।

ii तदनुसार, 2015 के बाद से सरकार ने डीएसएफ, ओएएलपी, सीबीएम व्यवस्थाओं के तहत गैस के

लिए तथा 28.02.2019 के बाद उत्तर–पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) से उत्पादित गैस और नई गैस खोजों के लिए सभी व्यवस्थाओं के तहत विपणन और मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता प्रदान की।

iii उच्च दबाव–उच्च तापमान (एचपी–एचटी) जलाशयों और गहरे पानी और अत्यधिक गहरे पानी वाले क्षेत्रों जैसे दुर्गम क्षेत्रों में गैस उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने 23 मार्च, 2016 को प्राकृतिक गैस उत्पादन पर मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता सहित विपणन करने की छूट प्रदान की जिसमें पेट्रोलियम आयोजना और विश्लेषण सेल (पीपीएसी) द्वारा घोषित अर्धवार्षिक आधार की मूल्य सीमा लागू है।

iv इसके अलावा, दिनांक 15.10.2020 के अधिसूचना के माध्यम से एक पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के माध्यम से गैस के बाजार मूल्य की खोज करने और सहयोगी कंपनियों को बोली में भाग लेने की अनुमति देने के लिए मानक प्रक्रिया तैयार की गई। गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के एक अन्य महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिनांक 15.10.2020 की अधिसूचना के माध्यम से 'प्राकृतिक गैस विपणन सुधार' की घोषणा की गई ताकि पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया से गैस उत्पादकों द्वारा बाजार में बेची जाने वाली गैस के बाजार मूल्य का पता लगाने के लिए मानक प्रक्रिया निर्धारित की जा सके; गैस की बिक्री के लिए सहयोगी कंपनियों को बोली प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जा सके और कुछ क्षेत्र विकास योजना (एफडीपी) के लिए विपणन स्वतंत्रता की अनुमति दी जा सके जहां उत्पादन साझाकरण संविदा पहले से ही मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता प्रदान करते हों। इसके बाद, दिनांक 03.12.2020 की अधिसूचना के द्वार ई–बोली के माध्यम से घरेलू रूप से उत्पादित प्राकृतिक गैस के लिए बाजार मूल्य की खोज के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए थे। ई–बिडिंग करने के लिए डीजीएच द्वारा सूचीबद्ध एजेंसियों को भी अधिसूचित किया गया है।

v इसके अलावा, दिनांक 19.08.2021 के कार्यालय ज्ञापन द्वारा मूल्य निर्धारण और विपणन स्वतंत्रता वाले गैस उत्पादकों को पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत गैस एक्सचेंजों के माध्यम से कम मात्रा में गैस बेचने की अनुमति दी गई है।

vi गैस सुधारों और पर्यावरण के रक्षण के लिए एक अन्य कदम के रूप में, सरकार ने दिनांक 22.11.2021 के कार्यालय ज्ञापन द्वारा तेल और गैस कुओं के परीक्षण के दौरान उत्पादित एज–हॉक/परीक्षण गैस के मौद्रीकरण के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए।

vii दिनांक 13 जनवरी, 2023 की अधिसूचना के माध्यम से सरकार ने विपणन और मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता के साथ गहरे पानी, अत्यधिक गहरे पानी और उच्च दबाव/उच्च तापमान वाले क्षेत्रों में किए गए खोजों से उत्पादित गैस की बाजार मूल्य की खोज और बिक्री तथा पुनर्विक्रय पर स्पष्टीकरण प्रदान किया है।

viii ओएनजीसी/ओआईएल के नामांकन क्षेत्रों, नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) ब्लॉकों और प्री–एनईएलपी ब्लॉकों से उत्पादित गैस के मूल्य निर्धारण के संबंध में संशोधित दिशानिर्देश अप्रैल, 2023 में जारी किए गए थे, जिसमें उत्पादन साझाकरण संविदा (पीएससी) के तहत कीमतों के निर्धारण के लिए सरकार की मंजूरी का प्रावधान शामिल है। दिशानिर्देशों के अनुसार, प्राकृतिक गैस की कीमतें भारतीय क्रूड बास्केट के मासिक औसत का 10% होनी चाहिए और इसे मासिक आधार पर अधिसूचित किया जाना चाहिए और इसकी उच्च तथा निम्न सीमा निर्धारित होनी चाहिए। इसके परिणामस्वरूप नामांकित क्षेत्रों से एपीएम/एनएपीएम गैस की कीमतें 8.57 अमेरिकी डॉलर प्रति एमएमबीटीयू से घटकर 6.5 अमेरिकी डॉलर प्रति एमएमबीटीयू हो गई है।

1.13. नो–गो क्षेत्रों में कमी

सरकार अप्रैल 2022 में 'नो गो' क्षेत्रों को लगभग 99% तक कम करने में सफल रही है, जो अब तक ईएंडपी गतिविधियों के लिए उपलब्ध नहीं थे। इससे लगभग 1 मिलियन वर्ग किमी का क्षेत्र अन्वेषण के लिए भारत के ईईजेड में उपलब्ध हो गया है।

1.14. डाटा सृजन के माध्यम से संभाव्य धारणा में विस्तार

i. **राष्ट्रीय डाटा कोष (एनडीआर):** एनडीआर 28 जून, 2017 को शुरू किया गया था और संपूर्ण अन्वेषण और उत्पादन (ईएण्डपी) डाटा को वाणिज्यिक अन्वेषण, अनुसंधान और विकास तथा शैक्षणिक उद्देश्यों हेतु उपलब्ध कराने के लिए इसे डीजीएच में स्थापित किया गया था। यह देश के भू–वैज्ञानिक डाटाबेस के भंडार के रूप में कार्य करता है और संभावित बोलीदाताओं को ओएएलपी के तहत बोली लगाने के लिए अपनी पसंद के ब्लॉक चुनने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ईएंडपी डाटा की लगातार बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए, एनडीआर को क्लाउड–सक्षम हाइपर–कन्वर्ज्ड इंफ्रास्ट्रक्चर में अपग्रेड किया जा रहा है ताकि उद्योग को सार्थक उपयोग के लिए आसानी से डाटा की सुविधा मिल सके।

31 मार्च 2022 तक एनडीआर में अपलोड किया गया कुल डाटा 2डी भूकंपीय डाटा के रुप में 3.667 मिलियन लाइन किलोमीटर (एलकेएम), 3डी भूकंपीय डेटा के रूप में 1.139 मिलियन वर्ग किलोमीटर (एसकेएम) और 23,436 कुएं और लॉग डेटा तथा 49,603 उनकी रिपोर्ट हैं।

ii. **हाइड्रोकार्बन संसाधनों का पुनर्मूल्यांकन:** देश में हाइड्रोकार्बन संसाधन क्षमता के अद्यतन प्राक्कलन के लिए देश में सभी 26 तलछटी बेसिनों के हाइड्रोकार्बन संसाधनों का पुनर्मूल्यांकन 2017 में इसके पहले के प्राक्कलन के लगभग दो दशक पहले के बाद पूरा किया गया था। इसके परिणामस्वरूप 41.87 बिलियन टन (तेल और तेल के समतुल्य गैस) के ऑडर के पारंपरिक हाइड्रोकार्बन संसाधनों का अनुमान लगाया गया, जो कि 28.08 बिलियन टन (गैस के तेल और तेल के बराबर) के पहले के अनुमान की तुलना में लगभग 49% अधिक है।

iii. **राष्ट्रीय भूकंप कार्यक्रम (एनएसपी):** राष्ट्रीय भूकंप कार्यक्रम (एनएसपी) को वर्ष 2016 में अमूल्यांकित तलछटी घाटियों के 2डी भूकंपीय सर्वेक्षण के लिए शुरू किया गया था। इसमें 2,932.99 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत के साथ ऑनलैंड क्षेत्रों के मूल्यांकन के लिए 48,243 लाइन किलोमीटर (एलकेएम) 2डी भूकंप डाटा की परिकल्पना की गई थी और इसे ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा इसे क्रियान्वित किया गया था। भूकंप संबंधी डाटा का 97% (~46,960 एलकेएम) अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या पूरा हो चुका है। शेष भौगोलिक दुर्गम क्षेत्र, जहां से दुर्गम भूभाग और प्रतिकूल वातावरण के कारण डेटा प्राप्त नहीं किया जा सका, के डाटा को हवाई भूभौतिकीय सर्वेक्षण के माध्यम से प्राप्त करने का प्रस्ताव था।

लंबे फैलाव (12 से 18 किलोमीटर) और आधुनिक तकनीक उपयोग करके एनएसपी के तहत सृजित डाटा ने कई अप्रयुक्त क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उप–सतही भूवैज्ञानिक जानकारी प्रदान की है जो इन घाटियों के भूवैज्ञानिक सेट–अप को समझने में मदद करेगी। कुछ क्षेत्रों में उप–ट्रेपियन मेसोजोइक अवसादों की उपस्थिति का भी संकेत दिया गया है। यह डाटा मौजूदा उत्पादक बेसिनों के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं क्योंकि टेक्टोनिक्स फ्रेमवर्क के बारे में प्राप्त जानकारी में सुधार हुआ है। ऐसे कई बेसिनों जैसे कि महानदी, कच्छ–सौराष्ट्र, विंध्य, गंगा, बंगाल, हिमालयी फोरलैंड, केजी, राजस्थान, गंगा, छत्तीसगढ़, कडप्पा, डेक्कन सिंक्लीज आदि के 2डी रेखाओं में भूगर्भीय रुचि की विशेषताएं देखी जा सकती हैं।

iv. **एयरबोर्न ग्रेविटी और ग्रैडियोमेट्री (एजीजी) सर्वेक्षण:** एनएसपी परियोजना के तहत दुर्गम और प्रतिकूल भौगोलिक क्षेत्रों को शामिल करने के लिए, ₹80 करोड़ के अनुमानित लागत के साथ 49,000 फ्लाइट एलकेएम एयरबोर्न जीयोफिजिकल सर्वेक्षण करने की भी योजना बनाई गई है। मंत्रालय की ओर से, एयरबोर्न ग्रेविटी एंड ग्रैडियोमेट्री (एजीजी) सर्वेक्षण करने के लिए ऑयल इंडिया लिमिटेड को नोडल एजेंसी के रूप में चुना गया है। एजीजी सर्वेक्षण दिनांक 27.05.2023 को शुरू किया गया था और 15 मार्च, 2024 को 42,943 एलकेएम के कुल डेटा अधिग्रहण के साथ पूर्ण हो गया है। डाटा का प्रसंस्करण और व्याख्या की जा रही पर है।

V. **अंडमान बेसिन का पूर्ण मूल्यांकन:** अंडमान के ऑफशोर क्षेत्रों के व्यापक मूल्यांकन के लिए, लगभग 2,81,613 वर्ग किमी के बेसिनल क्षेत्र को कवर करते हुए 22,500 एलकेएम 2 डी ब्रॉडबैंड भूकंपीय डेटा अधिग्रहण, प्रसंस्करण और उसकी व्याख्या करने की योजना बनाई गई थी। इस परियोजना को मेसर्स ऑयल इंडिया लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित किया गया है। अंडमान के गहरे ऑफशोर से कुल 22,500 एलकेएन भूकंपीय डाटाका अधिग्रहण किया गया था। अधिग्रहण और प्रसंस्करण का कार्य अक्टूबर 2022 में पूरा हो गया और पूरे डेटासेट की व्याख्या मार्च 2023 में पूरी हो गई। संपूर्ण डाटा एनडीआर को सौंप दिया गया है।

vi. **विशेष आर्थिक जोन (ईईजेड) तक अपतटीय बेसिन क्षेत्र का मूल्यांकन:** देश के विशेष आर्थिक जोन (ईईजेड) तक फैले अपतटीय बेसिन क्षेत्र का संपूर्ण आकलन करने के लिए लगभग 80,000 एलकेएम क्षेत्र को कवर करते हुए 2 डी ब्रॉडबैंड भूकंपीय सर्वेक्षण करने का प्रयास किया गया। ईईजेड सर्वेक्षण के लिए ओएनजीसी को नोडल एजेंसी बनाया गया था। परिणामस्वरूप, जून 2023 में सफलतापूर्वक लगभग 79,540 एलकेएम 2 डी भूकंपीय डेटा का अधिग्रहण किया गया (अतिरिक्त 20% के प्रावधान के साथ 70,000 एलकेएम के अनुबंधित लक्ष्य की तुलना में) जिसमें सभी तीन क्षेत्रों यथा पूर्वी तट, पश्चिमी तट और अंडमान क्षेत्र, को शामिल किया गया था। अधिग्रहित 2डी भूकंपीय डाटा की व्याख्या का प्रसंस्करण पूरा हो चुका है और संसाधित आउटपुट डीजीएच में प्राप्त हो चुका है।

vii. **मिशन अन्वेषण:** भारत की तलछटी घाटियों का और अन्वेषण करने और भूकंपीय कवरेज की कमी को दूर करने के लिए, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 792 करोड़ रुपये के बजटीय परिव्यय के साथ 20,275 लाइन किलोमीटर के 2डी भूकंपीय

अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या के संचालन के लिए "मिशन अन्वेषण" को मंजूरी दी है।

viii. **भारत के विस्तारित महाद्वीपीय शेल्फ (ईसीएस) में क्षेत्रों का मूल्यांकन:** 200 समुद्री मील की वर्तमान ईईजेड सीमा के आगे महाद्वीपीय शेल्फ क्षेत्र की हाइड्रोकार्बन क्षमता का पता लगाने के लिए, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 410 करोड़ रुपये के बजटीय परिव्यय के साथ लगभग 30,000 लाइन किलोमीटर के 2डी ब्रॉडबैंड भूकंपीय डेटा अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या (एपीआई) के संचालन के लिए "भारत के विस्तारित महाद्वीपीय शेल्फ (ईसीएस) के क्षेत्रों का मूल्यांकन" करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

ix. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पहली बार 3,200 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ श्रेणी–II और श्रेणी–III बेसिन में चार स्ट्रेटीग्राफिक कुओं की ड्रिलिंग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह शोध न किए गए क्षेत्रों में गहन अन्वेषण करने की मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

1.15. मंजूरी/अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने तथा समन्वय बढ़ाने के लिए लाई गई पहलें:

- **सशक्त समन्वय समिति (ईसीसी):** यह समिति हाइड्रोकार्बन क्षेत्र से संबंधित रक्षा, पर्यावरण, लाइसेंस आदि से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता में गठित की गई है।
- **'हाइड्रोकार्बन क्लीयरेंस प्रकोष्ठ' (एचसीसी) का निर्माण:** डीजीएच के अंतर्गत एक समर्पित 'हाइड्रोकार्बन क्लीयरेंस प्रकोष्ठ' स्थापित किया गया है। यह प्रकोष्ठ त्वरित मंजूरी/अनुमोदन प्राप्त कराने के लिए केंद्र/राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मिलकर काम करता है।
- **पूर्वोत्तर समन्वय समिति (एनईसीसी) का गठन:** डीजीएच के एचसीसी के तहत ईसीसी का गठन सितंबर 2021 में किया गया था और असम, अरुणाचल प्रदेश तथा त्रिपुरा राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के 18 समन्वयकों को इसमें नियुक्त किया गया है, ताकि विभिन्न पर्यावरणीय विनियमों के तहत मंजूरी और अनुमोदन प्रस्तावों को संसोधित करने में सुविधा हो और साथ ही तेल और गैस ईएंडपी गतिविधियों से संबंधित अन्य मुद्दों का तेजी से समाधान निकाला जा सके जिनके लिए राज्य सरकार से प्रशासनिक/नियामक समर्थन की आवश्यकता हो।
- **ऊर्जा प्रगति पोर्टल (अप्रासक्रिय शासन और समय पर कार्यान्वयन के लिए संयुक्त कार्यवाई द्वारा अपस्ट्रीम प्रतिक्रिया):** ईएंडपी ऑपरेटरों को सुविधा प्रदान करने और अनुमोदन/मंजूरी प्रक्रिया पर निगरानी रखने के लिए, डीजीएच द्वारा हाल ही में ऊर्जा प्रगति वेब–आधारित इंटरैक्टिव पोर्टल लॉन्च किया गया है, ताकि ऑपरेटरों, केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों जैसे विभिन्न हितधारकों से जुड़े अपस्ट्रीम हाइड्रोकार्बन क्षेत्र से संबंधित लंबे समय से लंबित मुद्दों को प्राथमिकता दी जा सके और उन्हें चिह्नित किया जा सके। इस पोर्टल के माध्यम से जिन मुद्दों का समाधान किया जा सकता है उनमें पीईएल (पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस), पीएमएल (पेट्रोलियम खनन पट्टा), एफसी (वन मंजूरी), डब्ल्यूएलसी (वन्यजीव मंजूरी), सीटीई (स्थापना के लिए सहमति)/सीटीओ (संचालन के लिए सहमति), ईएसजेड (पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र) और सीआरजेड (तटीय विनियमन क्षेत्र) से संबंधित मंजूरी शामिल हैं।
- **अपस्ट्रीम इंडिया पोर्टल:** ईएंडपी ऑपरेटरों को सहायता प्रदान करने के लिए 'अपस्ट्रीम इंडिया' पोर्टल लॉन्च किया गया था। यह डीजीएच में उपलब्ध सुविधाओं और अवसंरचना को साझा करने, ज्ञान साझा करने वाले प्लेटफॉर्म का निर्माण करने और नियमित कार्यशालाओं, सेमिनारों, सम्मेलनों, प्रशिक्षण सत्रों और नवीनतम सरकारी नीतियों, प्रौद्योगिकियों और इन्वेंट्री के उपयोग पर चर्चाओं के आयोजन जैसी सेवाएं प्रदान करता है।
- **ऊर्जा सुरक्षा समन्वय:** सूचना का त्वरित आदान–प्रदान के लिए जीआईएस आधारित निगरानी और निर्णय समर्थन प्रणाली।

1.16. प्राकृतिक गैस ग्रिड और नगरी गैस वितरण (सीजीडी)

नगरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क एक निर्दिष्ट भौगोलिक क्षेत्र (जीए) में स्थित घरेलू, औद्योगिक या वाणिज्यिक परिसरों और सीएनजी स्टेशनों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करने के लिए पाइपलाइनों का परस्पर जुड़ा हुआ नेटवर्क है। सीजीडी नेटवर्क को जीए में ट्रंक गैस पाइपलाइन कनेक्टिविटी या गैस स्रोतों और तकनीकी–व्यावसायिक व्यवहार्यता की उपलब्धता के आधार पर विकसित किया जा रहा है।

सीजीडी नेटवर्क यह सुनिश्चित करता है कि पर्यावरण अनुकूल खाना पकाने का ईंधन पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के रूप में घरेलू परिवारों के लिए स्वच्छ ईंधन के साथ–साथ संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) के रूप में उपलब्ध हो। परिवहन क्षेत्र में सीएनजी के उपयोग से नगरी क्षेत्र में वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को रोकने में मदद मिलती है और इससे वायु की गुणवत्ता में सुधार होता है।

- मई 2014 तक, देश के विभिन्न हिस्सों में 53 जिलों (आंशिक / पूर्ण) में फैले लगभग 33 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में सीजीडी नेटवर्क उपलब्ध था।
- वर्ष 2014–18 (मई 2018 तक) के दौरान, सीजीडी नेटवर्क के विकास से 113 जिलों (आंशिक / पूर्ण) में फैले 92 जीए को सुविधा दी गई थी।
- वर्ष 2019 में 9वें और 10वें सीजीडी बोली राउंड के सफलता पूर्वक समाप्त होने पर, सीजीडी नेटवर्क का कवरेज 298 जिलों (आंशिक / पूर्ण) को शामिल करते हुए अतिरिक्त 136 जीए तक बढ़ा दिया गया।
- वर्ष 2022 में, पीएनजीआरबी ने 11वें और 11ए सीजीडी बोली राउंड करवाया और 67 अतिरिक्त भौगोलिक क्षेत्रों को अधिकृत किया। इस राउंड के पूरा होने के साथ, सीजीडी नेटवर्क का संभावित कवरेज देश की लगभग 98% आबादी तक फैल गया है, जो भारत के 88% क्षेत्र में फैले हैं।
- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने 12वें और 12ए राउंड के सीजीडी बोली के तहत सफल बोलीकर्ताओं को 103 जिले अंतिम रूप से सौंपे गए है, जिसमें 6 पूर्वोत्तर राज्य अर्थात अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम और 2 संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं। तदनुसार, दिनांक 04.03.2024 को 7 भौगोलिक क्षेत्रों के लिए सफल बोलीकर्ताओं को आशय पत्र जारी किए गए हैं। इसके अलावा, सीजीडी प्राधिकरण विनियमों के अनुसार पीएनजीआरबी द्वारा संबंधित संस्थाओं से अपेक्षित प्रदर्शन बैंक गारंटी प्राप्त होने के बाद सफल बोलीकर्ताओं को प्राधिकार प्रदान किया जाएगा।
- घरेलू परिवारों को पीएनजी की आपूर्ति 25.4 लाख (मई 2014) के स्तर से बढ़कर 123.66 लाख (जनवरी 2024 तक) हो गई है। कुल मिलाकर, 6,348 सीएनजी स्टेशन (31.01.2024 तक) देश भर में लगभग 55 लाख सीएनजी वाहनों को स्वच्छ और किफायती परिवहन ईंधन उपलब्ध करा रहे हैं।

नगरी गैस नेटवर्क के विस्तार को बढ़ावा देने और नगरों में प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ाने के लिए, सरकार ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं–

i. घरेलू गैस, जो आयातित गैस से किफायती है, को सीजीडी क्षेत्र के पीएनजी (डी) और सीएनजी (टी) खंडों की संपूर्ण आवश्यकता को पूरा करने के लिए आवंटित किया गया है और इसे नो कट श्रेणी में रखा गया है।

ii. श्रम और रोजगार मंत्रालय (एमओएलई) द्वारा सीजीडी परियोजनाओं को सार्वजनिक उपयोगिता का दर्जा प्रदान किया गया है।

iii. रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने अपने आवासीय क्षेत्रों / यूनिट लाइनों में पीएनजी के उपयोग के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं।

iv. लोक उद्यम विभाग (डीपीई) ने सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) को अपने आवासीय परिसरों में पीएनजी का प्रावधान शामिल करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं।

v. आवासन और नगरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने राज्य सरकारों को निम्नलिखित पहलुओं पर परामर्शी जारी की है–

क. स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार समयबद्ध अनुमति के साथ–साथ सड़क जीर्णोद्धार / अनुमति शुल्क को मानकीकृत करना।

ख. नगर / कस्बों के नियोजन चरण में सीएनजी स्टेशनों के विकास के लिए भूखंड चिह्नित करना और संशोधित मास्टर प्लान में इसका उल्लेख करना।

ग. वास्तुशिल्प डिजाइन चरण में आवासीय और वाणिज्यिक भवनों में गैस पाइपलाइन अवसंरचना प्रदान करने के लिए भवन उपनियमों में प्रासंगिक संशोधन।

vi. इसके अलावा, एमओएचयूए ने सीपीडब्ल्यूडी और एनबीसीसी को सभी सरकारी आवासीय परिसरों में पीएनजी का प्रावधान जोड़ने का निर्देश दिया है।

vii. डीआईपीपी ने मौजूदा ओएमसी आरओ में सीएनजी वितरण सुविधाएं स्थापित करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए संशोधित नियम 2018 अधिसूचित किया है।



1.17. देश में पुनर्गैसीकरण अवसंरचना

देश ने वर्ष 2004 में दाहेज (गुजरात) में स्थित अपने पहले पुनर्गैसीकरण एलएनजी (आरएलएनजी) टर्मिनल की स्थापना के साथ तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का पहला आयात शुरू किया। एलएनजी का आयात ओपन लामान्य लाइसेंस (ओजीएल) मद के रूप में किया जा रहा है। आयातित आरएलएनजी की आपूर्ति देश भर में आपूर्तिकर्ताओं और खरीदारों के बीच संविदात्मक समझौते के अनुसार बाजार निर्धारित कीमतों पर की जा रही है। एक अवसंरचना परियोजना के रूप में एलएनजी टर्मिनलों की स्थापना को भी अनुमति दी गई है और इसके लिए 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की भी अनुमति है।

वर्तमान में, देश में लगभग 47.7 एमएमटीपीए (172 एमएमएससीएमडी) की क्षमता वाले सात (7) परिचालन एलएनजी पुनर्गैसीकरण टर्मिनल क्रियान्वित हैं। इनका टर्मिनल–वार विवरण निम्नानुसार है:

स्थान	धारक और प्रचालक	क्षमता (एमएमटीपीए)
दाहेज (गुजरात)	पीआईआई	17.5
हजीरा (गुजरात)	शेल	5.2
कोच्ची (केरलद्ध	पीआईआई	5
ढबोल (महाराष्ट्र)	गेल (केएलपीएल)	5.0
मुंद्रा (गुजरात)	जीएसपीएस एलएनजी लिमिटेड	5
धामरा (ओडिशा)	अडानी एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड	5
इन्नौर (तमिलनाडु)	आईओसीएल	5
	कुल क्षमता (एमएमटीपीए)	**47.7**

उपर्युक्त के अतिरिक्त, निम्नलिखित एलएनजी टर्मिनलों का निर्माण हो रहा है।

स्थान	धारक और प्रचालक	क्षमता (एमएमटीपीए)
दाहेज विस्तार (गुजरात)	पीआईआई	5
गोपालपुर (ओडिशा)	पीआईआई	4
जाफराबाग (गुजरात)	स्वान इनर्जी	5
छारा (गुजरात)	एचपीएलएनजी	5
	कुल क्षमता (एमएमटीपीए)	**19**

1.18. ऊर्जा कूटनीति:

भारत सरकार परस्पर जुड़े विश्वपटल पर ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी वैश्विक भागीदारी को आकार देने और अपनी ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति सुरक्षित करने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रही है। भारत की ऊर्जा कूटनीति न केवल हाइड्रोकार्बन समृद्ध देशों और ऊर्जा मामलों से निपटने वाले प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ ऊर्जा संबंधी साझेदारी में प्रवेश करने, उसे बनाए रखने और उसे बढ़ाने तक सीमित है, बल्कि ग्लोबल साउथ और पड़ोसी देशों के साथ हाइड्रोकार्बन और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों पर सहयोग को बढ़ावा देना भी इसमें शामिल है।

भारत ग्लोबल साउथ के सभी तेल–उपभोक्ता देशों के लिए जिम्मेदार मूल्य निर्धारण और वैश्विक तेल बाजार को स्थिर करने के लिए आवाज उठाता रहा है। यह भारत को एक अनूठे देश के रूप में स्थापित करता है जिसकी ऊर्जा कार्यनीति अब दुनिया भर में व्यावहारिक और संतुलित माना जा रहा है। भारत ने समय–समय पर प्रमुख उत्पादकों के साथ द्विपक्षीय रूप से और संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में आयोजित अबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय पेट्रोलियम प्रदर्शनी और सम्मेलन–2023 (एडीआईपीईसी–2023), बेंगलुरु, भारत में आयोजित भारत ऊर्जा सप्ताह–2023 सहित विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय

मंचों पर उपभोक्ता देशों के समक्ष आने वाली समस्याओं जैसे कि उच्च मूल्य, अधिक अस्थिरता, एशियाई प्रीमियम आदि को उठाया है।

भारत तेल और गैस संसाधनों के ज़िम्मेदार मूल्य निर्धारण का समर्थन करने के लिए पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक), अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (आईईएफ), अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) आदि जैसे तेल और गैस के क्षेत्र में काम करने वाले प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ भी कार्य कर रहा है।

भारत की ऊर्जा सुरक्षा की खोज चार 'ए' के ढांचे के तहत काम करती है: उपलब्धता, पहुंच, वहनीयता और स्वीकार्यता, जिसका उद्देश्य सभी वर्गों और क्षेत्रों को किफायती मूल्य पर आसानी से ऊर्जा उपलब्ध कराना है। यद्यपि तेल और गैस आने वाले भविष्य में भारत के प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे, भारत अपने नागरिकों को किफायती मूल्य पर और संधारणीय रूप से ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सौर, पवन, जैव ईंधन और हाइड्रोजन सहित सभी प्रकार की ऊर्जा को बढ़ावा दे रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत ने जी–20 शिखर सम्मेलन में वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के लॉंच की अगुआई की है, जो संधारणीय भविष्य के लिए ऊर्जा स्रोतों में परिवर्तन किए जाने की भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और विदेशों में स्थित हमारे दूतावासों के साथ मिलकर काम कर रहा है, ताकि न केवल देश के लिए ऊर्जा संबंधी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, बल्कि विदेशों में हमारे तेल और गैस से जुड़े सार्वजनिक उपक्रमों के हितों की रक्षा और सवर्धन की जा सके। भारत की विदेश नीति में ऊर्जा संबंधी कूटनीति को एकीकृत करना ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करके और संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में तेल और गैस निवेश के लिए एक गंतव्य के रूप में भारत के महत्व को उजागर करके देश के लिए लाभप्रद है।

ऊर्जा संबंधी कूटनीति की निम्नलिखित मुख्य विशेषताएं उल्लेखनीय हैं:

- कच्चे तेल की निर्बाध और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रिफाइनरों को समर्थन देना।
- भारतीय पीएसयू द्वारा ई एंड पी परिसंपत्तियों के अधिग्रहण सहित भौगोलिक विविधीकरण और तेल और गैस के स्रोतों का विस्तार।
- ऊर्जा गलियारों और ऊर्जा पुलों का निर्माण करके तेल और गैस के क्षेत्र में 'नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी' को बढ़ावा देने के लिए पहलें शुरू करना।
- दीर्घ कालिक तेल और एलएनजी सौदों पर समझौता करना।
- भारत को वैश्विक ऊर्जा कार्यक्रमों के लिए एक प्रमुख स्थान के रूप में विकसित करना–प्रथम भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्घाटन, एशियाई मंत्रिस्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन की नौवीं बैठक और शंघाई सहयोग संगठन की ऊर्जा मंत्रियों की तीसरी बैठक का आयोजन।
- अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित करना और संवादों को संस्थागत बनाना।
- ओपीएसी, आईईएफ और आईईए जैसे बहुपक्षीय ऊर्जा संगठनों के साथ भारत के संबंधों को बेहतर बनाना और उनकी विशाल हाइड्रोकार्बन की जरूरतों का लाभ उठाना, जहां भारत उत्पादक और उपभोक्ता देशों की जरूरतों को संतुलित करने की दिशा में अंतर ला सकता है।
- ऊर्जा स्रोतों के डीकार्बोनाइजेशन और चक्रीयता को बढ़ावा देने के लिए ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस के गठन की घोषणा।

1.19. किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प (सतत):

सरकार ने 1 अक्टूबर 2018 को "वहनीय परिवहन के किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प विकल्प (एसएटीएटी)" पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य विभिन्न अपशिष्ट/बायोमास स्रोतों से संपीड़ित बायो गैस (सीबीजी) के उत्पादन के लिए एक पारितंत्र की स्थापना करना और प्राकृतिक गैस के साथ इसके उपयोग को बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत, तेल और गैस विपणन कंपनियां (ओजीएमसी) संभावित उद्यमियों से सीबीजी खरीदने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करती हैं।

यह पहल गोबरधन योजना, स्वच्छ भारत मिशन/आत्मनिर्भर भारत/नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य के अनुरूप है। बायोगैस/सीबीजी क्षेत्र के विकास के लिए सरकार के संपूर्ण दृष्टिकोण को अपनाया जा रहा है। विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा प्रदान की जाने वाली कुछ सुविधाएँ इस प्रकार हैं: नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) की राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम की अम्ब्रेला योजना के अंतर्गत सभी प्रकार के सीबीजी/बायोगैस संयंत्रों के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता; स्वच्छ भारत मिशन नगरी 2.0 योजना के अंतर्गत आवासन और नगरी कार्य मंत्रालय द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को एमएसडब्ल्यू आधारित सीबीजी संयंत्रों के लिए अतिरिक्त

केंद्रीय सहायता; उर्वरक विभाग द्वारा जैविक उर्वरक को बढ़ावा देने की नीति के अंतर्गत सीबीजी परियोजनाओं से उत्पादित फर्मेंटेड जैविक खाद पर 1,500 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से बाजार के विकास हेतु सहायता; कृषि और किसान कल्याण विभाग द्वारा कृषि मशीनीकरण और फसल अवशेष प्रबंधन उप मिशन योजना के अंतर्गत बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी हेतु प्रोत्साहन; आरबीआई द्वारा प्राथमिक क्षेत्र ऋण के तहत सीबीजी परियोजनाओं का वर्गीकरण; सीपीसीबी द्वारा मामला–दर–मामला आधार पर 'श्वेत श्रेणी' के तहत सीबीजी परियोजनाओं का वर्गीकरण; मिश्रित सीएनजी में निहित संपीड़ित बायो गैस पर भुगतान की गई जीएसटी राशि पर उत्पाद शुल्क में छूट।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सीजीडी नेटवर्क में सीएनजी के साथ सीबीजी के समन्वय के लिए नगर गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के संपीड़ित प्राकृतिक गैस (परिवहन) और पाइप्ड प्राकृतिक गैस (घरेलू) खंडों की आपूर्ति के लिए घरेलू गैस के सह–मिश्रण हेतु दिशानिर्देश जारी किए हैं।

इसके अलावा, सरकार ने वित्त वर्ष 2023–24 से वित्त वर्ष 2026–27 तक 04 वर्ष की अवधि के लिए बायोमास संग्रह को समर्थन देने हेतु बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी की खरीद के लिए सीबीजी उत्पादकों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के दिशानिर्देश 02.02.2024 को जारी किए गए हैं।

देश में सीबीजी के उत्पादन और खपत को बढ़ावा देने के लिए, राष्ट्रीय जैव ईंधन समन्वय समिति (एनबीसीसी) ने 24.11.2023 को सीजीडी क्षेत्र के सीएनजी (परिवहन) और पीएनजी (घरेलू) खंडों में सीबीजी के चरणबद्ध अनिवार्य मिश्रण को शुरू करने की मंजूरी दे दी है। सीबीजी सम्मिश्रण दायित्व (सीबीओ) वित्त वर्ष 2024–25 तक स्वैच्छिक रहेगा और अनिवार्य सम्मिश्रण दायित्व वित्त वर्ष 2025–26 से शुरू होगा। वित्त वर्ष 2025–26, 2026–27 और 2027–28 के लिए सीबीओ को कुल सीएनजी / पीएनजी खपत का क्रमशः 1%, 3% और 4% रखा जाएगा। 2028–29 के बाद सीबीओ 5% होगा।

सरकार ने 15.03.2024 को नगरी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क में सीबीजी को शामिल करने के लिए पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के विकास हेतु एक योजना को मंजूरी दी है। 1 मार्च 2024 तक, लगभग 360 मीट्रिक टन प्रतिदिन की कुल उत्पादन क्षमता वाले 58 सीबीजी / बायोगैस संयंत्र संस्थापित हो चुके हैं। 160 से अधिक रिटेल आउटलेट्स पर सीबीजी की बिक्री शुरू हो चुकी है। औद्योगिक ग्राहकों को भी सीबीजी की आपूर्ति की जा रही है। सीबीजी–सीजीडी सिंक्रोनाइजेशन योजना के तहत, गेल ने 77 त्रिपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और सीजीडी नेटवर्क के 25 भौगोलिक क्षेत्रों में सीबीजी की बिक्री शुरू हो चुकी है।

1.20. राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति–2018

राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति 2018 के तहत एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2025–26 तक पेट्रोल में एथेनॉल के 20% मिश्रण और 2030 तक डीजल में 5% बायोडीजल के सम्मिश्रण की सांकेतिक लक्ष्य की परिकल्पना की गई है। इस लक्ष्य को निम्नानुसार प्राप्त किया जाना है:

क. संवर्धनशील घरेलू उत्पादन के माध्यम से चालू एथेनॉल / बायोडीजल आपूर्ति को सुदृढ़ करना।

ख. सेकंड जेनेरेशन (2जी) की बायो रिफाइनरियों की स्थापना।

ग. जैव ईंधन के लिए नए फीडस्टॉक का विकास कार्य।

घ. जैव ईंधनों में रूपांतरण के लिए नई प्रौद्योगिकियों का विकास।

ङ. जैव ईंधनों के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार करना और मुख्य ईंधन के साथ इसका एकीकरण करना।

1.21. गैर पारंपरिक ऊर्जा

1.21.1. ईबीपी कार्यक्रम: सरकार एथेनॉल संमिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम क्रियान्वित कर रही है, जिसके तहत तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) एथेनॉल की उपलब्धता के अनुसार अलग–अलग प्रतिशत में एथेनॉल को पेट्रोल में संमिश्रित करके बेचती हैं। वैकल्पिक और पर्यावरण अनुकूल ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस कार्यक्रम को पूरे भारत में विस्तारित किया गया है। इस हस्तक्षेप का उद्देश्य ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए आयात पर निर्भरता को कम करना और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना है।

एथेनॉल के अधिक स्वदेशी उत्पादन के लिए सरकार ने कई हस्तक्षेप किए हैं, जिनमें प्रशासित मूल्य तंत्र को फिर से शुरू करना, एथेनॉल उत्पादन के लिए वैकल्पिक मार्ग तलाशना, उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 में संशोधन करना शामिल है, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा विकृत एथेनॉल पर विशेष नियंत्रण का विधान निर्धारित करना, ईबीपी कार्यक्रम के लिए एथेनॉल पर माल और सेवा कर (जीएसटी) को 18% से घटाकर 5% करना, राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति–2018 की अधिसूचना, एथेनॉल उत्पादन क्षमता को बढ़ाने और संवर्धन के लिए चीनी मिलों को वित्तीय सहायता देने की योजना बनाना, कई फीड–स्टॉक जैसे कि बी हैवी मोलासेस, गन्ने का रस, चीनी, चीनी सिरप, क्षतिग्रस्त खाद्यान्न एथेनॉल उत्पादन के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास उपलब्ध मक्का और अधिशेष चावल का उपयोग करना, एथेनॉल उत्पादन के लिए उपयोग किए जाने वाले फीड स्टॉक के आधार

पर विभेदक एथेनॉल मूल्य, उन्नत और लागकारी एथेनॉल मूल्य निर्धारण, दीर्घकालिक एथेनॉल खरीद नीति, एथेनॉल की कमी वाले राज्यों में एथेनॉल डिस्टिलेशन क्षमता स्थापित करने की रूपरेखा बनाना आदि कुछ उदाहरण हैं।

उपर्युक्त के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा एथेनॉल की खरीदी में मदद मिली है जो एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2013–14 (दिसंबर 2013 से नवंबर, 2014) के दौरान 38 करोड़ लीटर से बढ़कर ईएसवाई 2022–23 (दिसंबर, 2022 से अक्टूबर, 2023) के दौरान 508.48 करोड़ लीटर हो गया है। 'भारत में एथेनॉल संमिश्रण के रोडमैप 2020–25' के अनुरूप, तेल विपणन कंपनियों ने एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2021–22 और 2022–23 के दौरान पेट्रोल में औसतन 10% और 12% एथेनॉल संमिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया है। ईएसवाई के अनुसार खरीद / संमिश्रण निष्पादन नीचे तालिका में दिया गया है:

ईएसवाई	एथेनॉल प्रपण/संमिश्रण की गुणवत्ता करोड़ लीटर में	संमिश्रण प्रतिशत (%)
2013-14	38.0	1.53
2014-15	67.4	2.33
2015-16	111.4	3.51
2016-17	66.5	2.07
2017-18	150.5	4.22
2018-19	188.6	5.00
2019-20	173.0	5.00
2020-21	302.3	8.10
2021-22	433.6	10.02
2022-23	508.48	12.06

'भारत में एथेनॉल संमिश्रण के रोडमैप 2020–25' के अनुसार, ई.एस.वाई. 2025–26 के दौरान पेट्रोल में 20% संमिश्रण करने के लिए लगभग 1,016 करोड़ लीटर एथेनॉल की आवश्यकता होती है। देश में एथेनॉल डिस्टिलेशन क्षमता स्थापित करने वाली नोडल एजेंसी, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) ने ईबीपी आवश्यकता और अन्य उपयोगों को पूरा करने के लिए प्रति वर्ष 1,700 करोड़ लीटर क्षमता की आवश्यकता का अनुमान लगाया है। एथेनॉल उत्पादन क्षमता में वृद्धि और संवर्धन के लिए ब्याज अनुदान योजना को अधिसूचित किया गया है और पर्यावरण मंजूरी (ईसी) प्रदान करने की प्रक्रिया को भी सुचारू कर दिया गया है। डिस्टिलेशन क्षमता जो 2018–19 में 685 करोड़ लीटर प्रति वर्ष थी वह 15.03.2024 तक बढ़कर 1,444 करोड़ लीटर प्रति वर्ष हो गई है। ई.एस.वाई. 2022–23 के लिए आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान की जाने वाली विभिन्न फीडस्टॉक से उत्पादित एथेनॉल की एक्स–मिल कीमतें निम्न हैं:

फीड स्टॉक	एथेनॉल दरें (ईएसवाई 2023-24
गन्ने का जूस$	65.61[1]
बी हेवी मोलासेस$	60.63[2]
सी हेवी मोलासेस$	56.28*
क्षतिग्रस्त खाद्यान्न %	64.00
अधिशेष खाद्यान्न %	58.50
मक्का %	71.86[3]

$ पिछली ईएसवाई की मूल दरें

प्रोत्साहन 5.79 रुपये / लीटर


*प्रोत्साहन 6.87 रुपये / लीटर

^ सरकार द्वारा अनुमोदित मूल्य

%ओएमसी द्वारा निर्धारित मूल्य

ऐथेनॉल आपूर्तिकर्ताओं को जीएसटी और परिवहन का भुगतान किया जा रहा है

1.21.2. 2जी एथेनॉल कार्यक्रम: एथेनॉल आपूर्ति बढ़ाने के लिए, सरकार ने दिसंबर, 2014 में चावल / गेहूं के भूसे, मकई के भुट्टे, कपास के डंठल आदि जैसे सेल्यूलोसिक और लिग्नोसेल्यूलोसिक सामग्रियों और पेट्रोकेमिकल रूट से एथेनॉल की खरीदी को मंजूरी दी थी। 2जी बायो–रिफाइनरियों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार ने एकीकृत बायो–एथेनॉल परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए "प्रधानमंत्री जी–वन (जैव ईंधन–वातावरण अनुकूल फसल अवशेष निवारण) योजना" शुरू की है। इस योजना के तहत, आठ वाणिज्यिक सेकंड जेनेरेशन (2जी) बायो–एथेनॉल परियोजनाओं और चार प्रदर्शन 2जी एथेनॉल परियोजनाओं के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों को ₹ 1,200 करोड़ से अधिक की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी गई है। पानीपत में आईओसीएल का 2जी एथेनॉल संयंत्र 10.08.2022 (विश्व जैव ईंधन दिवस) को राष्ट्र को समर्पित किया गया था।



1.21.3. बायोडीजल कार्यक्रम: वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान, तेल विपणन कंपनियों ने डीजल के साथ संमिश्रण करने के लिए 43.99 करोड़ लीटर बायोडीजल खरीदा है।

1.21.4. बायो–जेट (एटीएफ): सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए शुरुआत में क्रमशः 2027, 2028 और 2030 के प्रभाव से एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) में एसएएफ के 1%, 2% और 5% संमिश्रण का सांकेतिक लक्ष्य निर्धारित किया है। स्वदेशी रूप से उत्पादित एसएएफ संमिश्रण विमानन टरबाइन ईंधन का उपयोग करके भारत की पहली वाणिज्यिक उड़ान पुणे से दिल्ली के बीच 19 मई 2023 को सफलतापूर्वक उड़ाई गई थी। आईओसीएल द्वारा पानीपत (337.2 केएलपीडी) और मैंगलोर रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल लिमिटेड (एमआरपीएल) द्वारा मैंगलोर (20.2 केएलपीडी) में बायो एटीएफ संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं।

1.21.5. विश्व जैव ईंधन दिवस: पारंपरिक जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में गैर–जीवाश्म ईंधन के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने और जैव ईंधन के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए विभिन्न प्रयासों को उजागर करने के लिए हर साल 10 अगस्त को विश्व जैव ईंधन दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय "जैव ईंधन–स्थायी भविष्य के लिए ईंधन" था। विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर, तेल और गैस उद्योग की ओर से इंडियन ऑयल ने विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर जैव ईंधन पर एक वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार की शुरुआत में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव श्री पंकज जैन ने इसका उद्घाटन किया। अपने भाषण में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने संधारणीयता और जिम्मेदार पर्यावरणीय प्रथाओं के लिए उद्योग की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

1.21.6. राष्ट्रीय जैव ईंधन समन्वय समिति (एनबीसीसी): एनबीसीसी की 5वीं बैठक 24.11.2023 को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई और इस दौरान निम्नलिखित निर्णय लिए गए:

क. अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए शुरुआत में क्रमशः 2027, 2028 और 2030 तक एटीएफ में एसएएफ के संमिश्रण के लिए 1%, 2% और 5% का सांकेतिक संमिश्रण लक्ष्य।

ख. संपीड़ित बायोगैस संमिश्रण दायित्व (सीबीओ) वित्त वर्ष 2024–25 तक स्वैच्छिक रहेगा और वित्त वर्ष 2025–26 से मिश्रण का दायित्व अनिवार्य हो जाएगा। सीबीओ को वित्त वर्ष 2025–26, 2026–27 और 2027–28 के लिए कुल सीएनजी / पीएनजी खपत का क्रमशः 1%, 3% और 4% रखा जाएगा। वित्त वर्ष 2028–29 से सीबीओ 5% होगा। एक केंद्रीय रिपोजिटरी निकाय (सीआरबी) परिचालन दिशानिर्देशों के आधार पर संमिश्रण अधिदेश की निगरानी और कार्यान्वयन करेगी;

ग. राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति के खंड 6.3(ii) के अनुसार 2जी एथेनॉल के निर्यात की अनुमति दी जाएगी; और

घ. उत्पादों के बेस्ट बिफोर डेट (बीबीडी) के बाद बची हुई चीनी / चीनी सिरप / स्वीटनर (पेय पदार्थ, जूस आदि) को एथेनॉल उत्पादन के लिए फीडस्टॉक के रूप में उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी और इन फीडस्टॉक्स से एथेनॉल बनाने का मूल्य निर्धारण ओएमसी द्वारा तय किया जा सकता है।

1.22. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय का परिव्यय:

सरकार पूरे देश में पेट्रोलियम और गैस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। पूंजीगत व्यय अवसंरचना परियोजनाओं के निर्माण और आर्थिक विकास को सहयोग देने और निवेश को बढ़ावा देने के माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा करते हैं। वित्त वर्ष 2023–24 में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत

सीपीएसई के लिए कुल बजटीय आंतरिक और अतिरिक्त बजटीय संसाधन (आईईबीआर) ₹ 1,06,401 करोड़ था, जिसमें से अप्रैल–मार्च, 2023–24 के दौरान ₹ 1,36,821 करोड़ का वास्तविक व्यय हुआ है, जो बजटीय आईईबीआर का 128.6% है। वित्त वर्ष 2024–25 के लिए लक्षित बजटीय आईईबीआर ₹ 1,18,499 करोड़ है।



1.23. स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता (एलपीजी+ पीएनजी)

एलपीजी और पीएनजी दोनों मिलकर घरेलू जरूरतों के लिए स्वच्छ ईंधन प्रदान करते हैं। भारत के कार्बन पदचिह्न को कम करने के पहल के रूप में, सरकार वर्ष 2030 तक भारत के प्राथमिक ऊर्जा संमिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को 6.3% से बढ़ाकर 15% करके गैस आधारित अर्थव्यवस्था की परिकल्पना कर रही है। प्राकृतिक गैस पर बल दिए जाने से 31 मार्च 2024 तक पीएनजी कनेक्शन वाले घरों की संख्या 1.29 करोड़ तक पहुँच गई है। जैसे–जैसे नगरों में नगर गैस सेवा मिलने लगेगी, पीएनजी कनेक्शन की कुल संख्या बढ़ती जाएगी। एलपीजी जैसे तुलनीय जीवाश्म ईंधन की तुलना में पाइप्ड नेचुरल गैस अधिक सुरक्षित, सस्ती और सुविधाजनक है। चौबीसों घंटे निर्बाध उपलब्धता और चोरी न होने की संभवना इसके ऐसे अतिरिक्त लाभ हैं, जिन्होंने ग्राहकों को पीएनजी पर स्विच करने के लिए आकर्षित किया है। भारत में घरों में मुख्य रूप से खाना पकाने के लिए प्राकृतिक गैस का उपयोग किया जाता है।

एलपीजी खाना पकाने के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त स्वच्छ ईंधन है और यह एसडीजी–7 लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एलपीजी सीधे तौर पर एसडीजी 3,5,8,9,11,13 में सहयोग देता है और अप्रत्यक्ष रूप से शेष 10 एसडीजी में योगदान देता है। वर्ष 2014 से, भारत सरकार एलपीजी को खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन के रूप में उपयोग करने को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रहा है ताकि बायोमास, लकड़ी और केरोसिन आदि जैसे पारंपरिक ईंधन के उपयोग को प्रतिस्थापित/कम किया जा सके। खाना पकाने के पारंपरिक ईंधन की तुलना में इसके अंतर्निहित लाभों के कारण नगरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में एलपीजी की खपत बढ़ रही है। 01.04.2014 तक 14.51 करोड़ सक्रिय घरेलू एलपीजी उपभोक्ता थे, जो 31 मार्च 2024 तक बढ़कर 32.42 करोड़ हो गए हैं।



1.24. डिजिटल भुगतान को बढ़ावा

खुदरा दुकानों में डिजिटल भुगतान की अवसंरचना तेजी से बढ़ रही हुआ है। 31.03.2024 तक देश भर में 81,338 (आईओसीएल–37,473, बीपीसीएल–21,841, एचपीसीएल–22,024) रिटेल आउटलेट हैं और इन सभी आरओ में 4,91,379 पीओएस टर्मिनल और 1,03,224 ई–वॉलेट सुविधा वाले डिजिटल अवसंरचना मौजूद हैं। इसके अलावा, सभी 81,338 रिटेल आउटलेट में भीम यूपीआई कार्य कर रहे हैं। सभी एलपीजी वितरक के पास भीम यूपीआई हैं।

1.25. इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन

देश में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना को बढ़ाने के लिए, तेल विपणन कंपनियां तकनीकी वाणिज्यिक व्यवहार्यता और पीईएसओ मानदंडों के अनुपालन के आधार पर चरणबद्ध तरीके से देश के विभिन्न हिस्सों में अपने रिटेल आउटलेट (आरओ) पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन (ईवीसीएस) लगा रही हैं। 31.03.2024 तक, तेल विपणन कंपनियों ने अपने आरओ पर 15,800 ईवी चार्जिंग स्टेशन और 162 बैटरी स्वैपिंग स्टेशन स्थापित किए हैं।

1.26. बाजार प्राधिकरण

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दिनांक 8.11.2019 के संकल्प के माध्यम से परिवहन ईंधन यानी एमएस और एचएसडी के विपणन के प्राधिकरण के दिशानिर्देश को संशोधित किया है। 31.03.2024 तक, 8 संस्थाएं, उक्त संकल्प के तहत परिवहन ईंधन के विपणन के लिए अधिकृत हैं।

1.27. स्टार्टअप इंडिया

तेल और गैस क्षेत्र की स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत, वित्तपोषण करने और मेंटरिंग के लिए व्यक्तिगत पीएसयू द्वारा खुले विज्ञापनों के माध्यम से प्रस्ताव/आवेदन

आमंत्रित किए जाते हैं। प्रस्ताव के विषयों में सामाजिक रूप से प्रासंगिक विषयों के अलावा तेल पीएसयू के अपस्ट्रीम/मिडस्ट्रीम/डाउनस्ट्रीम संचालन में इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) को शामिल कर उनका लाभ उठाना, कारोबार प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण, हरित ईंधन, वैकल्पिक ऊर्जा, हाइड्रोकार्बन उद्योग के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। स्टार्ट-अप आवेदन प्राप्त करने के दौर से पहले, तेल पीएसयू स्टार्ट-अप के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और अभिनव विचार प्रदान करने के लिए समय-समय पर हैकथॉन/आइडिएशन चुनौतियों का आयोजन भी करते हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत कार्यरत सार्वजनिक उपक्रमों ने कुल ₹ 495 करोड़ के स्टार्टअप कोष को जुटाया है। वर्तमान में, कुल 270 स्टार्टअप को तेल और गैस पीएसयू द्वारा लगभग ₹ 262 करोड़ का वित्त दिया गया है। तेल और गैस पीएसयू द्वारा समर्थित कुछ स्टार्टअप पहले ही परिपक्व हो चुके हैं।

1.28. कौशल विकास

कौशल भारत पहल के तहत, सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत 26.04.2016 को हाइड्रोकार्बन क्षेत्र कौशल परिषद (एचएसएससी) की स्थापना की गई थी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के बीच कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए 28 नवंबर, 2016 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (एनओएस)/योग्यता पैक (क्यूपी) विकास के लिए उद्योग सदस्यों के परामर्श से कई उच्च प्राथमिकता वाले व्यापारों की पहचान की गई थी। अब तक, राष्ट्रीय कौशल योग्यता समिति (एनएसक्यूसी) द्वारा 44 क्यूपी को मंजूरी दी गई है।

हाइड्रोकार्बन क्षेत्र के लिए छह नगरों अर्थात भुवनेश्वर, विजाग, कोच्चि, अहमदाबाद, गुवाहाटी और रायबरेली में कौशल विकास संस्थान (एसडीआई) स्थापित किए गए हैं। मार्च, 2024 तक इन एसडीआई में 34,773 से अधिक प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

20 अगस्त, 2021 को कौशल विकास संस्थान (एसडीआई), भुवनेश्वर का स्थायी परिसर, राष्ट्र को समर्पित किया गया था जिसकी परिकल्पना उद्योग के लिए प्रतिभा पूल तैयार करने के लिए अत्याधुनिक अवसंरचना और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके विश्व स्तरीय उद्योग आधारित कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए की गई है।

1.29. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में प्रधानमंत्री गति शक्ति

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) का शुभारंभ 13 अक्टूबर 2021 को किया गया था। यह प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग करके विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी की एकीकृत योजना का परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है। पीएम गतिशक्ति अगली पीढ़ी के लिए अवसंरचना के विकास, ईज ऑफ डूइंग और ईज ऑफ लिविंग के विकास की सुविधा प्रदान कर रही है। इस कार्यक्रम के दो प्रमुख तत्वों में (i) एक जीआईएस प्लेटफॉर्म जो राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के अनुरूप है और (ii) एनएमपी में मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी की योजना के कार्यान्वयन के लिए एक संस्थागत ढांचा शामिल हैं।

पीएमजीएस विभिन्न तरीकों से निर्बाध परिवहन और कनेक्टिविटी को संभव बनाता है, जिसमें पाइपलाइन भी शामिल है, जिससे पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस के लिए अंतिम मील कनेक्टिविटी की चुनौतियों का समाधान होता है। एनएमपी की जानकारी का लाभ उठाते हुए, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएंडएनजी) कार्यनीतिक रूप से अवसंरचनाओं के विस्तार और नए विकासों को प्राथमिकता देता है, जिससे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अंतिम मील कनेक्टिविटी सुनिश्चित होती है।

पीएम गति शक्ति की परिकल्पना

पीएम गति शक्ति में भारतमाला, सागरमाला, अंतर्देशीय जलमार्ग, शुष्क/भूमि बंदरगाह, उड़ान आदि जैसे विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों के अवसंरचनात्मक योजनाओं को शामिल किया जाएगा। कनेक्टिविटी में सुधार लाने और भारतीय कारोबारों को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए टेक्सटर क्लस्टर, फार्मास्यूटिकल्स क्लस्टर, रक्षा गलियारे, इलेक्ट्रॉनिक पार्क, औद्योगिक गलियारे, मछली पकड़ने के क्लस्टर, कृषि क्षेत्र जैसे आर्थिक क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। यह बीआईएसएजी-एन द्वारा विकसित इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) इमेजरी के साथ स्थानिक नियोजन उपकरणों सहित प्रौद्योगिकी का व्यापक रूप से लाभ उठाएगा।

(भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भूसूचना विज्ञान संस्थान)



पीएमजीएस संस्थागत तंत्र की तरह ही, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में मंत्रालय और संबद्ध सार्वजनिक उपक्रमों के भीतर पीएमजीएस के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए कार्यकारी ढांचा बनाया गया है –

क. **गतिशक्ति प्रकोष्ठ:** यह प्रकोष्ठ पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में गतिशक्ति के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए उप महानिदेशक (ईएंडएस) की अध्यक्षता में गठित किया गया है।

ख. **गतिशक्ति कोर टीम:** प्रत्येक सीपीएसई से जीएम और उससे ऊपर के स्तर के अधिकारी संबंधित इकाई में गतिशक्ति की निगरानी और कार्यान्वयन के लिए नामित किए गए हैं।

ग. **तकनीकी सहायता टीम:** तकनीकी विशेषज्ञों से मिलकर बनी है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में गतिशक्ति पहल के विकास और कार्यान्वयन में गतिशक्ति प्रकोष्ठ और नोडल अधिकारियों की सहायता के लिए गठित किया गया है।

प्रारंभिक रूपरेखा तैयार करने के बाद, इस प्लेटफॉर्म की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने विभिन्न उपकरण विकसित किए हैं और परियोजनाओं की योजना बनाने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया है, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं:

- **ऊर्जा सुरक्षा समन्वय पोर्टल का विकास**

  विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के उपयोग को अनुकूलतम बनाने और अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) ऑपरेटरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने जीआईएस आधारित ऊर्जा सुरक्षा समन्वय पोर्टल विकसित किया है। पीएमजीएस–एनएमपी पोर्टल पर मैप किए गए डाटा का लाभ उठाकर, यूएसएस पोर्टल नो–गो क्षेत्रों को कम करता है, प्रोटोकॉल का पालन करने वाली सभी एजेंसियों द्वारा समवर्ती उपयोग के लिए ईईजेड का 99% उपलब्ध कराता है। निर्बाध अंतर–मंत्रालयी समन्वय के माध्यम से यूएसएस पोर्टल ईईजेड में उनका सह–अस्तित्वपूर्ण परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्पों को संभव बनाता है और हमारी ब्लू अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देता है। इस पोर्टल की मदद से, ईईजेड में लगभग 10 लाख वर्ग किलोमीटर के अपतटीय क्षेत्रों से ईएंडपी संचालन के लिए प्रतिबंध को कम किया गया है।

- **इलेक्ट्रॉनिक–व्यापक मार्ग सर्वेक्षण (ई–डीआरएस) उपकरण**

  किसी भी पाइपलाइन परियोजना की आयोजना और निष्पादन के लिए विस्तृत मार्ग सर्वेक्षण अति आवश्यक है। हालाँकि, यह अधिक समय लेने वाली और जटिल प्रक्रिया है जिसमें भूभाग की पहचान करना, मिट्टी की संरचना देखना, कई एजेंसियों के साथ समन्वय करना आदि कार्य शामिल हैं।

  पारंपरागत अधिक समय लेने वाले पाइपलाइन मार्ग सर्वेक्षण प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने ई–डीआरएस उपकरण विकसित किया है।

  पीएम गति शक्ति एनएमपी पोर्टल के मौजूदा अद्यतित डाटा का लाभ उठाते हुए, यह उपकरण व्यापक मार्ग सर्वेक्षण रिपोर्ट में लगने वाले आवश्यक समय को काफी कम कर देता है, सतह की विशेषताओं, कैडस्ट्रल मानचित्रों, क्रॉसिंग विवरण, आरओयू अधिग्रहण और राजस्व विवरण, फसल और मिट्टी के प्रकार और मार्ग के साथ जनसंख्या घनत्व पर रियल समय का डाटा प्रदान करता है। उपकरण की दक्षता के कारण पाइपलाइन निर्माण में पर्याप्त वित्तीय बचत होती है।

  लगभग 50 रिपोर्ट बनाने में इस रियल समय के डाटा और इसके सृजन से पाइपलाइन निर्माण में प्रति किलोमीटर ₹ 25,000 रुपये तक की महत्वपूर्ण वित्तीय बचत हो सकती है।

  आईओसीएल की नई मुंद्रा–पानीपत पाइपलाइन, गुरदासपुर–जम्मू पाइपलाइन और नव घोषित सिलीगुड़ी–झापा उत्पाद पाइपलाइन (एसजेपीएल) की सर्वेक्षण रिपोर्टों के सत्यापन करने के लिए ई–डीआरएस उपकरण का उपयोग किया गया था। एसजेपीएल की आयोजना के दौरान, एनएमपी–डीआरएस उपकरण का उपयोग करके बड़े वन क्षेत्र से बचा जा सका था। जिसका उपयोग आईओसीएल की नई मुंद्रा–पानीपत पाइपलाइन, गुरदासपुर–जम्मू पाइपलाइन और नव घोषित सिलीगुड़ी–झापा उत्पाद पाइपलाइन (एसजेपीएल) की सर्वेक्षण रिपोर्टों के सत्यापन के लिए किया गया था। एसजेपीएल की आयोजना के दौरान, एनएमपी का उपयोग करके बड़े वन क्षेत्र से बचा गया था।

  - विशेष सीबीएम बोली राउंड–2022 के तहत पेश किए गए 16 कोल बेड मीथेन (सीबीएम) ब्लॉकों का व्यापक डेस्कटॉप विश्लेषण
  - इंडो–नेपाल पाइपलाइन के भारतीय खंड अर्थात् सिलीगुड़ी झापा उत्पाद पाइपलाइन का रूट ऑप्टिमाइजेशन

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पीएम गतिशक्ति पहल पर कार्य करते हुए महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। पीएम गतिशक्ति का एमओपीएनजी पोर्टल पहले प्रयोग के रूप में विकसित किया गया है, जिसका बाद में मुख्य एनएमपी प्लेटफॉर्म के साथ एकीकरण है। एमओपीएनजी पीएम गतिशक्ति पोर्टल में, एमओपीएनजी गतिशक्ति सेल और कोर टीम के परामर्श से कुल 9 परतें और 23 उप–परतें निर्धारित की गई हैं। मानक डेटा बेस संरचना यानी परतों, उप–परतों, ऐट्रीब्यूट और मेटाडेटा को परिभाषित किया गया है। एनएमपी पर डेटा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए, एक त्रि–स्तरीय सत्यापन तंत्र (निर्माता, परीक्षक और अनुमोदनकर्ता) मौजूद है। मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (क्यूआईपी) के

लिए अंतिम रूप दिया गया है और हितधारकों के साथ साझा किया गया है। पीएमजीएस एनएमपी पोर्टल संबंधी उपयोगकर्ता मैनुअल तैयार किया गया है और एनएमपी डैशबोर्ड पर अपलोड किया गया है। पीएनजी क्षेत्र से संबंधित 1 लाख से अधिक परिसंपत्तियों और 1 लाख किलोमीटर पाइपलाइनों को एनएमपी पर सावधानीपूर्वक मैप किया गया है जो नौ परतों और 23 उप–परतों के अनुरूप है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पीएम गतिशक्ति में हितधारकों को शामिल करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं, जिससे प्रकोष्ठ के सदस्य डीपीआईआईटी द्वारा आयोजित क्षेत्रीय कार्यशालाओं में भाग ले रहे हैं। लगातार विचार–मंथन सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। बीआईएसएजी–एन में नोडल अधिकारियों और तकनीकी सहायता टीम के लिए कई संवेदीकरण कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है, जिसके पूरक के रूप में इन–हाउस प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए गए हैं। संयुक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप अब तक 300 से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है, यह संख्या लगातार बढ़ रहा है। सभी सीपीएसई को कार्यकारी कैडर के लिए अपने वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर में पीएमजीएस को शामिल करने की सलाह दी गई है।

पीएम गतिशक्ति के तहत क्षेत्र विकास दृष्टिकोण के अनुरूप, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने तमिलनाडु के तटीय जिले नागपट्टिनम की पहचान की है, जहां लगभग 40,000 करोड़ रुपये के कैपेक्स के साथ कावेरी बेसिन रिफाइनरी और 9 एमएमटीपीए क्षमता वाले पेट्रोकेमिकल लिमिटेड (सीबीआरपीएल) रिफाइनरी और संबंधित पाइपलाइन परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। नागापट्टिनम में औद्योगिकीकरण की उच्च क्षमता है, जिसमें जिले को पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोकेमिकल्स निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) के रूप में विकसित करने की क्षमता है। बंदरगाह विकास, रेलवे साइडिंग, भारी उपकरणों के परिवहन के लिए मौजूदा राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों का चौड़ीकरण, स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र–पीएचसी, सीएचसी, एमएसएमई केंद्र, कौशल विकास केंद्र, आईटीआई, अस्पताल, पर्यटन और आतिथ्य आदि जैसी विभिन्न अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की पहचान की गई है।


1.30. एमओपीएनजी मॉनिटरिंग डैशबोर्ड, 2019

एमओपीएनजी का मॉनिटरिंग डैशबोर्ड जिसे एमओपीएनजी परियोजना पोर्टल के रूप में जाना जाता है, 2019 में नामांकन और पीएससी/आरएससी/ सीबीएम व्यवस्था के अन्वेषण और उत्पादन प्रदर्शन से संबंधित विभिन्न केपीआई की ऑनलाइन निगरानी और विश्लेषण के लिए लॉन्च किया गया था। इसके अलावा, तेल और गैस उत्पादन, कैपेक्स रिपोर्ट, स्वच्छता कार्रवाई रिपोर्ट आदि से संबंधित तेल और गैस क्षेत्र में उत्पादन प्रदर्शन रिपोर्ट स्वचालित रूप से तैयार करने के लिए 2023 की पहली तिमाही में एमओपीएंडएनजी परियोजना पोर्टल को एपीआई के माध्यम से एमओपीएंडएनजी के सभी तेल और गैस सीपीएसई/संगठनों की निगरानी प्रणालियों के साथ एकीकृत किया गया था। एमओपीएंडएनजी परियोजना पोर्टल से एनआईपी पोर्टल पर स्वचालित डेटा हस्तांतरण की सुविधा के लिए एमओपीएंडएनजी मॉनिटरिंग डैशबोर्ड यानी एमओपीएंडएनजी परियोजना पोर्टल को भी 2023 की अंतिम तिमाही में एनआईपी पोर्टल के साथ एपीआई के माध्यम से एकीकृत किया गया था।






PLOP



अध्याय 2

अन्वेषण और उत्पादन

2 अन्वेषण और उत्पादन

2.1. प्रसंग/पृष्ठभूमि

2.1.1. हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) की स्थापना भारत सरकार के संकल्प द्वारा 1993 में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत की गई थी। डीजीएच की स्थापना का उद्देश्य पेट्रोलियम गतिविधि के पर्यावरण, सुरक्षा, तकनीकी और आर्थिक पहलुओं के संबंध में भारतीय तेल और प्राकृतिक गैस संसाधनों के संतुलित प्रबंधन को बढ़ावा देना था। इसके अलावा, डीजीएच को खोजे गए क्षेत्रों/अन्वेषण ब्लॉकों के लिए उत्पादन साझाकरण संविदा (पीएससी), ज्ञात लघु क्षेत्र नीति, हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और उत्पादन नीति (हेल्प) सहित नीतियों के कार्यान्वयन के माध्यम से निवेश को बढ़ावा देने और अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियों की निगरानी से संबंधित कुछ दायित्वों के साथ सुदृढ़ किया गया है।

2.2. भारत में तलछटी बेसिन


2.2.1. भारत में 26 तलछटी बेसिन हैं, जिनका क्षेत्रफल 3.36 मिलियन वर्ग किलोमीटर है। भारत के स्थलीय तलछटी बेसिनों का क्षेत्रफल (ऐक्रिएज) लगभग 1.63 मिलियन वर्ग किलोमीटर है, अपतटीय तलछटी बेसिनों का 400 मीटर आइसोबाथ तक हवाई विस्तार लगभग 0.41 मिलियन वर्ग किलोमीटर है तथा 400 मीटर आइसोबाथ से परे गहरे पानी में तलछटी क्षेत्र लगभग 1.32 मिलियन वर्ग किलोमीटर का होने का अनुमान है।

2.2.2. भारतीय तलछटी घाटियों को वर्तमान में ज्ञात उनकी संभावना की डिग्री के आधार पर मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जो इस प्रकार हैं:

तालिका 2.1: भारतीय तलछटीय बेसिन की श्रेणियां

बेसिन के प्रकार	क्षेत्र (वर्ग कि.मी.)	हाइड्रोकार्बन संभाव्यता	बेसिन/क्षेत्र
श्रेणी–I (7 बेसिन)	9,98,325	स्थापित वाणिज्यिक उत्पादन	कैम्बे, असम शेल्फ, मुंबई अपतट, कृष्णा गोदावरी, कावेरी, असम अराकान फोल्ड बेल्ट और राजस्थान
श्रेणी–II (5 बेसिन)	7,80,974	हाइड्रोकार्बन का ज्ञात संचय परंतु अब तक वाणिज्यिक उत्पादन नहीं	कच्छ, महानदी–एनईसी, अंडमान–निकोबार, विंध्य, सौराष्ट्र
श्रेणी–III (14 बेसिन)	15,86,150	अब तक हाइड्रोकार्बन के एकत्रित होने का कोई ज्ञात नहीं हुआ है। सादृश्य द्वारा संभावित	हिमालयी फोरलैंड, गंगा–पंजाब, केरल–कोंकण, बंगाल–पूर्णिया, करेवा, स्पीति–जांस्कर, सतपुड़ा–दक्षिण रीवा–दामोदर, नर्मदा, दक्कन सिनेक्लिज, भीमा–कलडगी, कडप्पा, प्राणहिता–गोदावरी, बस्तार, छत्तीसगढ़
कुल	33,65,449		

भारतीय तलछटीय बेसिन



श्रेणी-I
(स्थापित वाणिज्यिक उत्पादन)

श्रेणी-II
(विकसित प्रोस्पेक्टिविटी)

श्रेणी-III
(अपर्याप्त बेसिन)

प्री-कैम्ब्रियन बेसमेंट
टेक्टोनिक सेडीमेंटस

श्रेणी-I
1 कृष्णा गोदावरी (केजी)
2 मुंबई अपतटीय
3 असम शेल्फ
4 राजस्थान बेसिन
5 कावेरी
6 असम अकान फोल्ड बेल्ट
7 कच्छ

श्रेणी-II
8 सौराष्ट्र
9 कच्छ
10 पिन्ना
11 महानदी
12 अंडमान

श्रेणी-III
13 केरल कर्नाटक
14 बंगाल-पूर्णिया
15 गंगा-पंजाब
16 मणहिला गोदावरी (पीजी)
17 सतपुड़ा-दक्षिण रीवा-दामोदर
18 हिमालयी फोरलैंड
19 छत्तीसगढ़
20 नर्मदा
21 स्पीति जांस्कर
22 डेकन ट्रालसेंस
23 कुडापाह
24 केरेवा
25 शीम-कलाधगी
26 बस्तर

2.2.3. देश में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन मुख्य रूप से श्रेणी–I तलछटीय घाटियों तक ही सीमित है। इसके अलावा, पाँच श्रेणी–II घाटियों में पेट्रोलियम संसाधनों की महत्वपूर्ण मात्रा स्थापित की गई है, तथापि इन घाटियों से उत्पादन अभी शुरू नहीं हुआ है। विभिन्न श्रेणियों के तहत 3.36 मिलियन वर्ग किलोमीटर के कुल भारतीय तलछटीय क्षेत्र का वितरण निम्नानुसार है:



2.3. कच्चे तेल के अनुमानित संसाधन और प्राकृतिक गैस पारंपरिक हाइड्रोकार्बन संसाधन

2.3.1. देश के 26 तलछटीय बेसिनों में अनुमानित पारंपरिक हाइड्रोकार्बन संसाधन 41.87 बिलियन टन (तेल और तेल के समतुल्य गैस) हैं, जो कि 28.08 बिलियन टन के पहले के अनुमानों की तुलना में लगभग 49% अधिक है। इसका बेसिन–वार विवरण इस प्रकार है:

तालिका 2.2: भारत में अनुमानित हाइड्रोकार्बन संसाधन

बेसिन श्रेणी	सं.	बेसिन का नाम	अनुमानित संसाधन (एमएमटीओई) अनुमान (2017)	कुल क्षेत्र, वर्ग किमी	सक्रिय क्षेत्र (पीईएल/ पीएमएल), वर्ग किमी
श्रेणी I (उत्पादित और दोहन किए जा रहे भंडार वाले बेसिन)	1	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	1,632.80	80,825	16160.5
	2	असम शेल्फ	6,001.20	56,000	30057.67
	3	कैम्बे	2,585.60	53,500	0340.592
	4	कावेरी	1,964.40	2,40,000	20904.42
	5	कृष्णा गोदावरी	9,554.50	2,30,000	19354.813
	6	मुंबई ऑफशोर	9,646.00	2,12,000	57542.66
	7	राजस्थान	4,126.00	1,26,000	24221.2
श्रेणी-I कुल			**35,510.50**	**9,98,325**	**1,88,582**
श्रेणी II (आकस्मिक संसाधनों वाले बेसिन जिन्हें विकसित और मुद्रीकृत किया जाना है)	8	अंडमान	371.4	2,25,918	23262
	9	कच्छ	898.4	58,554	13779
	10	महानदी	650.6	99,500	28609.73
	11	सौराष्ट्र	1,325.20	1,94,114	10882.6
	12	विंध्य	632.5	2,02,888	13722
श्रेणी-II कुल			**3,878.10**	**7,80,974**	**90,255**
श्रेणी III (केवल संभावित संसाधनों वाले बेसिन जिन्हें खोजा और खोजा जाना है)	13	बस्तर	1.3	5,360	
	14	बंगाल	828.3	1,21,914	17428
	15	भीमा–कालादगी	3.2	14,100	
	16	छत्तीसगढ़	25	32,000	
	17	कडप्पा	5.1	40,100	3306
	18	डेक्कन	11	2,37,500	
	19	गंगा	128.4	3,04,000	2428
	20	हिमालयी वनभूमि	44.4	30,110	666
	21	करेवा	4	6,671	
	22	केरला कोनाकन	1,244.60	5,80,000	11350
	23	नर्मदा	18	95,215	2999
	24	प्राणहिता गोदावरी	95.4	30,000	
	25	सतपुड़ा–सरीवा–दामोदर	63	57,180	906
	26	स्पीति–जांस्कर	11.1	32,000	
श्रेणी-III कुल			**2,482.80**	**15,86,150**	**39,083**
कुल (एमएमटीओई)			**41,871.40**	**33,65,449**	**3,17,920**

2.3.2. दिनांक 01.04.2024 की स्थिति के अनुसार देश के भंडार (2पी) और संसाधन (2सी): देश में प्रचालित ई और पी व्यवस्थाएँ, अर्थात् नामांकन, उत्पादन साझाकरण संविदा (पीएससी), ओपन एकरेज लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी), खोजे गए लघु क्षेत्र (डीएसएफ), और पारंपरिक और अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन भंडार के लिए कोल बेड मीथेन (सीबीएम)। दिनांक 01.04.2024 की स्थिति के अनुसार, ऑपरेटरों ने देश स्तर पर लगभग 671 एमएमटी कच्चे तेल और 1,130 बीसीएम प्राकृतिक गैस की पुनर्प्राप्ति (2पी+2सु) भंडारण और संसाधनों की रिपोर्ट की है। देश भर में भंडारण और आकस्मिक संसाधनों की स्थिति तालिका 2.3 में दी गई है।

देश स्तर पर रिपोर्ट किए गए आकस्मिक संसाधन (2सी) काफी अधिक हैं और उन्हें एक निर्धारित समय सीमा के भीतर नई या पुनर्विकास परियोजनाओं द्वारा प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

तालिका 2.3: हाइड्रोकार्बन भंडारण की स्थिति, 01.04.2024 की स्थिति के अनुसार

क्षेत्र	2पी सम्पदान		2पी इंक्रूअल		वर्ष 2023-20242 के दौरान खोजी		भंडार (2पी)		शेष वसूली योग्य भंडार (2सी)	
	तेल+पारं. (एमएमटी)	गैस (बीसीएम)	तेल+पारं. (एमएमटी)	गैस (बीसीएम)	तेल+पारं. (एमएमटी)	गैस (बीसीएम)	तेल+पारं. (एमएमटी)	गैस (बीसीएम)	तेल+पारं. (एमएमटी)	गैस (बीसीएम)
नामांकन (ओएनजीसी और तेल)	6209.4	2761.8	1697.6	1421.0	9.3	10.7	361.9	374.8	110.2	289.4
पीएससी	956.1	770.8	229.9	346.9	3.8	19.7	67.1	187.3	121.1	106.7
डीएसएफ	63.8	91.6	5.4	24.5	1.2	6.3	5.3	24.1	5.0	19.1
ओएएलपी	6.2	34.1	0.00	0.00	0.0	0.0	0.00	0.00	0.9	20.1
सीबीएम	0.00	342.7	0.00	63.7	0.00	-1.2	0.00	57.2	0.00	15.4
कुल योग	**7,235.4**	**4,001.1**	**1,933.0**	**1,856.1**	**14.2**	**35.6**	**434.3**	**643.4**	**237.1**	**450.8**

2.3.3. अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन संसाधन (सीबीएम): देश के 11 राज्यों में अनुमानित सीबीएम संसाधन 2,600 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) या 91.8 ट्रिलियन क्यूबिक फीट (टीसीएफ) है। सीबीएम संसाधनों का राज्य–वार विवरण इस प्रकार है:



ओएनजीसी ऑईसी शेड

तालिका 2.4: भारत में कोल बेड मिथेन संसाधनों का राज्य–वार विवरण

सं.	राज्य	अनुमानित सीबीएम संसाधन (बीसीएम में)	अनुमानित सीबीएम संसाधन (टीसीएफ में)	जीआईआईपी (टूसीएफ में)
1	झारखंड	722.08	25.5	1.92
2	राजस्थान	359.62	12.7	0
3	गुजरात	351.13	12.4	0
4	ओडिशा	243.52	8.6	0
5	छत्तीसगढ़	240.69	8.5	0
6	मध्यप्रदेश	218.04	7.7	3.65
7	पश्चिम बंगाल	218.04	7.7	4.85
8	तमिलनाडु	104.77	3.7	0
9	तेलंगाना और आंध्र प्रदेश	99.11	3.5	0
10	महाराष्ट्र	33.98	1.2	0
11	पूर्वोत्तर	8.50	0.3	0
कुल सीबीएम संसाधन		**2,599.48**	**91.8**	**10.42**

* कंवर्जन फैक्टर: 1 क्यूबिक मीटर = 35.3147 क्यूबिक फीट

2.3.4. शेल गैस/तेल संसाधन

1. शेल गैस / तेल एक प्रकार का प्राकृतिक गैस / तेल है जो स्रोत चट्टान (आमतौर पर, शेल) के छिद्र स्थान और दरारों के भीतर फंसा रहता है जिसे निकाला नहीं गया है और वह वहां से हटा नहीं है। उनकी मौजूदगी की प्रकृति और निष्कर्षण की विधि के कारण उन्हें अपरंपरागत संसाधन के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

2. यह अनुमान लगाया गया है कि शेल तेल और गैस के दृष्टिकोण से भारत में कई तलछटीय घाटियाँ (गंगा के मैदानी इलाके, गुजरात, राजस्थान, आंध्र प्रदेश और अन्य तटीय क्षेत्र), जिनमें हाइड्रोकार्बन युक्त घाटियाँ– कैम्बे, असम–अराकान और दामोदर शामिल हैं, जिनमें शेल गैस और तेल के होने की संभावना है। वर्ष 2011 से, यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस), सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन (सीएमपीडीआई) और ओएनजीसी जैसी विभिन्न एजेंसियों ने देश में शेल गैस भंडारण के अनुमान के संबंध में अध्ययन किए हैं। भारत में शेल गैस और तेल संसाधन की संभावनाओं को समझने और उसका दोहन करने के लिए, भारत सरकार ने 14 अक्टूबर 2013 को राष्ट्रीय तेल कंपनियों (एनओसीएस), ओएनजीसी और ऑयल के लिए शेल गैस और तेल अन्वेषण नीति की घोषणा की। शेल गैस नीति–2013 के तहत, ओएनजीसी ने 4 बेसिन में 50 ब्लॉकों की पहचान की है, जबकि ऑयल ने 2 बेसिनों में 6 ब्लॉकों की पहचान की है। उनके नामांकन क्षेत्रों में कुल 34 शेल कुओं की खुदाई की गई (30 ओएनजीसी द्वारा और 4 ऑयल द्वारा), तथापि, शेल गैस / तेल की संभावनाओं को सिद्ध नहीं किया जा सका है।

2.3.5. हाइड्रोकार्बन संसाधनों का पुनर्मूल्यांकन

देश में हाइड्रोकार्बन संसाधन क्षमता के अद्यतन आकलन के लिए, देश के सभी 26 तलछटीय बेसिनों में हाइड्रोकार्बन संसाधनों का पुनर्मूल्यांकन पिछले आकलन के लगभग दो दशक बाद 2017 में पूरा किया गया था। इसके परिणामस्वरूप 41.87 बिलियन टन (तेल और गैस के समतुल्य तेल) के पारंपरिक हाइड्रोकार्बन संसाधनों का पूर्वानुमान लगाया गया, जो कि 28.08 बिलियन टन के पहले के अनुमान की तुलना में लगभग 49% अधिक है।

2.4. कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस उत्पादन

2.4.1. वित्त वर्ष 2023–24 में **कच्चे तेल का उत्पादन** लगभग 29.34 एमएमटी हुआ है। लगभग 77% कच्चा तेल ओएनजीसी और ऑयल द्वारा नामांकन व्यवस्था (जेवी शेयर को छोड़कर) से है और शेष 23% कच्चे तेल का उत्पादन पीएससी व्यवस्था से निजी / जेवी कंपनियों द्वारा किया गया है।

2.4.2. वित्त वर्ष 2023–24 में अपतटीय कच्चे तेल का उत्पादन लगभग 51% हुआ है। शेष ऑनलैंड कच्चे तेल का उत्पादन मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल आदि से हुआ। वित्त वर्ष 2023–24 और पिछले 6 वर्षों में कच्चे तेल के उत्पादन का विवरण इस प्रकार है:

तालिका 2.5: कच्चे तेल के उत्पादन का राज्य–वार रुझान (एमएमटी)

स्थान का प्रकार	राज्य/स्थान	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
ऑफशोर	पूर्वी ऑफशोर	0.83	0.65	0.56	0.74	0.63	0.55	1.46
	गुजरात ऑफशोर	0.40	0.74	0.59	0.41	0.34	0.38	0.33
	पश्चिमी ऑफशोर	16.92	15.48	14.85	14.24	13.60	13.55	13.24
कुल ऑफशोर		**18.14**	**16.87**	**16.00**	**15.39**	**14.57**	**14.48**	**15.03**
पीएसयू का हिस्सा		**16.24**	**14.97**	**14.54**	**14.24**	**13.62**	**13.54**	**13.21**
निजी/जेवी का हिस्सा		**1.91**	**1.90**	**1.47**	**1.15**	**0.95**	**0.94**	**1.82**
ऑनलैंड	आंध्र प्रदेश	0.30	0.30	0.24	0.19	0.20	0.24	0.25
	अरुणाचल प्रदेश	0.05	0.04	0.06	0.05	0.05	0.05	0.05
	असम	4.34	4.31	4.09	3.90	3.99	4.16	4.36
	गुजरात	4.59	4.63	4.71	4.65	4.63	4.85	4.95
	राजस्थान	7.89	7.67	6.65	5.89	5.89	5.07	4.42
	तमिलनाडु	0.35	0.40	0.42	0.41	0.37	0.32	0.29
	त्रिपुरा	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.002
	पश्चिम बंगाल	0.000	0.000	0.000	0.00010	0.00010	0.000008	0
कुल ऑनलैंड		**17.520**	**17.340**	**16.170**	**15.100**	**15.133**	**14.699**	**14.329**
पीएसयू का हिस्सा		**9.36**	**9.37**	**9.20**	**8.87**	**8.82**	**9.11**	**9.35**
निजी/जेवी का हिस्सा		**8.15**	**7.97**	**6.97**	**6.23**	**6.30**	**5.59**	**4.98**
कुल योग		**35.66**	**34.20**	**32.17**	**30.49**	**29.69**	**29.18**	**29.36**
पीएसयू का हिस्सा		**25.60**	**24.34**	**23.73**	**23.11**	**22.44**	**22.65**	**22.56**
निजी/जेवी का हिस्सा		**10.06**	**9.87**	**8.44**	**7.39**	**7.25**	**6.53**	**6.80**

2.4.3. वर्ष 2023–24 में **प्राकृतिक गैस का उत्पादन** लगभग 36.438 बीसीएम हुआ है। लगभग 61.5% प्राकृतिक गैस उत्पादन नामांकन व्यवस्था (जेवी शेयर को छोड़कर) से ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा किया गया है और शेष 38.5% प्राकृतिक गैस उत्पादन पीएससी व्यवस्था से निजी / जेवी कंपनियों द्वारा किया गया है।

2.4.4. वित्त वर्ष 2023–24 में अपतटीय प्राकृतिक गैस उत्पादन का हिस्सा लगभग 63% है। सीबीएम सहित शेष प्राकृतिक गैस उत्पादन 10 राज्यों अर्थात आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, त्रिपुरा, झारखंड, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल से हुआ है। वर्ष 2023–24 और पिछले 6 वर्षों में प्राकृतिक गैस उत्पादन का विवरण निम्नानुसार है:

तालिका 2.6: प्राकृतिक गैस के उत्पादन का राज्य–वार रुझान (एमएमएससीएम)

स्थान का प्रकार	राज्य/स्थान	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
ऑफशोर	पूर्वी ऑफशोर	2816.7	2458.9	1823.1	1621.5	7024.8	7999.99	10823.6
	गुजरात ऑफशोर	97.7	122.2	128.7	147.6	163	231.93	214.375
	पश्चिमी ऑफशोर	19096.2	19535.9	18683.6	16659.9	15681.1	15176.6	14833.12
कुल ऑफशोर		**22,010.6**	**22,117.1**	**20,635.4**	**18,429.1**	**22,868.9**	**23,408.6**	**25,871.09**
पीएसयू का हिस्सा		**17,791.2**	**19,041.8**	**18,576**	**17,086.4**	**15,942.9**	**15,325.02**	**14,978.61**
निजी/जेवी का हिस्सा		**4,219.5**	**3,075.3**	**2,059.4**	**1,342.6**	**6,926**	**8,083.60**	**10,892.48**
ऑनलैंड	आंध्र प्रदेश	955.9	1076.5	906.1	827.5	808.6	709.694	721.9115
	अरुणाचल प्रदेश	29.5	27.8	45.6	55.4	57.7	53.314	39.634
	असम	3219	3289.1	3141.2	2995.4	3371.5	3557.47	3489.19
	गुजरात	1606.7	1402.2	1347.7	1138.4	1017.3	923.242	926.01
	राजस्थान	1436.4	1483.2	1882.5	2039.7	2618.8	2340.15	2198.923
	तमिलनाडु	1207.2	1207.9	1096.7	910.9	1066.5	1109.45	1015.771
	त्रिपुरा	1440.4	1554.3	1472.8	1633.8	1530.8	1674.94	1524.863
ऑनलैंड सीबीएम	झारखंड	4	3.6	4.6	1.7	4	10.095	5.371
	मध्यप्रदेश	199.8	356.7	344.9	333.7	290.1	263.93	234.16
	पश्चिमी बंगाल	531.1	350.2	305.9	307	389.2	399.421	410.947
कुल ऑनलैंड		**10,629.9**	**10,751.5**	**10,547.9**	**10,243.4**	**11,154.6**	**11,041.7**	**10,566.78**
पीएसयू का हिस्सा		**8,511**	**8,350**	**7,837.5**	**7,265.3**	**7,578.3**	**7,685.2**	**7,427.5**
निजी/जेवी का हिस्सा		**2,118.9**	**2,401.5**	**2,710.4**	**2,978.1**	**3,576.3**	**3,356.5**	**3,139.28**
कुल योग		**32,640.5**	**32,868.6**	**31,183.3**	**28,672.4**	**34,023.5**	**34,450.3**	**36,437.87**
पीएसयू का हिस्सा		**26,302.2**	**27,391.8**	**26,413.6**	**24,351.7**	**23,521.2**	**23,010.2**	**22,406.12**
निजी/जेवी का हिस्सा		**6,338.3**	**5,476.8**	**4,769.8**	**4,320.7**	**10,502.3**	**11,440.1**	**14,031.75**

2.4.5. देश में वित्त वर्ष 2023–24 में 650 एमएमएससीएम सीबीएम उत्पादन हुआ। भारत में सीबीएम का वाणिज्यिक उत्पादन जुलाई, 2007 से पश्चिम बंगाल के रानीगंज (दक्षिण) ब्लॉक में शुरू हो गया था। मार्च, 2024 में रानीगंज (दक्षिण) ब्लॉक में सीबीएम उत्पादन लगभग 0.25 एमएमएससीएमडी है। अन्य तीन ब्लॉक, एस्सार द्वारा प्रचालित रानीगंज (पूर्व) ब्लॉक 0.91 एमएमएससीएमडी की दर से उत्पादन कर रहा है और ओएनजीसी द्वारा प्रचालित झरिया और बोकारो 0.008 एमएमएससीएमडी की दर से उत्पादन कर रहा है। आरआईएल द्वारा प्रचालित सोहागपुर (पश्चिम) का सीबीएम उत्पादन लगभग 0.66 एमएमएससीएमडी है और सोहागपुर (पूर्व) का लगभग 0.003 एमएमएससीएमडी है। अतः मार्च, 2024 में देश के 6 ब्लॉकों से सीबीएम उत्पादन लगभग 1.83 एमएमएससीएमडी हुआ है, जिसमें 1 ब्लॉक से परीक्षण गैस और 5 ब्लॉकों से वाणिज्यिक उत्पादन शामिल है।

2.5. भारतीय तलछटीय क्षेत्र

वर्तमान में ऑनलैंड क्षेत्र 1.63 मिलियन वर्ग किमी (48.5%) और अपतटीय क्षेत्र 1.73 मिलियन वर्ग किमी है। अब तक, 72.8% बेसिन क्षेत्रों का मूल्यांकन किया जा चुका है। लगभग 1.6% तलछटीय बेसिन क्षेत्र को रक्षा मंत्रालय/पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा "नो गो

एरिया" घोषित किया गया है, जिसका मूल्यांकन नहीं किया गया है। इसका अर्थ यह है कि लगभग आधे भारतीय तलछटीय बेसिन में हाइड्रोकार्बन की अज्ञात क्षमता है।

2.6. अन्वेषण और उत्पादन के प्रयोजनार्थ आवंटित ब्लॉक

2.6.1. भारत सरकार ने 310 उत्पादन साझा संविदों (पीएससी) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें 29 खोजे गए क्षेत्र, पूर्व–एनईएलपी अन्वेषण ब्लॉकों के अंतर्गत 28 अन्वेषण ब्लॉक और एनईएलपी व्यवस्था के अंतर्गत 254 ब्लॉक शामिल है। इसके अलावा, तीन डीएसएफ बोली राउंड (खोजे गए लघु क्षेत्र) के अंतर्गत 85 संविदा क्षेत्रों को शामिल करते हुए 85 आरएससी पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एचईएलपी के अंतर्गत, ओएएलपी में, बोली राउंड I से टप्प तक 144 आरएससी पर हस्ताक्षर किए गए हैं। वर्तमान में, विभिन्न बोली राउंड (खोजे गए क्षेत्र, पूर्व–एनईएलपी, एनईएलपी, एचईएलपी और डीएसएफ) के अंतर्गत अब तक हस्ताक्षरित 310 पीएससी और 229 आरएससी में से, 62 पीएससी और 188 आरएससी वर्तमान में प्रचालन में हैं।

2.6.2. विभिन्न व्यवस्थाएं हैं जिसके अनुसार कंपनियों (पीएसयू और निजी) को ब्लॉक/एकरेज सौंपे/दिए गए हैं। विभिन्न ई एंड पी व्यवस्थाओं का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है

क) **नामांकन आधार:** राष्ट्रीय तेल कंपनियों नामत: तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) को एनईएलपी के कार्यान्वयन से पूर्व नामांकन आधार पर अन्वेषण और उत्पादन के लिए एकरेज प्रदान किया जाता है।

ख) **पूर्व–एनईएलपी खोजे गए क्षेत्र:** सरकार ने अगस्त 1992 में लघु/मध्यम आकार के खोजे गए क्षेत्रों (प्रमाणित भंडारण ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा खोजे गए थे) के संविदा क्षेत्रों को निजी क्षेत्रों को पेश किया। भारत सरकार ने पूर्व–एनईएलपी खोजे गए (लघु और मध्यम आकार के क्षेत्र) व्यवस्था के तहत 29 खोजे गए क्षेत्रों के लिए 28 संविदों पर हस्ताक्षर किए हैं।

ग) **पूर्व–एनईएलपी अन्वेषण ब्लॉक:** 1990 और एनईएलपी के कार्यान्वयन से पहले 28 अन्वेषण ब्लॉकों को निजी कंपनियों को दिया गया था, जहां हाइड्रोकार्बन खोजों के बाद ओएनजीसी और ओआईएल को ब्लॉक में भागीदारी का अधिकार था।

घ) **नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी)-1999 से:** एनईएलपी के तहत, भारतीय निजी और विदेशी कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से अन्वेषण ब्लॉक दिए जाते हैं, जहां राष्ट्रीय तेल कंपनियां यथा ओएनजीसी और ओआईएल ने भी समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते हैं।

ङ) **खोजे गए लघु क्षेत्र (डीएसएफ) नीति:** खोजे गए लघु क्षेत्र नीति के तहत, सरकार ने राजस्व साझाकरण मॉडल के आधार पर 85 संविदा क्षेत्रों को डीएसएफ–I, डीएसएफ–II और डीएसएफ–III बोली राउंड के माध्यम से सौंपा है।

च) **हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति:** हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) के तहत, सरकार ने मार्च 2024 तक आठ बोली राउंड में राजस्व साझाकरण के आधार पर 144 अन्वेषण ब्लॉकों को सौंपा है।

2.7. पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस (पीईएल) और पेट्रोलियम खनन लीज़ (पीएमएल)

2.7.1. नामांकन व्यवस्था के तहत, ओएनजीसी 5 पीईएल और 329 पीएमएल ब्लॉकों में परिचालन कर रही है, जो लगभग 49,084.8 वर्ग किमी क्षेत्र तक फैला है। इसके अलावा, ऑयल, नामांकन व्यवस्था के तहत 1 पीईएल और 25 पीएमएल क्षेत्रों का संचालन कर रही है, जो 4,852.14 वर्ग किमी क्षेत्र तक फैला है। ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा प्रचालित पीईएल/पीएमएल का बेसिन–वार विवरण निम्नानुसार है:

तालिका 2.7. नामांकन व्यवस्था (ओएनजीसी) के अंतर्गत **31.03.2024** की स्थिति के अनुसार बेसिन–वार पीईएल और पीएमएल

बेसिन	नामांकन			
	पीईएल		पीएमएल	
	एकरेज	क्षेत्र (वर्ग किमी)	एकरेज	क्षेत्र (वर्ग किमी)
असम–एराकन (कछार+मिजोरम)	0	0	8	818
असम–अराकन (त्रिपुरा)	0	0	18	3045
असम शेल्फ+नागालैंड	3	1583	39	1477
बंगाल	0	0	0	0
खंभात	0	0	160	5677
कच्छ ऑनलैंड	0	0	0	0
सौराष्ट्र			0	0
कावेरी (ऑन)	0	0	26	3956
गंगा घाटी	0	0	0	0
पूर्णिया	0	0	0	0
हिमालयी वनभूमि	0		0	0
कृष्णा–गोदावरी (ऑन)	0	0	37	4289
पलार	0	0	0	0
झारखंड			0	0
जैसलमेर	0	0	4	838
बीकानेर–नागौर			0	0
विंध्य	0	0	0	0
सतपुड़ा–दक्षिण रेव–दामोदर			0	0
नर्मदा			0	0
कुल ऑनलैंड	**3**	**1,583**	**292**	**20,099**
मुंबई ऑफशोर (एसडब्ल्यू)	0	0	27	25794
मुंबई ऑफशोर (डीडब्ल्यू)	1	985	0	0
मुंबई ऑफशोर (एसडब्ल्यू+डीडब्ल्यू)	1	985	27	25794
केरल–कोंकण (एसडब्ल्यू)	0	0	0	0
केरल–कोंकण (डीडब्ल्यू)	0	0	0	0
केरल–कोंकण (एसडब्ल्यू+डीडब्ल्यू)	**0**	**0**	**0**	**0**
कच्छ (एसडब्ल्यू)	0	0	0	0
कच्छ (डीडब्ल्यू)	1	420	0	0
कच्छ (एसडब्ल्यू+डीडब्ल्यू)	**1**	**420**	**0**	**0**
सौराष्ट्र (एसडब्ल्यू)	0	0	2	422
सौराष्ट्र (डीडब्ल्यू)	0	0	0	0
सौराष्ट्र (एसडब्ल्यू+डीडब्ल्यू)	**0**	**0**	**2**	**422**

कैम्बे की खाड़ी (एसडब्ल्यू)	0	0	0	0
कैम्बे की खाड़ी (डीडब्ल्यू)	0	0	0	0
कैम्बे की खाड़ी (एसडब्ल्यू+डीडब्ल्यू)	**0**	**0**	**0**	**0**
कुल पश्चिमी –अपतटीय (एसडब्ल्यू)	**0**	**0**	**29**	**26,216**
कुल पश्चिमी –अपतटीय (डीडब्ल्यू)	**2**	**1,405**	**0**	**0**
कुल पश्चिमी–अपतटीय (एसडब्ल्यू+डीडब्ल्यू)	**2**	**1,405**	**29**	**26,216**
कृष्णा–गोदावरी (एसडब्ल्यू)	0	0	5	357
कृष्णा–गोदावरी (डीडब्ल्यू)	0	0	2	224
कृष्णा–गोदावरी (एसडब्ल्यू+डीडब्ल्यू)	**0**	**0**	**7**	**581**
कावेरी (एसडब्ल्यू)	0	0	1	11
कावेरी (डीडब्ल्यू)	0	0	0	0
कावेरी (एसडब्ल्यू+डीडब्ल्यू)	**0**	**0**	**1**	**11**
बंगाल अपतटीय (एसडब्ल्यू)			0	0
बंगाल अपतटीय (डीडब्ल्यू)			0	0
बंगाल अपतटीय (एसडब्ल्यू+डीडब्ल्यू)	**0**	**0**	**0**	**0**
महानदी (एसडब्ल्यू)	0	0	0	0
महानदी (डीडब्ल्यू)	0	0	0	0
महानदी (एसडब्ल्यू+डीडब्ल्यू)	**0**	**0**	**0**	**0**
अंडमान (एसडब्ल्यू)	0	0	0	0
अंडमान (डीडब्ल्यू)	0	0	0	0
अंडमान (एसडब्ल्यू+डीडब्ल्यू)	**0**	**0**	**0**	**0**
कुल पूर्वी तट (एसडब्ल्यू)	**0**	**0**	**6**	**368**
कुल पूर्वी तट (डीडब्ल्यू)	**0**	**0**	**2**	**224**
कुल पूर्वी तट (एसडब्ल्यू+डीडब्ल्यू)	**0**	**0**	**8**	**592**
कुल पूर्वी तट (एसडब्ल्यू)	**0**	**0**	**35**	**26,583**
कुल तट (डीडब्ल्यू)	**2**	**1,405**	**2**	**224**
कुल तट (डीडब्ल्यू)	**2**	**1,405**	**37**	**26,807**
कुल तट	**5**	**2,988**	**329**	**46,907**

तालिका 2.8: नामांकन व्यवस्था (ऑयल) के अंतर्गत 31.03.2024 की स्थिति के अनुसार बेसिन–वार पीईएल और पीएमएल

कंपनी/ ऑपरेटर	बेसिन		पीईएल		पीएमएल		कुल	
			सं.	क्षेत्र (किमी^{2})	सं.	क्षेत्र (किमी^{2})	सं.	क्षेत्र (किमी^{2})
ऑयल–नामांकन	राजस्थान	ऑनलैंड	-	-	2	446.71	2	446.71
	असम–अराकन	ऑनलैंड	1	23.3	23	4382.13	24	4405.43
कुल ऑयल			**1**	**23.3**	**25**	**4,828.84**	**26**	**4,852.14**

2.7.2. पीएसटी व्यवस्था के तहत निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियां 29,664 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले 24 पीईएल और 65 पीएमएल ब्लॉकों का संचालन कर रही हैं। निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियों द्वारा प्रचलित पीईएल/पीएमएल का बेसिन–वार विवरण निम्नानुसार है:

तालिका 2.9: दिनांक **31.03.2024** की स्थिति के अनुसार पीएससी व्यवस्था के तहत निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियों का बेसिन-वार पीईएल और पीएमएल

बेसिन	कुल पीईएल	कुल पीएमएल	मौजूदा कुल पीईएल क्षेत्र	मौजूदा कुल पीएमएल क्षेत्र
असम–अराकन फोल्ड बेल्ट	1	0	3213	0
असम–अराकान शेल्फ	6	4	5713.55	263.43
बंगाल–पूर्णिया	1	0	2364	0
खंभात	4	47	258.19	1287.766
कावेरी	0	2	266.8	156
कृष्णा गोदावरी	2	12	2075.87	2388.03
महानदी	1	0	831.73	0
मुंबई	2	0	1215.66	0
राजस्थान	0	4	0	3287.17
सौराष्ट्र	1	0	552	0
विंध्य	1	0	462	0
कुल योग	**19**	**69**	**16,952.8**	**7,382.396**

तालिका 2.10: दिनांक **31.03.2024** तक डीएसएफ के तहत निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियों का बेसिन-वार पीएमएल

बेसिन	कुल पीएमएल	कुल पीएमएल क्षेत्र, वर्ग किमी
असम–अराकान फोल्ड बेल्ट	3*	638
असम शेल्फ	9**	189
बंगाल–पूर्णिया	1	541
खंभात	10	1193
कृष्णा गोदावरी	11	1703
कच्छ	2	2092
मुंबई	16	6285
राजस्थान	3	167
कुल	**55**	**12,808**

* डीएसएफ–III संविदा क्षेत्र एए/ओएनडीएसएफ/पथरिया/2021 और एए/ओएनडीएसएफ/तुकबाई/2021 के लिए 2 पीएमएल प्रदान किए गए हैं, लेकिन यह पीएमएल डीड पर हस्ताक्षर होने के बाद प्रभावी होगा।

** डीएसएफ–III संविदा क्षेत्र एए/ओएनडीएसएफ/टीआईपीएचयूके/2021 के लिए 1 पीएमएल प्रदान किया गया है, लेकिन यह पीएमएल डीड पर हस्ताक्षर होने के बाद प्रभावी होगा।

2.7.3. दिनांक 31.03.2024 तक पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस (पीईएल) सौंपे जाने की स्थिति

आठ ओएएलपी बोली राउंड में सौंपे गए 144 ब्लॉकों में कुल 177 पीईएल प्रदान किए जाने थे। दिनांक 31.03.2024 तक 2,25,978 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के लिए कुल 156 पीईएल सौंपे गए हैं। पीईएल की स्थिति का सार निम्नानुसार है:

तालिका 2.11: दिनांक **31.03.2024** तक ओएएलपी के तहत पीईएल की बोली राउंड–वार स्थिति

ओएएलपी बोली राउंड	कुल पीईएल	सौंपे गए पीईएल	लम्बित पीईएल	मना किए गए पीईएल	आवेदन न किए गए पीईएल	सौंपे गए पीईएल का क्षेत्र, वर्ग किमी
ओएएलपी I	76	66	2	8**		55518
ओएएलपी II	18	17	1	0		28,394
ओएएलपी III	21	15	2	4**		22,731
ओएएलपी IV	7	7	0	0		18,510
ओएएलपी V	13	13	0	0		19,789
ओएएलपी VI	24	22	2	0		32,347
ओएएलपी VII	8	8	0	0		15,766
ओएएलपी VIII	10	8	1	0	1***	32,976
कुल	**177**	**156**	**8**	**12**	**1**	**2,26,031**

* सौंपे गए कुछ ब्लॉक एक से अधिक राज्य के अधिकार क्षेत्र में आते हैं इसलिए पीईएल की संख्या सौंपे गए ब्लॉकों से अधिक है।

** तमिलनाडु, पुदुचेरी और आंध्रप्रदेश में पीईएल के गैर–अनुदान के कारण ठेकेदार द्वारा ब्लॉक/भाग के हिस्से को वापस कर दिया गया।

तालिका 2.12: दिनांक **31.03.2024** तक ओएएलपी के तहत पीईएल की बेसिन–वार स्थिति

ओएएलपी बोली दौर	कुल पीईएल	अनुदत्त पीईएल	लम्बित पीईएल	मना किए गए पीईएल	आवेदन नही किए गए पीईएल	अनुदत्त पीईएल का क्षेत्र वर्ग किमी
अंडमान–निकोबार	6	6	0	0		23,262
असम अराकान फोल्ड बेल्ट	17	16	1	0		4,041
असम शेल्फ	31	29	2	0		20,832
बंगाल–पूर्णिया	6	5	1	0		14,523
कैम्बे	26	24	2	0		11,925
कावेरी	15	6	2	7**		16,515
कडप्पा	1	1	0	0		3,306
गंगा–पंजाब	4	4	0	0		2,428
हिमालयी फोरलैंड	1	1	0	0		666
केरल कोंकण	3	3	0	0		11,350
कृष्णा गोदावरी	10	4	0	5*	1***	8,318
कच्छ	9	9	0	0		11,267
महानदी	10	10	0	0		27,778
मुंबई अपतटीय	9	9	0	0		23,263
नर्मदा	2	2	0	0		2,999
राजस्थान	16	16	0	0		19,482
सतपुड़ा–दक्षिण रीवा–दामोदर	1	1	0	0		906
सौराष्ट्र	5	5	0	0		9,909
विंध्य	5	5	0	0		13,260
कुल	**177**	**156**	**8**	**12**	**1**	**2,26,031**

कुछ बेसिन कई अधिकार क्षेत्र में आते हैं जैसे कि ऑनशोर/ऑफशोर या कई राज्य के अधीन

* 5 पीईएल तमिलनाडु/पुदुचेरी द्वारा अस्वीकार किए जाने के कारण ऑपरेटर द्वारा क्षेत्र/ब्लॉक को वापस कर दिए गए।

** तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुदुचेरी राज्यों को मिलाकर 7 पीईएल की गैर–अनुदान के कारण ऑपरेटर ने ब्लॉक को वापस कर दिया।

*** ऑपरेटर ने अब तक आरएसएस के अनुसार पीईएल के लिए आवेदन नहीं किया है।

2.8. नामांकन व्यवस्था के तहत ओएनजीसी और ऑयल द्वारा अन्वेषण का प्रयास

ओएनजीसी और ऑयल ने स्थापना के बाद से 31.03.2024 तक 9,17,494 लाइन किलोमीटर (एलकेएम) 2डी भूकंपीय सर्वेक्षण और 1,48,242 वर्ग किलोमीटर 3डी भूकंपीय सर्वेक्षण किया है और 6871 अन्वेषण कुओं की खुदाई की है। नामांकन व्यवस्था में ओएनजीसी और ऑयल द्वारा किए गए 2डी, 3डी भूकंपीय और अन्वेषण कुओं के संदर्भ में अन्वेषण प्रयासों का विवरण निम्नानुसार है.

तालिका 2.13: नामांकन व्यवस्था के तहत ओएनजीसी और ऑयल द्वारा अन्वेषण इनपुट

क्रम संख्या	कंपनी	31.03.2024 तक संचयी अन्वेषण			2023-24		
		2डी भूकंपीय (एलकेएम)	3डी भूकंपीय (वर्ग किमी)	अन्वेषण कुआ (संख्या)	2डी भूकंपीय (एलकेएम)	3डी भूकंपीय (वर्ग किमी)	अन्वेषण कुआ (संख्या)
1	ओएनजीसी	8,83,141	1,36,009	6,437	274	2392	80
2	ऑयल इंडिया लिमिटेड	34,353	12,233	434	378.72	240.57	17
	कुल	**9,17,494**	**1,48,242**	**6,871**	**652.72**	**2,632.57**	**97**

2.9. पीएससी के तहत निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियों द्वारा अन्वेषण प्रयास

2.9.1. दिनांक 31.03.2024 तक पीएससी और आरएससी व्यवस्थाओं के अंतर्गत 2डी भूकंपीय, 3डी भूकंपीय और अन्वेषण कुओं के संदर्भ में निजी / संयुक्त उद्यम कंपनियों द्वारा किए गए बेसिन-वार अन्वेषण प्रयास निम्नानुसार हैं:

तालिका 2.14: दिनांक 31.03.2024 तक पीएससी व्यवस्था में अन्वेषणात्मक इनपुट

बेसिन का नाम	2डी भूकंपीय एलकेएम	3डी भूकंपीय एलकेएम	अन्वेषण कुएं (सं.)
अंडमान–निकोबार	27070	16562	6
असम–अराकान फोल्ड बेल्ट	1352	613	4
असम–अराकन शेल्फ	5468	2203	43
बंगाल–पूर्णिया	5247	4909	16
कैम्बे	29994	9167	321
कावेरी	64727	44561	51
डेक्कन सिन्क्लाइज़	476	0	0
गंगा	3876	263	4
गंगा–पंजाब	2542	1420	4
हिमालय–फोरलैंड	810	0	1
केरल कोंकण	52290	14035	7
कृष्णा गोदावरी	76106	70711	210
कच्छ	2985	8345	21
महानदी	59542	64659	53
मुंबई	21349	27285	51
प्राणहिता गोदावरी	195	0	1
राजस्थान	14157	16396	312
सतपुड़ा–दक्षिण रीवा–दामोदर	2050	304	2
सौराष्ट्र	16037	15428	16
विंध्य	3918	858	10
कुल योग	**3,90,191**	**2,97,718**	**1,133**

तालिका 2.15: नामांकन व्यवस्था के तहत ओएनजीसी और ऑयल द्वारा अन्वेषण इनपुट

दिनांक 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, ब्लॉकों के संविदाकारों ने 31,467 एलकेएम 2डी भूकंपीय डेटा और 33,705 वर्ग किमी 3डी भूकंपीय डेटा हासिल कर लिया है।

बेसिन का नाम	2डी भूकंपीय एलकेएम	3डी भूकंपीय एलकेएम	अन्वेषण कुएं (सं)
अंडमान–निकोबार	8501	2131	0
असम अराकान फोल्ड बेल्ट	1051	150	3
असम शेल्फ	3001	496	2
बंगाल–पूर्णिया	904	1728	0
कैम्बे	1519	1760	15
कावेरी	0	5709	0
कडप्पा	0	221	0
गंगा–पंजाब	0	597	0
हिमालयी फोरलैंड	0	0	0
केरल कोंकण	0	1028	0
कृष्णा गोदावरी	431	1514	1
कच्छ	398	1358	0
महानदी	2305	3586	5
मुंबई ऑफशोर	940	9248	10
नर्मदा	0	0	0
राजस्थान	10701	870	11
सतपुड़ा–दक्षिण रीवा–दामोदर	0	0	0
सौराष्ट्र	476	1856	1
विंध्य	1241	1453	4
कुल	**31,467**	**33,705**	**52**

2.10. 2023-24 में हाइड्रोकार्बन खोजें

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, ओएनजीसी ने अपने प्रचालित क्षेत्रों में ओएएलपी ब्लॉकों 5 खोज सहित कुल 11 हाइड्रोकार्बन खोजें की हैं। इनमें से 6 खोजें तटवर्ती, 3 उथले अपतटीय और 2 डीप वाटर अपतटीय क्षेत्रों में की गई है। इनमें से तीन ऑनलैंड खोजों अर्थात गोपावरम–21, दक्षिण महादेवपट्टनम–2 और पूर्वी लखीबारी–6 का ओएनजीसी द्वारा मौद्रीकरण किया गया है। 2023–24 में की गई हाइड्रोकार्बन खोजों का विवरण इस प्रकार है:

तालिका 2.16: ओएनजीसी द्वारा हाइड्रोकार्बन की खोजें

क्र. सं.	खोज का नाम	कुएं का नाम	बेसिन	खोज का प्रकार	खोज की तिथि	खोज का प्रकार
			ऑनलैंड			
1	गोपावरम–21	जीएमडीएल	केजी ऑनलैंड	पूल	14/06/2023	तेल
2	दक्षिण महादेवपट्टनम–2	एसएमए–एडी	केजी ऑनलैंड	पूल	03/10/2023	गैस और कंडेन्सेट
3	चितबारी	चितबारी–1 (जीओ–20ए) (जीओएआई_सब)	एसम फोल्ड बेल्ट	पूल	02/01/2024	गैस
4	तुलामूरा	तुलामूरा–3 (टीएमएबी)	एसम फोल्ड बेल्ट	पूल	23/01/2024	गैस
5	पश्चिमी अमोड–1	पश्चिमी अमोड–1 (सीबीओएनएच 212ए–ए)	कैम्बे	संभाव्य	16/03/2024	तेल और गैस
6	पूर्वी लखीबारी–6	पूर्वी लखीबारी–6	असम	पूल	21/03/2024	तेल
			उथला पानी			
1	मूंगा	एमबीएस 182एचडीए–1 (एमबीएस 182एचडीए–ए)	मुंबई ऑफशोर	संभाव्य	09/05/2023	तेल और गैस
2	मोती	एमबीएस 181एचसीए–1 (एमबीएस 181एचडीए–ए)	मुंबई ऑफशोर	संभाव्य	16/05/2023	तेल और गैस
3	पुखराज	एसटी–6 (एसटी–ए)	मुंबई ऑफशोर	संभाव्य	17/06/2023	गैस
			डीप वाटर			
1	उत्कल	एमडीडब्ल्यू–27 (एमएनडीडब्ल्यू 181एच-ए-1)	महानदी ऑफशोर	संभाव्य	03/01/2024	गैस
2	कोनार्क	एमडीडब्ल्यू–25 (एमएनडीडब्ल्यू 181एच-बी-1)	महानदी ऑफशोर	संभाव्य	15/01/2024	गैस

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, ऑयल ने जून 2023 में असम के तिनसुकिया एक्सटेंशन पीएमएल के दक्षिण बाघजान–10 कुएँ में एक खोज (तेल) की है। कुएँ के विस्तृत परीक्षण के माध्यम से कुएँ की व्यावसायिकता स्थापित कर ली गई है और वर्तमान में इससे उत्पादन हो रहा है।

संविदा व्यवस्था के तहत पाँच हाइड्रोकार्बन खोजों को अधिसूचित किया गया है। वर्ष 2023–24 में 31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार हाइड्रोकार्बन खोजों का विवरण इस प्रकार है:

तालिका 2.17: वर्ष 2023-24 में हाइड्रोकार्बन की खोजें

क्र. सं.	कंपनी	तेल	गैस	कुल
1	ओएनजीसी (नामांकन)	3	3	6
2	ऑयल (नामांकन)	1	0	1
3	पीएससी / आरएससी	3	2	5
	कुल	**7**	**5**	**12**

खोज का नाम	खोज का प्रकार	ब्लॉक	बेसिन
पश्चिम अमोड#1	तेल	सीबी–ओएनएचपी–2021 / 2	कैम्बे
कोनार्क	गैस	एमएन–डीडब्ल्यूएचपी–2018 / 1	महानदी–एनईसी
उत्कल	गैस	एमएन–डीडब्ल्यूएचपी–2018 / 1	महानदी–एनईसी
एमबीएस181एचसीए–1 (मोती)	तेल	एमबी–ओएसएचपी–2018 / 1	मुंबई ऑफशोर
एमबीएस182एचडीए–1	तेल	एमबी–ओएसएचपी–2018 / 2	मुंबई ऑफशोर

2.11. राष्ट्रीय आंकड़ा कोष (एनडीआर)

2.11.1. भारत सरकार ने 30 जून, 2017 को एचईएलपी के एक भाग के रूप में ओएएलपी को अधिसूचित किया है। निवेशकों द्वारा सतही और उप–सतही भूवैज्ञानिक, भूभौतिकीय और अन्य तकनीकी डेटा देखने के लिए ओएएलपी के संचालन हेतु राष्ट्रीय आंकड़ा कोष (एनडीआर) एक अपरिहार्य आवश्यकता और प्रमुख घटक है। एनडीआर का आरंभ 28 जून, 2017 को किया गया था।

2.11.2. राष्ट्रीय आंकड़ा कोष (एनडीआर) डीजीएच में स्थापित किया गया है और 28 जून, 2017 को उसका आरंभ' की गई ताकि वाणिज्यिक अन्वेषण, अनुसंधान और विकास और शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए संपूर्ण अन्वेषण और उत्पादन (ई और पी) डाटा उपलब्ध कराया जा सके।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक एनडीआर में डाला गया संचयी डेटा:

क) 2डी भूकंपीय डाटा : 3.6944 मिलियन एलकेएम

ख) 3डी भूकंपीय डाटा : 1.1482 मिलियन एसकेएम

ग) कुआं और लॉग डाटा : 23,616 कुएं

घ) कुएँ की रिपोर्ट : 49,704 रिपोर्टें

2.11.3. भविष्य के लिए तैयार राष्ट्रीय आंकड़ा कोष 2.0 [एनडीआर 2.0]

जून 2017 में अपने परिचालन की शुरूआत से, एनडीआर अपने सभी हितधारकों जैसे कि निवेशकों, ऑपरेटरों, सेवा प्रदाताओं, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, शिक्षाविदों और सरकारी निकायों की मांगों को सफलतापूर्वक पूरा कर रहा है। इसके पुराने हो रहे हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर तथा इन वर्षों में प्राप्त और आत्मसात किए गए कच्चे और फील्ड डाटा की बढ़ती मात्रा को ध्यान में रखते हुए इसे अगली पीढ़ी के आईटी प्लेटफॉर्म पर अपग्रेड करना आवश्यक हो गया है, जो समय के साथ स्केलेबल हो और बेहतर स्टोरेज, कंप्यूट और नेटवर्क संसाधनों से युक्त हो। इसके अलावा, डेटा प्रबंधन में दक्षता लाने और अपने वैश्विक उपयोगकर्ताओं को किसी भी समय, कहीं भी डाटा उपलब्ध कराने की उन्नत कार्यक्षमताओं के साथ बेहतर सेवा देने के लिए, डीजीएच को वर्तमान क्लाइंट–सर्वर प्लेटफॉर्म को अगली पीढ़ी के क्लाउड आधारित राष्ट्रीय आंकड़ा कोष में अपग्रेड करना है। अगली पीढ़ी के राष्ट्रीय आंकड़ा कोष 2.0 (एनडीआर 2.0) का उद्देश्य डाटा एक्सेसिबिलिटी (डाउनलोडिंग), डाटा रिपोर्टिंग, सबमिशन (अपलोडिंग) में काफी सुधार करना और भंडारण (सभी ई और पी डाटा प्रकारों के लिए भूकंपीय क्षेत्र डाटा सहित) को बढ़ाना और क्लाउड–सक्षम डाटाबेस प्लेटफॉर्म बनाना है। एनडीआर 2.0 के लिए विशेषज्ञता पूर्ण सलाह और क्लाउड समाधान डिजाइन करने के लिए, डीजीएच ने इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन (डीआईसी) नामक परियोजना प्रबंधन सलाहकार को नियुक्त किया है। डीआईसी की सहायता से, डीजीएच ने प्रशासनिक स्वीकृति और कर सहित 127.38 करोड़ रुपए से अधिक के व्यय की अनुमानित अनुमोदन मांगते हुए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को एक विस्तृत परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) ने 20 अक्टूबर 2023 को इसके संबंध में अनुमोदन दिया था। इसके अलावा, 23 फरवरी 2024 को सरकारी ई–मार्केटप्लेस (जीईएम) पर एनडीआर 2.0 के लिए निविदाएं जारी की गई, जो उन्नयन की इस महत्वाकांक्षी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। इस परियोजना में 2024 की दूसरी तिमाही के अंत तक निविदा सौंपने की परिकल्पना की गई है।

2.12. कच्चे तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा की गई नीतिगत पहल

हाइड्रोकार्बन क्षेत्र को बढ़ावा देने के एक बड़े अभियान के तहत, सरकार ने नीतिगत पहलों की एक श्रृंखला शुरू की है। हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में किया जा रहा सुधार घरेलू तेल एवं गैस उत्पादन को बढ़ाने, निवेश बढ़ाने, बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करने, पारदर्शिता बढ़ाने और नियामक बोझ को कम करने के मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित हैं। कुछ उल्लेखनीय नीतिगत सुधार निम्नानुसार हैं:

2.12.1. हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति/ओपन एकरेज लाइसेंसिंग कार्यक्रम (मार्च 2016)

सरकार ने मार्च 2016 में, हाइड्रोकार्बन अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) शुरू की है। एचईएलपी लागत वसूली के स्थान पर राजस्व साझाकरण तंत्र अपनाने का एक आदर्श बदलाव है, जिसमें ठेकेदार उत्पादन की शुरुआत से सरकार के साथ राजस्व साझा करते हैं। सरकार ने 30 मार्च 2016 को एचईएलपी के एक भाग के रूप में ओपन एकरेज लाइसेंसिंग कार्यक्रम (ओएएलपी) की शुरुआत की और 1 जुलाई 2017 से इसके औपचारिक संचालन की शुरूआत से सरकार की ओर से औपचारिक बोली राउंड का इंतजार किए बिना इस समझौते के तहत अन्वेषण कंपनियों को खुद ही अन्वेषण ब्लॉक चुनने का विकल्प मिलेगा।

एचईएलपी में आकर्षक और उदार शर्तें शामिल हैं जैसे कि कम रॉयल्टी दरें, तेल पर उपकर नहीं लगाना, विपणन और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता, साल भर बोली लगाना, निवेशकों को अपनी रुचि के ब्लॉक लेने की स्वतंत्रता, पारंपरिक और अपरंपरागत दोनों तरह के हाइड्रोकार्बन संसाधनों को कवर करने के लिए एक ही अनुज्ञप्ति का होना, पूरे संविदा अवधि के दौरान अन्वेषण की अनुमति और एक आसान, पारदर्शी और सुगम बोली और कार्य सौंपने की प्रक्रिया। एचईएलपी में इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा 3 विंडो (1 अप्रैल से 31 जुलाई, 1 अगस्त से 30 नवंबर और 1 दिसंबर से 31 मार्च) में साल भर रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रस्तुत करने का भी प्रावधान है।

एचईएलपी की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं–

- राष्ट्रीय डाटा कोष (एनडीआर) का उपयोग करके ब्लॉकों को बेहतर बनाने का अवसर
- पारंपरिक और अपरंपरागत दोनों हाइड्रोकार्बन के लिए एकीकृत लाइसेंस
- सरल और प्रचालन में आसान राजस्व साझाकरण मॉडल
- नियामक बोझ में कमी
- आसान प्रवेश और बाधा मुक्त निकास
- पूर्ण पारदर्शिता और समयबद्ध प्रक्रिया
- वैश्विक निजी कंपनियों के साथ–साथ राष्ट्रीय तेल कंपनियों के लिए समान अवसर
- बाजार मूल्य निर्धारण और बाजार तक आसान पहुंच
- अत्यधिक गहरे पानी और उथले पानी वाले क्षेत्रों के लिए रियायती रॉयल्टी व्यवस्था
- पूर्ण संविदा जीवन के लिए अन्वेषण अधिकार

सरकार ने अन्वेषण गतिविधियों को बढ़ाने, तलछटीय बेसिनों के अन्वेषित/अनावंटित क्षेत्रों में घरेलू और विदेशी निवेश को आकर्षित करने और अनुमोदन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और तेज करके ईज ऑफ डूइंग को बढ़ावा देने के लिए 28 फरवरी 2019 को एचईएलपी के तहत अपस्ट्रीम क्षेत्र में नीतिगत सुधारों को अधिसूचित किया है। ये सुधार ओएएलपी राउंड IV से लागू हो गए हैं। श्रेणी–विशिष्ट बोली मूल्यांकन मानदंड के लिए श्रेणी–I बेसिनों में अन्वेषण कार्य कार्यक्रम को अधिक महत्व देने के साथ (पहले 50% की तुलना में 70%), केवल अन्वेषण कार्य कार्यक्रम के आधार पर बोली लगाए गए श्रेणी–II और III प्रकार के ब्लॉक, लघु अन्वेषण अवधि, तेल और गैस उत्पादन में तेजी लाने के लिए रियायती रॉयल्टी दरें, वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र की शुरूआत और वैधानिक मंजूरी/अनुमोदन में तेजी लाने के लिए अधिकार प्राप्त समन्वय समिति (ईसीसी) का गठन।

क. भागीदारी का सारांश

ओएएलपी के तहत आठ बोली राउंड में, 149 ब्लॉक पेश किए गए और 2,42,057 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करने वाले 144 अन्वेषण ब्लॉक सफल बोलीदाताओं को सौंपे गए। सीबीएम ब्लॉकों के लिए ओएएलपी–राउंड–III के तहत पांच (5) गैर–पुरस्कारित ब्लॉकों की पेशकश की गई थी, हालांकि इन सीबीएम ब्लॉकों के लिए कोई बोलियां प्राप्त नहीं हुईं। शेष 144 ब्लॉकों के लिए 252 बोलियाँ प्राप्त हुईं जो 19 तलछटीय बेसिनों में फैले हुए हैं।

ओएएलपी राउंड में भागीदारी का सारांश इस प्रकार है:

ओएलपी बोली राउंड	पेश किए गए ब्लाक	भागीदारों की संख्या	बोली का सं.	पेश किया गया क्षेत्र (वर्ग किमी)	सौंपा गया क्षेत्र (वर्ग किमी)
ओएएलपी-I	55	9	110	59,282	59,282
ओएएलपी-II	14	8	33	29,233	29,233
ओएएलपी-III	18+5*	5	42	31,722	29,765
ओएएलपी-IV	7	2	8	18,510	18,510
ओएएलपी-V	11	3	12	19,789	19,789
ओएएलपी-VI	21	3	24	35,346	35,346
ओएएलपी-VII	8	4	10	15,766	15,766
ओएएलपी-VIII	10	6	13	34,365	34,365
कुल	**149**	**40**	**252**	**2,44,014**	**2,42,057**

* पांच सीबीएम ब्लॉकों के लिए कोई बोली नहीं की गई।

राउंड VIII तक प्रतिबद्ध निवेश लगभग 3.37 बिलियन अमरीकी डॉलर है। 51,725 एलकेएम 2डी भीकंपीय, 66,843 एसकेएम 3डी भीकंपीय और 499 अन्वेषण कुओं के कुल प्रतिबद्ध कार्य कार्यक्रम में से, 2डी भूकंपीय डेटा के लगभग 31,467 एलकेएम, 3डी भूकंपीय डेटा के 33,705 वर्ग किमी और 52 कुओं की ड्रिलिंग वित्त वर्ष 2023–24 तक पूरी हो गई है। अब तक 10 खोजें (6 तेल+4 गैस) की गई हैं।

सरकार ने 3 जनवरी–2024 को अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के लिए 136,596 वर्ग किमी क्षेत्र को कवर करने वाले 28 ब्लॉकों की पेशकश करते हुए ओएएलपी बोली राउंड–IX लॉन्च किया है। कुल 9 (नौ) ऑनलैंड ब्लॉक, 8 (आठ) उथले–वाटर ब्लॉक और 11 (ग्यारह) अल्ट्रा डीप–वाटर ब्लॉक प्रस्तावित हैं।

2.12.2. खोजे गए लघु क्षेत्र नीति (डीएसएफ)

डीएसएफ नीति: पृष्ठभूमि

- आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) द्वारा 2 सितंबर, 2015 को सीमांत क्षेत्र नीति को मंजूरी दी गई थी और राष्ट्रीय तेल कंपनियों (एनओसी) द्वारा गैर–मौद्रिकीकृत खोजों का उत्पादन शुरू करने के लिए दिनांक 14.10.2015 की अधिसूचना संख्या ओ–19018/22–95–ओएनजी–III के माध्यम से इसे अधिसूचित किया गया था। इस नीति का नाम बाद में खोजे गए लघु क्षेत्र (डीएसएफ) नीति रखा गया।

डीएसएफ दौरों की मुख्य राजकोषीय और नीतिगत विशेषताएं

- पारंपरिक और गैर–पारंपरिक हाइड्रोकार्बन के लिए एकल लाइसेंस
- संविदागत अवधि के दौरान अन्वेषण गतिविधि पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाना
- कोई अग्रिम हस्ताक्षर बोनस नहीं देना
- अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के तहत बोलियां आमंत्रित किया जाना।
- मूल्य निर्धारण और बिक्री–विपणन स्वतंत्रता
- कम रॉयल्टी, कोई उपकर नहीं लगाना, सीमा शुल्क से छूट
- योग्यता: किसी तकनीकी अनुभव की आवश्यकता नहीं है, विदेशी कंपनियों द्वारा 100% तक की भागीदारी

अब तक तीन डीएसएफ दौर आयोजित किए जा चुके हैं। मुख्य विवरण इस प्रकार है:

डीएसएफ राउंड	डीएलएफ-I	डीएलएफ-II	डीएलएफ-III	कुल योग
लॉंच की तारीख	**25.05.2016**	**09.08.2018**	**10.06.2021**	
पेश किए गए कुल ब्लॉक	46	25	32	103
पेश की गई कुल खोजें	67	59	75	201
कुल ओ+ओईजी (एमएमटी)	86	190	232	508
पेश किया गया कुल क्षेत्र (वर्ग किमी)	1551	3042	13000	17593
आरएससी पर हस्ताक्षर करने की तिथि	27.03.2017	07.03.2019	09.09.2022	
सौंपे गए कुल ब्लॉक	30	24	31	85
सौंपी गई कुल खोजें	43	58	74	175
कुल सौंपे गए ओ+ओजी (एमएमटी)	45	189	230	464
सौंपे गए कुल क्षेत्र (वर्ग किमी)	777	3004	12727	16508
प्राप्त ई–बोली	34 संविदा क्षेत्रों के लिए 134 बोलियां	24 संविदा क्षेत्रों लिए 145 बोलियां	32 संविदा क्षेत्रों के लिए 107 बोलियां	

डीएसएफ I, II और III संविदा की स्थिति इस प्रकार है:

क्र.सं.	स्थिति	डीएसएफ-I	डीएसएफ-II	डीएसएफ-III	कुल
1	सौंपा गया संविदा क्षेत्र (सीए)	30	24	31	85
2	सीए जहां पीएमएल लंबित है	4	3	6	13
3	त्याग के अधीन संविदा क्षेत्र	6	-	-	6
4	समाप्ति के अधीन/समाप्त किए गए मामले	5	5	0	10
5	आरएससी जिनपर हस्ताक्षर किए जाने है			1	1
6	**परिचालन**	**15**	**16**	**24**	**55**

2.12.3. सीबीएम ब्लॉकों के लिए बोली लगाना

- भारत सरकार ने 1997 में कोल बेड मीथेन (सीबीएम) नीति तैयार की। देश में सीबीएम अन्वेषण के लिए लगभग 26,000 वर्ग किलोमीटर की पहचान की गई। भारत के सीबीएम संसाधनों का अनुमान लगभग 2,600 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है।
- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा चार सीबीएम बोली राउंड (2001, 2003, 2005 और 2008) कार्यान्वित किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 16,598 वर्ग किलोमीटर को कवर करने वाले 33 सीबीएम ब्लॉक नामांकन आधार पर 2 ब्लॉक और विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) मार्ग के माध्यम से 1 ब्लॉक सहित, सौंपे गए।
- भारत सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से एचईएलपी के तहत दो विशेष सीबीएम बोली दौर (2021 और 2022) शुरू किया। इन विशेष सीबीएम राउंड में 4,579 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के 7 ब्लॉक (एससीबीएम–21 में 4 और एससीबीएम–22 में 3) सौंपे गए।
- वर्तमान में कुल 15 सीबीएम ब्लॉक (7,009 वर्ग किलोमीटर) सक्रिय है। इनमें से 04 ब्लॉक अन्वेषण चरण में हैं, 03 विकास चरण में हैं और 05 ब्लॉक उत्पादन चरण में हैं। मार्च 2024 तक सीबीएम का संचयी उत्पादन लगभग 6.4 बीसीएम है।

2.12.4. भारत के तलछटीय बेसिनों में भूवैज्ञानिक डेटा प्राप्त करने के लिए भारत सरकार के प्रयास

i. राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम (एनएसपी) परियोजना, (पूर्ण हो चुकी है):

राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम (एनएसपी) का आरंभ 12 अक्टूबर 2016 को देश के गैस–मूल्यांकित भूमिगत बेसिन क्षेत्रों का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से किया गया था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, सरकार ने 48,243 लाइन किलोमीटर (एलकेएम) के डाटा अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या (एपीआई) के लिए 2डी भूकंपीय सर्वेक्षण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

48,243 एलकेएम के कुल लक्ष्य में से 46,960 एलकेएम (97%) 2डी भूकंपीय डेटा का अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या की जा सकी है। गुजरात ऊर्जा अनुसंधान और प्रबंधन संस्थान (जीईआरएमआई), गांधीनगर ने एनएसपी डाटा का एक तृतीय–पक्ष मूल्यांकन अध्ययन किया और एनडीआर को एक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

एनएसपी परियोजना के तहत दुर्गम और प्रतिकूल भौगोलिक क्षेत्रों (जहां दुर्गम भूभाग और प्रतिकूल वातावरण के कारण भूकंपीय डेटा प्राप्त नहीं किया जा सका) को शामिल करने के लिए, 80 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ 40,000 फ्लाइट एलकेएम के एयरबॉर्न भूभौतिक सर्वेक्षण की योजना बनाई गई है। मंत्रालय की ओर से, ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) ने एयरबोर्न ग्रेविटी ग्रैडोमीटर और ग्रेविटी मैग्नेटिक (एजीजी और जीएम) डाटा सर्वेक्षण किया और एजीजी और जीएम सर्वेक्षण के 42,944 फ्लाइट एलकेएम का एपीआई (अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या) पूरा किया।

एजीजी और जीएम लक्ष्यों और उपलब्धियों का क्षेत्र–वार/राज्य–वार ब्यौरा नीचे सारणीबद्ध है।

क्षेत्र	लक्ष्य	उपलब्धि (फ्लाइट एलकेएम में)
एएस–एपी	2064	2064.46
एएस–एपी–एनएल	8131	8131.15
एएस–एमएल–एमएन–एनएल	11240	11227.83
एमजेड–टीआर	5606	5573.59
पूर्वोत्तर भारत कुल	27,041	26,997.03
कावेरी	11888	12295.14
बस्तर	1764	1833.99
करेवा	1710	1816.93
स्पीति*	7392	-
शेष भारत का योग	**22,754**	**15,946.06**
परियोजना योग	**49,795**	**42,943.09**

*स्पीति घाटी में अत्यधिक ऊंचाई पर जोखिम का विश्लेषण करने के लिए परीक्षण फ्लाइट का आयोजन किया गया था, हालांकि, एचएसई चिंताओं के कारण, स्पीति घाटी में डाटा प्राप्त नहीं किया गया था।

ii. डीप अंडमान ऑफशोर परियोजना

अंडमान बेसिन बंगाल की खाड़ी के दक्षिण–पूर्वी भाग में स्थित एक संभाव्य पेट्रोलियम समृद्ध बेसिन है, जो दक्षिण–पूर्व एशिया के सबसे समृद्ध पेट्रोलियम प्रांतों के निकट है। अंडमान बेसिन का क्षेत्रफल 2,25,918 वर्ग किलोमीटर है और इसमें भारत के अपतटीय तलछटी बेसिनों के अप्रमाणित क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा शामिल है। बेसिन का 36% मूल्यांकन किया गया है, जिसमें बेसिन के पूर्वी भाग में 71,290 एलकेएम 2डी भूकंपीय और 13,710 वर्ग किलोमीटर 3डी भूकंपीय डेटा और 22 अन्वेषण कुएँ हैं।

बेसिन में प्राप्त 2डी/3डी भूकंपीय या कुएँ का डाटा बहुत कम था और डाटा कवरेज मध्यम से विरल था। अंडमान और निकोबार (एएंडएन) द्वीपों के आस–पास स्थित क्षेत्रों में तेल और गैस मिलने की काफी संभावना है, लेकिन यहां अन्वेषण गतिविधियां शुरू नहीं की जा सकी हैं क्योंकि वहां के अधिकांश क्षेत्र को "नो–गो" क्षेत्र (नो–गो क्षेत्र का 0.37 मिलियन वर्ग किमी क्षेत्र अंडमान बेसिन में आता है) के रूप में नामित हैं।

अंडमान अपतटीय क्षेत्र के व्यापक मूल्यांकन के लिए, डीजीएच ने लगभग 2,81,613 वर्ग किमी के बेसिन क्षेत्र को कवर करते हुए 22,500 एलकेएम 2डी ब्रॉडबैंड भूकंपीय डेटा अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या प्राप्त करने की योजना तैयार की। तदनुसार, भारत सरकार द्वारा गहरे अंडमान अपतटीय सर्वेक्षण शुरू किया गया।

इस परियोजना को मेसर्स ऑयल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से क्रियान्वित किया गया है। गहरे अंडमान अपतटीय क्षेत्र से कुल 22,500 एलकेएम भूकंपीय डाटा प्राप्त किया गया। अक्टूबर 2022 तक अधिग्रहण और प्रसंस्करण पूरा हो गया और पूरे डेटासेट की व्याख्या मार्च 2023 में पूरी हो गई और इस डाटा को एनडीआर पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

iii. नो–गो क्षेत्रों में कमी:

सरकार ने अप्रैल 2022 में 'नो–गो' क्षेत्रों को लगभग 99% तक कम करने में सफलता हासिल की है, जो अब तक ईएंडपी गतिविधियों के लिए उपलब्ध नहीं थे। इससे भारत के ईईजेड का लगभग 1 मिलियन वर्ग किलोमीटर क्षेत्र अन्वेषण के लिए उपलब्ध हो गया है।

iv. विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) सर्वेक्षण (क्रियांवित किया जा रहा है):

भारतीय तलछटी घाटियों के अपतटीय बेसिन क्षेत्रों में ईईजेड तक का लगभग 1.13 मिलियन

वर्ग किलोमीटर क्षेत्र अमूल्यांकित है। देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) तक फैले अपतटीय बेसिन क्षेत्र का संपूर्ण आकलन करने के लिए, लगभग 80,000 एलकेएम (कार्यान्वयन एजेंसी: ओएनजीसी) क्षेत्र को कवर करते हुए 2डी ब्रॉडबैंड भूकंपीय सर्वेक्षण करने के प्रयास किया गया। इसके परिणामस्वरूप, जून 2023 में कुल लगभग 79,540 एलकेएम 2डी भूकंपीय डाटा का अधिग्रहण सफलतापूर्वक पूरा किया गया। 22.07.2023 से 2डी भूकंपीय डाटा प्रसंस्करण और व्याख्या शुरू की गई और यह जून, 2024 में पूरी हो गई।

v. मिशन अनवेशण (आगामी):

भारतीय तलछटी बेसिनों के व्यापक मूल्यांकन के लिए, प्रस्तावित मिशन अनवेशण के तहत 07 ऑनलैंड तलछटीय बेसिनों में क्लोज्ड 2डी भूकंपीय प्रोफाइल की योजना बनाई गई है। इस परियोजना का उद्देश्य बेसिन का व्यापक मुल्यांकन करना और हाइड्रोकार्बन संभाव्यता का पता लगाना है। 07 ऑन–लैंड तलछटी बेसिनों में 20,275 एलकेएम के क्लोज्ड ग्रिड 2डी भूकंपीय एपीआई (अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या) का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

vi. भारत के विस्तारित महाद्वीपीय शेल्फ का मूल्यांकन (आगामी):

ईईजेड सीमा से परे पश्चिमी और पूर्वी ऑफशोर में महाद्वीपीय शेल्फ में कम अंतराल के साथ अच्छी गुणवत्ता वाले उच्च समाधान भूकंपीय डेटा से तलछट की उपस्थिति के बारे में मूल्यवान जानकारी मिल सकती है और इससे महाद्वीपीय शेल्फ क्षेत्र में हाइड्रोकार्बन की क्षमता का पता लगाने में मदद मिल सकती है। ये सभी इनपुट ब्लू अर्थव्यवस्था के संदर्भ में अपतटीय क्षेत्रों में दीर्घकालिक ऊर्जा नीति तैयार करने के लिए उपयोगी होंगे। यह कार्य ईईजेड सीमा से परे एमओईएस द्वारा पूर्वी और पश्चिमी तट में विस्तारित महाद्वीपीय शेल्फ सीमा के दावे का समर्थन करने में मदद करेगा। विस्तारित स्ट्रीमर और उच्च शक्ति वाले भूकंपीय स्रोतों सहित प्रस्तावित भूकंपीय प्रतिबिम्ब प्रोफाइल से उम्मीद है कि वह लक्ष्मी रिज के भीतर क्रस्ट की प्रकृति का निर्धारण करने के लिए सब–बेसमेंट प्रतिबिंबों का विवरण प्रदान करे।

पूर्वी और पश्चिमी अपतटीय क्षेत्र में 30,000 एलकेएम के लिए 2डी भूकंपीय एपीआई का प्रस्ताव है (मात्रा: ओएनजीसी द्वारा पश्चिमी क्षेत्र में 15,500 एलकेएम और ओआईएल द्वारा पूर्वी क्षेत्र में 14,500 एलकेएम)।

2.12.5. प्राकृतिक गैस विपणन सुधार

- सरकार ने अक्टूबर, 2014 में हेनरी हब (यूएसए), अल्बर्टा (कनाडा), एनबीपी (यूके), रूस आदि जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय केंद्रों में प्रचलित कीमतों के आधार पर नए घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देश को मंजूरी दी ताकि उत्पादक और उपभोक्ता दोनों क्षेत्रों की आवश्यकताओं के बीच संतुलन बनाया जा सके। प्राकृतिक गैस की कीमतों का हर छह महीने में संशोधन किया जाता है और एमओपीएनजी के तहत पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण सेल (पीपीएसी) द्वारा अधिसूचित किया जाता है। ये दिशानिर्देश नामांकन क्षेत्रों और एनईएलपी, प्री–एनईएलपी ब्लॉक/क्षेत्रों से उत्पादित प्राकृतिक गैस पर लागू होते हैं, जहां उत्पादन साझाकरण संविदा (पीएससी) के तहत मूल्य निर्धारण सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाता है।
- तदुपरांत, सरकार ने वर्ष 2015 से डीएसएफ, ओएएलपी, सीबीएम व्यवस्थाओं के तहत गैस और 28.02.2019 के बाद सभी व्यवस्थाओं के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) और नई गैस खोजों से उत्पादित गैस के लिए विपणन और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता प्रदान की है।
- उच्च दबाव–उच्च तापमान (एचपी–एचटी) भंडारों तथा गहरे पानी और अति गहरे पानी वाले क्षेत्रों जैसे कठिन क्षेत्रों से गैस उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने 23 मार्च, 2016 को प्राकृतिक गैस के उत्पादन के लिए विपणन सहित मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता प्रदान की, जिसकी मूल्य सीमा पेट्रोलियम नियोजन और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) द्वारा अर्धवार्षिक आधार पर घोषित की जाएगी।
- इसके अलावा, 15.10.2020 की अधिसूचना के माध्यम से 'प्राकृतिक गैस विपणन सुधार' की घोषणा की गई ताकि इलेक्ट्रॉनिक बोली के जरिए पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के जरिए गैस उत्पादकों द्वारा बाजार में बेचे जाने वाले गैस का

बाजार मूल्य पता लगाने के लिए मानक प्रक्रिया निर्धारित की जा सके; सहयोगियों को गैस की बिक्री के लिए बोली प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जा सके और कुछ क्षेत्र विकास योजनाओं (एफडीपी) को विपणन की स्वतंत्रता दी जा सके, जहां उत्पादन साझाकरण संविदा पहले से ही मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं। इसके बाद, 03.12.2020 की अधिसूचना के माध्यम से ई–बोली से घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस के लिए बाजार मूल्य की खोज के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए। ई–बोली लगाने के लिए डीजीएच द्वारा पैनल में शामिल किए गए एजेंसियों को भी अधिसूचित किया गया है।

- इसके अलावा, 19.08.2021 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से मूल्य निर्धारण और विपणन की स्वतंत्रता वाले गैस उत्पादकों को पीएनजीआरबी द्वारा अधिकृत गैस एक्सचेंजों के माध्यम से छोटी मात्रा में गैस (यानी प्रति वर्ष 500 एमएमएससीएम तक) बेचने के लिए अतिरिक्त विकल्प की अनुमति दी गई है।

- गैस सुधारों को गति देने और पर्यावरण को बचाने के लिए, सरकार ने 22.11.2021 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से तेल और गैस कुओं के परीक्षण के दौरान उत्पादित एड–हॉक / टेस्ट गैस के मौद्रीकरण के लिए विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

- 13 जनवरी, 2023 की अधिसूचना के माध्यम से, सरकार ने विपणन और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता के साथ गहरे पानी, अत्यधिक गहरे पानी और उच्च दबाव / उच्च तापमान वाले क्षेत्रों में किए गए खोजों से उत्पादित गैस की बाजार मूल्य और बिक्री तथा पुनर्विक्रय पर स्पष्टीकरण प्रदान किया।

2.12.6. तेल और गैस के लिए उन्नत रिकवरी विधियों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने की नीतिगत रूपरेखा (अक्टूबर 2018)

- सरकार ने रॉयल्टी और उपकर की आंशिक छूट और मौजूदा क्षेत्रों की उत्पादकता में सुधार और घरेलू हाइड्रोकार्बन के समग्र उत्पादन को बढ़ाने के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में राजकोषीय प्रोत्साहन के माध्यम से उन्नत रिकवरी (ईआर) / बेहतर रिकवरी (आईआर) / गैर–उन्मूलन हाइड्रोकार्बन (यूएचसी) उत्पादन विधियों / तकनीकों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत रूपरेखा को मंजूरी दी। नीति के अनुसार, एक उन्नत रिकवरी (ईआर) समिति का गठन किया गया है जो नीतिगत कार्यान्वयन की देखरेख करेगी।

- वर्तमान नीति के अंतर्गत, 200 से अधिक तेल और गैस क्षेत्रों की ईआर क्षमता का प्रारंभिक मूल्यांकन किया गया है। ईआर पायलट चरण की शुरुआत के लिए 19 परियोजनाओं (क्षेत्रवार, ईआर विधिवार) की ईआर स्क्रीनिंग रिपोर्ट को मंजूरी दी गई। इनमें से पांच पायलट परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और ईआर नीति के तहत क्षेत्र(क्षेत्रों) ऑपरेटरों को वाणिज्यिक कार्यान्वयन योजना तैयार / प्रस्तुत करना है। इनमें से दो क्षेत्रों को वाणिज्यिक परियोजनाओं के प्रोत्साहन के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी गई।

2.12.7. कच्चे तेल के विनियमन संबंधी नीति (जून, 2022)

- आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति ने 'घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल की बिक्री को विनियमन मुक्त करने' को मंजूरी दी। इस नीतिगत निर्णय के तहत सरकार 01.10.2022 से कच्चे तेल और कंडेनसेट का आवंटन बंद कर देगी, जिससे सभी नीति व्यवस्थाओं में विपणन की स्वतंत्रता मिलेगी। उत्पादन साझाकरण संविदों (पीएससी) से सरकार, या उसके नामित व्यक्ति, या सरकारी कंपनियों को कच्चा तेल बेचने की शर्त को माफ कर दिया जाएगा और सभी अन्वेषण और उत्पादन ऑपरेटर अपने क्षेत्रों से घरेलू बाजार में कच्चा तेल बेचने के लिए स्वतंत्र होंगे। हालांकि, पहले की तरह कच्चे तेल के निर्यात की अनुमति नहीं होगी। रॉयल्टी, उपकर और संविदात्मक भुगतान आदि जैसे सरकारी राजस्व की गणना बिक्री मूल्य या सरकार द्वारा नामित एजेंसी द्वारा गणना की गई कच्चे तेल की भारतीय बास्केट की कीमत, **जो भी अधिक हो**, के आधार पर तय की जाएगी।

2.12.8. अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन के अन्वेषण और दोहन की नीतिगत रूपरेखा (अगस्त 2018)

यह नीति मौजूदा ठेकेदारों को नीति दस्तावेज में निर्धारित शर्तों के अधीन पीएससी और सीबीएम

संविदों के तहत मौजूदा एकरेज में शेल तेल और गैस तथा सीबीएम सहित अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन की क्षमता को अनलॉक करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रारंभ की गई है। पहले इसकी अनुमति नहीं थी। इस नीति के कारण, पीएससी के तहत 72,027 वर्ग किमी और सीबीएम संविदों के तहत 5,269 वर्ग किमी के क्षेत्र को पारंपरिक अथवा अपारंपरिक हाइड्रोकार्बन के अन्वेषण और दोहन के लिए एक साथ खोल दिया गया है।

2.12.9. डेटा सृजन के माध्यम से संवर्धित संभाव्य बोध

- **राष्ट्रीय आंकड़ा कोष (एनडीआर) का उन्नयन:** एनडीआर देश के भू–वैज्ञानिक डेटाबेस के भंडार के रूप में कार्य करता है और संभावित बोलीदाताओं को ओएएलपी के तहत बोली लगाने के लिए ब्लॉकों का चयन करने में सुविधा प्रदान करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ईएंडपी डाटा की लगातार बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए, एनडीआर को क्लाउड–सक्षम हाइपर–कन्वर्जड इंफ्रास्ट्रक्चर में अपग्रेड किया जा रहा है ताकि सार्थक उपयोग के लिए उद्योग को आसानी से डाटा प्राप्त करने की सुविधा मिल सके।

- **हाइड्रोकार्बन संसाधनों का पुनर्मूल्यांकन:** देश में मौजूद हाइड्रोकार्बन संसाधन क्षमता का अद्यतन आकलन करने के लिए, देश के सभी 26 तलछटीय बेसिनों के लिए हाइड्रोकार्बन संसाधनों का पुनर्मूल्यांकन पूर्व के आकलन के लगभग दो दशक बाद 2017 में पूरा किया गया था। इसके परिणामस्वरूप, संभाव्य पारंपरिक हाइड्रोकार्बन संसाधन की मात्रा अनुमानतः 41.87 बिलियन टन (तेल और गैस के तेल समतुल्य) हो गई है, जो कि पहले के अनुमानित 28.08 बिलियन टन की तुलना में लगभग 49% अधिक है।

- **तेल और गैस के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन को बढ़ाने के लिए अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति में सुधार (28 फरवरी, 2019):** सरकार ने अन्वेषण गतिविधियों को तेज करने, विदेशी और घरेलू निवेश को आकर्षित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के उद्देश्य से 28 फरवरी 2019 को तेल और गैस के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन को बढ़ाने के लिए अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति में सुधार को अधिसूचित किया।

2.12.10. हाइड्रोकार्बन खोजों के शीघ्र मौद्रीकरण के दिशानिर्देश, जून 2020

देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक कदम के रूप में, निर्धारित संविदात्मक समयसीमा के भीतर अर्थात मूल्यांकन, वाणिज्यिकता की घोषणा (डीओसी) और क्षेत्र विकास योजना (एफडीपी) प्रस्तुत करने जैसी अन्य गतिविधियों के पूरा होने से पहले प्रारंभिक चरण में उत्पादन साझाकरण संविदा/राजस्व साझाकरण संविदा के तहत खोज के मौद्रीकरण के लिए दिनांक 23.06.2020 को दिशानिर्देश जारी किए गए थे।

2.13. ईएंडपी में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) को बढ़ाने के लिए किए गए प्रमुख सुधार

- **अनुपालन बोझ को कम करना–** स्व–प्रमाणन के **आधार पर दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए प्रक्रियाओं और पद्धतियों का सरलीकरण:** ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत प्रणाली को पारदर्शी और तेज बनाने के उद्देश्य से, स्व–प्रमाणन के आधार पर दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए प्रक्रियाओं और पद्धतियों के सरलीकरण के लिए 28.02.2020 को दिशानिर्देश जारी किए गए, जिसमें पीएससी संविदा के तहत 3 श्रेणियों में 37 प्रक्रियाओं को लागू किया गया।

- **विवाद समाधान समिति (2019) के संबंध में अधिसूचना:** दिनांक 16.12.2019 की अधिसूचना के माध्यम से प्रतिष्ठित व्यक्तियों/विशेषज्ञों की बाह्य समिति गठित की गई है तथा विवाद समाधान तंत्र की रूपरेखा और संरचना को अंतिम रूप दिया गया है।

- **डीजीएच को शक्तियों का प्रत्यायोजन (2018-2020):** पीएससी के तहत परिचालन को सुव्यवस्थित करने तथा अनुमोदन के अतिरिक्त स्तरों को हटाने के लिए, संविदा प्रबंधन के लिए कुछ को छोड़कर सभी शक्तियां डीजीएच को प्रत्यायोजित की गई हैं।

- उत्पादन साझाकरण संविदा प्रबंधन प्रणाली, पेट्रोलियम अन्वेषण पट्टा/पेट्रोलियम खनन पट्टा डेटा प्रबंधन प्रणाली, उत्पादन डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली, ई–बोली पोर्टल आदि जैसी विभिन्न अनुप्रयोग और प्रणालियां भी शुरू की गई हैं।

- **ईएंडपी रोडमैप दस्तावेज़ का डिजिटलीकरण:** संपूर्ण भारत ईएंडपी पारिस्थितिकी तंत्र के साथ सहयोग के माध्यम से संपूर्ण अपस्ट्रीम मूल्य श्रृंखला में डिजिटलीकरण के अवसरों की पहचान करने और उन्हें सुविधाजनक बनाने के इरादे से, 10 जून, 2021 को सचिव, पीएनजी द्वारा 'ईएंडपी उद्योग के लिए डिजिटलीकरण रोडमैप' जारी किया गया है।

- **प्रदर्शन निगरानी डैशबोर्ड:** विभिन्न प्रमुख ईएंडपी प्रदर्शन संकेतकों की निगरानी के लिए 2019 में एक व्यापक डिजिटल निगरानी डैशबोर्ड बनाया गया था। इसे 2021 में एमओपीएनजी पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है।



सीपीसीएल, चेन्नै





अध्याय 3

पाइपलाइन और प्राकृतिक गैस

3 पाइपलाइन और प्राकृतिक गैस

भारत न केवल चीन और अमरीका के बाद दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है, बल्कि यह सबसे तेजी से बढ़ने वाले ऊर्जा उपभोक्ताओं में से एक भी है। वर्ष 2021 में, देश में प्राथमिक ऊर्जा खपत लगभग 870 मिलियन टन तेल समतुल्य (एमटीओई) था, जो वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान बढ़कर 932 एमटीओई हो गया है और देश के प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की भागीदारी लगभग 6% है। आने वाले वर्षों में देश के प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की भागीदारी को मौजूदा स्तर से बढ़ाकर 15% करने की परिकल्पना की गई है। प्रगति करने के उद्देश्य से, घरेलू गैस उत्पादन को बढ़ाने, तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात को प्रोत्साहित करने और एलएनजी आयात क्षमता को बढ़ाने, राष्ट्रीय गैस ग्रिड के कार्य को सम्पन्न करने और देश भर में नगरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के तीव्र रोलआउट पर बल दिया गया है।

प्राकृतिक गैस की क्षेत्रीय खपत नीचे दी गई है:

	वित्त वर्ष 2023-24		
क्षेत्र	**घरेलू**	**आरएलएनजी**	**कुल**
ऊर्जा क्षेत्र			
विद्युत	6504	2578	9082
सीजीडी	10041	3451	13491
रिफाइनरी	2147	3689	5837
पी / एल सिस्टम के लिए आईसी	1871	52	1924
कृषि (चाय बागान)	142	0	142
औद्योगिक	530	516	1046
विनिर्माण	79	332	412
अन्य / विविध	8885	2053	10938
गैर ऊर्जा क्षेत्र			
उर्वरक	3029	18017	21046
पेट्रोकेमिकल	1115	1552	2667
एलपीजी मिक्केज	977	24	1001
स्पंज आयरन / स्टील	684	493	1177
कुल	36004	32757	68761
कुल योग	**68,761**		

3.1. गैस ग्रिड

गैस पाइपलाइन अवसंरचना के माध्यम से गैस स्रोतों और गैस उपभोक्ता बाजारों का जोड़ा जाना प्राकृतिक गैस के परिवहन का आर्थिक रूप से सबसे व्यवहार्य और सुरक्षित तरीका है। गैस पाइपलाइन व्यावहारिक रूप से गैस बाजार की संरचना और उसके विकास को निर्धारित करता है। इसलिए, देश के सभी प्रांतों में प्राकृतिक गैस की पर्याप्त उपलब्धता और समान वितरण सुनिश्चित करने हेतु परस्पर जुड़े हुए राष्ट्रीय गैस ग्रिड की परिकल्पना की गई है। मार्च, 2024 तक, देश में लगभग 24,881 किलोमीटर लंबा गैस पाइपलाइन नेटवर्क परिचालन में है और लगभग 10,404 किलोमीटर के पाइपलाइन का निर्माण विभिन्न चरणों में है। गैस ग्रिड को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

देश के पूर्वी भाग में गैस पाइपलाइन नेटवर्क विकसित करने के लिए, आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने जगदीशपुर–हल्दिया और बोकारो–धामरा पाइपलाइन परियोजना के विकास के लिए गेल को 12,940 करोड़ रुपये के अनुमानित पूंजी लागत का 40 प्रतिशत (5,176 करोड़ रुपये) आंशिक पूंजी अनुदान देने की मंजूरी दे दी है। इस परियोजना ने देश के पूर्वी भाग को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ दिया है और इससे उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्यों के औद्योगिक, वाणिज्यिक, घरेलू और परिवहन क्षेत्रों को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल ईंधन यानी प्राकृतिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। ये पाइपलाइन परियोजनाएं गोरखपुर, बरौनी और सिंदरी नामक 3 उर्वरक संयंत्रों के पुनरुद्धार में समर्थन देते है जो इन पाइपलाइन परियोजनाओं के मार्ग में आते हैं। जेएचबीडीपीएल (प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना) के आरंभ के बाद उत्तर पूर्वी भाग को एनजीजी से जोड़ना अधिक व्यवहार्य हो गया है। इस पाइपलाइन को बरौनी से गुवाहाटी (सिलीगुड़ी और बोंगाईगांव के माध्यम से) तक विस्तारित किया गया है, जो उत्तर पूर्व क्षेत्र (एनईआर) को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ने के लिए जगदीशपुर हल्दिया और बोकारो धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) का एक अभिन्न अंग है।

729 किलोमीटर का बरौनी–गुवाहाटी पाइपलाइन तीन राज्यों अर्थात् बिहार, पश्चिम बंगाल और असम से गुजरती

है। कुल 3,384 किलोमीटर पाइपलाइन यानी जगदीशपुर–हल्दिया और बोकारो–धामरा और बरौनी–गुवाहाटी को 15,520 करोड़ रुपये के कुल अनुमानित निवेश के साथ निष्पादित किया गया है। इसके अलावा, जेएचबीडीपीएल परियोजना के विस्तार के रूप में धामरा–हल्दिया पाइपलाइन खंड के 253 किलोमीटर को भी गेल को प्राधिकृत किया गया है। पाइपलाइन को जोड़ दिया गया है और 4 उर्वरक संयंत्रों अर्थात् एचयूआरएल गोरखपुर, बरौनी, सिंदरी और मैटिक्स फर्टिलाइजर को गैस की आपूर्ति की जानी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों में पाइपलाइनों के मार्ग में आने वाले वाराणसी, पटना, रांची, जमशेदपुर नगर गैस वितरण और अन्य सीजीडी को भी कनेक्टिविटी प्रदान की गई है। इसके अलावा, 326 किमी का काम यांत्रिक रूप से पूरा हो चुका है और इनकी संस्थापना की जा रही है। दिसंबर 2023 की स्थिति के अनुसार, एकीकृत जेएचबीडीपीएल के लिए लगभग 2,952 किलोमीटर पाइपलाइन क्रियान्वित हो गई है।

तेल और गैस सीपीएसई यथा गेल, आईओसीएल, ओआईएल, ओएनजीसी और एनआरएल के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी बनाने के लिए 03.02.2018 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे जो सिक्किम सहित सभी पूर्वोत्तर राज्य की राजधानियों को जोड़ने वाली पाइपलाइन बिछाएगी। तदनुसार, "इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड" (आईजीजीएल) जो एक संयुक्त उद्यम कंपनी है 10.08.2018 को संघटित किया गया है। यह संयुक्त उद्यम कंपनी चरणबद्ध तरीके से सभी पूर्वोत्तर राज्यों अर्थात असम, सिक्किम, मिजोरम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय में ट्रंक पाइपलाइन कनेक्टिविटी विकसित कर रही है। पीएनजीआरबी ने 17.11.2020 को पूर्वोत्तर गैस पाइपलाइन ग्रिड (एनईजीजी) के विकास के लिए आईजीजीएल को अंतिम प्राधिकार जारी किया। यह परियोजना नगरी गैस परियोजनाओं को विकसित करने में भी मदद करेगी, जिससे पूर्वोत्तर राज्यों के प्रमुख नगरों में घरों में स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन और औद्योगिक, वाणिज्यिक और परिवहन क्षेत्रों को पर्यावरण अनुकूल ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। सीसीईए ने परियोजना की व्यवहार्यता में सुधार के लिए 5,559 करोड़ रुपये के पूंजी अनुदान (परियोजना लागत का 60%) को मंजूरी दी है। इसके अलावा, 1,656 किलोमीटर एनईजीजी में से लगभग 847 किलोमीटर की लोअरिंग मार्च 2024 तक पूरी हो चुकी है।

दक्षिणी क्षेत्र में, दिसंबर 2023 तक, तमिलनाडु राज्य में शेष ~462 किलोमीटर लंबी कोच्चि–कूटनद–बेंगलोर –मंगलौर (केकेबीएमपीएल) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के निर्माण का कार्य चल रहा है।

आईओसीएल तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र में प्रमुख ग्राहकों और नगरी गैस वितरकों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए 35 एमएमएससीएनडी क्षमता की 1,440 किलोमीटर (आर–एलएनजी) पाइपलाइन बिछा रही है। इस परियोजना का उद्देश्य भारत सरकार के गैस आधारित अर्थव्यवस्था बनने के दृष्टिकोण के अनुरूप दक्षिणी भारत के कुछ हिस्सों में राष्ट्रीय गैस ग्रिड स्थापित करना है। दिसंबर 2023 तक लगभग 1,080 किलोमीटर पाइपलाइन चालू हो चुके है।

इसके अलावा, संबंधित पाइपलाइन की स्परलाइन निर्माणाधीन हैं और इससे क्षेत्र में औद्योगिक विकास को उत्प्रेरित करने में मदद मिलेगी। यह पाइपलाइन वर्तमान में चेन्नई और तिरुवल्लूर जिलों और कांचीपुरम जिले के भौगोलिक क्षेत्रों को गैस की आपूर्ति कर रही है। इसके अलावा, आईओसीएल संबंधित अधिकृत सीजीडी संस्थाओं के साथ समझौतों के आधार पर इस पाइपलाइन के मार्ग में आने वाले 9 और भौगोलिक क्षेत्रों को गैस की आपूर्ति करेगी। घरेलू, वाणिज्यिक और परिवहन क्षेत्र के ग्राहकों को स्वच्छ और हरित ईंधन की आपूर्ति न सिर्फ पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा बल्कि ईज ऑफ डूइंग और जीवनयापन में सुधार भी लाएगा।

पीएनजीआरबी ने 12.07.2023 को गेल इंडिया लिमिटेड को गुरदासपुर से जम्मू तक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए प्राधिकृत किया है। श्रीनगर क्षेत्र की मांग को पूरा करने के लिए, पीएनजीआरबी ने गेल की गुरदासपुर जम्मू प्राकृतिक गैस पाइपलाइन से जम्मू से श्रीनगर तक 325 किलोमीटर लंबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए बोलियां आमंत्रित की है। इसके अतिरिक्त, पीएनजीआरबी ने एन्नोर, तमिलनाडु से बार्शी, महाराष्ट्र तक 875 किलोमीटर लंबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए भी बोलियां आमंत्रित की है। यह पाइपलाइन एन्नोर एलएनजी टर्मिनल से निकलेगी और बार्शी में ईस्टवेस्ट पाइपलाइन से जुड़ेगी, जिससे देश के प्रमुख इंटरकनेक्टिंग पाइपलाइनों तक प्राकृतिक गैस का भविष्य में परिवहन भी संभव होगा।

3.2. देश में पुनर्गैसीकरण अवसंरचना

देश ने वर्ष 2004 में दाहेज (गुजरात) में स्थित अपने पहले पुनर्गैसीकरण एलएनजी (आरएलएनजी) टर्मिनल की स्थापना के साथ साथ तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का प्रथम आयात आरंभ किया। एलएनजी का आयात ओपन जनरल लाइसेंस (ओजीएल) मद के रूप में किया जा रहा है। आयातित आरएलएनजी की आपूर्ति

सपूर्ण देशभर में आपूर्तिकर्ताओं और क्रेताओं के बीच संविदात्मक समझौते के अनुसार बाजार निर्धारित कीमतों पर की जा रही है। एक अवसंरचना परियोजना के रूप में एलएनजी टर्मिनलों की स्थापना की अनुमति है और यह 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की पात्र है।

वर्तमान स्थिति के अनुसार, देश में लगभग 47.7 एमएमटीपीए (~172 एमएमएससीएमडी) की क्षमता सहित सात (7) प्रचालित एलएनजी पुनर्गैसीकरण टर्मिनल स्थापित हैं। टर्मिनल–वार विवरण निम्नानुसार है:

स्थान	मालिक और ऑपरेटर	क्षमता (एमएमटीपीए)
दाहेज (गुजरात)	पीएलएल	17.5
हजीरा (गुजरात)	शेल	5.2
कोच्चि (केरल)	पीएलएल	5
धबोल (महाराष्ट्र)	गेल (केएलपीएल)	5.0
मुंद्रा (गुजरात)	जीएसपीसी एलएनजी लि.	5
धमरा (ओडिशा)	अडानी एलएनजी प्रा.लि.	5
एन्नोर (तमिलनाडु)	आईओसीएल	5
कुल क्षमता (एमएमटीपीए)		**47.7**

उपरोक्त के अलावा, निम्नलिखित एलएनजी टर्मिनल निर्माणाधीन हैं:

स्थान	मालिक और ऑपरेटर	क्षमता (एमएमटीपीए)
दाहेज विस्तार (गुजरात)	पीएलएल	5
गोपालपुर (ओडिशा)	पीएलएल	4
जाफराबाग (गुजरात)	स्वान एनर्जी	5
छारा (गुजरात)	एचपीएलएनजी	5
कुल क्षमता (एमएमटीपीए)		**19**

3.3. नगर गैस वितरण (सीजीडी)

सीजीडी नेटवर्क को भौगोलिक क्षेत्रों में ट्रंक गैस पाइपलाइन कनेक्टिविटी अथवा गैस स्रोतों और तकनीकी–वाणिज्यिक व्यवहार्यता की उपलब्धता के आधार पर विकसित किया जा रहा है।

सीजीडी नेटवर्क देश के घरों तक पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के रूप में पर्यावरण अनुकूल खाना पकाने के ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित करता है, साथ ही संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) के रूप में परिवहन क्षेत्र को स्वच्छ ईंधन भी उपलब्ध कराता है। परिवहन क्षेत्र में सीएनजी के उपयोग से नगरी क्षेत्रों में वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलती है और इससे वायु की गुणवत्ता में सुधार होता है।

- मई 2014 तक, देश के विभिन्न भागों के 53 जिलों (आंशिक / पूर्ण) में फैले लगभग 33 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) तक सीजीडी नेटवर्क उपलब्ध थे।
- वर्ष 2014–18 (मई 2018 तक) के दौरान, 113 जिलों (आंशिक / पूर्ण) में फैले 92 भौगोलिक क्षेत्रों को सीजीडी नेटवर्क का विकास करके कवर किया गया था।
- वर्ष 2019 में 9वें और 10वें सीजीडी बोली राउंड के सफल समापन के साथ, सीजीडी नेटवर्क का कवरेज 298 जिलों (आंशिक / पूर्ण) को कवर करते हुए अतिरिक्त 136 भौगोलिक क्षेत्रों तक बढ़ा दिया गया था।
- वर्ष 2022 में, पीएनजीआरबी ने 11वें और 11ए सीजीडी बोली राउंड पूरा किया और 67 अतिरिक्त भौगोलिक क्षेत्रों को अधिकृत किया। इस राउंड के पूरा होने के साथ, सीजीडी नेटवर्क का संभावित कवरेज भारत के 88% क्षेत्र में फैली देश की लगभग 98% आबादी तक फैल गई है।
- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने 12वें और 12ए सीजीडी बोली राउंड के तहत 103 जिलों जो अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम और 2 संघ राज्य क्षेत्र– जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में फैले हैं, को कवर करने वाले सफल बोलीदाताओं को अंतिम रूप दिया है। तदनुसार, 04.03.2024 को 7 भौगोलिक क्षेत्रों के लिए सफल बोलीदाताओं को आशय पत्र जारी किए गए हैं। इसके अलावा, सीजीडी प्राधिकरण विनियमों के अनुसार पीएनजीआरबी द्वारा संबंधित संस्थाओं से अपेक्षित प्रदर्शन बैंक गारंटी प्राप्त होने के बाद सफल बोलीदाताओं को प्राधिकरण प्रदान किया जाएगा।
- 12 / 12ए सीजीडी बोली राउंड के पूरा होने के बाद, पीएनजीआरबी ने 2032 तक देश भर में 18,336 सीएनजी स्टेशन और लगभग 12.63 करोड़ पीएनजी कनेक्शन स्थापित करने के एमडब्ल्यूपी का लक्ष्य के साथ सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए 34 राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों के लगभग 733 जिलों में फैले देश के लगभग 100% मुख्य भूमि क्षेत्र और लगभग 100% भौगोलिक क्षेत्र को कवर करने वाले 307 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) को अधिकृत किया है।
- घरेलू परिवारों तक पीएनजी की आपूर्ति 25.4 लाख (मई 2014) के स्तर से बढ़कर 129.22 लाख (मार्च

2024 तक) हो गई है। कुल 6,861 सीएनजी स्टेशन (31.03.2024 की स्थिति के अनुसार) देश भर में लगभग 55 लाख सीएनजी वाहनों को स्वच्छ और किफायती परिवहन ईंधन उपलब्ध करा रहे हैं।

नगरी गैस नेटवर्क के विस्तार को बढ़ावा देने और नगरों में प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ाने के लिए, सरकार ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

i. घरेलू गैस, जो आयातित गैस की तुलना में सस्ती है, को सीजीडी क्षेत्र के पीएनजी (डी) और सीएनजी (टी) खंडों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आवंटित किया गया है और इसे नो कट श्रेणी में रखा गया है।

ii. श्रम और रोजगार मंत्रालय (एमओएलई) द्वारा सीजीडी परियोजनाओं को सार्वजनिक उपयोगिता का दर्जा दिया गया।

iii. रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने अपने आवासीय क्षेत्रों/यूनिट लाइनों में पीएनजी के उपयोग के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

iv. लोक उद्यम विभाग (डीपीई) ने सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) को दिशा–निर्देश जारी किए हैं कि वे अपने संबंधित आवासीय परिसरों में पीएनजी का प्रावधान रखें।

v. आवासन और नगरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने राज्य सरकारों को निम्नलिखित पहलुओं पर परामर्शी जारी की है:

क. स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार समयबद्ध अनुमति के साथ–साथ सड़क बहाली/अनुमति शुल्क को मानकीकृत करना।

ख. नगर/कस्बों के नियोजन चरण में सीएनजी स्टेशनों के विकास के लिए भूमि भूखंड का निर्धारण और संशोधित मास्टर प्लान में इसे निर्दिष्ट किया जाना चाहिए।


ग. वास्तुशिल्प डिजाइन चरण में आवासीय और वाणिज्यिक भवनों में गैस पाइपलाइन की अवसंरचना प्रदान करने के लिए भवन उप–नियमों में प्रासंगिक संशोधन करना।

vi. इसके अलावा, एमओएचयूए ने सीपीडब्ल्यूडी और एनबीसीसी को सभी सरकारी आवासीय परिसरों में पीएनजी का प्रावधान रखने का निर्देश दिया है।


vii. डीआईपीपी ने मौजूदा ओएमसी रोस में सीएनजी डिस्पेंसिंग सुविधाएं स्थापित करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए संशोधित नियम 2018 को अधिसूचित किया है।

viii. सरकार ने ओएनजीसी/ओआईएल के नामांकन क्षेत्रों, नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) ब्लॉकों और प्री–एनईएलपी ब्लॉकों से उत्पादित गैस के लिए दिनांक 07.04.2023 के राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से संशोधित घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों को मंजूरी दे दी है, जहां उत्पादन साझाकरण संविदा (पीएससी) के माध्यम से कीमतों पर सरकार की मंजूरी प्रदान की जाती है।





बीपीसीएल मुंबई रिफाइनरी


अध्याय
4
रिफाइनरी

4 रिफाइनरी

4.1. भारतीय रिफाइनिंग उद्योग ने वैश्विक स्तर पर स्वयं को एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। भारत एक रिफाइनरी हब के रूप में उभर रहा है और रिफाइनिंग क्षमता मांग से अधिक है। देश की रिफाइनिंग क्षमता 1998 में 62.0 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) से बढ़कर 01.04.2024 तक 256.82 एमएमटीपीए हो गई है, जिसमें 23 रिफाइनरियाँ शामिल हैं– 19 सार्वजनिक क्षेत्र के तहत, 3 निजी क्षेत्र के तहत और 1 संयुक्त उद्यम (जेवी) में है।

रिफाइनरियों का क्षमता–वार विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	रिफाइनरी का स्थान/ स्थापना का वर्ष	कंपनी का नाम	निर्दिष्ट क्षमता (एमएमटीपीए)
1	डिगबोई–1901#	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	0.650
2	गुवाहाटी–1962		1.200
3	बरौनी–1964		6.000
4	कोयली–1965		13.700
5	बोंगाईगांव–1974		2.700
6	हल्दिया–1975		8.000
7	मथुरा–1982		8.000
8	पानीपत–1998		15.000
9	पारादीप–2016		15.000
10	मनाली–1965	चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	10.500
11	नागपट्टिनम–1993@		0
	कुल आईओसीएल समूह		**80.750**
12	मुंबई–1954	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	9.500
13	विशाखापत्तनम–1957		13.700
	कुल एचपीसीएल		**23.200**
14	मुंबई–1955	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	12.000
15	कोच्चि–1963		15.500
16	बीना–2011		7.800
	कुल बीपीसीएल		**35.300**
17	नुमालीगढ़–2000	नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड	3.000
18	मैंगलोर–1996	मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड	15.000
19	टाटिपाका, एपी–2001	तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड	0.066
	उप–कुल पीएसयू		**157.300**
20	जामनगर, आरआईएल डीटीए, 1999	रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड	33.000
21	जामनगर आरआईएल एसईजेड, 2008	रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड	35.200
22	वाडिनार, 2006	नायरा एनर्जी	20.000
	उप–कुल निजी क्षेत्र		**88.200**
23	भटिंडा, एचएमईएल, 2012	एचपीसीएल मित्तल एनर्जी लिमिटेड	11.300
	उप–कुल संयुक्त उद्यम		**11.300**
	कुल		**256.816**


रिफाइनरी की स्थापना 1901 में डिगबोई में असम तेल कंपनी लिमिटेड द्वारा की गई थी और समयोपरांत इस रिफाइनरी का अधिग्रहण आईओसीएल द्वारा दिनांक 14.10.1981 को कर लिया गया।

@नागपट्टिनम की 1.0 एमएमटीपीए की कावेरी बेसिन रिफाइनरी (सीबीआर) का प्रचालन दिनांक 1.4.2019 से 9 एमएमटीपीए क्षमता की नई रिफाइनरी की परियोजना गतिविधियों को संपन्न करने के लिए बाधाओं के कारण स्थगित कर दिया गया है।

4.1.1 रिफाइनिंग क्षमता न केवल घरेलू खपत के लिए पर्याप्त है, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात के लिए भी अधिशेष है। 2001–02 से, भारत पेट्रोलियम उत्पादों का शुद्ध निर्यातक बन गया है। वित्त वर्ष 2023–2024 के दौरान, देश ने 47.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर (अनंतिम) मूल्य के 62.4 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) (अनंतिम) पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया है।

4.2. वर्षों के दौरान रिफाइनिंग क्षमता वृद्धि

4.2.1. वर्षों के दौरान रिफाइनिंग क्षमता में वृद्धि का चित्रमय प्रस्तुतिकरण ग्राफ में दर्शाया गया है।



संबंधित वर्षों की 1 अप्रैल तक

4.3. ग्रीन फील्ड रिफाइनरी और मौजूदा रिफाइनरियों का विस्तार

ग्रीन फील्ड रिफाइनरी

क्र.स.	कंपनी का नाम	रिफाइनरी का स्थान	अभिलक्षित वर्ष	क्षमता, एमएमटीपीए
1	एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल)	बाड़मेर, राजस्थान	2025-26	9.0

मौजूदा रिफाइनरियों का विस्तार

वर्ष 2025–26 तक योजनाबद्ध क्षमता विस्तार निम्नानुसार है:

क्र. स.	कंपनी का नाम	रिफाइनरी का स्थान	अभिलक्षित वर्ष	क्षमता में वृद्धि, एमएमटीपीए
1	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	बीना, मध्य प्रदेश	2027-28	3.2
2	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	मुंबई, महाराष्ट्र	2025-26	4.0
3	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	कोच्चि, केरल	2026-27	2.5
4	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	डिगबोई, असम	2025-26	0.35
5	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	कोयली, गुजरात	2025-26	4.3
6	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	बरौनी, बिहार	2024-25	3.0
7	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	पानीपत, हरियाणा	2025-26	10.0
8	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)	विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश	2024-25	1.3
9	नुमालीगढ़ रिफाइनरीज लिमिटेड (एनआरएल)	नुमालीगढ़, असम	2025-26	6.0

4.3. रिफाइनरी के प्रदर्शन सुधार

4.4.1. भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियाँ आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित हैं और उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रवृत्ति के अनुरूप और आवश्यकता के अनुसार प्रौद्योगिकियों को निरंतर उन्नत किया है। भारतीय रिफाइनरियों द्वारा विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों के माध्यम से ऊर्जा खपत को कम करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

उच्च प्रौद्योगिकी केन्द्र (सीएचटी) द्वारा 2010, 2012, 2014, 2016, 2018, 2020 और 2022 के निरंतर चक्रों के लिए मेसर्स सोलोमन एसोसिएट्स के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियों के प्रदर्शन बेंचमार्किंग का अध्ययन किया गया है।

आधुनिक तकनीकों को अपनाने के माध्यम से पीएसयू रिफाइनरियों द्वारा उत्तरोत्र रूप से डिस्टिलेट प्राप्ति और पेट्रोल/डीजल की गुणवत्ता में सुधार किया गया है। डिस्टिलेट प्राप्ति के मानकीकरण के लिए, सभी भारतीय रिफाइनरियों ने 2020–21 से सीएचटी द्वारा विकसित एक मानक डिस्टिलेट प्राप्ति पद्धति को अपनाया है।

पीएसयू रिफाइनरियों की औसत डिस्टिलेट प्राप्ति (कच्चे तेल पर भारिता:) वर्ष 2005–06 में 73.3% से बढ़कर वित्त वर्ष 2023–24 में 78.5% हो गई है। इसी प्रकार से, ऊर्जा संरक्षण उपायों द्वारा उद्योग की विशिष्ट ऊर्जा खपत (एमबीएन) कोकम करने में सहायता प्रदान की है जिसे एमबीटीयू/बीबीएल/एनआरजीएफ के संदर्भ में वर्ष 2005–06 से 2023–24 की अवधि के दौरान लगभग 30% तक मापा गया है। चूंकि ईंधन और घाटा रिफाइनरी की जटिलता के साथ–साथ भिन्न होते रहते हैं, जटिलता के साथ ईंधन और घाटा को अभिग्रहित करने के लिए सीएचटी द्वारा एमबीएन पद्धति विकसित की गई थी। सलाहकारों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर तकनीकी प्रवृत्तियों को प्रतिबिंबित करने के लिए एमबीएन पद्धति को नया रूप दिया गया था और वर्ष 2015–16 से रिपोर्टिंग को नए एमबीएन में परिवर्तित कर दिया गया है।



2020–21 से मानकीकरण के लिए सीएचटी की डिस्टिलेट पद्धति को अपनाया गया है।



*बीईई द्वारा सत्यापन के तहत वर्ष 2022–23 के एमबीएन आंकड़े

एसईसी या एमबीएन के रूप में विशिष्ट ऊर्जा खपत; एमबीएन = एमबीटीयू/बीबी/एनआरजीएफ; एमबीटीयू: रिफाइनरी में शुद्ध ऊर्जा और घाटा (हजार ब्रिटिश थर्मल यूनिट);

2015–16 से, मानकीकरण के लिए नई एमबीएन पद्धति को अपनाया गया

4.5. ऑटो ईंधन गुणवत्ता उन्नयन

देश भर में बीएस–IV गुणवत्ता युक्त ईंधन की आपूर्ति दिनांक 01.04.2017 तक चरणों में संपन्न की गई। सरकार द्वार दिनांक 01.01.2019 से देश में बीएस–IV से सीधे बीएस–VI उत्सर्जन मानदंडों पर जाने का निर्णय लिया गया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचना सं. जीएसआर 889(ई) दिनांक 16.09.2016 के तहत बीएस–VI ईंधन के लिए उत्सर्जन मानकों को अधिसूचित किया गया। दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, सरकार द्वारा दिनांक 01.04.2018 से एनसीटी दिल्ली में, तत्पश्चात 1 अप्रैल, 2019 से एनसीआर के प्रमुख भागों में बीएस–VI लागू कर दिया गया। बीएस–VI गुणवत्ता युक्त ईंधन की राष्ट्रव्यापी आपूर्ति दिनांक 1 अप्रैल, 2020 से आरंभ की गई।



4.5. रिफाइनरी का संक्षिप्त विवरण

सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियां

आईओसीएल रिफाइनरियां

4.6.1. दिगबोई रिफाइनरी (असम)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

डिगबोई रिफाइनरी को वर्ष 1901 में बर्मा ऑयल कंपनी लिमिटेड (तत्पश्चात असम ऑयल कंपनी लिमिटेड) द्वारा कमीशन किया गया था। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा दिनांक 14.10.1981 से असम ऑयल कंपनी लिमिटेड की रिफाइनरी और मार्केटिंग प्रबंधन का अधिग्रहण कर लिया और एक पृथक डिवीजन बनाया गया। इस प्रभाग रिफाइनरी और मार्केटिंग दोनों कार्य निहित थे। डिगबोई रिफाइनरी दुनिया की सबसे पुरानी ऑपरेटिंग रिफाइनरी है और प्रीमियम ग्रेड पैराफिन वैक्स और माइक्रो–क्रिस्टलीय वैक्स का उत्पादन करती है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 0.65 एमएमटीपीए है। 2021–22 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 109.92% था।

4.6.2. गुवाहाटी रिफाइनरी (असम)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

गुवाहाटी रिफाइनरी को 0.75 एमएमटीपीए की डिजाइन क्षमता के साथ जनवरी, 1962 चालू किया गया था। रिफाइनरी की स्थापना रोमानिया के सहयोग से की गई थी। गुवाहाटी रिफाइनरी सार्वजनिक क्षेत्र की पहली रिफाइनरी थी। यह 2003 में भारी सिरों को एलपीजी, मोटर स्पिरिट और डीजल तेल में अपग्रेड करने के लिए आईओसीएल आर एंड डी सेंटर द्वारा विकसित एक नई तकनीक 'इंडमैक्स यूनिट' स्थापित करती पहली रिफाइनरी थी। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 1.02 एमएमटीपीए है। वर्ष 2023–24में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 83.33% था।

4.6.3. बरौनी रिफाइनरी (बिहार) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

बरौनी रिफाइनरी जुलाई 1964 में चालू की गई थी। रिफाइनरी की स्थापना तत्कालीन सोवियत संघ के सहयोग से की गई थी। रिफाइनरी, जिसे मूल रूप से स्वदेशी असम क्रूड के प्रसंस्करण के लिए डिज़ाइन किया गया था, का तत्पश्चात पुनरुद्धार और विस्तारित किया गया था और अब यह आयातित क्रूड के प्रसंस्करण में सक्षम है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 6.00 एमएमटीपीए है। रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग वर्ष 2023–24 में 110.33% था।

4.6.4. कोयली रिफाइनरी (गुजरात)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

कोयाली रिफाइनरी अक्टूबर, 1965 में चालू की गई थी। रिफाइनरी की स्थापना पूर्व सोवियत संघ के सहयोग से की गई थी। कोयली रिफाइनरी द्वारा कच्चे तेल के भारी सिरों को उच्च मूल्य युक्ती बेहतर गुणवत्ता वाले मिटटी तेल/एटीएफ और डीजल में परिवर्तित करने के लिए देश की प्रथम हाइड्रोक्रैकर इकाई आरंभ की गई। इसमें विश्व की सबसे बड़ी सिंगल ट्रेन लीनियर अल्काइल बेंजीन (एलएबी) संयंत्र भी स्थापित है, जिसने पेट्रोकेमिकल्स में इंडियन ऑयल के प्रवेश को चिह्नित किया है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 13.70 एमएमटीपीए है। वर्ष 2023–24 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 110.94% था।

4.6.5 बोंगाईगांव रिफाइनरी (असम)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

बोंगाईगांव रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (बीआरपीएल) को दिनांक 20 फरवरी 1974 को केंद्र सरकार की पूर्ण स्वामित्वाधीन कंपनी के रूप में शामिल किया गया था। मार्च 2001 में बीआरपीएल, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सहायक कंपनी बन गई। बीआरपीएल को दिनांक 25 मार्च, 2009 से धारक कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ मिला दिया गया था। बीआरपीएल जो मूल रूप से असम क्रूड का प्रसंस्करण कार्य कर रहा था, अब आयातित क्रूड को संसाधित करने में सक्षम हो गया है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता को वर्ष 2020–21 में 2.35 से बढ़ाकर 2.70 एमएमटीपीए कर दिया गया है। वर्ष 2023–24 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 111.48% रहा था।

4.6.6. हल्दिया रिफाइनरी (पश्चिम बंगाल)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

हल्दिया रिफाइनरी इंडियन ऑयल की चौथी रिफाइनरी है और इसे जनवरी, 1975 में संस्थापित किया गया था। यह एक तटीय रिफाइनरी है और हुगली और हल्दिया नदी के संगम के पास, पश्चिम बंगाल के पूरब मेदिनीपुर जिले में कोलकाता से 136 किलोमीटर दूर स्थित है।

यह इंडियन ऑयल ग्रुप कंपनियों की दो रिफाइनरियों में से एक है जो ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक्स (एलओबीएस) का उत्पादन करती है, इसके अलावा यह जूट बैचिंग ऑयल (जेबीओ) का एकमात्र उत्पादक भी है।

प्रारंभ में इसे 2.5 एमएमटीपीए कच्चे तेल के प्रसंस्करण की क्षमता के साथ स्थापित किया गया था, 1989–90 में रिफाइनरी की क्षमता डी–बॉटलनेकिंग के माध्यम से 2.75 एमएमटीपीए तक बढ़ा दी गई थी, और

1.0 एमएमटीपीएक्षमता के दूसरे सीडीयू की स्थापना/कमीशनिंग के साथ वर्ष 1997 में इसे 3.75 एमएमटूपीएतक बढ़ा दिया गया था। इसके बाद रिफाइनरी की क्षमता 7.5 एमएमटीपीए तक बढ़ा दी गई है। वर्ष 2020 में सीडीयू–1 के पुनरुद्धार (सीडीयू–1 का 3.4 एमएमटीपीए से 3.9 एमएमटीपीए में पुनरुद्धार) के बाद इसकी वर्तमान क्षमता 8.0 एमएमटीपीए हो गई है। वर्ष 2023–24 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 100.75% था।

4.6.7. मथुरा रिफाइनरी (उत्तर प्रदेश)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

मथुरा रिफाइनरी को जनवरी 1982 में चालू किया गया था। रिफाइनरी की प्राथमिक इकाइयों को तत्कालीन सोवियत संघ द्वारा डिजाइन किया गया था। यह विस्तृत पर्यावरण निगरानी प्रणाली और पारिस्थितिक पार्क से सुसज्जित भारत की पहली ग्रीन रिफाइनरी है। इस रिफाइनरी द्वारा एसओ2 उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए प्राकृतिक गैस का भी उपयोग किया जाता है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 8.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2023–24 में रिफाइनरी की 114.87% क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग हुआ था।

4.6.8. पानीपत रिफाइनरी (हरियाणा)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

पानीपत रिफाइनरी को 1998 में चालू किया गया था । पानीपत रिफाइनरी सार्वजनिक क्षेत्र में पहली आधुनिक एकीकृत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स है। यह देश का सबसे बड़ा शुद्ध टेरेफथेलिक एसिड (पीटीए) संयंत्र है। पानीपत नेफ्था क्रैकर यूनिट, मोनो एथिलीन ग्लाइकॉल (एमईजी) यूनिट, पॉली प्रोपलीन (पीपी) यूनिट, लीनियर लो–डेंसिटी पॉली एथिलीन (एलएलडीपीई) और हाई डेंसिटी पॉली एथिलीन (एचडीपीई) यूनिट आदि की कमीशनिंग से इंडियन ऑयल की प्लास्टिक उद्योग में प्रवेश की शुरुआत हुई थी।

रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 15.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2023–24में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 95.33% था।

4.6.9 पारादीप रिफाइनरी (ओडिशा)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

पारादीप रिफाइनरी को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा दिनांक 07.02.2016 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था। पारादीप रिफाइनरी इंडियन ऑयल की अब तक की सबसे प्रतिष्ठित और पूंजी–गहन परियोजना है और यह पारादीप, ओडिशा में स्थित आईओसीएल के समूह की 11वीं रिफाइनरी है। यह रिफाइनरी सहायक उद्योगों के तत्काल संभावित विकास के माध्यम से क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए एक आर्थिक प्रोत्साहन के रूप में कार्य करेगी।

यह रिफाइनरी दुनिया भर के विभिन्न प्रौद्योगिकी लाइसेंसधारियों की अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त सबसे आधुनिक रिफाइनरी है। रिफाइनरी को 10.8 के समग्र नेल्सन जटिलता कारक के साथ 15.0 एमएमटीपीए कच्चे तेल को संसाधित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था, जो इसे एलपीजी, मोटर स्पिरिट (पेट्रोल) और बीएस–VI गुणवत्ता वाले डीजल, केरोसिन, एविएशन टर्बाइन ईंधन, प्रोपलीन, सल्फर और पेट्रोलियम कोक जैसे विभिन्न पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन करने के लिए 100% उच्च सल्फर और भारी कच्चे तेल को संसाधित करने में सक्षम बनाता है। रिफाइनरी प्रीमियम गुणवत्ता वाली मोटर स्पिरिट और विभिन्न देशों को निर्यात के लिए अन्य हरित ऑटो ईंधन वेरिएंटका भी उत्पादन कर रही है।

रिफाइनरी से घरेलू बाजार और आंशिक रूप से दक्षिण–पूर्व एशियाई निर्यात बाज़ार की ऊर्जा माँगों को पूरा करने योग्य उत्पादन हो रहाहै। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 15.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2023–24 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 101.4% था।

एचपीसीएल रिफ़ाइनरीज़

4.6.10. मुंबई रिफाइनरी (महाराष्ट्र) हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)

मुंबई रिफाइनरी को पहली बार वर्ष 1952 में स्टैंडर्ड वैक्यूम रिफाइनिंग कंपनी ऑफ इंडिया (स्टैन वैक) के रूप में शामिल किया गया था, जिसे वर्ष 1954 में कमीशन किया गया था। वर्ष 1962 में सटैन वैक को एस्सो इंडिया लिमिटेड नाम दिया गया था। वर्ष 1969 में, ल्यूब इंडिया लिमिटेड, ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक (एलओबीएस) के निर्माण के लिए अस्तित्व में आई। दिनांक 15 जुलाई, 1974 को इएसएसओ और ल्यूब इंडिया लिमिटेड के उपक्रमों का राष्ट्रीयकरण किया गया और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) बनाने के लिए इनका विलय कर दिया गया। एचपीसीएल–मुंबई रिफाइनरी एचपीसीएल की एकमात्र रिफाइनरी है जो ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक का उत्पादन करती है। रिफाइनरी फूड ग्रेड हेक्सेन, रबर प्रोसेसिंग (आरपीओ) डायना प्रोसेसिंग ऑयल (स्वच्छ और पारदर्शी पैराफिन प्रकार का संसाधित तेल जिसकी गर्मी प्रतिरोधक क्षमता और जल प्रतिरोधी क्षमता उत्कृष्ट है) आदि जैसे विशेष उत्पादों का भी उत्पादन करती है। रिफाइनरी की क्षमता 1 अप्रैल, 2022 के प्रभाव से 7.5 से बढ़ाकर 9.5 एमएमटीपीए कर दिया गया है। वर्ष

2023–24 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 101.47% रहा था ।

4.6.11. विशाख रिफाइनरी (आंध्र प्रदेश)–हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)

एचपीसीएल की विशाख रिफाइनरी को वर्ष 1957 में कैलटेक्स ऑयल रिफाइनिंग (इंडिया) लिमिटेड द्वारा कमीशन किया गया था। रिफाइनरी को वर्ष 1976 में भारत सरकार द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया था और परिणामस्वरूप वर्ष 1978 में इसे एचपीसीएल के साथ समामेलित कर दिया गया था। एचपीसीएल–विशाख रिफाइनरी पूर्वी तट पर स्थित प्रथम तेल रिफाइनरी थी और यह विशाखापत्तनम के प्रथम प्रमुख उद्योगों में से एक थी। वर्ष 2010 में विशाख में सिंगल प्वाइंट मूरिंग (एसपीएम) सुविधा के चालू होने के साथ ही 'वेरी लार्ज क्रूड कैरियर्स' (वीएलसीसी) जो 2 मिलियन बैरल तेल तक ले जाते हैं, अब विशाख रिफाइनरी में प्राप्त किए जा सकते हैं। इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल) रिफाइनरी के समीप स्थित है। रिफाइनरी की क्षमता वर्ष 2023–24 में 11.0 से बढ़ाकर 13.7 एमएमटीपीए किया गया है। वर्ष 2023–24 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 92.62% था।

बीपीसीएल रिफाइनरी

4.6.12. मुंबई रिफाइनरी (महाराष्ट्र)–भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल)

मुंबई में रिफाइनरी को जनवरी 1955 में बर्माशेल रिफाइनरी लिमिटेड के स्वामित्वाधिकार में चालू किया गया था। बर्मा शेल के सरकारी अधिग्रहण के पश्चात, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड दिनांक 24 जनवरी 1976 को अस्तित्व में आया। बीपीसीएल–मुंबई रिफाइनरी द्वारा स्वदेशी कच्चे तेल के प्रसंस्करण की शुरूआत की गई और वर्तमान स्थिति के अनुसार 72 प्रकार के कच्चे तेल के प्रसंस्करण के कार्य का निर्वाह किया जा सकता है। रिफाइनरी में पर्यावरण के अनुकूल ग्रुप II/III बेस ऑयल के उत्पादन के लिए ल्यूब बेस ऑयल यूनिट भी स्थित है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 12.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2023–24में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 125.83% था।

4.6.13. कोच्चि रिफाइनरी (केरल)–भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल)

कोच्चि रिफाइनरी लिमिटेड (केआरएल) की स्थापना भारत सरकार, संयुक्त राज्य अमरीका की फिलिप्स पेट्रोलियम कंपनी और कलकत्ता के डंकन ब्रदर्स के बीच दिनांक 27 अप्रैल, 1963 गठन संबंधी समझौते के अनुसरण में की गई थी। रिफाइनरी को वर्ष 2006 में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ समामेलित कर दिया गया। यह रिफाइनरी वेरी लार्ज क्रूड कैरियर्स (वीएलसीसी) में कच्चा तेल प्राप्त करने के लिए सुसज्जित है।आज कोच्चि रिफाइनरी के उत्पाद पोर्टफोलियो में इसकी गुणवत्ता वाले ईंधन की रेंज के साथ पेट्रोकेमिकल फीडस्टॉक्स और विशेष उत्पाद शामिल हैं। कोच्चि रिफाइनरी ने मूल्य संवर्धन के लिए पेट्रोकेमिकल विनिर्माण में विविधता लाने की एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 15.50 एमएमटीपीए है। वर्ष 2023-24 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 111.61% था।

4.6.14. बीना रिफाइनरी भारत ओमान रिफाइनरी लिमिटेड (बीओआरएल) (मध्य प्रदेश)

बीना रिफाइनरी की स्थापना भारत ओमान रिफाइनरी लिमिटेड (बीओआरएल) द्वारा की गई थी, जो मई 2011 में चालू किया गया भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और ओमान ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओओसीएल) का एक संयुक्त उद्यम था। मार्च 2020 से, यह कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सहायक कंपनी बन गई है और जुलाई 2021 में, ओक्यू एसएओसी (पूर्व में ओमान ऑयल कंपनी एसएओसी) की संपूर्ण शेयरधारिता भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा क्रय कर ली थी।

बीना रिफाइनरी भारत के मध्य भाग में स्थित प्रथम रिफाइनरी है और यह मध्य और उत्तरी भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता को संवृद्धि करता है। इसकी अन्य सुविधाओं में सिंगल प्वाइंट मूरिंग सुविधा (एसपीएम) गुजरात के वाडीनार में क्रूड ऑयल स्टोरेज टर्मिनल (सीओटी) और वाडीनार से बीना (वीबीपीएल) तक 935 किलोमीटर लंबी देश पार पाइपलाइन शामिल है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 7.80 एमएमटीपीए है। वर्ष 2023–24में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 91.02% था।

सीपीसीएल रिफाइनरी :

4.6.15. मनाली रिफाइनरी (तमिलनाडु) पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल)

चेन्नै पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल), जिसे इससे पूर्व मद्रास रिफाइनरीज लिमिटेड (एमआरएल) के नाम से जाना जाता था, वर्ष 1965 में भारत सरकार (जीओआई) एएमओसीओ और नेशनल ईरानी ऑयल कंपनी (एनआईओसी) के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में स्थापित की गई थी। सीपीसीएल 2001 में आईओसीएल की सहायक कंपनी बन गई। सीपीसीएल मनाली रिफाइनरी भारत में ईंधन, ल्यूब,

वैक्स और पेट्रोकेमिकल फीडस्टॉक्स उत्पादन सुविधाओं के साथ सबसे जटिल रिफाइनरियों में से एक है। अपनी रिफाइनरी की जल संबंधी आवश्यकताओं को बढ़ाने के लिए 5.8 एम जी डी समुद्री जल विलवणीकरण परियोजना उद्योग में अपने प्रकार की प्रथम परियोजना थी। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 10.50 एमएमटीपीए है। वर्ष 2023–24 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 110.85% था।

4.6.16. कावेरी बेसिन रिफाइनरी (नागापट्टिनम तमिलनाडु) – चेन्नै पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल)

1.00 एमएमटीपीए क्षमता युक्त सीपीसीएल की कावेरी बेसिन रिफाइनरी (सीबीआर) का प्रचालन कार्य दिनांक 01.04.2019 से रोक दिया गया है और 9.00 एमएमटीपीए की एक नई रिफाइनरी की योजना बनाई गई है।

एनआरएल रिफाइनरी

4.6.17. नुमालीगढ़ रिफाइनरी (असम)–नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल)

नुमालीगढ़ रिफाइनरी, जिसे 'असम एकॉर्ड रिफाइनरी' के रूप में जाना जाता है, को अक्टूबर, 2000 में चालू किया गया था। एनआरएल का वर्तमान शेयरधारिता पैटर्न यह है: ऑयल इंडिया लिमिटेड (72.15%) और असम सरकार (23.48%) और इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (4.37%)। डिस्टीलेट प्राप्ति को अधिकतम करने के लिए एनआरएल पूर्वोत्तर की सबसे बड़ी रिफाइनरी है जो आधुनिक इकाइयों, हाइड्रोक्रेकर और डिलेड कोकर से सुसज्जित है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 3.00 एमएमटीपीए है। 2023–24 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 83.66% था।

एमआरपीएल रिफाइनरी

4.6.18. मैंगलोर रिफाइनरी (कर्नाटक)–मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल)

मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) को मार्च 1996 में चालू किया गया था। एमआरपीएल को मूल रूप से एक संयुक्त उद्यम रिफाइनरी के रूप में स्थापित किया गया था जो हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और आदित्य बिड़ला ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा संवर्धित है। मार्च, 2003 में एमआरपीएल ओएनजीसी की सहायक कंपनी बन गई। रिफाइनरी को 24 से 46 एपीआई गुरुत्वाकर्षण युक्त क्रूड को संसाधित करने के लिए उच्च लचीलेपन से युक्त एक बहुमुखी डिजाइन प्राप्त हुआ है और इसमें उच्च स्तरीय स्वचालन स्थापित है। एमआरपीएल, भारत की एकमात्र रिफाइनरी है जिसमें प्रीमियम डीजल (हाई सिटेन) का उत्पादन करने के लिए 2 हाइड्रोक्रैकर हैं। यह भारत की एकमात्र ऐसी रिफाइनरी भी है जिसमें हाई ऑक्टेन के अनलेडेड पेट्रोल का उत्पादन करने के 2 सीसीआर स्थापित हैं। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 15.00 एमएमटीपीए है। रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग वर्ष 2023–24 में 110.20% था।

ओएनजीसी रिफाइनरी

4.6.19. तातीपका रिफाइनरी (आंध्र प्रदेश)–ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी)

ओएनजीसी की मिनी रिफाइनरी (चरण–1) के रूप में स्थापित इस रिफाइनरी को सितंबर, 2001 में आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के तातीपका में चालू किया गया था। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 0.066 एमएमटीपीए है। वर्ष 2023–24 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 98.5% था।

संयुक्त उद्यम रिफाइनरी:

4.6.20. गुरु गोविंद सिंह रिफाइनरी–एचपीसीएल–मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल), बठिंडा (पंजाब)

एचपीसीएल और मित्तल एनर्जी लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम हिंदुस्तान मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) के स्वामित्वाधिकार युक्तन गुरु गोविंद सिंह रिफाइनरी (जीजीएसआर) को अप्रैल, 2012 में चालू किया गया था। बठिंडा की कार्यनीतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए तेल और गैस क्षेत्र में यह रिफाइनरी एक सफल सार्वजनिक निजी भागीदारी का प्रमाण है, यह रिफाइनरी भारत के उत्तरी राज्यों की ईंधन आवश्यकताओं की पूर्ति करेगी।

एचएमईएल द्वारा कच्चे तेल की प्राप्ति, भंडारण और कच्चे तेल के देश पार परिवहन के लिए एक एसपीएम स्थापित करने और प्रचालित करने के प्रयोजन से एक पूर्ण स्वामित्वाधिकार युक्तर सहायक एचपीसीएल–मित्तल पाइपलाइन लिमिटेड (एचएमपीएल) को भी शामिल किया गया है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 11.30 एमएमटीपीए है। वर्ष 2023–24 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 111.5% था।

निजी क्षेत्र की रिफाइनरियां:

4.6.21. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (घरेलू टैरिफ क्षेत्र) (आरआईएल डीटीए) (निजी क्षेत्र), जामनगर (गुजरात)

इस रिफाइनरी को जुलाई 1999 में चालू किया गया था। आरआईएल–डीटीए देश की प्रथम निजी क्षेत्र की रिफाइनरी थी। आरआईएल–डीटीए विश्व भर की सबसे बड़ी जमीनी स्तर की रिफाइनरी है, जिसमें पैराज़ाइलीन

के उत्पादन के लिए एक पेटोलियम संयंत्र, पॉलीप्रोपाइलीन के उत्पादन के लिए एक पॉलीमर संयंत्र है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 33.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2023–24 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 104.24% था।

4.6.22. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड–एसईजेड (आरआईएल–एसईजेड), जामनगर (गुजरात)

यह रिफाइनरी दिसंबर, 2008 में चालू की गई थी। इस निर्यात आधारित एसईजेड रिफाइनरी में 'स्वच्छ ईंधन' प्रक्रिया संयंत्र के साथ एक अद्वितीय डिजाइन और पथ–प्रदर्शक विन्यास शामिल है। इसे अर्थव्यवस्था के आधार पर ग्रेड बदलने और बाजार की गतिशीलता के आधार पर मार्जिन हासिल करने के लिए उच्च स्तर के लचीलेपन के साथ डिजाइन किया गया है। नई एसईजेड रिफाइनरी भारत में गैसोलीन और डीजल के यूरो–IV ग्रेड का उत्पादन करने वाली पहली रिफाइनरी है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 35.20 एमएमटीपीए है। वर्ष 2023–24 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 80.39% (अनंतिम) था।


4.6.23. नयारा एनर्जी लिमिटेड, वाडिनार रिफाइनरी, वाडिनार (गुजरात)

यह रिफाइनरी नवंबर, 2006 में चालू की गई थी। वाडिनार रिफाइनरी देश में एकल–स्थान वाली दूसरी सबसे बड़ी रिफाइनरी है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 20.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2023–24 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 101.50% था।




आईओसीएल पानीपत रिफाइनरी का दृश्य


MAP OF REFINERIES IN INDIA
Refining Capacity - 256.8 MMTPA
N
BHATINDA (11.3)
PANIPAT (15.0)
MATHURA (8.0)
RAJASTHAN REFINERY BARMER (HRRL) (9.0)
KOYALI (13.7)
BINA (7.8)
NAYARA (20.0)
RIL (35.2)
RIL (33.0)
JAMNAGAR
MUMBAI (12.0)
MUMBAI (9.5)
Arabian Sea
MANGALORE (15.0)
KOCHI (15.5)
Lakshadweep
CHENNAI (10.5)
CAUVERY BASIN REFINERY (CBRPL), NAGAPATTINAM (9.0)
TATIPAKA (0.07)
VIZAG (13.7)
PARADIP (15.0)
BARAUNI (6.0)
HALDIA (8.0)
BONGAIGAON (2.7)
DIGBOI (0.65)
GUWAHATI (1.2)
NUMALIGARH (3.0)
Bay of Bengal
Andaman & Nicobar Islands
INDIAN OCEAN
(Capacity in MMTPA)
New Refineries (Upcoming)
Map not to Scale


Bhara

अध्याय 5



विपणन और वितरण

5 विपणन और वितरण

5.1. एलपीजी का खुदरा विपणन अवसंरचना

भारत में एलपीजी की खुदरा बिक्री सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) यथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और निजी कंपनियों जैसे कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एस्सर, शेल आदि द्वारा किया जाता है। दिनांक 31.03.2024 की स्थिति के अनुसार, देश में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा प्रचालित 22,843 टीएमटीपीए की रेटेड बॉटलिंग क्षमता वाले 210 एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र हैं और 25,481 एलपीजी वितरक हैं। दिनांक 31.03.2024 तक देश में कुल सक्रिय एलपीजी उपभोक्ता 32.42 करोड़ हैं। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी द्वारा कुल 96 नए एलपीजी वितरक और 5 नए बॉटलिंग संयंत्र स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान ओएमसी द्वारा कुल 112.7 लाख नए एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं, जिनमें पीएम उज्ज्वला योजना के तहत प्रदान किया गया 74.18 लाख कनेक्शन शामिल हैं।

5.2. प्रमुख पहलें

5.2.1. पहल (डीबीटीएल योजना)



भारत सरकार ने 15.11.2014 को देश के 54 जिलों में एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटीएल) योजना शुरू की है, जिसका नाम है 'पहल' (प्रत्यक्ष हस्तान्तरित लाभ) है। बाद में इस योजना को पूरे देश के लिए विस्तारित किया गया है और दिनांक 31.03.2024 तक कुल 30.04 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता इस योजना में शामिल हो चुके है।

इस योजना का उद्देश्य राजसहायता को युक्तिसंगत बनाना और राजसहायता लीकेज को कम करना है। जो एलपीजी उपभोक्ता पहल योजना में शामिल हैं, उन्हें बिना राजसहायता वाले मूल्य पर एलपीजी रिफिल मिलते हैं और उनकी एलपीजी राजसहायता (उनकी पात्रता के अनुसार) सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त होती है। पहल के कार्यान्वयन के साथ, राजसहायता प्रबंधन में पारदर्शिता की नई व्यवस्था लागू हो गई है जिससे देश में एलपीजी उपभोक्ताओं को सशक्त हो रहे हैं। इसके अलावा, पहल ने 'जाली' खातों, एकाधिक खातों और निष्क्रिय खातों की पहचान करने में मदद की है। इसके परिणामस्वरूप राजसहायता वाले एलपीजी को वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने करने पर रोक लगी है।

गिव इट अप: राजसहायता प्रबंधन के एक हिस्से के रूप में, भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने 'गिव इट अप' अभियान शुरू करके सभी अमीर एलपीजी उपभोक्ताओं से स्वेच्छा से अपनी एलपीजी राजसहायता छोड़ने की अपील की। 'गिव इट अप' अभियान को सामाजिक रूप से प्रतिबद्ध व्यक्तियों द्वारा भारी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और इसके परिणामस्वरूप दिनांक 31.03.2024 तक 1.15 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं ने स्वेच्छा से अपनी एलपीजी राजसहायता छोड़ दी है। सरकार के 'गिव इट अप' अभियान को दुनिया भर से व्यापक प्रशंसा मिली है और यह मनोविज्ञान और व्यवहार अर्थशास्त्र के क्षेत्र से प्रेरित सार्वजनिक नीति में इस्तेमाल किए जाने वाले नज टूल का एक अग्रणी और शुरुआती उदाहरण है।

5.2.2. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई)

मई 2016 में, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएंडएनजी) ने 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' (पीएमयूवाई) को एक प्रमुख योजना के रूप में पेश किया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और वंचित परिवारों को एलपीजी जैसे खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना था, जो अन्यथा जलाऊ लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले आदि जैसे खाना पकाने के पारंपरिक ईंधन का उपयोग कर रहे थे। खाना पकाने के पारंपरिक ईंधन के उपयोग से ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ–साथ पर्यावरण पर भी हानिकारक प्रभाव पड़ता है।

भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने दिनांक 01.05.2016 को औपचारिक रूप से इस योजना का आरंभ किया।

प्रारंभ में, पीएमयूवाई का लक्ष्य वित्त वर्ष 2016–17 से शुरू करके 3 वर्षों की अवधि में 5 करोड़ कनेक्शन प्रदान करना था। बाद में, सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) का लक्ष्य 5 करोड़ से बढ़ाकर 8 करोड़ कर दिया गया। लक्ष्य में वृद्धि के साथ–साथ सरकार ने पीएमयूवाई के लाभ को देश के ऐसे गरीब परिवारों तक भी पहुंचाया, जो एसईसीसीसूची या 7 पहचानी गई श्रेणियों में न होने के कारण छूट गए थे ताकि सभी गरीब परिवारों को इसमें शामिल किया जा सके। लाभार्थियों की इस विस्तारित सूची में आवेदक द्वारा 14–बिंदु स्व–घोषणा के अनुसार अ.जा, अ.ज.जा, प्रधानमंत्री आवास योजना, सबसे पिछड़ा वर्ग, अंत्योदय अन्न योजना, चाय और एक्स–चाय बागान जनजातियों, वनवासी, द्वीप और नदी द्वीप के लोग और गरीब परिवार शामिल थे।

इस योजना के तहत सरकार बीपीएल परिवार की वयस्क महिला सदस्य को कोई राशि के जमा किए बिना एलपीजी कनेक्शन प्रदान करती है। सरकार सिलेंडर और प्रेशर रेगुलेटर, डीजीसीसी कार्ड, सुरक्षा नली और प्रत्येक नए कनेक्शन के लिए प्रशासनिक / स्थापना शुल्क के रूप में ₹ 1,600 की सुरक्षा जमा राशि का खर्च वहन करती है।

पीएमयूवाई योजना के तहत 8 करोड़ एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लक्ष्य को 31 मार्च 2020 की लक्षित तिथि से 7 महीने पहले 7 सितंबर, 2019 को हासिल कर लिया गया था।

उज्ज्वला 2.0



माननीय वित्त मंत्री ने दिनांक 01.02.2021 के अपने बजट भाषण के दौरान घोषणा की थी कि उज्ज्वला योजना, जिससे 8 करोड़ परिवारों को लाभ मिला है, को 1 करोड़ और लाभार्थियों तक बढ़ाया जाएगा।

तदनुसार, 10 अगस्त, 2021 को उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में माननीय प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में अखिल भारतीय आधार पर उज्ज्वला 2.0 का आरंभ किया गया, ताकि पीएमयूवाई के तहत एक करोड़ अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए जा सकें।

जमा मुक्त एलपीजी कनेक्शन के साथ, उज्ज्वला 2.0 में सभी लाभार्थियों को पहली रिफिल और हॉटप्लेट निःशुल्क प्रदान की जाती है। प्रवासी परिवारों को नया कनेक्शन प्रदान करने के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। प्रवासी आवेदक के लिए 'पारिवारिक घोषणा' और 'पते का प्रमाण' दोनों के लिए स्व–घोषणा पर्याप्त होगी।

आवेदकों के लिए पहली बार सीएससी केंद्र, हेल्पडेस्क और ओएमसी वितरक आदि जैसे मौजूदा विकल्पों के साथ–साथ ऑनलाइन आवेदन का विकल्प भी प्रदान किया गया है। आवेदक योजना की वेबसाइट www.pmuy.gov.in का उपयोग करके उज्ज्वला कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उज्ज्वला 2.0 के तहत जनवरी 2022 तक 1 करोड़ का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। इसके अलावा, वंचित परिवारों को कवर करने के लिए, योजना के तहत लक्ष्य को अतिरिक्त 60 लाख कनेक्शन तक बढ़ाकर 1.6 करोड़ कर दिया गया था और यह लक्ष्य 22 दिसंबर 2022 के दौरान हासिल कर लिया गया। दिनांक 01.01.2023 तक, उज्ज्वला 2.0 के तहत कुल 1.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए हैं।

सरकार ने सितंबर 2023 में 3 वित्तीय वर्षों (2023–24 से 2025–26) में 75 लाख अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन जारी करने के लिए उज्ज्वला योजना के विस्तार को मंजूरी दी जिनमें से 74 लाख से अधिक कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। दिनांक 31.03.2024 तक, देश में कुल 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन हैं।

पीएमयूवाई लाभार्थियों की एलपीजी खपत में सुधार

पीएमयूवाई लाभार्थियों की एलपीजी खपत वित्त वर्ष 2016–17 में 542 टीएमटी से बढ़कर वित्त वर्ष 2023–24 में 5,591 टीएमटी हो गई है।



पीएमयूवाई लाभार्थियों का प्रति व्यक्ति खपत वित्त वर्ष 2023–24 में 3.95 थी, जबकि वित्त वर्ष 2019–20 में यह 3.0 थी।

पीएमयूवाई परिवारों को लक्षित राजसहायता

पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी को और अधिक किफायती बनाने और उनके द्वारा एलपीजी के निरंतर उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने मई 2022 में पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को प्रति वर्ष 12 रिफिल तक (और आनुपातिक रूप से 5 किलोग्राम कनेक्शन के लिए प्रो–रेटेड) के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर ₹200/– की लक्षित राजसहायता शुरू की। अक्टूबर 2023 में इस राजसहायता को बढ़ाकर ₹100 किया गया जिससे कुल राजसहायता ₹300 कर दी गई। राजसहायता सीधे पात्र लाभार्थियों के पंजीकृत बैंक खातों में जमा की जाती है।

5.2.3. नए एलपीजी कनेक्शन

एलपीजी घरेलू कनेक्शन मांग पर आसानी से उपलब्ध है और ये संभावित ग्राहकों को तब जारी किए जाते हैं जब वे संबंधित वितरक से संपर्क करते हैं और केवाईसी औपचारिकताएं पूरी कर लेते हैं। तेल विपणन कंपनियों के एलपीजी वितरक तुरंत पंजीकरण करते हैं और नए एलपीजी कनेक्शन के अनुरोध पर कार्रवाई करते हैं। देश में सामान्य एलपीजी कनेक्शन की कोई प्रतीक्षा सूची नहीं है।

वित्तीय वर्ष	जारी किए गए नए एलपीजी कनेक्शन (संख्या करोड़ में)
2021-22	1.58
2022-23	1.01
2023-24	1.12

घरेलू एलपीजी ग्राहकों के लिए पोर्टेबिलिटी का विकल्प

क. **रिफिल पोर्टेबिलिटी:** पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से रिफिल बुक करते समय उपभोक्ताओं को अपने मूल वितरक के अलावा किसी अन्य वितरक को चुनने का विकल्प दिया जाता है। पिन कोड/बाजार में सेवा देने वाले सभी वितरकों की सूची ग्राहक को उनकी स्टार रेटिंग के साथ दिखाई जाती है। वर्ष 2023–24 में कुल 15.8 लाख रिफिल पोर्टेबिलिटी अनुरोध संसाधित किए गए।

ख. **उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी कनेक्शन पोर्टेबिलिटी:** पहली बार संबंधित ओएमसी के वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से एलपीजी ग्राहकों को उसी क्षेत्र में सेवा देने वाले दूसरे वितरक को एलपीजी कनेक्शन के ऑनलाइन हस्तांतरण की सुविधा प्रदान की गई है। वर्ष 2023–24 में, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने एलपीजी उपभोक्ताओं के 6.4 लाख कनेक्शन पोर्टेबिलिटी अनुरोधों पर कार्रवाई की।

5.2.4. नए वितरकों की स्थापना

वर्तमान में, सभी प्रकार के वितरकों के लिए चयन प्रक्रिया एलपीजी वितरकों के चयन के एकीकृत दिशानिर्देशों के तहत की जाती है। वित्त वर्ष 2021–22 में, 214 नए एलपीजी वितरक संस्थापना किए गए। वित्त वर्ष 2022–23 में, कुल 116 नए एलपीजी वितरक संस्थापित किए गए और वित्त वर्ष 2023–24 में, देश भर में कुल 96 नए एलपीजी वितरकों की स्थापना की गई। दिनांक 31.03.2024 की स्थिति के अनुसार कुल 25,481 वितरक मौजूद हैं।


दिनांक 31.03.2024 तक के वितरकों का राज्य–वार विवरण इस प्रकार है:


राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	नगर वितरक	अर्धनगर वितरक	ग्रामीण वितरक	दुर्गम क्षेत्रीय वितरक	कुल
चंडीगढ़	26	0	0	0	26
दिल्ली	317	0	0	0	317
हरियाणा	282	103	232	9	626
हिमाचल प्रदेश	69	13	91	36	209
जम्मू और कश्मीर	125	47	76	49	297
पंजाब	334	256	249	21	860
राजस्थान	434	163	654	133	1384
उत्तर प्रदेश	1008	706	2306	122	4142
उत्तरांचल	114	105	59	40	318
उत्तरी उप योग	**2,709**	**1,393**	**3,667**	**410**	**8,179**

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	नगर वितरक	अर्धनगर वितरक	ग्रामीण वितरक	दुर्गम क्षेत्रीय वितरक	कुल
अंडमान और निकोबार	0	4	5	1	10
अरुणाचल प्रदेश	6	6	33	40	85
असम	128	101	307	61	597
बिहार	240	252	1502	39	2033
झारखंड	163	51	353	20	587
मणिपुर	15	13	36	38	102
मेघालय	21	9	19	16	65
मिजोरम	11	6	26	16	59
नागालैंड	15	11	17	40	83
ओडिशा	173	100	579	113	965
सिक्किम	9	1	9	10	29
त्रिपुरा	18	8	46	11	83
पश्चिम बंगाल	405	164	948	74	1591
पूर्वी उप योग	**1,204**	**726**	**3,880**	**479**	**6,289**
छत्तीसगढ़	105	75	172	182	534
दादरा एवं नगर हवेली	3	1	1	0	5
दमन और दीव	2	0	0	0	2
गोवा	44	4	5	2	55
गुजरात	422	120	486	13	1041
मध्य प्रदेश	472	210	484	385	1551
महाराष्ट्र	1008	192	846	191	2237
पश्चिमी उप योग	**2,056**	**602**	**1,994**	**773**	**5,425**
आंध्र प्रदेश	323	286	427	108	1144
कर्नाटक	534	139	547	51	1271
केरल	225	132	319	22	698
लक्षद्वीप	1	0	0	0	1
पुडुचेरी	15	11	3	0	29
तमिलनाडु	566	362	609	106	1643
तेलंगाना	288	103	332	79	802
दक्षिणी उप योग	**1,952**	**1,033**	**2,237**	**366**	**5,588**
अखिल भारतीय	**7,921**	**3,754**	**11,778**	**2,028**	**25,481**

स्रोत: सार्वजनिक क्षेत्र के ओएमसी की ओर से आईओसीएल







स्रोत: पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ

1.28: **डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना :** खुदरा आउटलेटों पर डिजिटल भुगतान अवसंरचना का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। **दिनांक 31.03.2024** तक, देश भर में कुल 81,338 (**आईओसीएल-37,473, बीपीसीएल-21,841, एचपीसीएल–22,024**) खुदरा दुकानों में से, **81,338** आरओ में डिजिटल अवसंरचना प्रदान की गयी है, जिसमें **4,91,379** पीओएस टर्मिनल और **1,03,224** ई–वॉलेट सुविधाएं हैं और **81,338** खुदरा दुकानों को भीम यूपीआई से समर्थित किया गया है। सभी एलपीजी वितरक भीम यूपीआई से समर्थित हैं।

1.29: **इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन:** देश में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचनाओं को बढ़ाने के लिए, तेल विपणन कंपनियाँ तकनीकी वाणिज्यिक व्यवहार्यता और पीईएसओ मानदंडों के अनुपालन के आधार पर चरणबद्ध तरीके से देश के विभिन्न हिस्सों में अपने खुदरा दुकानों (आरओ) पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन (ईवीसीएस) लगा रही हैं। दिनांक **31.03.2024** तक, तेल विपणन कंपनियों ने अपने आरओ पर **15,800** ईवी चार्जिंग स्टेशन और 162 बैटरी स्वैपिंग स्टेशन लगाए हैं।

1.30: **बाजार प्राधिकरण:** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दिनांक 08.11.2019 के संकल्प के माध्यम से परिवहन ईंधन यानी एमएस और एचएसडी के विपणन के लिए प्राधिकरण के दिशा–निर्देशों को संशोधित किया है। दिनांक **31.03.2024** तक, **8** संस्थाएँ उक्त संकल्प के तहत परिवहन ईंधन के विपणन के लिए अधिकृत हैं।











SO ESPIRITO SANTO



अध्याय 6

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और भागीदारी

6 अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और भागीदारी

भारत दुनिया के अग्रणी ऊर्जा उपभोक्ताओं में से एक है और इसे पारंपरिक और स्वच्छ ऊर्जा संसाधनों दोनों की मांग के चालक के रूप में उभरती हुई ऊर्जा महाशक्ति माना जाता है। विश्व के ऊर्जा संबंधी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत वर्तमान में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता, तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता, तीसरा सबसे बड़ा एलपीजी उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक और चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है।

इस संदर्भ में,यह नोट करनासमुचित है कि भारत की प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत विश्व औसत का लगभग 1/3 है। भारत जैसा जैसे "आत्मनिर्भर भारत" के उद्देश्य से आर्थिक सुधार और तेजी से नगरीकरण और औद्योगीकरण के उच्च पथ पर अग्रसर हो रहा है, भारत की ऊर्जा की मांग में उत्तरोत्तर वृद्धि होना आवश्यंभावी है। भारत के विकास के संबंध में यह दृष्टिकोण शीर्ष आर्थिक संस्थानों और एजेंसियों द्वारा स्पष्ट रूप से साझा किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के विश्व ऊर्जा आउटलुक 2022 के अनुसार, भारत की ऊर्जा खपत 2040 तक दोगुनी हो जाएगी। वैश्विक ऊर्जा मांग के विकास की 1% दर की तुलना में भारत की ऊर्जा मांग वर्ष 2040 तक लगभग 3% प्रति वर्ष बढ़ने की उम्मीद है। आउटलुक में यह भी अनुमान लगाया गया है कि वैश्विक ऊर्जा मांग में भारत की हिस्सेदारी दोगुनी होकर 11% हो जाएगी–यह वर्तमान में किसी भी देश की इस अवधि में 6% से बढ़ने की सबसे बड़ी वृद्धि है और भारत वर्ष 2030 तक कुल ऊर्जा खपत के मामले में यूरोपीय संघ से आगे निकल जाएगा। ओपेक ने भी अपने विश्व तेल आउटलुक (डब्ल्यूओओ) 2023 में भी इसी दृष्टिकोण का समर्थन किया है और पूर्वानुमान लगाया है कि आउटलुक के अनुसार भारत में सबसे अधिक ऊर्जा मांग वृद्धि होगी, जिसमें परिवहन, पेट्रोकेमिकल्स और आवासीय क्षेत्रों द्वारा प्रचालित तेल की मांग 2021 में 5.1 एमबी/डी से बढ़कर 2045 में 11.6 एमबी/डी होने का अनुमान है। आर्थिक विकास, बढ़ती आबादी और मध्यम वर्ग के विस्तार के कारण भारत की ऊर्जा मांग 2045तक दोगुनी होकर प्रतिदिन 38.5 मिलियन बैरल तेल के बराबर हो जाएगी। डब्ल्यूओओ 2023 में यह भी कहा गया है कि भारत में अक्षय ऊर्जा की औसत वृद्धि दर 11.5% प्रति वर्ष हो जाएगी, जो विश्व में की सबसे तेज वृद्धि होगी।

यह क्षमता आयात पर उल्लेखनीय निर्भरता के बावजूद है। वित्त वर्ष 2022–23 में आयातित कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस पर हमारी निर्भरता क्रमशः लगभग 87% और 44% है। इस बढ़ती मांग और आयात पर अत्यधिक निर्भरता को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार कच्चे तेल के केंद्रित स्रोतों के कारण उत्पन्न होने वाले भू–राजनीतिक जोखिमों के शमन के लिए दीर्घकालिक समाधानों की दिशा में काम कर रही है। इस कार्यनीति को ऊर्जा सुरक्षा के लिए भारत की चार–बिंदु आधारित कार्यनीति में देखा जा सकता है अर्थात् ऊर्जा आपूर्ति का विविधीकरण, अन्वेषण और उत्पादन पदचिह्न बढ़ाना, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करना और गैस–आधारित अर्थव्यवस्था, हरित हाइड्रोजन और ईवी के माध्यम से ऊर्जा परिवर्तन को पूरा करना।

6.1. कच्चे तेल और एलएनजी आयात में विविधता

भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर हमेशा भू–राजनीतिक जोखिमों का खतरा रहा है। इस स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षात्मक उपाय के रूप में भारत सरकार ने घरेलू उत्पादन बढ़ाने के साथ–साथ अपने कच्चे तेल और एलएनजी आयात पोर्टफोलियो में विविधता लाने को प्राथमिकता दी है।

पिछले पांच वर्षों में, भारत के कच्चे तेल के बास्केट में कच्चे तेल के नए आपूर्तिकर्ता नामत: यूएसए, रूस, कनाडा, अंगोला, गुयाना और मैक्सिको शामिल किया गया हैं। इसी प्रकार से, कतर से ऑस्ट्रेलिया, यूएसए और रूस तक एलएनजी आयात में भी विविधता लाई गई है। तदनुसार, भारत ने 2006–2007 में 27 देशों से कच्चे तेल के स्रोतों को बढ़ाकर 2022–23 में 39 देशों तक कर विविधता लाई है।

स्पॉट खरीदी को कम करने और आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिए, ओएमसी ने पेट्रोब्रास (ब्राजील) और इकोपेट्रोल (कोलंबिया) के साथ कच्चे तेल की स्थायी व्यवस्था की है। यह पहली बार था जब भारतीय कंपनियों ने ब्राजील की कंपनी (पेट्रोब्रास) के साथ टर्म अरेंजमेंट पर हस्ताक्षर किए थे। इसके अलावा, इको पेट्रोल (कोलंबिया) की स्थायी व्यवस्था के साथ पुरानी व्यवस्था को फिर से स्थापित किया है, जिसे वित्त वर्ष 2015–16 के बाद नवीनीकृत नहीं किया गया था।

इस दिशा में अन्य उल्लेखनीय प्रयासों में संयुक्त राज्य अमेरिका का एक महत्वपूर्ण ऊर्जा भागीदार के रूप में उभरना शामिल है। वर्ष 2017–18 और 2022–23 के बीच, 5 वर्षों की छोटी अवधि में, यूएसए भारत का 5वां

सबसे बड़ा कच्चा तेल और दूसरा सबसे बड़ा एलएनजी आपूर्तिकर्ता बन गया है, जिसका मूल्य वर्ष 2017–18 के मूल्यों की तुलना में कच्चे तेल और एलएनजी के आयात में क्रमशः 1,570% और 1,050% अधिक है।

6.2. वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन

वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जीबीए) सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और उद्योगों का एक बहु–हितधारक गठबंधन है, जो जी20 अध्यक्ष के रूप में भारत द्वारा शुरू की गई एक पहल है, जो जैव ईंधन के विकास और उपयोग को आगे बढ़ाने के लिए जैव ईंधन के सबसे बड़े उपभोक्ताओं और उत्पादकों को एक साथ लाता है। यूएसए, ब्राजील और भारत जो जीबीएसदस्य हैंउत्पादन में लगभग 85% और एथेनॉल की खपत में लगभग 81% योगदान करते हैं।

इस पहल का उद्देश्य ऊर्जा में परिवर्तन के इस काल में जैव ईंधन को कुंजी के रूप में स्थापित करना और नौकरियों और आर्थिक विकास में योगदान देना है। इस गठबंधन का उद्देश्य मूल्य श्रृंखला में क्षमता निर्माण अभ्यासों की सुविधा, राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए तकनीकी सहायता और नीतिगत सबक साझा करने, प्रौद्योगिकी उन्नति को बढ़ावा देने और हितधारकों की एक विस्तृत श्रृंखला की भागीदारी द्वारा किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ाने के माध्यम से जैव ईंधन के वैश्विक उपयोग में तेजी लाना है।

यह जीबीए जैव ईंधन अपनाने और व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के मान्यता प्राप्त मानकों, संहिताओं, स्थिरता सिद्धांतों और विनियमों के विकास, स्वीकरण और कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान करेगा। यह पहल भारत के लिए कई मोर्चों पर फायदेमंद होगी और वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगी। यह भारत के मौजूदा जैव ईंधन कार्यक्रमों जैसे कि पीएम–जीवन योजना, किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प और गोबरधन योजना को बल देगा, जिससे किसानों की आय में वृद्धि, रोजगार सृजन और भारतीय पारिस्थितिकी तंत्र के समग्र विकास में योगदान मिलेगा। इसके अलावा, गठबंधन भारतीय उद्योगों को प्रौद्योगिकी और उपकरणों के निर्यात के रूप में अतिरिक्त अवसर प्रदान करेगा।

माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा आवासन और नगर कार्य मंत्री ने 22 जुलाई 2023 को गोवा में आयोजित वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन पर विशेष मंत्रिस्तरीय परामर्श और सिफारिशों में भाग लिया।

माननीय मंत्री ने जोर देकर कहा, "वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की सच्ची सफलता तब होगी जब यह परियोजना सरकार की परियोजना न रहकर लोगों की परियोजना बन जाएगी।" ब्राजील, इटली, केन्या और यूएई सहित कई देशों ने नीति, प्रौद्योगिकी और कार्यान्वयन में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के महत्व पर प्रकाश डाला। इस फोरम ने माना कि फीडस्टॉक प्रबंधन, मानक विकास और तकनीकी नवाचारों जैसी चुनौतियों पर काबू पाने के लिए एक सहयोगी दृष्टिकोण की आवश्यकता है और वैश्विक गठबंधन के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारतीय की अध्यक्षता में की गई पहल का स्वागत किया।



इसके बाद, 9 सितंबर 2023 को नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा यूएसए, ब्राजील, इटली, अर्जेंटीना, सिंगापुर, बांग्लादेश, मॉरीशस और यूएई के नेताओं के साथ ग्लोबल जैव ईंधन एलायंस (जीबीए) का शुभारंभ किया गया। दिनांक 31 मार्च 2024 तक, 24 देश और 12 अंतर्राष्ट्रीय संगठन इस गठबंधन में शामिल होने के लिए सहमत हो गए।



विश्व आर्थिक मंच, 2024 के तर्ज पर, माननीय मंत्री ने 18 जनवरी 2024 को ब्राजील के खान एवं ऊर्जा मंत्री,

महामहिम एलेक्जेंडर सिल्वेरा, ब्राजील के ऊर्जा मंत्री, आईईए के कार्यकारी निदेशक श्री फतिह बिरोल और डब्ल्यूईएफ के श्री रॉबर्टो बोका के साथ वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन पर एक वैश्विक गोलमेज सम्मेलन की मेजबानी की। गोलमेज सम्मेलन में हितधारकों और उद्योग के प्रमुखों को एक साथ लाया गया ताकि एसएएफ, स्वच्छ खाना पकाने ईंधन विकल्प और जैव ईंधन के वैकल्पिक स्रोत को अपनाने की दिशा में मार्ग प्रशस्त किया जा सके।



पहली अस्थायी कार्यकारी समिति (टीईसी) की बैठक 26 अक्टूबर 2023 को वर्चुअल रूप से आयोजित की गई और दूसरी टीईसी बैठक 16 जनवरी 2024 को आयोजित की गई। जीबीएके अंतरिम महानिदेशक, श्री पंकज जैन, सचिव एमओपीएनजी ने बैठकों की अध्यक्षता की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि जीबीए को वैश्विक ऊर्जा उद्योग के नेताओं से उत्साहजनक समर्थन और व्यापक मीडिया कवरेज मिला है, जिसने वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में जैव ईंधन के महत्व को रेखांकित किया है। टीईसीने जीबीएचार्टर, जीबीएलोगो प्रविष्टियों, मुख्यालय समझौतों और जीबीएकी कार्य योजना पर विचार–विमर्श किया। टीईसीने अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर जीबीएकी भागीदारी में भी भाग लिया और आपसी सहयोग के अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

इसके अलावा, पहली उप–समिति की बैठक 10 जनवरी 2024 को ब्राज़ील, इटली, केन्या और यूएसए के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई थी। वर्तमान में, ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस जीबीए चार्टर और आगे के रचनात्मक मार्ग पर विचार–विमर्श कर रहा है।



6.3. प्रमुख साझेदार देशों के साथ वृहद द्विपक्षीय ऊर्जा भागीदारी

6.3.1. संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के साथ सहयोग

- भारत और यूएसए तेल और गैस क्षेत्र के पूरे स्पेक्ट्रम में भागीदारी करते हैं। भारत यूएसए से कच्चा तेल, एलएनजी और एलपीजी आयात करता है। भारतीय पीएसयू के पास एलएनजी के आयात के लिए दीर्घकालिक संविदा मौजूद हैं। इसके अलावा, भारतीय पीएसयू कंपनियों ने यूएसए में तेल और गैस क्षेत्र में निवेश किया है। भारत और यूएसए के बीच द्विपक्षीय हाइड्रोकार्बन व्यापार 2022–23 में 19.4 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुँच गया है, जो 2017–18 की तुलना में 306% की वृद्धि दर्शाता है। इस अवधि के दौरान, कच्चे तेल और एलएनजी आयात का मूल्य भी क्रमशः 1,570% और 1,050% तक काफी हद तक बढ़ गया है।
- सितंबर 2021 में, दोनों पक्षों ने उभरते ईंधन और प्रौद्योगिकियों पर पांचवें स्तंभ को जोड़ने के साथ भारत–अमेरिका संशोधित कार्यनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी (एससीईपी) की घोषणा की, जो स्वच्छ ऊर्जा ईंधन को बढ़ावा देने के लिए एक संयुक्त संकल्प का संकेत देता है।
- माननीय मंत्री ने 18 जुलाई 2023 को नई दिल्ली में अमेरिकी ऊर्जा सचिव महामहिम जेनिफर ग्रानहोम के

साथ भारत–अमेरिका कार्यनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी (एससीईपी) की मंत्रिस्तरीय बैठक की सह–अध्यक्षता की। अमेरिका और भारत सरकार की एजेंसियों ने सहयोग के पाँच तकनीकी स्तंभों–1) बिजली और ऊर्जा दक्षता, 2) नवीकरणीय ऊर्जा, 3) जिम्मेदार तेल और गैस, 4) किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प विकास, और 5) उभरते ईंधन और प्रौद्योगिकियों पर कई उपलब्धियाँ प्रदर्शित कीं। बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने जैव ईंधन, ग्रीन हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण और स्मार्ट ग्रिड में महत्वाकांक्षी स्वच्छ ऊर्जा सहयोग की समीक्षा की।



- माननीय मंत्री ने 24 जनवरी 2024 को नई दिल्ली में टेक्सास, यूएसए के गवर्नर महामहिम श्री ग्रेग एबॉट से भी मुलाकात की, जिसमें दोनों पक्षों ने यूएसए और भारत के बीच "हाइड्रोकार्बन ब्रिज" को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

- इसके अलावा, माननीय मंत्री ने 29 जनवरी 2024 को अमेरिकी विदेश विभाग के ऊर्जा संसाधन मामलों के सहायक सचिव श्री ज्योफ्रे पायट के साथ आमने–सामने चर्चा की। दोनों पक्षों ने ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक विकास पर चर्चा की, मौजूदा ऊर्जा सहयोग की समीक्षा की और ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक विकास पर चर्चा की, मौजूदा ऊर्जा सहयोग की समीक्षा की और ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।



6.3.2. सऊदी अरब के साथ सहयोग

- भारत सऊदी अरब के साथ हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग कायम रखे हुए है। सऊदी अरब भारत के सबसे बड़े व्यापार भागीदारों में से एक है और भारत के लिए ऊर्जा का एक प्रमुख स्रोत है। सऊदी अरब वित्त वर्ष 2022–23 में हमारे कच्चे तेल का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत और हमारे एलपीजी आयात का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत था।

- भारत और सऊदी अरब भारत के कार्यनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व कार्यक्रम के दूसरे चरण में सऊदी अरामको की भागीदारी और हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में अन्य निवेश अवसरों की भी खोज कर रहे हैं।

6.3.3. यूएई के साथ सहयोग

- भारत और यूएई करीबी व्यापारिक और निवेश भागीदार हैं। दोनों देश मिलकर कच्चे तेल, एलएनजी, एलपीजी और पेट्रोलियम उत्पादों के व्यापार के साथ–साथ अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियां कर रहे हैं। हाइड्रोकार्बन क्षेत्र पर ध्यान देने के साथ यूएई और भारत के संबंधों को कार्यनीतिक साझेदारी तक बढ़ा दिया गया है।

- वित्त वर्ष 2022–23 में, यूएई कच्चे तेल का चौथा सबसे बड़ा स्रोत, एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत, एलएनजी का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत और तैयार पेट्रोलियम उत्पादों के लिए दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य था।

- माननीय मंत्री ने 22 जुलाई 2023 को गोवा में जलवायु परिवर्तन के संबंध में यूएई के विशेष दूत और उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्री, सीओपी28 के अध्यक्ष महामहिम डॉ. सुल्तान अल जाबेर से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने संपूर्ण ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में भारत और यूएई के बीच सहयोग को और गहरा करने और विस्तारित करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों नेताओं की एडीआईपीईसी–2023 के दौरान भी मुलाकात हुई और यूएई के साथ भारत के संबंधों के महत्व को रेखांकित किया।

- एडीआईपीईसी 2023 और आईईडब्ल्यू 2024 के दौरान माननीय मंत्री ने यूएई के ऊर्जा और अवसंरचना मंत्री महामहिम सुहैल मोहम्मद अल मजरूई के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की। दोनों पक्षों ने भारत–यूएई के मजबूत सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।




6.3.4. कुवैत के साथ सहयोग

- वित्त वर्ष 2022–23 में कुवैत भारत का कच्चे तेल का छठा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता और एलपीजी का चौथा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता था।

- हाइड्रोकार्बन पर 6वां भारत–कुवैत संयुक्त कार्य समूह जुलाई 2023 में आयोजित किया गया था, जिसमें दोनों पक्षों ने हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में मौजूदा द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और सहभागिता के नए क्षेत्रों के बारे में चर्चा की।

- दूरदर्शी नेता महामहिम शेख नवाफ अल–अहमद अल–जबर अल–सबा के दुखद निधन पर, माननीय मंत्री ने भारत सरकार और जनता की ओर से शोक व्यक्त करने और भारत के राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री की ओर से नए अमीर महामहिम शेख मेशल अल–अहमद अल–जबर अल–सबा को व्यक्तिगत संवेदना पत्र देने के लिए विशेष दूत के रूप में कुवैत का दौरा किया।



6.3.5. ओमान के साथ सहयोग

- ओमान खाड़ी क्षेत्र में भारत का एक कार्यनीतिक साझेदार है और दोनों देश शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं।

- भारत ओमान से कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और एलएनजी का आयात करता है जबकि ओमान को पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात करता है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, ओमान भारत के लिए एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा स्रोत, एलपीजी का आठवां सबसे बड़ा स्रोत और कच्चे तेल का दसवां सबसे बड़ा स्रोत था, जबकि भारत ओमान के कच्चे तेल के निर्यात के लिए दूसरा सबसे बड़ा बाजार है।

- भारत के ऊर्जा बास्केट में विविधता लाने के लिए, दोनों पक्ष लंबी अवधि तक के लिए कच्चे तेल के स्रोत संबंधी संविदों और संपूर्ण हाइड्रोकार्बन मूल्य श्रृंखला में अन्य अवसरों में प्रवेश करने के अवसरों की खोज कर रहे हैं।



- इसके अलावा, भारतीय कार्यनीतिक भंडारण शाखा, आईएसपीआरएल और ओमान टैंकिंग टर्मिनल कंपनी एलएलसी (ओटीटीसीओ) ने जून 2023 में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया, जिसमें ओमान में ओटीटीसीओ द्वारा विकसित की जा रही कच्चे तेल भंडारण सुविधा में आईएसपीआरएल की भागीदारी की संभावना शामिल की गई।

6.3.6. इराक के साथ सहयोग

- इराक पिछले कई वर्षों से भारत के लिए कच्चे तेल के शीर्ष आपूर्तिकर्ताओं में से एक रहा है। वित्त वर्ष 2022–23 में, इराक ने भारत को लगभग 51 एमएमटी कच्चे तेल की आपूर्ति की, जो भारत के कुल तेल आयात का लगभग 21.5% है।

- माननीय मंत्री ने 20 जून 2023 को नई दिल्ली में आयोजित 18वीं भारत–इराक संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) में इराक गणराज्य के ऊर्जा मामलों के उप प्रधान मंत्री और तेल मंत्री महामहिम हयान अब्दुल





गनी अब्दुल जहरा अल सवाद की मेज़बानी की। इस बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच मौजूद प्राकृतिक और पारंपरिक तालमेल पर प्रकाश डाला और खरीदार–विक्रेता संबंध से ऊर्जा साझेदारी की ओर बढ़ने पर सहमति व्यक्त की।

6.3.7. रूस के साथ सहयोग

- रूस भारत का एक दीर्घकालिक और समय–परीक्षित साझेदार रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता को दौरान भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों ने रूस से आयात बढ़ा दिया है। परिणामस्वरूप, वित्त वर्ष 2022–23 में रूस से हमारा संचयी आयात शून्य स्तर से बढ़कर 34 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया।
- 16 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक के निवेश के साथ, रूस भारतीय तेल और गैस कंपनियों के लिए निवेश का सबसे बड़ा गंतव्य है। भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों की रूस के 5 ब्लॉकों में भागीदारी करने में रुचि है।

6.3.8. ब्राज़ील के साथ सहयोग

- वित्त वर्ष 2022–23 में ब्राजील भारत के लिए कच्चे तेल का 12वां सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता था और भारत से पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात के लिए 7वां सबसे बड़ा बाज़ार था।
- भारत और ब्राजील किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प जैव ऊर्जा और जैव ईंधन के अंतर्राष्ट्रीय उत्पादन और उपयोग को बढ़ाने के लिए भी सहयोग कर रहे हैं, जो वैश्विक स्तर पर कम–कार्बन भविष्य की ओर परिवर्तन करने हेतु एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है।इसी संदर्भ में, जुलाई 2023 में यूनिका के सदस्यों के साथ ब्राजील के एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली का दौरा किया। दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच मुख्य रूप से तेल और गैस में चल रहे व्यापार और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प जैव ऊर्जा और जैव ईंधन के अंतर्राष्ट्रीय उत्पादन और उपयोग को बढ़ाने के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं को स्वीकार किया।



- महामहिम एलेक्जेंडर सिल्वेरा डी ओलिवेरा, खान और ऊर्जा राज्य मंत्री, ब्राजील; पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सचिव ने विशेष निमंत्रण पर, 20 जुलाई 2023 को भारत में किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प गतिशीलता: एथेनॉल वार्ता, विशेष संस्करण ऊर्जा सप्ताह में भाग लिया। संगोष्ठी का आयोजन ब्राजील से यूनिका, एपीएलए और भारत की ओर से आईएसएमए और एसआईएएम द्वारा किया गया था।

6.3.9. 'पड़ोसी' देशों हेतु प्रयास


- 'पड़ोस पहले' भारत की विदेश नीति के प्रमुख तत्वों में से एक है। भारत का मानना है कि अपने पड़ोसियों के साथ ऊर्जा संपर्क/गलियारों सहित बेहतर संपर्क सभी के लिए समान और संतुलित तरीके से अधिक समृद्धि लाएगा।

6.3.9.1. बांग्लादेश के साथ सहयोग

- बांग्लादेश हमारा निकटतम पड़ोसी देश हमारा महत्त्वपूर्ण ऊर्जा भागीदार है। वित्त वर्ष 2022–23 के लिए, दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय हाइड्रोकार्बन व्यापार 830 मिलियन अमरीकी डॉलर था। भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र को उपक्रमों ने बांग्लादेश के अपस्ट्रीम क्षेत्र में भी निवेश किया है।
- माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की माननीय प्रधान मंत्री सुश्री शेख हसीना द्वारा 18 मार्च 2023 को भारत–बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन (आईबीएफपी) को संयुक्त रूप से संस्थापित किया गया था। यह भारत–नेपाल पाइपलाइन के बाद दक्षिण एशिया में दूसरी क्रॉस–कंट्री पाइपलाइन है।

6.3.9.2. नेपाल के साथ सहयोग

- भारत 1974 से नेपाल के पेट्रोलियम उत्पादों की 100% जरूरतों को पूरा करता रहा है।
- भारत और नेपाल ने अप्रैल 2023 में पेट्रोलियम और गैस संबंधी भारत–नेपाल संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की चौथी बैठक की। जेडब्ल्यूजी के निष्कर्ष स्वरूप नेपाल में पेट्रोलियम अवसंरचना के विकास के लिए 31 मई 2023 को एक जी2जी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें अमलेखगंज से चितवन तक मोतिहारी–अमलेखगंज पाइपलाइन (एमएपीएल) का विस्तार, चितवन में एक ग्रीनफील्ड टर्मिनल का निर्माण, सिलीगुड़ी–झापा



पाइपलाइन का निर्माण और झापा में ग्रीनफील्ड टर्मिनल का निर्माण शामिल है। इस समझौता ज्ञापन से पेट्रोलियम अवसंरचना मजबूत होगी, कम लागत लगेगा और नेपाल के नागरिकों और अर्थव्यवस्था को आपूर्ति सुरक्षा में समर्थन मिलेगा।

6.3.9.3. श्रीलंका के साथ सहयोग

- भारत और श्रीलंका के बीच एक जीवंत ऊर्जा साझेदारी है। भारत पारंपरिक रूप से श्रीलंका के सबसे बड़े व्यापार भागीदारों में से एक रहा है और श्रीलंका सार्क में भारत के सबसे बड़े व्यापार भागीदारों में से एक बना हुआ है।
- श्रीलंका में ऊर्जा संकट के दौरान भारत ने श्रीलंका को दी गई कुल 4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण सहायता के बदले पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति करके सहायता प्रदान की।
- भारतीय कंपनियां त्रिंकोमाली क्षेत्र को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने की संभावना तलाश रही हैं, जो इस क्षेत्र के लिए श्रीलंका की सरकार की योजना के अनुरूप है।

- भारत और श्रीलंका कोलंबो के केरावलपिटिया में आरएलएनजी आधारित बिजली संयंत्र के लिए श्रीलंका को एलएनजी की आपूर्ति, भारत में सीबीआर, नागापट्टिनम से कोलंबो और त्रिंकोमाली तक एक बहु–उत्पाद पाइपलाइन और श्रीलंका के ईएंडपी क्षेत्र में अवसरों पर भी कार्य कर रहे हैं।



6.3.10. जर्मनी

- माननीय मंत्री ने वैकल्पिक और संधारणीय ईंधन के संबंध में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 7–9 नवंबर 2023 तक जर्मनी और वियना में एक उद्योग प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस यात्रा के दौरान माननीय मंत्री ने जर्मनी के उप कुलपति और आर्थिक मामले एवं जलवायु कार्रवाई संघीय मंत्री रॉबर्ट हेबेक के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई जिसमें दोनों पक्षों ने वैकल्पिक ईंधन के क्षेत्र में सहयोग करने पर चर्चा की।





- माननीय मंत्री ने जर्मन बायोगैस एसोसिएशन के सीईओ डॉ. क्लॉडियस दा कोस्टा गोमेज और बायोगैस तथा जैव ईंधन के अन्य उद्योग जगत के नेताओं के साथ एक गोलमेज चर्चा में भाग लिया। दोनों पक्षों ने ऊर्जा के स्वच्छ स्रोतों और किसानों के लिए आय का एक अतिरिक्त स्रोत बनाने के लिए भारत की खोज पर चर्चा की।

6.3.11. मोजाम्बिक

- 8.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ, मोजाम्बिक भारत के लिए दूसरा सबसे बड़ा अपस्ट्रीम निवेश गंतव्य और अफ्रीका में सबसे बड़ा गंतव्य है। यह वैश्विक स्तर पर भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा किए गए सभी निवेशों में से किसी एक परिसंपत्ति में सबसे बड़ा निवेश भी है। भारत के प्राथमिक ऊर्जा बास्केट में प्राकृतिक गैस के बढ़ते महत्व से इसे अन्य स्रोतों की तुलना में कार्यनीतिक बढ़त मिलती है और मोजाम्बिक एलएनजी प्रतिस्पर्धी दरों पर एलएनजी आपूर्ति के लिए एक पसंदीदा स्रोत हो सकता है।




- माननीय मंत्री ने अक्टूबर 2023 में मोजाम्बिक में एक उच्च स्तरीय मंत्रिस्तरीय और औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। माननीय मंत्री ने मोजाम्बिक गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम फिलिप जैसिंटो न्यूसी से मुलाकात की और मोजाम्बिक और भारत दोनों के लिए विन-विन स्थिति में परियोजना के शीघ्र पुनरुद्धार के लिए समर्थन का अनुरोध किया।
- अपनी यात्रा के दौरान, माननीय मंत्री ने मोजाम्बिक के खनिज संसाधन और ऊर्जा मंत्री महामहिम कार्लोस जकारियास, मोजाम्बिक के अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री महामहिम अर्नेस्टो मैक्स एलियास टोनेला के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की। दोनों पक्षों ने परियोजना को जल्द से जल्द फिर से शुरू करने पर चर्चा की और इस तरह दोनों देशों के लिए परियोजना के कार्यनीतिक महत्व को रेखांकित किया।
- इसके अलावा, मोजाम्बिक की परिसंपत्तियों को प्रमुख महत्व देते हुए, माननीय मंत्री ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए राजधानी मापुटो से 2,500 किलोमीटर दूर स्थित काबो डेलागाडो में एरिया-1 परियोजना स्थल का भी दौरा किया। माननीय मंत्री ने



टोटल एनर्जीज के सीईओ के साथ एक समीक्षा बैठक भी की। टोटल एनर्जीज ने स्थिति के बारे में जानकारी दी और स्थानीय स्थिति में सुधार के साथ परियोजना को "पुनः आरंभ करने के लिए तैयार" करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया।

- 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के मौके पर मोजाम्बिक के साथ समग्र सहयोग के संबंध में, सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस ने 9 जनवरी 2024 को मोजाम्बिक गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम फिलिप जैसिंटो न्यूसी से मुलाकात की, जिसमें दोनों पक्षों ने एरिया–1 एलएनजी परियोजना को पुनर्जीवित करने की योजनाओं पर चर्चा की।





6.4. अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग

6.4.1. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) के साथ जुड़ाव

- ओपेक के साथ नियमित सहयोग तेल और गैस संसाधनों के जिम्मेदार मूल्य निर्धारण की वकालत करने के लिए भारत की ऊर्जा कूटनीति का एक महत्वपूर्ण तत्व है क्योंकि तेल की कीमतों को आकार देने में ओपेक प्रमुख भूमिका निभाता है।
- भारत ने ओपेक देशों से लगभग 60% कच्चा तेल, 63% एलपीजी, 19% एलएनजी और 40% पेट्रोलियम उत्पाद आयात किए हैं, जिनका मूल्य लगभग 120 बिलियन अमरीकी डॉलर है। तदनुसार, भारत लगातार बड़े तेल उत्पादकों को खरीदारों और विक्रेताओं के समग्र हित में अधिक जिम्मेदार मूल्य निर्धारण प्रणाली की ओर ले जाने के लिए ओपेक की नेतृत्वकारी भूमिका पर बल दे रहा है।
- ओपेक ने अपने नवीनतम जारी विश्व तेल आउटलुक 2023 में उल्लेख किया है कि 6.1% प्रति वर्ष की औसत दीर्घकालिक वृद्धि के साथ भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाले प्रमुख विकासशील देश और गैर–ओईसीडी वृद्धिशील तेल की मांग में सबसे बड़ा योगदानकर्ता बना हुआ है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत 2045 तक मौजूदा 5.1 एमबी/डी तेल की मांग में 6.5 एमबी/डी मांग और जोड़ देगा। इसी कालखंड में भारत में नवीकरणीय ऊर्जा का सबसे तेजी से विकास होगा जिनका औसत विकास दर 11.5% प्रति वर्ष होगा।
- ऑस्ट्रिया के वियना में 9 नवंबर 2023 को ओपेक सचिवालय में भारत–ओपेक ऊर्जा वार्ता की छठी उच्च स्तरीय बैठक हुई। माननीय मंत्री ने ओपेक के महासचिव महामहिम हैथम अल घैस के साथ बैठक की सह–अध्यक्षता की। भारत–ओपेक ऊर्जा वार्ता जून 2015 में शुरू हुई थी। गत वर्षों में, भारत–ओपेक ऊर्जा वार्ता ने तेल और गैस उद्योग के कई विषयों



और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया है, जिसमें विशेष रूप से तकनीकी स्तर पर बाजार स्थिरता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। बैठक में तेल और ऊर्जा बाजारों से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें उपलब्धता, सामर्थ्य और स्थिरता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया, जो ऊर्जा बाजारों की स्थिरता और आर्थिक विकास और ऊर्जा मांग दोनों के चालक के रूप में भारत की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

6.4.2. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के साथ सहयोग

- भारत–आईईए सहयोग मार्च 2017 से तेज हो गया है जब भारत आईईए का सहयोगी देश बन गया। तब से, भारत और आईईए विभिन्न विषयों पर सहयोग कर रहे हैं जिसमें अक्षय ऊर्जा के विस्तार, ऊर्जा दक्षता, गैस सुरक्षा, तेल भंडार और आपातकालीन तैयारी, निवेश, नवाचार, डिजिटलीकरण आदि पर डेटा विश्लेषण और अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना शामिल है।
- भारत अब आईईए का पूर्णकालिक सदस्य बनना चाहता है। इस संबंध में, माननीय मंत्री ने आईईए के कार्यकारी निदेशक डॉ. फतिह बिरोल के साथ नियमित बैठकें की हैं।

6.4.3. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (आईईएफ) के साथ सहयोग

- भारत और आईईएफ के बीच लंबे समय से सहयोग चल रहा है। भारत वर्ष 2002 में इसकी स्थापना के बाद से इसके कार्यकारी बोर्ड का स्थायी सदस्य है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आईसी) आईईएफ के कार्यकारी बोर्ड सदस्य हैं।
- आईईएफ ऊर्जा उपभोक्ताओं और उत्पादकों के बीच संवाद के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।
- 7 फरवरी 2023 को, भारत ने आईईएफ के साथ मिलकर भारत ऊर्जा सप्ताह 2023 के अवसर पर 9वें एशियाई मंत्रिस्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन (एएमईआर9) की मेजबानी की।

6.5. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित/भागीदारी वाले अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम

6.5.1. भारत ऊर्जा सप्ताह 2023

भारत ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्यू), 2023 का पहला संस्करण 6 से 8 फरवरी, 2023 तक बेंगलुरु में आयोजित किया गया था। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आईईडब्ल्यू 2023 के उद्घाटन सत्र का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक देशों के अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों, 500 अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं, 30,000 से अधिक ऊर्जा पेशेवरों, 8,000 से अधिक प्रतिनिधियों और 700 प्रदर्शकों सहित 35 से अधिक विदेश मंत्रियों ने भाग लिया।

आईईडब्ल्यू, 2023 मेघरेलू और अंतर्राष्ट्रीय सभी हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान किया है ताकि विकास, सहयोग और परिवर्तन को सुविधाजनक बनाया जा सके।



आईईडब्ल्यू विभिन्न वार्षिक आयोजनों जैसे कि सीईआरए सप्ताह, अबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय पेट्रोलियम प्रदर्शनी और सम्मेलन (एडीआईपीईसी), विश्व पेट्रोलियम कांग्रेस और गैसटेक के सदृश्यऊर्जा क्षेत्र में सबसे प्रत्याशित प्रमुख आयोजन के रूप में उभरा है।

आईईडब्ल्यू ने ऊर्जा आयोजन के रूप में एक अलग स्थान बनाया है जो ऊर्जा सुरक्षा, ग्राहक केंद्रितता, न्यायपूर्ण ऊर्जा परिवर्तन, ऊर्जा का वहनीयता को रेखांकित करता है, भारत को मांग केंद्र के रूप में उजागर करता है और नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देता है। भारत ऊर्जा सप्ताह में ऊर्जा का व्याख्या अधिक समावेशी, व्यावहारिक और न्यायपूर्ण तरीके से की जा रहा है, जिससे विश्व आकर्षित हो रहा है और सीईओ और उद्योग के नेताओं की भागीदारी बढ़ रही है।

कार्यनीतिक सम्मेलन वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित करने वाली कार्यनीतियों और रुझानों पर अंतर्दृष्टि साझा करने में सफल रहा, जबकि कार्यकारी सत्र में नेट जीरो एजेंडे को आगे बढ़ाने में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए व्यावसायिक संचालन के अग्रणी नेताओं को एकजुट किया गया और तकनीकी सम्मेलन से इंजीनियरों और परियोजना प्रबंधकों को नवीनतम उद्योग की विशेषज्ञता का परिचय मिला। आईईडब्ल्यू 2023 के दौरान, ऊर्जा क्षेत्र में भारत की यात्रा को इमर्सिव डिजिटल प्रदर्शनियों और मंत्रिस्तरीय संवादों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

आईईडब्ल्यू 2023 ने कई सुदृढ़ीकरण और रहस्योद्घाटन किए, जिनमें निम्न शामिल हैं

- वैश्विक वियोजन द्वारा प्रेरित– वैश्विक ऊर्जा समीकरण उभरते बाजारों और उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए मौलिक रूप से अलग–अलग है। आयात निर्भरता वाले उभरते बाजारों के लिए ऊर्जा समीकरण एक चतुर्भुज है, जिसमें 'सुरक्षा' अन्य बिंदुओं– 'पहुँच', 'वहनीयता' और 'स्थिरता' के लिए एक महत्वपूर्ण और अग्रदूत तत्व बन जाती है।
- बढ़ते बाजार उतार–चढ़ाव और ऊर्जा संबंधों के औचक पुनर्गठन ने ऊर्जा सुरक्षा बाजार स्थिरता, व्यवस्थित और न्यायसंगत बदलावों पर उत्पादक–उपभोक्ता संवाद को अंतरराष्ट्रीय एजेंडे के शीर्ष पर वापस ला दिया है।
- ऊर्जा परिवर्तन वैश्विक ऊर्जा पोर्टफोलियो में प्रबंधित परिवर्तन की एक लहर की तरह होगा। इस परिवर्तन के लिए वैश्विक समन्वय और कौशल, प्रौद्योगिकी और वैश्विक वित्तपोषण की उपलब्धता आवश्यकता है।
- ऊर्जा सुरक्षा और कम कार्बन तथा उच्च ऊर्जा घनत्व ट्रेड–ऑफ खुले, पारदर्शी और अविकृत बाजारों पर निर्भर करते हैं। बेहतर कनेक्टिविटी और समान प्रतिस्पर्धा अधिक लागत–कुशल परिवर्तन और समावेशी विकास लाएगी।


आईईडब्ल्यूके दौरान हस्ताक्षरित कुछ प्रमुख समझौता ज्ञापन / समझौते इस प्रकार हैं:

- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय और ह्यूस्टन विश्वविद्यालय, टेक्सास, यूएसए के बीच किया गया यह समझौता ज्ञापन ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के साथ डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच कार्यनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में लिया गया एक कदम आगे है।
- वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में डाटा और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए पेट्रोलियम नियोजन और विश्लेषण सेल (पीपीएसी) और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के बीच स्टेटमेंट ऑफ इंटेंट (एसओआई)।

6.5.2. भारत ऊर्जा सप्ताह 2024

भारत ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्यू) का दूसरा संस्करण 6–9 फरवरी 2024 से ओएनजीसी के पेट्रोलियम सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण प्रबंधन संस्थान (आईपीएसएचईएम) में आयोजित किया गया। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आईईडब्ल्यू 2024 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया, जहां उन्होंने वैश्विक ऊर्जा नेताओं की सभा को संबोधित करते हुए ऊर्जा क्षेत्र में भारत द्वारा अभूतपूर्व निवेश करने की प्रतिबद्धता पर बल दिया। माननीय प्रधान मंत्री ने रेखांकित किया कि इस क्षेत्र पर बड़े पैमाने पर सरकारी खर्च करने से भारत में निवेश के नए रास्ते खुलेंगे।

इस कार्यक्रम में 13 से अधिक विदेश मंत्री और उप मंत्री प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी के साथ–साथ 360 से अधिक वक्ताओं के विविध पैनल की प्रभावशाली सभा ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में 40,000 से अधिक आगंतुकों आए, जिन्होंने 25 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 900 से अधिक प्रदर्शकों की पेशकश देखी। आईईडब्ल्यू 2024 की वैश्विक अपील इसके स्वागत में स्पष्ट परिलक्षित थी, क्योंकि इस कार्यक्रम ने महत्वपूर्ण रुचि आकर्षित की, जिसके परिणामस्वरूप 18 तकनीकी श्रेणियों में 193



प्रस्तुतकर्ताओं से लगभग 2,000 तकनीकी सार प्रस्तुत किए गए।

आईईडब्ल्यू के दूसरे संस्करण द्वारा की गई प्रगति की पर्याप्त वृद्धि इसके उद्घाटन संस्करण की तुलना में स्पष्ट है। विशेष रूप से, प्रदर्शनी क्षेत्र में उल्लेखनीय 25% की वृद्धि हुई है जहां आईईडब्ल्यू 2024, 18.5 हजार वर्ग मीटर में फैला था वही आईईडब्ल्यू 2023, 15 हजार वर्ग मीटर तक ही था। यह महत्वपूर्ण विस्तार दर्शाता है।

आईईडब्ल्यू 2024 ने मेक इन इंडिया और स्टार्टअप पैवेलियन के माध्यम से 300 से अधिक स्टार्टअप और एमएसएमई के लिए एक मंच प्रदान करके भारत को ऊर्जा नवप्रवर्तक के रूप में प्रोत्साहन दिया है। आईईडब्ल्यू के माध्यम से कई स्वदेशी समाधानों को वैश्विक मंच मिला और उनसे दुनिया की समस्याओं का हल हुआ इससे मेक इन इंडिया की भावना उजागर होती है। आईईडब्ल्यू 2024 के दौरान आयोजित स्टार्टअप इवेंट चैलेंज – अविन्या को विभिन्न क्षेत्रों के स्पेक्ट्रम को कवर करने वाले 116 अभिनव अनुप्रयोगों के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इस कार्यक्रम में नवाचार कौशल को बढ़ावा देने हेतु वीसी, इनक्यूबेटर, एक्सेलरेटर, उद्योग जगत के नेता और स्टार्टअप सहित विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज शामिल हुए।

भारत में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने के लिए दुनिया को आमंत्रित करने के प्रगतिशील दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए, आईईडब्ल्यू 2024 ने सहयोग के संभावित अवसरों को उजागर करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, जिनमें से कई हासिल किए गए:

- भारत ने कतर एनर्जी के साथ 78 बिलियन अमरीकी डॉलर का ऐतिहासिक एलएनजी सौदा हासिल किया, जिससे इसके आयात समझौते का 2048 तक विस्तार हुआ, जिससे देश को 6 बिलियन अमरीकी डॉलर की बचत होने की उम्मीद है।
- टोटल एनर्जी की अग्रणी एयूएसईए (पर्यावरण अनुप्रयोगों के लिए एयरबोर्न अल्ट्रालाइट स्पेक्ट्रोमीटर) तकनीक का उपयोग करके मीथेन उत्सर्जन का पता लगाने और माप अभियान चलाने के लिए ओएनजीसीने टोटल एनर्जी के साथ एक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- तेल उत्पादन के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट जल का उपचार करने वाली बायोइलेक्ट्रिकल प्रक्रिया का उपयोग करके हरित हाइड्रोजन के उत्पादन हेतु ओएनजीसी ने ऑसरा बायोरिन्यूएबल्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

आईईडब्ल्यू 2024 में महत्वपूर्ण रिपोर्टों का लोकार्पण भी हुआ, जिनमें नीति आयोग और नीदरलैंड्स द्वारा "मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में एलएनजी", पीपीएसीजर्नल, और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) द्वारा "भारत तेल बाजार परिदृश्य" शामिल है, जो ऊर्जा परिदृश्य को नया रूप देने के लिए आवश्यक अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। आईईए ने पूर्वानुमान लगाया है कि भारत अब से लेकर 2030 तक

वैश्विक तेल मांग वृद्धि का सबसे बड़ा स्रोत बनकर उभरेगा।

आईईडब्ल्यू 2024 के दौरान अभिनव समाधान प्रदर्शित किए गए, जिनमें (i) आईओसीएल और भारत की पहलीहरित हाइड्रोजन ईंधन कोशिकाओं द्वारा प्रचालित बसें, (ii) बीपीसीएल–बीएआरसी और भारत की पहली घरेलू रूप से विकसित इलेक्ट्रोलाइज़र, एचपीसीएल का ईंधन फ्लेक्स इंजन, (iii) प्रयुक्त कुकिंग ऑयल (यूसीओ) का उपयोग करने वाला बायोडीजल संयंत्र, (iv) गेल का शिप–टू–शिप एलएनजी ट्रांसफर, फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन और लंबी दूरी की एलएनजी बसें, (v) खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन का प्रयोग करने वाला एथेनॉल स्टोव शामिल हैं।

आईईडब्ल्यू द्वारा दर्ज की गई जबरदस्त प्रतिक्रिया, और विकासतथा ऊर्जा परिवर्तन संबंधी कार्यनीतिक दिशा और व्यावहारिकता जो आईईडब्ल्यू वैश्विक ऊर्जा जगत में प्रदर्शित कर रहा है, यह इस बात का प्रमाण है कि भारत वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन परिदृश्य में अग्रणी है और आईईडब्ल्यू वैश्विक ऊर्जा आयोजनों में अपनी जगह बना रहा है।

6.5.3. भारत के माननीय प्रधान मंत्री की वैश्विक तेल और गैस के सीईओ और विशेषज्ञों के साथ बातचीत

भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत ऊर्जा सप्ताह 2024 के दौरान वैश्विक तेल और गैस के सीईओ और विशेषज्ञों के साथ 8वें वार्षिक गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस चर्चा में ऊर्जा क्षेत्र के 26 प्रमुख नेताओं ने भाग लिया।

इस चर्चा में घरेलू तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने के महत्व, निवेश और सहयोग के महत्व, ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना, संधारणीय ईंधन को शामिल करना, डिजिटलीकरण और एआई, भारत की वैश्विक ऊर्जा मांग केंद्र के रूप में स्थिति, 'मेक इन इंडिया' और 'स्किलिंग इन इंडिया' जैसी पहलों सहित कई विषयों पर चर्चा की गई।

तेल और गैस विशेषज्ञों ने ऊर्जा की सुलभता, वहनीयता और सुरक्षा बढ़ाने में सरकार की हालिया उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने अमृत के पांच तत्वों– "पंचामृत" और सहायक नीतियों द्वारा समर्थित दूरदर्शी लक्ष्यों का हवाला देते हुए भारत के स्वच्छ ऊर्जा में परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भारत द्वारा स्वच्छ ऊर्जा



प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला।

प्रारंभिक टिप्पणियों में, माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने निरंतर संवाद करने और सामंजस्यपूर्ण कार्यनीतियों, विविध दृष्टिकोणों की समझ और भारत के दृष्टिकोण तथा योजनाओं के साथ तालमेल बिठानेके महत्व पर जोर दिया।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने "तेल और गैस क्षेत्र का परिचय" पर एक प्रस्तुति दी। प्रस्तुति में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि भारत वैश्विक ऊर्जा मांग को आगे बढ़ाएगा और पहलों, उपलब्धियों तथा निवेश के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

माननीय प्रधान मंत्री ने तेल और गैस के क्षेत्र में किए गए सुधारों पर प्रकाश डाला, जिसमें घरेलू तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाना, गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना और स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना शामिल है और वैश्विक तेल और गैस कंपनियों को भारत के विकास गाथा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया।

6.5.4. विश्व पेट्रोलियम कांग्रेस

श्री पंकज जैन, एमओपीएनजी, ने 24वें विश्व पेट्रोलियम कांग्रेस (डब्ल्यूपीसी) में भाग लेने के लिए 17 से 21 सितंबर 2023 तक कैलगरी, कनाडा में एक उच्च स्तरीय उद्योग प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। एमओपीएनजी के सचिव ने डब्ल्यूपीसी में भारतीय पैवेलियन का उद्घाटन किया, जिसमें भारत की ऊर्जा की विकास यात्रा की कहानी पर प्रकाश डाला गया।

इस यात्रा के दौरान, एमओपीएनजी के सचिव ने मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में एक वक्ता के रूप में भाग लिया: आपके देश के लिए ऊर्जा परिवर्तन का क्या



अर्थ है? जिसमें श्री पावेल–कैसियन नितुलेस्कु, राज्य सचिव–ऊर्जा मंत्रालय, रोमानिया और श्री हेनेकेन लोकपुबिरी, मंत्री–पेट्रोलियम संसाधन मंत्रालय, नाइजीरिया उनके सह–पैनलिस्ट थे। ऊर्जा सुरक्षा, वहनीयता और विश्वसनीयता की आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके अलावा, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव ने इस सत्र में भारत के लिए आर्थिक समृद्धि और विकास को बनाए रखने के लिए पर्याप्त ऊर्जा आपूर्ति की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर बल दिया।

यात्रा के दौरान, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव ने कैव कान, कंप्यूटर मॉडलिंग ग्रुप (सीएमजी) लिमिटेड, फैरोस एनर्जी पीएलसी, पीटीआरसी, सेमी जियो, ब्लैकफिश इंडस्ट्रीज, कैलगरी विश्वविद्यालय जैसे अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम अंतर्राष्ट्रीय तेल एवं गैस सेवा प्रदाताओं के विभिन्न अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ आमने–सामने बैठकें कीं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव ने भूकंपीय प्रसंस्करण और व्याख्या के लिए प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करते हुए, सिस्मिक रिजरवॉयर कैरेक्टराइजेशन कंपनी, सैमीजियो के साथ एक गोलमेज चर्चा भी की।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने 20 सितंबर, 2023 को कनाडा में आईओसीएल की



पीएनडब्ल्यू परिसंपत्तियों का भी दौरा किया। इस क्षेत्र दौरे में कोवेस क्षेत्र में एक ड्रिल–साइट (गुंडी क्रीक वेस्ट पैड डी–डी82–जे/94–बी–9) का दौरा शामिल था, जिसके बाद परियोजना के सबसे बड़े गैस संयंत्र (बी–89–जे) का दौरा किया गया, जिसकी कुल प्रसंस्करण क्षमता 400 एमएमएससीएफडी है, जिसमें दो ट्रेनें शामिल हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने अल्बर्टा विश्वविद्यालय में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल का भी नेतृत्व किया। प्रतिनिधिमंडल ने अल्बर्टा विश्वविद्यालय में गोलमेज चर्चा में भाग लिया।

6.5.5. एडीआईपीईसी–अबू धाबी 2023

माननीय मंत्री ने 2–4 अक्टूबर 2023 तक यूएई का दौरा किया, जहाँ उन्होंने अबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय पेट्रोलियम प्रदर्शनी और सम्मेलन (एडीआईपीईसी 2023) में भाग लिया – जो ऊर्जा उद्योग के लिए दुनिया का सबसे प्रभावशाली सम्मेलन है। एडीआईपीईसी 2023 में, माननीय मंत्री ने भारतीय पैवेलियन का भी उद्घाटन किया।



यात्रा के दौरान, माननीय मंत्री ने 'ऊर्जा वार्ता: भारतीय ऊर्जा उद्योग: विविधीकरण से आर्थिक विकास तक' पर स्पॉटलाइट सत्र में अपनी टिप्पणी दी। उन्होंने चर्चा की कि भारत में विकास–ऊर्जा सहसंबंध कैसे स्पष्ट है क्योंकि यह अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है। भारत की ऊर्जा मांग भविष्य में आर्थिक विकास के लिए ईंधन प्रदान करती रहेगी क्योंकि इसमें उत्तरोत्तर वृद्धि अवश्यंभावी है: भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता, तीसरा सबसे बड़ा एलपीजी उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक, चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर और चौथा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार है।

इस यात्रा के दौरान, माननीय मंत्री ने यूएई के अपने समकक्षों, महामहिम सुहैल मोहम्मद अल मजरूई, ऊर्जा और बुनियादी ढांचा मंत्री, यूएई; और महामहिम डॉ. सुल्तान अहमद अल जाबेर, सीओपी 28 अध्यक्ष–पदनाम, यूएई के विशेष दूत, उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्री; एडीएनओसी के एमडी और समूह सीईओ के साथ द्विपक्षीय चर्चा में भाग लिया। दोनों पक्षों ने भारत–यूएई संबंधों को गहरा बनाने और इस तरह भारत–यूएई कार्यनीतिक साझेदारी के समग्र ढांचे के भीतर ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। माननीय मंत्री ने भारतीय पीपुल्स फोरम, यूएई की टीम से भी मुलाकात की।

माननीय मंत्री ने संघीय गणराज्य नाइजीरिया के पेट्रोलियम संसाधन (तेल) राज्य मंत्री माननीय ओबॉन्गेमम एकपेरिकपे एकपो और सीनेटर हेनेकेन लोकपोबिरी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। माननीय मंत्री ने मिस्र के पेट्रोलियम और खनिज संसाधन मंत्री महामहिम तारेक एल मोल्ला की भी मेजबानी की।





माननीय मंत्री ने टोटल एनर्जीज के चेयरमैन और सीईओ श्री पैट्रिक पोयाने के साथ बैठक की, जिसमें दोनों पक्षों ने मोजाम्बिक परियोजना में तेजी लाने के तरीकों पर चर्चा की। इसके अलावा, यात्रा के दौरान, माननीय मंत्री ने वैश्विक तेल और गैस कंपनियों के सीईओ के साथ बैठकें कीं। माननीय मंत्री ने बीपी के अंतरिम सीईओ श्री मरे औचिनक्लोस, श्लम्बरगर के सीईओ श्री ओलिवियर ले प्यूच, बेकर ह्यूजेस के चेयरमैन और सीईओ श्री लोरेंजो सिमोनेली और ऑक्सिडेंटल पेट्रोलियम, की अध्यक्ष और सीईओसुश्री विकी होलब के साथ बैठकें कीं। माननीय मंत्री ने भारत के ईएंडपी क्षेत्र में अपार अवसरों पर जोर दिया, जिसके लिए भारत ने अन्वेषण के लिए दस लाख वर्ग किलोमीटर 'नो गो' क्षेत्र खोले हैं और राष्ट्रीय आंकड़ा कोष बनाई है, जिसे भारत में ईएंडपी में रुचि रखने वाली कंपनियों के लाभ के लिए साझा किया जा सकता है।



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिवने मंत्रिस्तरीय सत्र 'नई विश्व व्यवस्था में ऊर्जा और भूराजनीति को नेविगेट करना' में भाग लिया, जहां उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा, वहनीयता और विश्वसनीयता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने भारत के लिए आर्थिक समृद्धि और विकास को बनाए रखने के लिए पर्याप्त ऊर्जा आपूर्ति की महती आवश्यकता पर बल दिया।



6.5.6. द्वितीय वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन

माननीय मंत्री ने द्वितीय वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन में 17 नवंबर 2023 को आयोजित ऊर्जा मंत्रियों के सत्र की अध्यक्षता की जो 'किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प विकास के लिए किफायती और समावेशी ऊर्जा परिवर्तन' पर केंद्रित था। द्वितीय वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन जिसका विषय 'वैश्विक दक्षिण: सब का विकास, सब का विश्वास' था, वैश्विक दक्षिण राष्ट्रों के सम्मुख आने वाली अनूठी चुनौतियों का समाधान करने हेतु प्रतिबद्ध है। यह समावेशिता, विकास और विश्वास की दिशा में किया जा रहा एक संयुक्त प्रयास है।

भारत की अपनी ऊर्जा नीति का व्यापक विविधीकरण करना राष्ट्रीय हितों का समर्थन करते हुए और भारत की ऊर्जा मांग को पूरा करते हुए जलवायु परिवर्तन को कम करने की इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। 15 देशों के मंत्री और उप मंत्री स्वच्छ, हरित और संधारणीय भविष्य की ओर मार्ग प्रशस्त करने के लिए एकत्रित हुए जिससे सहयोग का महत्व प्रतिपादित होता है।





6.5.7. विश्व आर्थिक मंच

माननीय मंत्री ने 15–19 जनवरी 2024 तक दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) 2024 में भाग लेने के लिए एक उद्योग प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। डब्ल्यूईएफ वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग एजेंडा को आकार देने के लिए समाज के अग्रणी राजनीतिक, व्यापारिक, सांस्कृतिक और अन्य नेताओं को एकजुट करता है।

डब्ल्यूईएफ 2024 में माननीय मंत्री ने लगभग 7 सत्रों में भाग लिया:

क. भारत के ऊर्जा परिवर्तन में तेजी लाने के लिए किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प आर्थिक विकास पर सीआईआई–ईवाई ब्रेकफास्ट सत्र

ख. प्रतिद्वंद्विता के बीच ऊर्जा पर डब्ल्यूईएफ सत्र

ग. सीआईआई सत्र: भारत में हरित हाइड्रोजन के अवसर

घ. डब्ल्यूईएफ सत्र–गोलमेज: ऊर्जा परिवर्तन नेता

ङ. डब्ल्यूईएफ सत्र: क्या भारत इस अवसर का लाभ उठा सकता है?

च. डब्ल्यूईएफ सत्र: भारत पर देश कार्यनीति संवाद

छ. डब्ल्यूईएफ सत्र–गोलमेज आईजीडब्ल्यूईएल (विश्व आर्थिक नेताओं की अनौपचारिक सभा): ऊर्जा सत्र

माननीय मंत्री ने वैश्विक ऊर्जा उद्योग के नेताओं के साथ सक्रीय बातचीत की। माननीय मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि दुनिया अब वैश्विक मंच पर भारत के ऊर्जा क्षेत्र के उद्भव और जबरदस्त क्षमता, हरित ऊर्जा परिवर्तन की इसकी प्रक्रिया, नेट जीरो लक्ष्य और ऊर्जा पर्याप्तता की ओर इसकी यात्रा को समझ रही है। भारत अब दुनिया का एक विकास इंजन है और भारत में हो रहे नवाचार वैश्विक दक्षिण के देशों की चुनौतियों के लिए समाधान प्रदान कर रहे हैं।

माननीय मंत्री ने बहरीन आर्थिक विकास बोर्ड के प्रबंधन बोर्ड के वरिष्ठ सलाहकार श्री इयान लिंडसे; बीएपीसीओ एनर्जीज के सीईओ श्री मार्क थॉमस के साथ द्विपक्षीय बैठक की, जिसमें दोनों पक्षों ने मध्य पूर्व में उभरती स्थितियों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने इस बात पर चर्चा की कि किस तरह भारत, जो 254 एमएमटीपीए की वर्तमान क्षमता के साथ विश्व में चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है और बहरीन जो सित्रा रिफाइनरी को अपग्रेड और विस्तारित करने के लिए तैयार है, रिफाइनरी सह पेट्रोकेमिकल क्षेत्र के साथ–साथ 2जी/3जी जैव ईंधन रिफाइनरियों में आपसी द्विपक्षीय





हाइड्रोकार्बन व्यापार और निवेश को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है।

माननीय मंत्री ने भाग लेने वाले प्रमुख तेल और गैस कंपनियों के साथ–साथ प्रमुख जैव ईंधन कंपनियों के प्रमुख मंत्रियों और सीईओ के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें भी कीं।

6.6. विदेशी परिसंपत्ति का अधिग्रहण

- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए विदेशों के गुणवत्तापूर्ण तेल और गैस परिसंपत्तियों को हासिल करने के अवसरों को आक्रामक रूप से लाभ उठाने के लिए भारतीय तेल और गैस पीएसयू को सुविधा प्रदान कर रहा है।
- पिछले 6 वर्षों के दौरान, भारतीय कंपनियों ने यूएई (लोअर जकुम और ऑनशोर ब्लॉक–1), ओमान (मुखाज्ना) और रूस (वैंकोरनेफ्ट और तस्सयुर्याख) में परिसंपत्तियां हासिल की हैं।
- 1 अप्रैल 2024 तक, भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने विभिन्न ईएंडपी विदेशी परिसंपत्तियों पर ~38 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, इन परिसंपत्तियों से भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए इक्विटी तेल और गैस का हिस्सा लगभग 19.9 एमएमटीओई था, जो भारत के घरेलू उत्पादन के 30.24% के बराबर है। परिसंपत्तियों की सूची परिशिष्ट-XI में दी गई है।







अध्याय 7

उत्तर पूर्वी क्षेत्र का विकास

7 उत्तर पूर्वी क्षेत्र का विकास

7.1. पृष्ठभूमि

7.1.1. उत्तर–पूर्व क्षेत्र में तेल और गैस की खोज मुख्य रूप से स्वतंत्रता के बाद के दौरान हुई। इनमें असम ऑयल कंपनी (एओसी) द्वारा नहरकटिया और मोरन क्षेत्रों तथा ओएनजीसी द्वारा क्रमशः 1953, 1956 और 1960 में रुद्रसागर तेल क्षेत्रों की खोज शामिल है। बाद में, 100 से अधिक तेल और गैस क्षेत्रों की खोज की गई जिनमें जोराजन, कुमचाई, हापजान, शालमारी, डिकोम, काथालोनी, तेंगाखाट, मोगपारा, छाबुआ, बागजान, बरेकुरी, तिचना, गोजालिया, रोखिया, खोबल, होरटोकी जैसे क्षेत्र शामिल हैं जिन्हें ओआईएल और ओएनजीसी द्वारा पूर्वोत्तर के असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों में खोज की गई है।

7.1.2. इस क्षेत्र को प्री–एनईएलपी, एनईएलपी, डीएसएफ और ओएएलपी पूर्व बोलियों के माध्यम से निजी/संयुक्त उद्यम और विदेशी कंपनियों के अन्वेषण के लिए खोला गया था। ओआईएल और ओएनजीसी ने पर्याप्त मात्रा में उत्पादन योग्य हाइड्रोकार्बन साबित किए हैं और उत्पादन और जटिल जलाशयों के प्रबंधन की तकनीकी जानकारी है और उत्तर–पूर्व में अपनी उत्पादक परिसंपत्तियों से प्रति वर्ष तेल और गैस के बराबर तेल (ओ+ओईजी) में योगदान (2021–22 में लगभग 8.99 एमएमटीओई) है।

7.1.3. पूर्वोत्तर क्षेत्र में देश के कुल अनुमानित हाइड्रोकार्बन संसाधनों का लगभग 18% (7634 एमएमटी) है। अन्वेषण एवं उत्पादन कंपनियों द्वारा अब तक लगभग 2246.6 एमएमटी तत्स्थान हाइड्रोकार्बन भंडार मिले हैं जिसका अर्थ है कि लगभग 73% हाइड्रोकार्बन संसाधन अभी 'खोजे जाने' की श्रेणी के अंतर्गत है।

7.1.4. दो राष्ट्रीय तेल कंपनियां, नामतः ओएनजीसी और ओआईएल 60 वर्षों से अधिक समय से तेल और गैस के अन्वेषण और दोहन के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में कार्यरत हैं और इस बेसिन के विशाल भू–वैज्ञानिक डाटाबेस और भूवैज्ञानिक समझ का सृजन किया है।

7.2. नामांकन व्यवस्था के तहत पूर्वोत्तर में अन्वेषण गतिविधियां

7.2.1. फरवरी, 1959 में अपनी स्थापना के बाद से ओआईएल असम राज्य में सक्रिय रूप से अन्वेषण और विकास गतिविधियों को आगे बढ़ा रहा है।

7.2.2. 1969–79 के दौरान, असम और अरुणाचल प्रदेश में व्यापक भूभौतिकीय सर्वेक्षण और विकास प्रयास किए गए थे, जिसके परिणामस्वरूप 1972 में जोराजन क्षेत्र की खोज हुई और 1973 में तेंगक हाट (नहरकटिया के पश्चिम) के इओसीन में गैस संसाधनों की खोज की गई। 31.12.2022 तक, ओआईएल ने उत्तर–पूर्व में 2डी भूकंपीय डेटा का 16,280.59 जीएलकेएम से अधिक और 3डी भूकंपीय डेटा का लगभग 10,846.15 वर्ग किलोमीटर अधिग्रहण किया है और तेल खोज के लिए 71 खुदाई की एवं 1424 कुंओं को विकसित किया गया है। 31 मार्च 2024 तक, ओआईएल के पास नामांकन व्यवस्था के तहत पूर्वोत्तर में 1 अन्वेषण ब्लॉक है। ओआईएल के पूर्वोत्तर क्षेत्र में 2 एनईएलपी अन्वेषण ब्लाक भी हैं। इसके अलावा,



बीपीसीएल दुलियाजान प्लांट

खुला रकबा लाइसेंस नीति (ओएएलपी) के तहत, ओआईएल को असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और त्रिपुरा में एक ऑपरेटर के रूप में 17 ब्लॉक (ओएएलपी राउंड I में 7 ब्लॉक, ओएएलपी राउंड III में 3 ब्लॉक और ओएएलपी राउंड V, VI – VII में 2 ब्लॉक और VIII में 1 ब्लॉक) प्रदान किए गए थे। ओआईएल को डीएसएफ राउंड–II के अंतर्गत दक्षिण त्रिपुरा में 1 ब्लाक प्रदान किया गया है।

7.2.3. ओएनजीसी ने 1956 में असम में अपना अन्वेषण कार्य शुरू किया। ओएनजीसी का प्रथम अन्वेषी कुआँ 1960 में दिसांगमुख संरचना पर ड्रिल किया गया था, हालांकि, पहली वाणिज्यिक तेल खोज उसी वर्ष रुद्रसागर संरचना पर हुई थी। पूर्वोत्तर क्षेत्र में, 31.03.2024 तक, ओएनजीसी ने असम राज्य में 826 अन्वेषणात्मक कुआं, त्रिपुरा में 235 कुआं, मेघालय में 3, मिजोरम में 4 और नागालैंड राज्य में 26 कुआं की खुदाई की है।

7.2.4. इस अन्वेषण दर्शन के साथ पानीडीहिंग, दिसांगमुख, लकवा, लखमनी, सोनारी, गेलेकी, देमुलगांव, अमगुरी और चरली सहित बड़ी संख्या में तेल और गैस क्षेत्रों की खोज की गई थी।

7.2.5. वर्तमान में, ओएनजीसी के पास नामांकन व्यवस्था के तहत नागालैंड राज्य में 3 पीईएल ब्लॉक है। इसके पास पूर्वोत्तर में 65 पीएमएल ब्लॉक (असम में 46, त्रिपुरा में 18, नागालैंड में 1) भी हैं, जिसमें दीर्घकालिक और अल्पकालिक पीएमएल दोनों शामिल हैं। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, ओएनजीसी ने 299.99 एलकेएम 2डी भूकंपीय डेटा (असम शेल्फ में 65.2 एलकेएम और असम अराकान फोल्ड बेल्ट में 234.79 एलकेएम), 216.93 एसकेएम 3डी भूकंपीय डेटा (असम शेल्फ में 59.22 और असम अराकान फोल्ड बेल्ट में 157.71) का अधिग्रहण किया और 22 अन्वेषणात्मक कुओं (असम शेल्फ में 9 और असम अराकान फोल्ड बेल्ट में 13) की खुदाई की। इसके अतिरिक्त, पूर्वोत्तर क्षेत्र में और अधिक रकबा अर्जित करने के लिए जी एंड जी के अन्वेषणात्मक प्रयास प्रगति पर हैं।

7.3. पीएससी व्यवस्था के तहत पूर्वोत्तर में अन्वेषण गतिविधियां

पीएससी व्यवस्था के तहत, एनईएलपी–पूर्व बोली दौरों के तहत वर्ष 1998 में असम राज्य में पहली बार अन्वेषण ब्लाक प्रदान किए गए थे। तदनंतर, एनईएलपी के विभिन्न दौरों के तहत ब्लाक प्रदान किए गए थे। कुल 33 ब्लाक प्रदान किए गए हैं (खोजे गए फील्ड राउंड के तहत 02 ब्लाक, 5 अन्वेषण ब्लाक और 26 एनईएलपी ब्लाक)। ये प्रदान किए गए ब्लॉक (असम–21, मणिपुर–2, मिजोरम–3, नागालैंड–3 और त्रिपुरा–3 और अरुणाचल प्रदेश–1) 43,439 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैले हैं। इनमें से 11 ब्लाक प्रचालनरत हैं, प्रचालकों द्वारा 1 ब्लाक का परित्याग किए जाने का प्रस्ताव किया गया था तथा 21 ब्लाक का परित्याग कर दिया गया है।

7.4. उत्तर–पूर्व में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन

7.4.1. पूर्वोत्तर राज्यों द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में योगदान कुल उत्पादन का लगभग 15: है। वित्त वर्ष 2023–24 में, उत्तर–पूर्व में कच्चे तेल का उत्पादन लगभग 4.43 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) है। पिछले 5 वर्षों में कच्चे तेल के उत्पादन का राज्य–वार और कंपनी–वार रुझान नीचे दिया गया है:

कंपनी	आस्ति	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
ओआईएल नामांकन	अरूणाचल प्रदेश	0.02	0.02	0.02	0.02	0.03
	असम	3.08	2.90	2.96	3.11	3.29
ओआईएल कुल		**3.10**	**2.92**	**2.98**	**3.13**	**3.32**
ओएनजीसी नामांकन	असम	0.99	0.96	0.99	1.007	1.044
	त्रिपुरा	0.002	0.003	0.003	0.003	0.002
ओएनजीसी कुल		**0.99**	**0.96**	**0.99**	**1.01**	**1.05**
संविदात्मक व्यवस्था	अरूणाचल प्रदेश	0.03	0.03	0.03	0.02	0.03
	असम	0.03	0.03	0.04	0.04	0.03
पीएससी कुल		**0.06**	**0.06**	**0.07**	**0.06**	**0.06**
कुल योग		**4.15**	**3.94**	**4.04**	**4.20**	**4.43**

7.4.2. उपरोक्त सारणी से, यह देखा जा सकता है कि वित्त वर्ष 2023–24 में उत्तर–पूर्व में कच्चे तेल के उत्पादन में ओआईएल की हिस्सेदारी ~75% है, इसके बाद ~24% की हिस्सेदारी के साथ ओएनजीसी है। कच्चे तेल के उत्पादन में निजी / संयुक्त उद्यम कंपनियों का हिस्सा लगभग ~1% है।

7.4.3. वित्त वर्ष 2023–24 में पूर्वोत्तर राज्यों द्वारा प्राकृतिक गैस उत्पादन में योगदान कुल उत्पादन का लगभग 14% है। 2023–24 में उत्तर–पूर्व में प्राकृतिक गैस का उत्पादन प्राकृतिक गैस लगभग 5.06 बिलियन मीट्रिक स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है। पिछले 5 वर्षों में प्राकृतिक गैस उत्पादन की राज्य–वार और कंपनी–वार प्रवृत्ति नीचे दी गई है:

कंपनी	आस्ति	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
ओआईएल नामांकन	अरूणाचल प्रदेश	0.04	0.05	0.05	0.04	0.04
	असम	2.38	2.24	2.62	2.81	2.89
ओआईएल कुल		**2.42**	**2.29**	**2.67**	**2.85**	**2.93**
ओएनजीसी नामांकन	असम	0.46	0.39	0.37	0.36	0.33
	त्रिपुरा	1.47	1.63	1.53	1.67	1.52
ओएनजीसी कुल		**1.93**	**2.02**	**1.90**	**2.03**	**1.86**
पीएससी	अरूणाचल प्रदेश	0.01	0.00	0.00	0.01	0.00
	असम	0.30	0.37	0.38	0.39	0.27
पीएससी कुल		**0.31**	**0.37**	**0.38**	**0.40**	**0.27**
कुल योग		**4.66**	**4.68**	**4.95**	**5.28**	**5.06**

7.4.4. उपरोक्त तालिका से, यह देखा जा सकता है कि वित्त वर्ष 2023–24 में उत्तर–पूर्व में प्राकृतिक गैस उत्पादन में ओआईएल की ~58% की हिस्सेदारी है, इसके बाद ~37% की हिस्सेदारी के साथ ओएनजीसी है। प्राकृतिक गैस उत्पादन में निजी / संयुक्त उद्यम कंपनियों का हिस्सा लगभग ~5% है।

7.4.5. असम ने देश में उत्तर–पूर्वी राज्यों में से कुल तेल उत्पादन का ~99% और पिछले वित्त वर्ष के दौरान देश के कुल तेल उत्पादन का 15% योगदान दिया। अरुणाचल प्रदेश ने देश के उत्तर–पूर्वी राज्यों में से कुल तेल उत्पादन में ~1.4% का योगदान दिया, जबकि त्रिपुरा ने देश के उत्तर–पूर्वी राज्यों में से कुल तेल उत्पादन में ~0.05% का योगदान दिया।

सारणी 7.1 : पूर्वोत्तर में पिछले पांच वर्षों में कच्चे तेल उत्पादन (एमएमटी में)

राज्य/क्षेत्र	स्रोत	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
असम	ओआईएल	3.075	2.905	2.957	3.114	3.286
	ओएनजीसी	0.985	0.961	0.991	1.007	1.044
	निजी / संयुक्त उद्यम	0.030	0.033	0.040	0.042	0.028
	कुल	**4.090**	**3.899**	**3.988**	**4.164**	**4.359**
अरुणाचल प्रदेश	ओआईएल	0.023	0.024	0.021	0.024	0.032
	निजी / संयुक्त उद्यम	0.032	0.030	0.027	0.023	0.027
	कुल	**0.055**	**0.054**	**0.048**	**0.047**	**0.059**
त्रिपुरा	ओएनजीसी	0.002	0.003	0.003	0.003	0.002
उत्तर पूर्व	**कुल योग**	**4.147**	**3.956**	**4.039**	**4.214**	**4.420**

7.4.6. असम ने देश में उत्तर–पूर्वी राज्यों से कुल गैस उत्पादन का ~69% और पिछले वित्त वर्ष के दौरान देश के कुल गैस उत्पादन का 9.6% योगदान दिया। अरुणाचल प्रदेश ने उत्तर–पूर्वी राज्यों से कुल गैस उत्पादन का ~0.8% योगदान दिया जबकि त्रिपुरा ने उत्तर–पूर्वी राज्यों से कुल गैस उत्पादन का ~30% योगदान दिया।

सारणी 7.2 : पूर्वोत्तर क्षेत्र में गत पांच वर्षों में प्राकृतिक गैस उत्पादन (एमएमएससीएम)

राज्य/क्षेत्र	स्रोत	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
असम	ओआईएल	2379	2241	2620	2812	2885
	ओएनजीसी	460	387	373	355	335
	निजी / संयुक्त उद्यम	302	367	378	390	270
	कुल	**3,141**	**2,995**	**3,371**	**3,557**	**34,89**
अरुणाचल प्रदेश	ओआईएल	38.22	50.41	52.79	48.30	34.69
	निजी / संयुक्त उद्यम	7.37	4.95	4.92	5.02	4.94
	कुल	**45.59**	**55.36**	**57.71**	**53.31**	**39.63**
त्रिपुरा	ओएनजीसी	1473	1634	1531	1675	1525
उत्तर पूर्व	**कुल योग**	**4,660**	**4,684**	**4,960**	**5,286**	**5,054**

7.5. तैयार लघु क्षेत्र नीति

उत्तर पूर्व क्षेत्र में डीएसएफ के अंतर्गत ब्लॉकों का ब्योरा निम्नवत् है:

स्थिति	बेसिन	डीएसएफ बोली दौर	राज्य/ स्थान	संविदा क्षेत्र	ऑपरेटर
पीएमएल दिया गया	असम–आराकान फोल्ड बेल्ट	डीएसएफ-II	त्रिपुरा	एए / ओएनडीएसएफ / तुलामारा / 2018	ऑयल इंडिया लिमिटेड
	असम शेल्फ	डीएसएफ-I	असम	एए / ओएनडीएसएफ / बार्सिला / 2016	रामायण इस्पात प्राइवेट लिमिटेड और महेंद्र इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड
				एए / ओएनडीएसएफ / बराईदेव / 2016	ऑयलमैक्स एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड
				एए / ओएनडीएसएफ / डिपलिंग / 2016	रामायण इस्पात प्राइवेट लिमिटेड और महेंद्र इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड
				एए / ओएनडीएसएफ / दुअरमारा / 2016	एंटेलोपस एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड
				एए / ओएनडीएसएफ / लक्ष्मीजान / 2016	मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड
		डीएसएफ-II	असम	एए / ओएनडीएसएफ / दिसाइजन / 2018	इन्वेनियर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड
				एए / ओएनडीएसएफ / हजारीगांव / 2018	वेदांत लिमिटेड
				एए / ओएनडीएसएफ / उमतारा / 2018	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
		डीएसएफ-II	असम	एए / ओएनडीएसएफ / टिफुक / 2021	ऑयलमैक्स एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड
	असम–आराकान फोल्ड बेल्ट	डीएसएफ-II	असम	एए / ओएनडीएसएफ / पठानिया / 2021	वेदांत लिमिटेड
				एए / ओएनडीएसएफ / टुकबाई / 2021	वेदांत लिमिटेड
पीएमएल नहीं दिया गया	असम शेल्फ	डीएसएफ-I	अरुणाचल प्रदेश	एए / ओएनडीएसएफ / कोहेरेम / 2016	एचओईसी लिमिटेड, प्राइज पेट्रोलियम

त्याग दिया गया	असम शेल्फ	डीएसएफ-I	असम	एए/ओएनडीएसएफ/जेरागपथर/2016	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
समाप्त कर दिया गया	असम–आराकान फोल्ड बेल्ट	डीएसएफ-I	असम	एए/ओएनडीएसएफ/हिलारा/2016	प्राइज पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड
				एए/ओएनडीएसएफ/पठाना/2016	विजयश्री भास्कर इंडस्ट्रीज प्रा. लि.
	असम शेल्फ	डीएसएफ-II	असम	एए/ओएनडीएसएफ/माधकाली/2018	अर्श कॉर्पोरेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (दुर्गता)
				एए/ओएनडीएसएफ/टिफुक/2018	शांति जीडी इस्पात एंड पावर प्रा. लि.

7.6. पूर्वोत्तर क्षेत्र में वैकल्पिक हाइड्रोकार्बन स्रोत

7.6.1. शेल गैस: ओएनजीसी द्वारा प्रचालित 3 शेल गैस ब्लॉक और ओआईएल द्वारा प्रचालित 4 ब्लाक असम राज्य में हैं। अब तक ओएनजीसी ने 2 कूपों (नामती एमएल ब्लॉक में जीकेबीओ और लकवा में एलबीजी) की खुदाई की है। ओआईएल ने राजस्थान में जैसलमेर पीएमएल, असम के डिब्रूगढ़, दमदुमा और छाबुआ पीएमएल से पारंपरिक चार कोर हासिल किए हैं। मूल्यांकन के परिणाम इन स्थानों पर खराब संभावना दर्शाते हैं क्योंकि शैलों को प्रारंभिक तेल उत्पादन की ओर ले जाता है।

अरुणाचल प्रदेश में, ओआईएल ने शेल गैस/तेल संभाव्यता की अभिपुष्टि के लिए क्रमशः अपर टिकाक पार्टबेट और दिसांग शैलों के लक्ष्य शेल की तुलना में पारंपरिक कोर की व्यापक मात्रा प्राप्त करने के लिए पारंपरिक कोर अर्थात् जयरामपुर विस्तार, पीईएल और देवमाली पीईएल प्राप्त करने के लिए दो स्थानों की पहचान की है।

7.7. उत्तर–पूर्व विजन 2030

7.7.1. उत्तर–पूर्व विजन दस्तावेज पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों के लाभ के लिए साझा आकांक्षा विकसित करने की संकेन्द्रित और परामर्शी प्रक्रिया है।

7.7.2. इस योजना का उद्देश्य क्षेत्र की हाइड्रोकार्बन क्षमता का लाभ उठाना, स्वच्छ ईंधन तक पहुंच बढ़ाना, पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता में सुधार करना, आर्थिक विकास को सुविधाजनक बनाना और आम लोगों को इस क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों से जोड़ना है। इसके दायरे में आने वाले राज्यों में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल हैं। मंत्रालय ने विजन दस्तावेज का मसौदा तैयार करते समय राज्य सरकारों के साथ कई परामर्श भी किए।

7.7.3. इस विजन का उद्देश्य 2030 तक तेल और गैस उत्पादन को दोगुना करना, स्वच्छ ईंधन सुलभ बनाना, परियोजनाओं को तेजी से कार्यान्वित करना, रोजगार के अवसर पैदा करना और पड़ोसी देशों के साथ सहयोग को बढ़ावा देना है।

विजन 2030 के अंतर्गत परिकल्पित प्रमुख लक्ष्यों में से एक लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रचालनात्मक ब्लाकों के लिए अन्वेषण अवधि में 2 वर्ष और मूल्यांकन अवधि में 1 वर्ष के विस्तार की विशेष छूट की अनुमति दी है। सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में भविष्य में उत्पादित प्राकृतिक गैस के लिए विपणन और मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता भी प्रदान की है।



7.7.4. पूर्वोत्तर विजन 2030 के तहत, ओएनजीसी ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में असम शेल्फ और फोल्ड बेल्ट क्षेत्रों में भूकंपीय डाटा अधिग्रहण और अन्वेषणात्मक कुंओं की खुदाई के लिए एक अन्वेषण योजना की परिकल्पना की है। हाल ही में विभिन्न बेसिनों की अन्वेषणात्मक प्राथमिकताओं पर विचार करते हुए वर्ष 2022–23 से वर्ष 2024–25 तक की अवधि के लिये एक त्रिवर्षीय कार्य योजना तैयार की गई है। इस योजना के अंतर्गत, आनुपातिक अवधि के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में व्यय किए जाने के लिए प्रस्तावित अन्वेषणात्मक आदानों को नीचे सारणीबद्ध किया गया है:

विविरण		2022-23	2023-24	2024-25	Total
असम और असम आराकन	2डी (एलकेएम)	254	377	200	831
	3डी (एसकेएम)	320	455	470	1245
	अन्वेषी कुंआ	21	23	24	68

7.7.5. पूर्वोत्तर विजन 2030 के अंतर्गत वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक पूर्वोत्तर क्षेत्र में असम शेल्फ और असम अराकान फोल्ड बेसिन क्षेत्रों में भूकंपीय डाटा अधिग्रहण और अन्वेषणात्मक कूपों की खुदाई के लिए ओआईएल अन्वेषण योजना नीचे सारणी में दी गई है।

ओआईएल ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में योजनाबद्ध भूकंपीय सर्वेक्षण और अन्वेषणात्मक खुदाई कार्यकलापों को नीचे सारणीबद्ध किया है:

उत्तर–पूर्व क्षेत्र	कार्यकलाप	2024-25	2025-26	2026-27
असम और असम अराकान	2डी सर्वेक्षण (एलकेएम)	269	150	100
	3डी सर्वेक्षण (वर्ग किमी)	234	250	300
	अन्वेषी खुदाई (सं.)	25	29	30

7.7.6. 2023–24 में, ओएनजीसी ने 299.99 एलकेएम 2डी भूकंपीय डेटा, 216.93 एसकेएम 3डी भूकंपीय डेटा का अधिग्रहण पूरा कर लिया है और असम शेल्फ में 9 कुओं और असम अराकान फोल्ड बेल्ट क्षेत्र में 13 कुओं को ड्रिल किया है।

7.8. हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र में नए अन्वेषण ब्लॉक

तेल अन्वेषण एवं उत्पादन कंपनियां पूर्वोत्तर क्षेत्र में गहरी रूचि दर्शा रही है। 31 मार्च 2024 तक उत्तर–पूर्वी क्षेत्र में प्रदान किए गए अन्वेषण ब्लॉकों का विवरण और स्थिति इस प्रकार है:

क्र. सं.	ओएएलपी दौर	ब्लॉक नाम	कांट्रेक्टर/ आपरेटर	बेसिन नाम सांवेदा क्षेत्र (वर्ग किमी)	मूल	टिप्पणी
1	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी–2017/1	वेदांता लि.	असम शेल्फ	714.71	नागालैंड का पीईएल क्षेत्र लंबित है
2	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी–2017/10	ऑयल इंडिया लि.	असम शेल्फ	543.28	
3	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी –2017/11	वेदांता लि.	असम शेल्फ	784.55	
4	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी –2017/12	ऑयल इंडिया लि.	असम शेल्फ	489.06	
5	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी –2017/13	ऑयल इंडिया लि.	असम शेल्फ	840.69	
6	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी –2017/14	वेदांता लि.	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	1719.17	
7	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी –2017/15	वेदांता लि.	असम शेल्फ	1367.38	
8	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी –2017/16	ऑयल इंडिया लि.	असम शेल्फ	361.49	
9	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी –2017/17	ऑयल इंडिया लि.	असम शेल्फ	309.07	
10	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी–2017/18	ऑयल इंडिया लि.	असम शेल्फ	1711.1	
11	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी –2017/19	एचओईसी	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	79.21	
12	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी –2017/2	वेदांता लि.	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	73.19	

क्र. सं.	ओएएलपी दौर	ब्लॉक नाम	कांट्रेक्टर/ आपरेटर	बेसिन नाम सविदा क्षेत्र (वर्ग किमी)	मूल	टिप्पणी
13	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी–2017/20	ऑयल इंडिया लि.	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	125.08	
14	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी–2017/3	वेदांता लि.	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	267.94	
15	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी–2017/4	वेदांता लि.	असम शेल्फ	839.33	नागालैंड का पीईएल क्षेत्र लंबित है
6	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी–2017/5	वेदांता लि.	असम शेल्फ	758.23	
17	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी–2017/6	वेदांता लि.	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	278.79	
18	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी –2017/8	वेदांता लि.	असम शेल्फ	610.54	
19	ओएएलपी-I	एए–ओएनएचपी –2017/9	वेदांता लि.	असम शेल्फ	18.32	
20	ओएएलपी-III	एए–ओएनएचपी –2018/1	वेदांता लि.	असम शेल्फ	248.87	
21	ओएएलपी-III	एए–ओएनएचपी–2018/2	ऑयल इंडिया लि.	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	2526.74	
22	ओएएलपी-III	एए–ओएनएचपी–2018/3	ऑयल इंडिया लि.	असम शेल्फ	1234.42	
23	ओएएलपी-III	एए–ओएनएचपी –2018/4	ओएनजीसी लि.	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	44.01	
24	ओएएलपी-III	एए–ओएनएचपी –2018/5	ऑयल इंडिया लि.	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	207.74	
25	ओएएलपी-V	एए–ओएनएचपी –2019/1	ऑयल इंडिया लि.	असम शेल्फ	1278.27	
26	ओएएलपी-V	एए–ओएनएचपी –2019/2	ऑयल इंडिया लि.	असम शेल्फ	2405.12	छोड़ दिया गया
27	ओएएलपी-VI	एए–ओएनएचपी –2020/1	ऑयल इंडिया लि.	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	557.33	
28	ओएएलपी-VI	एए–ओएनएचपी –2020/2	ओएनजीसी लि.	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	50.41	
29	ओएएलपी-VI	एए–ओएनएचपी –2020/3	ऑयल इंडिया लि.	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	219.37	
30	ओएएलपी-VI	एए–ओएनएचपी –2021/1	ओएनजीसी लि.	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	37.68	
31	ओएएलपी-VI	एएस–ओएनएचपी –2021/1	ओएनजीसी लि.	असम शेल्फ	24.64	
32	ओएएलपी-VII	एए–ओएनएचपी –2021/2	ओएनजीसी लि.	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	382.05	
33	ओएएलपी-VII	एएस–ओएनएचपी –2021/2	ऑयल इंडिया लि.	असम शेल्फ	2445.3	
34	ओएएलपी-VII	एएस–ओएनएचपी –2021/3	ऑयल इंडिया लि.	असम शेल्फ	1840.87	
35	ओएएलपी-VIII	एएस–ओएनएचपी–2022/1	ऑयल इंडिया लि.	असम शेल्फ	2057.63	पीईएल डीड कार्यान्वित नहीं किया गया

7.9. राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम

राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम (एनएसपी) 12 अक्टूबर 2016 को जमीनी तलछटी घाटियों के संपूर्ण अनपेक्षित क्षेत्रों के 2 डी भूकंपीय सर्वेक्षण आयोजित करने के लिए सरकार की पहल के हिस्से के रूप में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य भारत में मूल्यांकित न किए गए तलछटीय बेसिनों का मूल्यांकन करना था और इसमें जमीनी क्षेत्रों के मूल्यांकन के लिए 48,243 लाइन किलोमीटर (एलकेएम) 2डी भूकंपीय आंकड़ों की परिकल्पना की गई थी। एनएसपी वर्ष, 2022 में पूरा हुआ। दुर्गम भू–भाग और प्रतिकूल वातावरण के कारण जिन क्षेत्रों में भूकंपीय सर्वेक्षण नहीं किए जा सके हैं, उनका मूल्यांकन इस समय एयरबोर्न भूनौतिकीय सर्वेक्षण करके किया जा रहा है। एनएसपी के अंतर्गत क्षेत्रवार अधिग्रहीत आंकड़े निम्नानुसार हैं


उत्तर–पूर्व में राज्य/स्थान–वार एनएसपी व्योरा	
राज्य/स्थान	2डी भूकंपीय (एलकेएम)
अरूणाचल प्रदेश	185.58
असम	3899.34
मणिपुर	4.74
मेघालय	12.66
मिजोरम	980
नागालैंड	0
कुल	**5,082.32**

7.10. एयरबोर्न ग्रेविटी ग्रिडियोमिट्री और ग्रेविटी मैग्नेटिक सर्वे (एजीजी और जीएम)

उत्तर पूर्व भारत, कावेरी, बस्तर और स्पीति और करेवा क्षेत्रों में 40,000 एलकेएम के एपीआई के लिए ओआईएल द्वारा एजीजी और जीएम सर्वेक्षण के लिए अनुबंध दिया गया था। सर्वेक्षण 27.05.2023 को शुरू किया गया था और 31.03.2024 तक पूर्वोत्तर भारत में क्षेत्रवार डेटा अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या नीचे दी गई है:

उत्तर पूर्व			
राज्य	ब्लॉक नाम	लगभग क्षेत्र (वर्ग किमी)	पंक्ति स्थान: 2x2 किमी.–एलकेएम
अरूणाचल प्रदेश	एएस_एपी एवं एएस_मैन_नागा	4,000	2,112
असम	एएस_एपी एवं एएस_मैन_नागा	10,100	5,489
नागालैंड	एएस_मैन_नागा	13,500	7,336
मणिपुर	एएस_मैन_नागा	10,030	5,451
मेघालय	एएस_मैन_नागा	1,700	924
मिजोरम	एएस मिज_त्रि	8,478	4,726
त्रिपुरा	एएस मिज_त्रि	1,722	960
		कुल	**26,997**





अध्याय 8

अनुसंधान और विकास एवं नई प्रौद्योगिकी

8 अनुसंधान और विकास एवं नई प्रौद्योगिकी

8.1. तेल एवं प्राकृतिक गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी)

ओ एन जी सी में, अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) और नवाचार लंबी अवधि में इसके निरंतर विकास के लिए महत्वपूर्ण उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं। संगठन नवाचार को पोषित करने के लिए अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) प्रयासों में निवेश पर काफी जोर देता है। ओएनजीसी अपने अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के माध्यम से ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में अनुप्रयुक्त अनुसंधान कर रही है।

ओ एन जी सी ने अन्वेषण, वेधन, जलाशय प्रबंधन, उत्पादन प्रौद्योगिकी, महासागरीय इंजीनियरी तथा स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई) प्रबंधन के मुख्य क्षेत्रों में विशिष्ट कार्यकलाप करने के लिए पृथक अनुसंधान एवं विकास संस्थानों की स्थापना की है। वर्ष 2023–24 में, ओ एन जी सी ने अपने विभिन्न संस्थानों में पारंपरिक और गैर–पारंपरिक हाइड्रोकार्बन के लिए कई आरएंडडी अध्ययन किए।

8.1.1. उद्योग–शैक्षणिक भागीदारी

ओ एन जी सी ने हाइड्रोकार्बन और ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की खोज और दोहन बढ़ाने के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए सामूहिक अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम की दिशा में काम करने के लिए नई दिल्ली में 19 जनवरी, 2015 को पैन आईआईटी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओसी) पर हस्ताक्षर किए हैं। पैन आईआईटी सात प्रमुख भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों अर्थात् आईआईटी-खड़गपुर, आईआईटी-कानपुर, आईआईटी-मद्रास, आईआईटी-मुंबई, आईआईटी-दिल्ली, आईआईटी-गुवाहाटी और आईआईटी रूड़की का एक संघ है। यह किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प अनुसंधान, विकास और क्षमता निर्माण के लिए एक दीर्घकालिक पहल है। इस कार्यक्रम के तहत, ओ एन जी सी संस्थानों/अनुसंधान एवं विकास केंद्रों ने ओ एन जी सी और आईआईटी खड़गपुर (सात आईआईटी की ओर से) के बीच हस्ताक्षरित सहयोग ज्ञापन के तहत 4 चरणों में 40 अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं शुरू की हैं। हाइड्रोकार्बन की खोज और दोहन को बढ़ाने के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम का एक निश्चित उद्देश्य है। 31.03.2024 तक, 39 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 01 परियोजना प्रगति पर है।

- पेट्रोलियम उद्योग की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकासात्मक प्रयासों में तेजी लाने हेतु आईडीटी और आईआईटी खड़गपुर की क्षमताओं को सहक्रियात्मक करने की दृष्टि से भावी दृष्टिकोण के साथ विशेष रूप से अग्रणी क्षेत्रों में कुओं की खुदाई के क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए आईआईटी, खड़गपुर के साथ सहयोगात्मक परियोजना। "तापीय रूप से स्थिर योजक और 230 डिग्री सेल्सियस तक उच्च प्रदर्शन जल–आधारित ड्रिलिंग तरल पदार्थ का विकास" नामक एक सहयोगी अनुसंधान एवं विकास परियोजना में शामिल हुआ जिसके तहत 13 पीपीजी मेगावाट के साथ द्रव हानि नियंत्रण योजक और 350 डिग्री फारेनहाइट तक स्थिर का उपयोग करके सोडियम फॉर्मेट आधारित डीएफ फॉर्मूलेशन सफलतापूर्वक किए गए हैं।
- **ओएनजीसी ने गैस मीठा करने की प्रक्रिया के लिए आईआईटी बॉम्बे के साथ सहयोग किया:** 28 अप्रैल 2023 को उरण संयंत्र ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे (आईआईटीबी) के साथ इंटर फेज मास ट्रांसफर प्रक्रियाओं से जुड़ी एक गहन कार्यनीति के माध्यम से प्राकृतिक गैस को मीठा करने के लिए एक आरएंडडी परियोजना शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- **ओएनजीसी ने कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस):** अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी–बी, मुंबई के साथ अनुबंध किया। दी इंस्टीट्यूट ऑफ रिजर्वायर स्टडीज (आईआरएस) ओ एन जी सी ने आईआईटी– बी, मुम्बई में हाल ही में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन कार्बन कैप्चर एंड यूटिलाइजेशन (एनसीओई सीसीयू) के साथ तीन साल के व्यापक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह सहयोग नेट–जीरो ओ एन जी सी–2038 विजन के अनुरूप सीसीयूएस के उद्देश्य को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है।



आईआरएस, ओ एन जी सी, अहमदाबाद ने कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी–बी, मुंबई के साथ तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए

- **उत्पादन, इंजीनियरिंग और महासागरीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईपीईओटी)** ने कोलंबिया, दक्षिण अमेरिका में वेलास्केज़ क्षेत्र में हाइड्रोकार्बन उत्पादन कुओं में संक्षारण विफलता के कारण और संक्षारण रोकथाम' के क्षेत्र में तकनीकी परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए मैसर्स मानसरोवर एनर्जी कोलंबिया लिमिटेड (एमईसीएल) के साथ एक वाणिज्यिक परामर्श परियोजना पर हस्ताक्षर किए।



आईपीईओटी, ओ एन जी सी ने मैसर्स मानसरोवर एनर्जी कोलंबिया लिमिटेड के साथ वाणिज्यिक परामर्श परियोजना पर हस्ताक्षर किए

- पेट्रोलियम उद्योग के लिए प्रत्यक्ष हित और प्रासंगिकता की अनुसंधान परियोजनाओं की पहचान करने और उनका कार्यान्वयन करने तथा तेल और गैस कूपों व अन्य पारस्परिक रूप से सहमति वाले अनुसंधान क्षेत्रों में ड्रिलिंग, ड्रिलिंग तरल पदार्थ, सीमेंटिंग, पूर्ण द्रव चुनौतियों के **समाधान विकसित करने के लिए राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीआईपीटी)** के साथ सहयोगात्मक परियोजना। इस समझौते के तहत, मैकेनिकल गुणों, माइक्रोस्ट्रक्चर शोधन और शेल के रूप में बढ़ाने के लिए एकल-चरण सिलिका नैनो तरल पदार्थ' नामक एक सहयोगी अनुसंधान एवं विकास परियोजना सीमेंट स्लरीज के लिए स्टेबलाइजर का कार्य प्रगति पर है।
- **पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए भूविज्ञान के क्षेत्रों** में सहयोगात्मक कार्य संबंध के लिए **केशव देव मालवीय पेट्रोलियम अन्वेषण संस्थान (केडीएमआईपीई), ओएनजीसी और सीएसआईआर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी (एनआईओ), डोना पाउला, गोवा के बीच 05.01.2022 को एनआईओ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर** किए गए। केडीएमआईपीई और सीएसआईआर एनआईओ दोनों द्वारा जमीनी और अपतटीय बेसिनों को शामिल करते हुए उत्तर-पश्चिमी महाद्वीपीय मार्जिन पर जोर देते हुए भारतीय प्लेट का प्लेट विवर्तनिक विकास और हाइड्रोकार्बन प्रगति पर इसके निहितार्थ नामक एक सहयोगी परियोजना की परिकल्पना की गई है। केडीएमआईपीई और सीएसआईआर-एनआईओ के बीच परियोजना समझौते पर 23.02.2024 को हस्ताक्षर किए गए हैं। सहयोगात्मक परियोजना शुरू की जा रही है।
सरकार तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) के माध्यम से एथेनोल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम कार्यान्वित कर रही है जिसके तहत ओएमसीज 20% तक एथेनोल की प्रतिशतता के साथ एथेनोल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री करती हैं। 2001 में, भारत सरकार ने तीन पायलट परियोजनाएं शुरू कीं, महाराष्ट्र में दो और उत्तर प्रदेश में एक ताकि केवल उनके संबंधित आपूर्ति क्षेत्रों के तहत खुदरा दुकानों को एथेनोल मिश्रित पेट्रोल की आपूर्ति की जा सके। प्रायोगिक परियोजनाओं के माध्यम से उपर्युक्त क्षेत्र परीक्षणों के अलावा, अनुसंधान एवं विकास अध्ययन भी साथ–साथ किए गए थे। प्रायोगिक परियोजनाएं और अनुसंधान एवं विकास अध्ययन दोनों सफल रहे और पेट्रोल के साथ 5% तक एथेनोल के मिश्रण और वाहनों में एथेनोल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग को सुनिश्चित किया। तदनुसार, भारत सरकार ने 01.01.2003 से 5% एथेनोल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री के लिए नौ राज्यों और चार संघ राज्य क्षेत्रों में एथेनोल मिश्रित पेट्रोल की आपूर्ति करने का संकल्प लिया है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य कई परिणाम प्राप्त करना है जैसे:

- पर्यावरण संबंधी चिंताओं को दूर करना,
- आयात निर्भरता को कम करना, और
- कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना,

एथेनॉल की आपूर्ति बढ़ाने के लिए, सरकार ने दिनांक 10 दिसंबर, 2014 को पेट्रो रसायन विधि सहित सेलुलोसिक और लिग्नो–सेलुलोसिक सामग्री जैसे शीरे से इतर अन्य गैर–खाद्य फीडस्टॉक्स से उत्पादित एथेनॉल की खरीद करने का निर्णय लिया। ई. बी. पी. कार्यक्रम के अंतर्गत एथेनॉल का मूल्य निर्धारण करने का भी निर्णय लिया गया।

ई.एस.वाई. वर्ष 2018–19 में एथेनॉल उत्पादन के लिए चीनी और चीनी सिरप को पहली बार अनुमति दी गई थी ताकि उद्योग को अपने अतिरिक्त स्टॉक को समाप्त करने में सहायता मिल सके। इसके अतिरिक्त, ई.एस.वाई. वर्ष 2020–21 में, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में उपलब्ध अधिशेष चावल और मक्का को भी एथेनॉल के उत्पादन के लिए अनुमति दी गई थी। इन निर्णयों से, ई. बी.पी. कार्यक्रम के लिए एथेनॉल की उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2021–22 (01.12.2021–30.11–2022) के दौरान पेट्रोल में 433.6 करोड़ लीटर एथेनॉल मिश्रित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप पीएसयू ओएमसी द्वारा मिश्रण प्रतिशत 10.02% रहा। सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी ने नवंबर 2022 की लक्ष्य तिथि से काफी पहले जून, 2022 में

पेट्रोल में एथेनॉल के 10% मिश्रण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इसके अतिरिक्त, ईएसवाई वर्ष 2022–23 के दौरान, पीएसयू ओएमसी ने पेट्रोल में 500 करोड़ लीटर से अधिक एथेनॉल मिश्रण किया, जिससे मिश्रण प्रतिशत 12.06% रहा। ओएमसी ने दिनांक 06 फरवरी, 2023 से ई20 (20% एथेनॉल मिश्रित) पेट्रोल की बिक्री भी शुरू कर दी है और यह ईंधन संपूर्ण देश में 13,500 से अधिक खुदरा दुकानों में बेचा जाता है। ई–100 ईंधन संपूर्ण देश में 180 से अधिक खुदरा दुकानों में भी बेचा जा रहा है।

9.2.1. जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ाने के लिए, भारत में एथेनोल सम्मिश्रण 2020–25 के लिए एक अंतर–मंत्रालयी समिति एक रोडमैप द्वारा तैयार किया गया था और विश्व पर्यावरण दिवस यानी 5 जून, 2021 को सार्वजनिक प्रतिक्रिया के लिए रखा गया था। यह रोडमैप सभी हितधारकों को एक साथ लाकर पेट्रोल में 20% ऐथेनोल मिश्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है। इसके अलावा, जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति–2018 को जून, 2022 में संशोधित किया गया था जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ शामिल हैं:

i) जैव–ईंधनों के उत्पादन के लिए अधिक फीडस्टॉक की अनुमति देना,

ii) पेट्रोल में एथेनोल के 20% सम्मिश्रण के लक्ष्य को 2030 से बढ़ाकर ईएसवाई–2025–26 करना,

iii) विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड)/निर्यातोन्मुख इकाइयों (ईओयू) में स्थित इकाइयों द्वारा मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत देश में जैव–ईंधन के उत्पादन को बढ़ावा देना, और

iv) विशिष्ट मामलों में जैव–ईंधनों के निर्यात के लिए अनुमति प्रदान करना।

9.3. किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प विमानन ईंधन (एसएएफ)/जैव–विमानन टर्बाइन ईंधन (जैव–एटीएफ)

सरकार ने शुरूआत में विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) में एसएएफ के 1%, 2% और 5% सम्मिश्रण का सांकेतिक लक्ष्य निर्धारित किया है, जो क्रमशः 2027, 2028 और 2030 से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए प्रभावी होगा। स्वदेशी रूप से उत्पादित एसएएफ मिश्रण विमानन टर्बाइन ईंधन का उपयोग करके पुणे से दिल्ली के बीच भारत की पहली वाणिज्यिक उड़ान 19 मई, 2023 को सफलतापूर्वक भरी गई।

9.4. दूसरी पीढ़ी (2जी) का एथेनोल

2018 में घोषित जैव–ईंधन संबंधी राष्ट्रीय नीति का उद्देश्य ईएसवाई 2025–26 तक पेट्रोल में एथेनोल के 20% मिश्रण को प्राप्त करने के सांकेतिक लक्ष्यों के साथ जैव–ईंधन का त्वरित संवर्धन है। इसलिए, पेट्रोल के साथ मिश्रण के उद्देश्य से देश में एथेनोल के उत्पादन को अधिकतम करने के लिए, एथेनोल उत्पादन बढ़ाने के लिए अन्य विकल्पों/मार्गों का पता लगाने की आवश्यकता है। सरकार ने पेट्रोरसायन मार्ग सहित सेल्यूलोसिक और लिंगो–सेल्यूलोज सामग्री जैसे शीरे के अलावा अन्य गैर–खाद्य फीडस्टॉक से उत्पादित एथेनोल की खरीद की पहले ही अनुमति दे दी है।

ईबीपी कार्यक्रम के लिए एथेनोल की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए लिग्नो–सेल्यूलोसिक बायोमास को दूसरी पीढ़ी (2जी) एथेनोल के भावी स्त्रोत के रूप में माना जा रहा है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत एक स्वायत्त संगठन, प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान और मूल्यांकन परिषद (टीआईईएफएसी) की रिपोर्ट के अनुसार, देश भर में अधिशेष बायोमास की उपलब्धता है जिसे आमतौर पर किसानों द्वारा अपशिष्ट निपटान गतिविधि के रूप में जलाया जा रहा है जो पर्यावरण प्रदूषण में भी योगदान दे रहा है।

2जी जैव–रिफाइनरियों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, सरकार ने लिंगो सेल्युलोसिक बायोमास और अन्य अक्षय फीडस्टॉक का उपयोग करते हुए एकीकृत जैव–एथेनोल परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री जी–वन (जैव ईंधन–वातावरण अनुकूल फसल अवशेष निवारण) योजना नामक एक स्कीम शुरू की है। इस योजना के तहत, सरकार से 1969.50 करोड़ रुपये के वित्तीय योगदान के साथ बारह वाणिज्यिक पैमाने की 2जी एथेनोल परियोजनाएं और 10 प्रदर्शन पैमाने की परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी।

इस स्कीम के अंतर्गत, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों को द्वितीय पीढ़ी (2जी) जैव–एथेनोल की छह वाणिज्यिक परियोजनाओं और 2जी एथेनोल की चार निदर्शन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता

अनुमोदित की गई है। पानीपत में आईओसीएल का 2जी एथेनोल संयंत्र पहले ही राष्ट्र को समर्पित किया जा चुका है।

9.5. विश्व जैव ईंधन दिवस

पारंपरिक जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में गैर–जीवाश्म ईंधन के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने और जैव ईंधन क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए विभिन्न प्रयासों को उजागर करने के लिए हर साल 10 अगस्त को विश्व जैव ईंधन दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय "जैव ईंधन–एक स्थायी भविष्य के लिए ईंधन" था। विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर, तेल और गैस उद्योग की ओर से इंडियन ऑयल ने विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर जैव ईंधन पर एक वेबिनार का आयोजन किया।






बीपीसीएल की बायो–रिफाइनरी
बरगढ़, ओडिशा



साणंद एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र में
आईओसीएल का सौर ऊर्जा संयंत्र


अध्याय 10
किफायती परिवहन के लिए
दीर्घकालिक विकल्प और
निवल शून्य संबंधी पहलें

10 किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प और निवल शून्य संबंधी पहलें

10.1. भारत ने आधार वर्ष 2005 की तुलना में वर्ष 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 45% तक कम करने और वर्ष 2070 तक निवल शून्य उत्सर्जन तक पहुंचने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की घोषणा की है। भारत ने यह भी घोषणा की है कि वह वर्ष 2030 अपनी विद्युत आवश्यकताओं का पचास प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से पूरा करेगा, जिसमें 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करना शामिल है।

सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा (सौर/पवन), जैव ईंधन (एथेनॉल, संपीड़ित बायोगैस का मिश्रण) और राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन की हिस्सेदारी बढ़ाने जैसी कई पहलें की हैं। सरकार एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत पेट्रोल में एथेनॉल और एसएटीएटी योजना के तहत सीबीजी के मिश्रण को बढ़ावा दे रही है। देश में 2जी एथेनॉल के उत्पादन के लिए पीएम जी–वन योजना शुरू की गई है। सरकार ने राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक 5 एमएमटीपीए ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लक्ष्य के साथ ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा देना और इसके निर्यात सहित संबंधित अवसंरचना का प्रतिपादन/विकास करना है। इसके अलावा, ऊर्जा–गहन क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिए अर्थव्यवस्था, पीएटी (प्रदर्शन, प्राप्ति और व्यापार) योजना देश में सफलतापूर्वक प्रचालित की जा रही है। पीएटी व्यापार योग्य ऊर्जा बचत प्रमाणपत्रों के माध्यम से अर्थव्यवस्था के ऊर्जा–गहन क्षेत्रों में विशिष्ट ऊर्जा खपत को कम करने के लिए एक बाजार–आधारित नियामक उपकरण है। रिफाइनरी क्षेत्र को पीएटी में वर्ष 2015 के चक्र–2 (2016–17 से 2018–19) की शुरूआत से शामिल किया गया था।

तेल और गैस अर्थव्यवस्था के कठिन क्षेत्रों में से एक है, जहां डीकार्बोनाइजेशन विकल्प सीमित हैं और इन्हें प्राप्त करना कठिन है। हालांकि, विभिन्न सरकारी तेल कंपनियों ने स्कोप–1 और 2 उत्सर्जन को शामिल करते हुए निवल शून्य प्रचालनात्मक उत्सर्जन बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने की योजना तैयार की है।

10.2. किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प (सतत)

i. सरकार ने 1 अक्टूबर 2018 को "किफायती परिवहन के लिए किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प विकल्प (सतत)" पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य विभिन्न अपशिष्ट/बायोमास स्रोतों से संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) के उत्पादन के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करना और प्राकृतिक गैस के साथ इसके उपयोग को बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत, तेल और गैस विपणन कंपनियां (ओजीएमसी) संभावित उद्यमियों से सीबीजी खरीदने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करती हैं।

ii. यह पहल गोबरधन योजना, स्वच्छ भारत मिशन/आत्मनिर्भर भारत/निवल शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य के अनुरूप है। बायोगैस/सीबीजी क्षेत्र के विकास के लिए 'समग्र सरकार' दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा प्रदान किए गए कुछ समर्थनों में– नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम की छत्रक योजना के तहत सभी प्रकार के सीबीजी/बायोगैस संयंत्रों को केंद्रीय वित्तीय सहायता; स्वच्छ भारत मिशन नगरी 2.0 योजना के तहत आवास और नगरी कार्य मंत्रालय द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को एमएसडब्ल्यू आधारित सीबीजी संयंत्रों पर अतिरिक्त केंद्रीय सहायता; उर्वरक विभाग द्वारा जैविक उर्वरक को बढ़ावा देने की नीति के तहत सीबीजी परियोजनाओं से उत्पादित किण्वित जैविक खाद पर ₹1,500/एमटी की दर से बाजार विकास सहायता; कृषि मशीनीकरण और फसल अवशेष प्रबंधन योजना पर उप मिशन के तहत कृषि और किसान कल्याण विभाग द्वारा बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी पर प्रोत्साहन; आरबीआई द्वारा प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के तहत सीबीजी परियोजनाओं का वर्गीकरण; सीपीसीबी द्वारा मामले–दर–मामले के आधार पर सीबीजी परियोजनाओं को 'श्वेत श्रेणी' के अंतर्गत वर्गीकृत करना; मिश्रित सीएनजी में निहित संपीड़ित बायो गैस पर संदत्त जीएसटी की राशि पर उत्पाद शुल्क में छूट–शामिल हैं।

iii. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सीजीडी नेटवर्क में सीएनजी के साथ सीबीजी के सिंक्रनाइजेशन के लिए नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के संपीड़ित प्राकृतिक गैस (परिवहन) और पाइप्ड प्राकृतिक गैस (घरेलू) खंडों की आपूर्ति के लिए घरेलू गैस के सह–मिश्रण के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं।

iv. इसके अलावा, सरकार ने वित्त वर्ष 2023–24 से वित्त वर्ष 2026–27 तक 04 वर्षों की अवधि के लिए बायोमास के संग्रह का समर्थन करने के लिए

बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी की खरीद के लिए सीबीजी उत्पादकों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना को मंजूरी दी है। योजना के दिशानिर्देश दिनांक 02.02.2024 को जारी किए गए हैं। अब तक 5 सीबीजी परियोजनाओं को स्वीकृति पत्र प्राप्त हो चुका है।

v. देश में सीबीजी के उत्पादन और खपत को बढ़ावा देने के लिए, राष्ट्रीय जैव ईंधन समन्वय समिति (एनबीसीसी) ने दिनांक 24.11.2023 को सीजीडी क्षेत्र के सीएनजी (परिवहन) और पीएनजी (घरेलू) खंडों में सीबीजी के चरणबद्ध अनिवार्य मिश्रण की शुरूआत करने का अनुमोदन दिया। सीबीजी मिश्रण दायित्व (सीबीओ) वित्त वर्ष 2024–2025 तक स्वैच्छिक रहेगा और अनिवार्य मिश्रण दायित्व वित्त वर्ष 2025–26 से शुरू होगा। वित्त वर्ष 2025–26, 2026–27 और 2027–28 के लिए सीबीओ को कुल सीएनजी/पीएनजी खपत का क्रमशः 1%, 3% और 4% रखा जाएगा। 2028–29 से सीबीओ 5% होगा।

i. शहरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क में सीबीजी के प्रवेश के लिए पाइपलाइन अवसंरचना (डीपीआई) के विकास हेतु योजना दिशानिर्देश 26 जून 2024 को जारी किए गए।

ii. 1 जुलाई 2024 तक, 71 सीबीजी/बायोगैस संयंत्र क्रियशील हो चुके हैं, जिनकी कुल उत्पादन क्षमता लगभग 450 मीट्रिक टन प्रतिदिन है। 200 से अधिक खुदरा आउटलेट से सीबीजी की बिक्री शुरू हो चुकी है। औद्योगिक ग्राहकों को भी सीबीजी की आपूर्ति की जा रही है। सीबीजी–सीजीडी समन्वय योजना के तहत, गेल ने 77 त्रिपक्षीय करारों पर हस्ताक्षर किए हैं और सीजीडी नेटवर्क के 33 भौगोलिक क्षेत्रों में सीबीजी की बिक्री शुरू हो चुकी है।

10.3. कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस)

जलवायु परिवर्तन शमन में कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) की भूमिका दो दशकों से अधिक समय से चर्चा का विषय रही है। यह देखते हुए कि यह तकनीक उत्सर्जन को कम करने में क्या भूमिका निभा सकती है, जलवायु परिवर्तन पर अंतर–सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की 1.5 डिग्री सेल्सियस ग्लोबल वार्मिंग पर विशेष रिपोर्ट और निवल–शून्य पर देशों द्वारा की गई हाल की घोषणाओं ने इस तकनीक के समर्थकों को उत्साहित किया है। भारत ने भी वर्ष 2070 तक निवल शून्य राष्ट्र बनने की प्रतिबद्धता जताई है। ग्लासगो में 26वें सीओपी को संबोधित करते हुए, माननीय प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2070 तक निवल शून्य उत्सर्जन की प्राप्ति करने सहित जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए पंचामृत की घोषणा की। फलस्वरूप, सौर, पवन, हाइड्रोजन जैसे नवीकरणीय और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने, बी–VI मानदंडों को अपनाने के माध्यम से वाहनों से उत्सर्जन को कम करने, ग्रीन क्षेत्र में वृद्धि करने, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने, सीसीएस/सीसीयूएस जैसी कार्बन तटस्थ तकनीकों को अपनाने सहित विभिन्न कदम प्रभावी होते जा रहे हैं। सीसीयूएस/सीसीएस जलवायु परिवर्तन को कम करने वाली तकनीकों में से एक के रूप में उभरा है। सीसीयूएस तकनीक और संबंधित भूवैज्ञानिक आकलन की क्षमता को समझने के लिए विगत में कुछ सीमित प्रयास किए गए हैं। हालांकि, यूएसए की कार्बन डाइऑक्साइड एन्हांस्ड ऑयल रिकवरी (सीओ$_2$–ईओआर) परियोजना के बाद से, लगभग पांच दशकों के वैश्विक विकास का लाभ उठाने के बावजूद, पूंजी की उच्च लागत सीसीयूएस तकनीक को अपनाने में एक महत्वपूर्ण बाधा रही है। तकनीकी पहलुओं के अतिरिक्त, राजनीतिक–आर्थिक पहलू भी न्यून कार्बन परिवर्तन में सीसीयूएस अपनाने का मार्ग तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत एक मूल्य संवेदनशील बाजार है, सीसीयूएस के कारण वहन की जाने वाली अतिरिक्त लागत अधिक व्यापक नीतिगत संदर्भ में हानिकारक हो सकती है। भावी निवल शून्य उद्देश्य और पर्यावरण के प्रति सुदृढ़ प्रतिबद्धता को देखते हुए, भारत के लिए अपनी कार्बन गहनता को और कम करने के विकल्पों की जांच करना आवश्यक है, जिसके लिए सीसीएस/सीसीयूएस एक महत्वपूर्ण विकल्प हो सकता है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले सीपीएसई जैसे कि ओआईएल, आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, गेल, ओएनजीसी, ईआईएल ने 2 जनवरी, 2019 को आईआईटी बॉम्बे के साथ आईआईटी बॉम्बे में तेल गैस और ऊर्जा में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई–ओजीई) स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन के तहत, एक मिशन मोड परियोजना शुरू की जा रही है जिसका उद्देश्य सीओ2 भंडारण क्षमता का अनुमान लगाना और सीओ$_2$ भंडारण के लिए जोखिम–मूल्यांकन–और–प्रबंधन ढांचा विकसित करना है। सीओ$_2$ अंतःक्षेपण के लिए जलाशय की प्रतिक्रिया को सटीक रूप से अनुकरण करने के लिए चयनित क्षेत्र के डाटा पर संख्यात्मक और प्रयोगशाला अध्ययन किए जाएंगे। यह परियोजना वर्तमान में मई 2023 से प्रगति पर है और इसकी अनुमानित अवधि 24 माह है।

तेल और गैस पीएसयू द्वारा की गई पहल इस प्रकार हैं:

ओएनजीसी : ओएनजीसी डीकार्बोनाइजेशन के लिए एक प्रमुख संवर्धक के रूप में सीसीयूएस को प्राथमिकता दे रहा है। सीओ$_2$ भंडारण और परिपक्व क्षेत्रों से तेल उत्पादन बढ़ाने से संबंधित साझेदारी और पहलों की खोज करके, ओएनजीसी अपने प्रचालन को स्थायी परिपाटियों के साथ संरेखित करता है और अपनी

प्रतिस्पर्धी बढ़त को सुदृढ़ करता है। गाबार में प्रस्तावित सीसीयूएस परियोजना में वर्ष 2040 तक 10% तेल लाभ और 5 से 6 मिलियन टन सीओ, की संचयी स्वविवेजन क्षमता की संभाव्यता है। इसके अलावा, सीसीयूएस के अनुसंधान एवं विकास कार्य को करने के लिए केडीएमआईपीई में एक प्रयोगशाला स्थापित की गई है। प्रयोगशाला कोयले में गैस अवशोषण अध्ययनों पर भी कार्य कर रही है, जो सीओ2 के लिए एक उत्कृष्ट जाल के रूप में भी कार्य कर सकता है क्योंकि यह अपनी रंध्र परिमाण क्षमता से अधिक भंडारण की सुविधा प्रदान करता है।

ऑयल इंडिया लिमिटेड: ओआईएल राजस्थान के तनोट क्षेत्र में सीओ, के स्थायी भंडारण के लिए उपयुक्त जलाशयों/जलभृतों की पहचान के लिए व्यवहार्यता अध्ययन करने का आशय रखता है। इसने जलवायु परिवर्तन से निपटने हेतु उत्सर्जन शमन उपकरण के रूप में पूर्वोत्तर भारत में सीसीयूएस विकसित करने हेतु मेसर्स इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस संबंध में आईओसीएल की डिगबोई रिफाइनरी के करीब मकुम–उत्तरी हापजन क्षेत्र में सीओ, ईओआर को कार्यान्वित करने के लिए व्यवहार्यता अध्ययन शुरू किया जा रहा है। औद्योगिक स्रोतों/वायुमंडल से प्रभावी कार्बन कैप्चर के लिए आईआईपीई, विशाखापत्तनम के साथ संयुक्त रूप से नई प्रौद्योगिकी विकास के हिस्से के रूप में कार्बन कैप्चर और उपयोग (सीसीयू) पर परियोजना शुरू की गई है। प्रयोगशाला प्रतिपादन के सफल विकास पर, बड़े पैमाने पर सीओ, कैप्चर और उपयोग की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के लिए एक प्रायोगिक संयंत्र स्थापित किया जाएगा। ओआईएल ने दो समझौता–ज्ञापन–एक एनटीपीसी विद्युत संयंत्रों के पड़ोसी क्षेत्रों में सीओ, पृथक्करण की संभावना पर एनटीपीसी के साथ, तथा दूसरा सीसीएस/सीसीयूएस की संभावना का पता लगाने में द्विपक्षीय सहयोग विकसित करने के लिए मेसर्स लिंडे जीएमबीएच, जर्मनी के साथ–पर हस्ताक्षर किए हैं।

आईओसीएल: इंडियन ऑयल ने एक उन्नत एंजाइम समर्थित विलायक–आधारित सीओ, कैप्चर तकनीक (ई सीओ, एसओआरबी) विकसित की है जो प्रोपराइटरी एंजाइम और विलायक पर आधारित है जो पुनर्जनन के लिए आवश्यक ऊर्जा को कम करते हुए सीओ, कैप्चर की दक्षता को सहक्रियात्मक रूप से बढ़ाता है। इसने सीओ, खनिजकरण पर आधारित सीसीयू की प्रक्रिया के हाइड्रोलिक रिटेंशन टाइम (एचआरटी) को कम करते हुए खनिजकरण दक्षता को बढ़ाने के लिए एक न्यून ऊर्जा जैव उत्प्रेरित सीओ, खनिजकरण विधि भी विकसित की है।

बीपीसीएल: बीपीसीएल रिफाइनरी फ्लयू गैसों और सीओ, के अन्य बिंदु स्रोतों से सीओ, को कैप्चर करने के लिए नए सॉल्वेंट्स का उपयोग करके सिम्युलेटेड मूविंग बेड और हाई–जी रोटेटिंग पैक्ड अवधारणा जैसी नवीन ऊर्जा–कुशल प्रक्रियाओं की खोज कर रहा है, जिसमें सीओ2 संरचना 3–20 वेंटेज की सीमा में है। बीपीसीएल ने सीएसटी के साथ मिलकर मेसर्स कैलीचे को 'प्रकाश संश्लेषक बैक्टीरिया का उपयोग करके कार्बन कैप्चर और उपयोग' के लिए समर्थन दिया है, जो एक जैव–उत्प्रेरक मार्ग है जिसमें सीओ, को कैप्चर करना और मूल्यवर्धित उत्पादों में रूपांतरण को लक्षित किया जा रहा है। सीओ, चक्रीय अर्थव्यवस्था की स्थापना के लिए सीओ, को बायोमास में परिवर्तित करने के लिए सीबीजी संयंत्रों के लिए इस पद्धति का विस्तार किया जा सकता है। बीपीसीएल आईआईटी, बॉम्बे द्वारा विकसित उन्नत कार्बन कैप्चर और उपयोग (सीसीयू) तकनीक की भी खोज कर रहा है।

एचपीसीएल: एचपीसीएल ने स्कोप–1 और स्कोप–2 उत्सर्जन के लिए वर्ष 2040 के अपने निवल–शून्य लक्ष्य के अनुरूप अपने प्रचालन के डी–कार्बोनाइजेशन के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। इस रोडमैप में बहु–ऊर्जा ग्रीन और न्यून कार्बन निगम की ओर परिवर्तन पर विशेष ध्यान दिया गया है।

स्कोप 1 और 2 के तहत वर्ष 2040 तक निवल शून्य प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित प्रमुख संवर्धक निम्नानुसार हैं:

- रिफाइनरियों और अन्य प्रचालन स्थानों में नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करना
- रिफाइनरियों में हाइड्रोजन आवश्यकताओं को ग्रीन हाइड्रोजन से प्रतिस्थापित करना
- रिफाइनरियों और अन्य प्रचालन स्थानों पर अपने स्वयं के संचालन में ऊर्जा दक्षता बढ़ाना
- फ्लेयर गैस उत्सर्जन को कम करना
- रिफाइनरियों में प्राकृतिक गैस के उपयोग को सीबीजी से प्रतिस्थापित करना
- कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस)

सीपीसीएल: मौजूदा ग्रे हाइड्रोजन उत्पादन इकाइयों से सी ओ 2 (लगभग 400 टीपीडी) को कैप्चर करने के लिए व्यवहार्यता अध्ययन शुरू किया गया है। इस परियोजना से सीओ, उत्सर्जन में 1,20,000 टन कार्बन–डाई–ऑक्साइड उत्सर्जन की कमी आने का अनुमान है।

एनआरएल: मौजूदा ग्रे हाइड्रोजन इकाई की एसएमआर गैस से कैप्चर की गई सीओ, जो लगभग 180 टीपीडी (60000 टीपीए) सीओ, है, एक नई सीओ उत्पादन इकाई के हिस्से के रूप में ऑयल इंडिया लिमिटेड द्वारा उनके अपरिष्कृत तेल के अन्वेषण में ईओआर गतिविधि के लिए उपयोग की जाएगी।

गेल: गेल ने सूक्ष्म–शैवाल के माध्यम से 1 टीपीडी सीओ2 को कैप्चर करने के लिए मेसर्स सीआईएमएफआर, धनबाद के सहयोग से पाटा में एक प्रायोगिक संयंत्र स्थापित किया है। सीओ2 को कैप्चर करने और मूल्यवर्धित उत्पादों के लिए रूपांतरण में उनकी प्रभावशीलता के लिए सूक्ष्म–शैवाल की विभिन्न प्रजातियों का विश्लेषण किया जा रहा है। गेल ने गेल में प्रचालनात्मक डीकार्बोनाइजेशन के लिए परियोजनाओं की संयुक्त रूप से अन्वेषण, पहचान, मूल्यांकन और कार्यान्वयन के लिए दिनांक 18.07.2023 को मेसर्स लैंजाटेक इंक, यूएसए के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बायो–एथेनॉल के उत्पादन के लिए प्रायोगिक / वाणिज्यिक संयंत्र स्थापित करने के लिए मेसर्स लैंजाटेक के साथ चर्चा चल रही है।

10.4. ग्रीन हाइड्रोजन

ग्रीन हाइड्रोजन विभिन्न क्षेत्रों, मौसमों और सेक्टरों में घरेलू रूप से प्रचुर मात्रा में नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों का उपयोग करने में सक्षम हो सकती है, जो ईंधन के रूप में या औद्योगिक फीडस्टॉक के रूप में कई उपयोग धाराओं का संभरण कर सकती है। यह पेट्रोलियम रिफाइनिंग, उर्वरक उत्पादन, इस्पात निर्माण आदि में जीवाश्म ईंधन से प्राप्त फीडस्टॉक को सीधे प्रतिस्थापित कर सकती है। हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाले दूरगामी ऑटोमोबाइल और समुद्री जहाज गतिशीलता क्षेत्र के डीकार्बोनाइजेशन को सक्षम कर सकते हैं।

तेल और गैस पीएसयू द्वारा की गई पहल इस प्रकार हैं:

आईओसीएल: इंडियनऑयल, बिल्ड ओन ऑपरेट (बीओओ) आधार पर पानीपत में अपना पहला ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र (10केटीपीए) स्थापित कर रहा है। स्वच्छ ऊर्जा स्रोत के रूप में हाइड्रोजन ने जो महत्वपूर्ण गति प्राप्त की है, उसे देखते हुए आईओसीएल की भावी योजनाओं में टाटा मोटर्स लिमिटेड द्वारा विकसित 15 ईंधन सेल बसों (एफसीबी) पर व्यापक परीक्षण शामिल हैं, जो 3 लाख किलोमीटर तक चलेंगी, जिनमें विभिन्न हितधारकों को शामिल किया गया है। इसमें रक्षा और पर्यटन सार्वजनिक परिवहन सहित यात्री परिवहन के लिए ईंधन सेल बस संचालन शामिल है। इसके अलावा, 4 ईंधन सेल बसों को परीक्षण के लिए गुजरात के वडोदरा में परिनियोजित किया जाएगा और वडोदरा में इंडियनऑयल हाइड्रोजन रिफ्यूलिंग स्टेशन (एचआरएस) में ईंधन भरा जाएगा।

इंडियनऑयल ने हाइड्रोजन बाजार को बढ़ावा देने और ईंधन सेल वाहनों के लिए अत्याधुनिक ईंधन भरने की सुविधाएँ प्रदान करके हितधारकों को प्रोत्साहित करने के लिए एक सामरिक पहल के रूप में वाहन में ईंधन भरने वाले स्टेशनों के लिए हाइड्रोजन अवसंरचना की स्थापना की है। अवसंरचना विन्यास में इलेक्ट्रोलिसिस, प्राकृतिक गैस सुधार और शुद्धिकरण इकाइयों से प्राप्त हाइड्रोजन के साथ–साथ संपीड़न, भंडारण और वितरण सुविधाएँ शामिल हैं।

एचपीसीएल: हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने वर्ष 2019–20 में ग्रीन हाइड्रोजन (जीएच2) पारिस्थितिकी तंत्र में अपना कदम रखा है। यह वह समय था जब इसके अग्रणी एचपी ग्रीन आरएंडडी सेंटर (एचपीजीआरडीसी) ने एक प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन (पीईएम) इलेक्ट्रोलाइजर स्थापित किया था। यह अनुसंधान एवं विकास के लिए हाइड्रोजन प्रसंस्करण के लिए हाइड्रोजन की पूरी कैप्टिव आवश्यकता को पूरा करने के लिए था, जो इसके कैप्टिव सौर ऊर्जा संयंत्र द्वारा प्रचालित था।

एचपीसीएल ने अपनी विशाख रिफाइनरी में एक इलेक्ट्रोलाइजर संयंत्र स्थापित किया है, जिसे 24 जुलाई, 2024 को चालू किया गया है। एचपीसीएल एमएनआरई के एसआईजीएचटी 2बी कार्यक्रम के तहत 5 केटीपीए क्षमता के लिए निविदा जारी करने की प्रक्रिया में है।

एमआरपीएल: एमआरपीएल 500 टीपीए क्षमता वाला एक ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित कर रहा है, जिसके वर्ष 2026–27 तक चालू होने की संभावना है। साइट 2बी योजना के तहत, एमआरपीएल ने जून 2024 में 10 केटीपीए क्षमता के लिए निविदा जारी की गई है।

सीपीसीएल: सीपीसीएल बीओओ आधार पर 2 केटीपीए ग्रीन हाइड्रोजन यूनिट स्थापित कर रहा है, जिसके वर्ष 2026–27 तक चालू होने की संभावना है। ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता को राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन अधिदेश के अनुरूप वर्ष 2030 तक क्रमिक रूप से 10 केटीपीए तक बढ़ाया जाएगा।

एनआरएल: एनआरएल ईपीसी आधार पर 2.4 केटीपीए ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित कर रहा है, जिसे जून 2025 तक चालू करने का लक्ष्य है। एनआरएल एमएनआरई की साइट 2बी योजना के तहत बीओओ आधार पर 5 केटीपीए ग्रीन हाइड्रोजन स्थापित करने और रिफाइनरी में उपयोग के लिए ग्रीन हाइड्रोजन की आपूर्ति करने के लिए निविदा जारी कर रहा है।

बीपीसीएल: बीपीसीएल बीना रिफाइनरी में ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए लगभग 5 मेगावाट का इलेक्ट्रोलाइजर संयंत्र स्थापित कर रहा है। बीपीसीएल अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) ने स्वदेशी अल्कलाइन इलेक्ट्रोलाइजर तकनीक को मेगावाट पैमाने पर बढ़ाने और प्रदर्शन के लिए बीएआरसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा, इस तकनीक पर आधारित 1 मेगावाट का इलेक्ट्रोलाइजर डेमो संयंत्र बनाया जा रहा है। बीपीसीएल ने ग्रीन हाइड्रोजन आधारित गतिशीलता के प्रदर्शन के लिए कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।



गेल: गेल ने नगर गैस डिस्ट्रीब्यूशन ग्रिड में हाइड्रोजन मिश्रण की भारत की पहली परियोजना शुरू की है। मध्य प्रदेश राज्य के इंदौर में अवंतिका गैस लिमिटेड (एजीएल) के नगर गैस स्टेशन पर सीएनजी नेटवर्क में हाइड्रोजन का दो प्रतिशत और पीएनजी नेटवर्क में हाइड्रोजन का 5 प्रतिशत मिश्रण किया जा रहा है। गेल ने मध्य प्रदेश के गेल विजयपुर में 1.4 केटीपीए (4.3 टीपीडी) ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन की क्षमता वाला अपना पहला ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित किया है। शुरुआत में इस इकाई से उत्पादित हाइड्रोजन का उपयोग प्राकृतिक गैस के साथ-साथ विजयपुर में मौजूदा संयंत्र में चल रही विभिन्न प्रक्रियाओं और उपकरणों में कैप्टिव उद्देश्य के लिए ईंधन के रूप में किया जाएगा। इसके अलावा, इस हाइड्रोजन को उच्च दाब वाले कैस्केड के माध्यम से आस-पास के भौगोलिक क्षेत्रों में खुदरा ग्राहकों तक पहुँचाने की योजना है।



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव द्वारा गेल के 10 मेगावाट ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र का उद्घाटन (मध्य प्रदेश में प्रायोगिक परियोजना के रूप में 4.3 टीपीडी पीईएम इलेक्ट्रोलाइजर आधारित संयंत्र की स्थापना)

10.5. प्रयुक्त तेल में चक्रीय अर्थव्यवस्था परिपाटियां

1. प्रयुक्त तेल में चक्रीय अर्थव्यवस्था:

पिछले दो दशकों में प्रयुक्त तेल में चक्रीय अर्थव्यवस्था की अवधारणा ने गति पकड़ी है, जिसमें तेल विपणन कंपनियाँ न केवल प्रयुक्त तेल से प्राप्त पुनर्शोधित तेल का उपयोग स्नेहक के निर्माण के लिए करती हैं, बल्कि सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य के लिए बहुमूल्य पेट्रोलियम भंडार का संरक्षण भी करती हैं। इसके अलावा, पुनर्चक्रण में निष्कर्षण और विनिर्माण प्रक्रियाओं में जलाए जाने वाले जीवाश्म ईंधन की मात्रा को कम करके वैश्विक जलवायु परिवर्तन की दर को कम करने की क्षमता है। यह पारिस्थितिकी तंत्र में कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद करता है।

प्रयुक्त स्नेहक के पुनर्शोधन से पर्यावरणीय और आर्थिक दोनों लाभ हो सकते हैं। बेस ऑयल के निर्माण के लिए प्रयुक्त तेल का पुनर्शोधन, ईंधन के रूप में उपयोग के लिए प्रयुक्त तेल को पुनर्संसाधित करने की तुलना में अधिक ऊर्जा की बचत करता है। प्रयुक्त तेल से पुनर्शोधित बेस ऑयल के निर्माण के लिए आवश्यक ऊर्जा, वर्जिन बेस ऑयल का उत्पादन करने के लिए अपरिष्कृत तेल को परिष्कृत करने के लिए आवश्यक ऊर्जा का केवल एक तिहाई है। इसलिए, संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ अपशिष्ट को कम करने और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने के मामले में बहुत-से लोगों द्वारा पुनर्शोधन को एक अधिमानी विकल्प माना जाता है।

भारतीय ल्यूब ऑयल का बाजार करीब 3.2 एमएमटी का है और सीपीसीबी (केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, भारत में 400 से अधिक अधिकृत री-रिफाइनर (रीसाइक्लर) कार्य कर रहे हैं और पुनर्शोधित तेल के उत्पादन के लिए इनकी संयुक्त क्षमता 1.5 एमएमटीपीए से अधिक है। इस प्रकार, भारत में प्रयुक्त तेलों को संसाधित करने के लिए पर्याप्त पुनर्शोधन क्षमता है।

2. प्रयुक्त तेल पुनर्चक्रण की वर्तमान स्थिति:

भारत में आरआरबीओ (पुनर्शोधित बेस ऑयल) के उत्पादन के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीक से केवल ग्रुप I आरआरबीओ का उत्पादन होता है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ एंड सीसी) द्वारा प्रयुक्त (स्नेहन) तेल में चक्रीय अर्थव्यवस्था के कार्यान्वयन के लिए जारी दिनांक 18.09.2023 की राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, प्रयुक्त तेल के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) दिनांक 01.04.2024 से प्रभावी हो गया है। अधिसूचना के अनुसार, सभी स्नेहक उत्पादकों को प्रयुक्त तेल का संग्रह और पुनर्चक्रण सुनिश्चित करना अनिवार्य है और तदनुसार उनके लिए ईपीआर लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। भारतीय बाजार में बेचे जाने वाले तैयार स्नेहक के आधार पर स्नेहक विनिर्माताओं द्वारा आवश्यक ईपीआर लक्ष्यों का निर्धारित प्रतिशत 5% से बढ़कर 50% हो जाएगा। इस विनियामक प्रयास के लिए प्रयुक्त स्नेहक तेलों के संग्रहण, प्रसंस्करण और वितरण के लिए एक व्यापक प्रणाली की आवश्यकता है, ताकि चक्रीय अर्थव्यवस्था को प्राप्त करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले ग्रुप I और ग्रुप II आरआरबीओ का उत्पादन किया जा सके।

3. प्रयुक्त तेल में चक्रीय अर्थव्यवस्था के कार्यान्वयन की दिशा में ओएमसी द्वारा की गई विभिन्न पहलें नीचे सूचीबद्ध की गई हैं:

क) आरआरबीओ की खरीद के लिए कई निविदाएँ जारी की गई हैं और तदनुसार उत्पाद खरीदे गए हैं।

ख) प्रयुक्त तेलों में चक्रीय अर्थव्यवस्था शुरू करने के तरीकों और साधनों पर चर्चा करने के लिए विभिन्न रि-रिफाइनरों के साथ वेबिनार, बैठकें

ग) आरआरबीओ के साथ तैयार किए गए स्नेहक को स्वीकार करने के लिए ऑटोमोबाइल ओईएम के साथ बातचीत शुरू की।

घ) ओएमसी ने आरआरबीओ के बीआईएस विनिर्देशों को अंतिम रूप देने और जारी करने के लिए बीआईएस बैठक में भाग लिया।

ङ) ईपीआर प्रयुक्त तेल पर चैनल भागीदारों/ग्राहकों/ऑटो ओईएम के बीच जागरूकता उत्पन्न की।

च) सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित "विस्तारित विनिर्माता जिम्मेदारी व्यवस्था: ऑटोमोटिव उद्योग में एक किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए एक अभिनव नीतिगत साधन" पर कार्यशाला में भाग लिया।

4. आरआरबीओ के आधार पर ओएमसी द्वारा लॉन्च किए गए विभिन्न ग्रेड निम्नानुसार हैं:

क. आईओसीएल: आईओसीएल ने अब तक पुनर्शोधित बेस ऑयल के साथ चार स्नेहक-सर्वो रफ्तार (वाणिज्यिक वाहनों के लिए), सर्वो ग्रीनमाइल (पेट्रोल वाहनों के लिए), सर्वो 4टी ग्रीन (फोर स्ट्रोक बाइक इंजन ऑयल) और सर्वो ट्रैक्टर ग्रीन (ट्रैक्टर इंजन ऑयल)-लॉन्च किए हैं जिसमें 25% तक पुनर्शोधित बेस ऑयल है। सर्वो 4टी ग्रीन को खुदरा बाजार से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इसके अलावा, वर्ष 2024-25 में हाइड्रोलिक और गियर ऑयल श्रेणी में नए उत्पाद लॉन्च किए जाएंगे। अप्रैल, 2023 से अब तक 1,600 किलोलीटर आरआरबीओ की खरीद की गई है और लगभग 9,000 किलोलीटर आरआरबीओ मिश्रित स्नेहकों की बिक्री की गई है।

ख. एचपीसीएल: एचपीसीएल ने हाइड्रोलिक ऑयल एन्वलो ग्रीन 68, एपीआई एसएन के अनुरूप पैसेंजर कार इंजन ऑयल, एपीआई सी14+ के अनुरूप डीजल इंजन ऑयल, हाइड्रोलिक ऑयल और इंडस्ट्रियल गियर ऑयल लॉन्च किए हैं। इसके अलावा, एचपीसीएल ने खुदरा बाजार में आगे की बिक्री के लिए आरआरबीओ से बने 105 किमी उत्पाद के खरीद ऑर्डर को भी अंतिम रूप दिया है।

ग. बीपीसीएल: बीपीसीएल ने दोपहिया वाहनों के लिए इंजन ऑयल, पैसेंजर कारों के लिए इंजन ऑयल, थ्री-व्हीलर्स के लिए डीजल इंजन ऑयल, भारी वाणिज्यिक वाहनों के लिए इंजन ऑयल और हाइड्रोलिक ऑयल लॉन्च किया है। इसके अलावा, आरआरबीओ के साथ तैयार किए गए स्नेहक के मिश्रित ग्रेड की बिक्री के लिए 48 किमी आरआरबीओ खरीदा है। अब तक कुल 151 किमी आरआरबीओ आधारित स्नेहक बेचे जा चुके हैं।

5. ईपीआर कानून को लागू करने के लिए तेल विपणन कंपनियों द्वारा अतिरिक्त प्रयास:

तेल विपणन कंपनियों ने सभी हितधारकों के साथ बातचीत शुरू कर दी है और प्रयुक्त तेल के उचित निपटान के लिए बल्क जनरेटर के साथ, प्रयुक्त तेल के संग्रह के लिए एग्रीगेटर्स के साथ और तेल विपणन कंपनियों को आरआरबीओ और ईपीआर प्रमाणपत्रों के निरंतर प्रवाह के लिए रिसाइकिलर्स के साथ बैठकें आयोजित की गई हैं।

10.6. सतत विकास

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले तेल पीएसयू प्रतिस्पर्धात्मक लाभ को बढ़ाने, निवेशकों को आकर्षित करने, लचीले व्यवसाय मॉडल बनाने तथा सतत और समावेशी वैश्विक अर्थव्यवस्था में योगदान देने के उद्देश्य से अपनी भावी कार्यनीतियों और व्यावसायिक संचालन में ईएसजी कारकों को एकीकृत कर रहे हैं। तेल पीएसयू अपने प्रचालन और गतिविधियों में सर्वोत्तम परिपाटियों को लागू करके अपने ईएसजी उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ईएसजी प्रदर्शन को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय साथियों के साथ लगातार बेंचमार्क किया जाता है। इस संबंध में गतिविधियों/उपलब्धियों की रूपरेखा नीचे दी गई है:

1. आईओसीएल

- इंडियन ऑयल बहुआयामी दृष्टिकोण के माध्यम से ईएसजी के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण आदि शामिल हैं। कंपनी ने ऊर्जा संरक्षण परियोजनाओं को क्रियान्वित करके, प्राकृतिक गैस को बढ़ावा देकर, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग, वृक्षारोपण आदि के माध्यम से परिहार/शमन/ऑफसेट के माध्यम से वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान अपने जीएचजी उत्सर्जन को 4.5 मिलियन मीट्रिक टन कॉर्बन डाइ ऑक्साइड तक कम किया है।

इंडियन ऑयल के ईएसजी प्रदर्शन की मुख्य विशेषताएं

पर्यावरण	सामाजिक	अभिशासन
ब्लूमबर्ग एनईएफ वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन स्कोर में इंडियन ऑयल शीर्ष भारतीय तेल और गैस कंपनी के रूप में उभरी	**30,321** स्थायी कर्मचारी और कामगार	इंडियनऑयल **संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट (यूएनजीसी)** का एक हस्ताक्षरकर्ता सदस्य है।
2023 में सीडीपी में **बी रेटिंग**	**320.41 मिलियन** मानव–घंटे	**99.99%** ग्राहक शिकायतें बंद की गई
कुल **~6%** विद्युत मांग नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन से पूरी की गई	**₹457.71** करोड़ वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान सीएसआर व्यय	सुशासन के लिए **12** बोर्ड समितियां
इंडियनऑयल की सभी अवस्थितियों पर **100% ऊर्जा कुशल प्रकाश व्यवस्था**	**0.024** स्थायी कर्मचारियों के लिए लोस्ट टाइम इंजरी फ्रिक्वेंसी आवृत्ति दर (एलटीआईएफआर)	**2** महिला निदेशक
~60 लाख जीवंत वृक्ष	**117.66 लाख** सीएसआर लाभार्थी	**12.50%** महिला निदेशक
1,20,000 एमटीसीओ2ई वृक्षारोपण के माध्यम से कार्बन स्ववियोजन	**सीएसआर फोकस क्षेत्रों में निम्नलिखित शामिल हैं** सुरक्षित पेयजल और जल संसाधनों का संरक्षण, स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता, शिक्षा और रोजगार बढ़ाने वाले व्यावसायिक कौशल, ग्रामीण विकास, पर्यावरण स्थिरता, महिलाओं और सामाजिक/आर्थिक रूप से पिछड़े समूहों का सशक्तिकरण आदि।	वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान **390** सतर्कता जागरूकता सत्र आयोजित किए गए।
~41.6 बिलियन लीटर अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण	प्रत्येक इकाई/क्षेत्र/मुख्यालय स्तर पर **पीओएसएच के कार्यान्वयन** के लिए आंतरिक समितियां, जिनकी अध्यक्षता वरिष्ठ स्तर की महिला कार्मिक हैं।	**30+ वर्ष** निदेशक मंडल का औसत अनुभव
~7.24 बिलियन लीटर वित्त वर्ष 2023–24 में अनुमानित वर्षा जल संचयन	**₹202 करोड़** प्रशिक्षण पर किया गया व्यय	कर्मचारियों और स्टाफ सदस्यों को कवर करने वाली **शिकायत निवारण नीति**
~₹409.5 करोड़ नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रीन प्रयासों में निवेश	सुरक्षा संस्कृति को बढ़ाने के लिए इंडियनऑयल में **स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एच,एस एंड ई)** नीति लागू की गई	**100%** भ्रष्टाचार से संबंधित जोखिम के लिए संचालन स्थलों का मूल्यांकन किया गया
4.5 एमएमटीसीओ2ई+ जीएचजी उत्सर्जन में बचाव/कमी/शमन	**42.46%** एमएसएमई/एमएसई से खरीद लक्ष्य के सापेक्ष 25% अधिक	**शून्य मामले** वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान दर्ज प्रतिस्पर्धा–विरोधी व्यवहार
3,52,299 मीट्रिक टन खतरनाक अपशिष्ट का पुनः उपयोग	**9,66,239** प्रशिक्षण एवं विकास में निवेश किए गए घंटे	**390** सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये
सीआईआई–ग्रीनको द्वारा जीरो वेस्ट टू लैंडफिल प्रमाणन रतलाम टर्मिनल, बिजनौर टर्मिनल, मैसूर और कल्याणी बॉटलिंग संयंत्र के लिए प्राप्त	**95%+** स्थायी कर्मचारियों को विभिन्न यूनियन/एसोसिएशन के अंतर्गत कवर	

- इंडियन ऑयल की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता, जिसमें पवन और सौर ऊर्जा शामिल है, 247 मेगावाट से अधिक हो गई है, जिसमें 5,000 करोड़ से अधिक के निवेश के साथ 1 गीगावाट तक आगे विस्तार की योजना है। इंडियनऑयल ने ग्रिड और/या ऑफ–ग्रिड नवीकरणीय ऊर्जा आधारित विद्युत परियोजनाओं को विकसित करने के लिए एनटीपीसी के साथ इंडियनऑयल एनटीपीसीग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (आईएनजीईएल) नाम से एक संयुक्त उद्यम का गठन किया है। मई 2024 में, न्यून कार्बन, अभिनव, स्वच्छ और किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प ऊर्जा संचालन करने के लिए एक नया डब्ल्यूओएस "टेरा क्लीन लिमिटेड" निगमित किया गया, जो इसकी ग्रीन पहल को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

- गैर–पारंपरिक ऊर्जा के क्षेत्र में, इंडियनऑयल ने ई–100, 2जी और 3जी एथेनॉल और प्रयुक्त कुकिंग तेल से बायोडीजल आदि सहित जैव ईंधन के साथ प्रगति की है। इंडियनऑयल पहली भारतीय कंपनी है जिसने कमर्शियल सीबीजी ब्रांड 'इंडीग्रीन' लॉन्च किया है। इस ब्रांड के तहत इंडियनऑयल की सीबीजी की बिक्री वर्ष 2023–24 में 7.8 टीएमटी तक पहुंच गई। वर्ष के दौरान, इंडियनऑयल ने गोरखपुर और हिंगोनिया में दो सीबीजी संयंत्र स्थापित किए हैं। इससे क्रियाशील सीबीजी संयंत्र की कुल संख्या 31 हो गई है। इंडियनऑयल ने वित्त वर्ष 2023–24 में किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प के तहत 650 से अधिक आशय पत्र (एलओआई) जारी किए हैं। जून 2024 में, आईओसी जीपीएस रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड नामक एक अन्य संयुक्त उद्यम कंपनी को जैविक अपशिष्ट को सीबीजी में बदलने के लिए उन्नत बायोगैस तकनीकों को एकीकृत करने के लिए निगमित किया गया था।

- वर्ष के दौरान, कंपनी ने भारत में किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प विमानन ईंधन (एसएएफ) और एथेनॉल, सीबीजी, बायोडीजल, बायो–बिटुमेन आदि से युक्त अन्य जैव ईंधन संयंत्रों की स्थापना के लिए 50:50 संयुक्त उद्यम कंपनी के गठन के लिए प्राज इंडस्ट्रीज के साथ सहयोग किया। इसके अलावा, इंडियनऑयल पानीपत में 86.8 टीएमटीपीए क्षमता का एसएएफ संयंत्र स्थापित कर रहा है, जिसमें लैंजाजेट की अल्कोहल टू जेट (एटीजे) तकनीक का लाभ उठाया जा रहा है। यह संयंत्र अपना फीडस्टॉक 1जी और 3जी एथेनॉल से भी प्राप्त करेगा, जो पूरक कार्बन लाभ प्रदान करता है, जो इसकी किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्पता में योगदान देता है।

- हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था की दिशा में अपने प्रयासों में, इंडियनऑयल ने एलएंडटी और रीन्यू के साथ मिलकर ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं और इसके डेरिवेटिव पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक संयुक्त उद्यम कंपनी जीएच4 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का गठन किया है। इंडियनऑयल कंपनी अपनी पानीपत रिफाइनरी में 10 केटीपीए ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र विकसित कर रही है। इसके बाद वर्ष 2030 तक, कंपनी की योजना 350 केटीए ग्रीन हाइड्रोजन क्षमता बनाने की है, जो इसकी कुल हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता का 50% होगी। कंपनी ने वर्ष के दौरान भारत की पहली ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन सेल बस लॉन्च करके ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में अपनी नेतृत्व आकांक्षा का प्रदर्शन किया और वर्तमान में दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र में 15 ईंधन सेल बसों का संचालन कर रही है।

- चक्रीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में, इंडियनऑयल ने "अनबॉटल्ड" अभियान शुरू किया है जो पीईटी बोतलों को टिकाऊ कपड़ों में परिवर्तित करने पर केंद्रित है। इसके अलावा, इंडियनऑयल ने 'साइक्लोप्लास्ट' के रूप में जाना जाने वाला पुनर्चक्रित प्लास्टिक का अपना ब्रांड पेश किया जो पुनर्चक्रित पेट्रोकेमिकल्स को वर्जिन प्लास्टिक के साथ एकीकृत करता है, जो विनिर्माण और उपभोग में जिम्मेदार निपटान और पुनः उपयोग को बढ़ावा देता है। इसके अतिरिक्त, कंपनी की अभिनव अपशिष्ट प्रबंधन पहलों के परिणामस्वरूप लैंडफिल से 90% से अधिक अपशिष्ट को हटाया जा सका है।

- इंडियनऑयल की जल प्रबंधन पहलों में उपचारित अपशिष्ट जल का उपयोग, वर्षा जल संचयन और सीवेज उपचार संयंत्रों की स्थापना शामिल है, जो महत्वपूर्ण जल पुनः उपयोग और संरक्षण में योगदान देता है। प्राकृतिक जल के संरक्षण की हमारी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, मथुरा रिफाइनरी मथुरा सीवेज ट्रीटमेंट संयंत्र (एसटीपी) से उपचारित अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग कर रही है। मथुरा एसटीपी ने यमुना नदी से प्राकृतिक जल की खपत को ~50% कम करने में मदद की है, जबकि गुजरात रिफाइनरी राजीव नगर एसटीपी से उपचारित अपशिष्ट जल का उपभोग कर रही है, जिससे माही नदी से 25% प्राकृतिक जल की निकासी को कम करने में मदद मिली है।

- जैव विविधता के प्रति इंडियनऑयल की प्रतिबद्धता लाखों वृक्ष लगाने और अन्य संरक्षण परियोजनाओं के अलावा चीतों को फिर से लाने के प्रयासों में स्पष्ट है। एक ग्रीन ग्रह में योगदान देने के हमारे प्रयासों के हिस्से के रूप में, इंडियनऑयल ने वर्ष 2023–24 के दौरान 15 लाख से अधिक वृक्ष लगाए

है और अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023–24 के अंत तक हमारी संगठनात्मक सीमाओं के भीतर और बाहर लगभग 60 लाख वृक्ष बचे रहेंगे, जिसके परिणामस्वरूप ~0.12 मिलियन मीट्रिक टन कार्बन डाइ ऑक्साइड उत्सर्जन कम होगा। इस प्रकृति–आधारित समाधान (एनबीएस) के माध्यम से, वृक्षारोपण कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करने और पारिस्थितिकी तंत्र के समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए ऑक्सीजन छोड़ने में मदद करता है। इंडियनऑयल, पर्यावरण, वन और जलवायु संरक्षण मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम के माध्यम से बंजर वन भूमि पर वृक्षारोपण भी कर रहा है।

- इंडियनऑयल भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की गैर–वित्तीय रिपोर्टिंग आवश्यकताओं का अनुपालन व्यावसायिक उत्तरदायित्व और किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्पता रिपोर्ट (बीआरएसआर) के माध्यम से करता है, जो पारदर्शी तरीके से हितधारकों को गैर–वित्तीय डाटा, योजनाओं और प्रदर्शन के बारे में बताता है। इंडियनऑयल की तृतीय पक्ष द्वारा आश्वासित बीआरएसआर 2023–24 को https://iocl.com/business.responsibility.report पर देखा जा सकता है।

2. बीपीसीएल

एक अग्रणी महारत्न पीएसयू के रूप में, बीपीसीएल की कार्यनीति निवल शून्य में परिवर्तन के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर केंद्रित है। भारत में असंख्य विकासात्मक चुनौतियों और तेजी से अस्थिर बाजारों के साथ, हम एक

बीपीसीएल के ईएसजी प्रदर्शन की मुख्य बातें

पर्यावरण	सामाजिक	अभिशासन
#8वां स्थान डॉव जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स (डीजेएसआई) तेल और गैस क्षेत्र। भारत में पहला स्थान और विश्व स्तर पर 8वां स्थान	**8506** स्थायी कर्मचारी और कामगार	**277** सतर्कता जागरूकता सत्र
बी **सीडीपी द्वारा रैंक किया गया प्रबंधन स्तर** (पूर्व में कार्बन डिस्क्लोजर प्रोजेक्ट)	**117.54 मिलियन मानव–घंटे** रिफाइनरियों में लोस्ट टाइम एक्सीडेंट्स (एलटीए) के बिना	**99.82%** ग्राहक शिकायतें बंद की गईं
4.4% (कुल खपत की गई बिजली में से) नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का हिस्सा	**₹152.21 करोड़** सीएसआर व्यय	**3** महिला निर्देशक
71.05 मेगावाट ऊर्जा कुशल प्रकाश व्यवस्था	**0** स्थायी कर्मचारियों के लिए लोस्ट टाइम इंजरी फ्रिक्वेंसी आवृत्ति दर (एलटीआईएफआर)	**100%** भ्रष्टाचार से संबंधित जोखिम के लिए संचालन स्थलों का मूल्यांकन
10.5 लाख आज तक लगाए गए वृक्ष	**71,52,010** सीएसआर लाभार्थियों की कुल संख्या	सभी बोर्ड स्तरीय समितियों का नेतृत्व स्वतंत्र निदेशक करते हैं।
23,600 एमटीसीओ2ई वृक्षारोपण के माध्यम से कार्बन स्वांगीकरण	**सीएसआर के पांच फोकस क्षेत्र निम्नलिखित हैं** 1. स्वास्थ्य एवं स्वच्छता 2. शिक्षा 3. पर्यावरण स्थिरता 4. कौशल विकास 5. सामुदायिक विकास	सुदृढ़ शिकायत निवारण प्रणाली सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है
13.49 लाख वर्गमीटर **वर्षा जल संचय के लिए** जलग्रहण क्षेत्र	कॉर्पोरेट, क्षेत्रीय और रिफाइनरी स्तर पर **पीओएसएच समितियां क्रियाशील हैं**	जनहित प्रकटीकरण और मुखबिर संरक्षण संकल्प (पीआईडीपीआई) को बीपीसीएल में लागू किया गया है

पर्यावरण	सामाजिक	अभिशासन
106 हजार किलो लीटर अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण किया गया	**मानव अधिकार नीति** तैयार और सार्वजनिक डोमेन पर प्रकाशित की गई।	
640 टीकेएल (हजार किलो लीटर) वर्षा जल संचयन	सुरक्षा संस्कृति को बढ़ाने के लिए बीपीसीएल में कॉर्पोरेट सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली लागू की गई	
4,891 मीट्रिक टन विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) के अंतर्गत प्लास्टिक निपटान	25% के लक्ष्य के सापेक्ष एमएसएमई/एमएसई से 33.7% से अधिक खरीदारी	
8.64 एमएमटीसीओ2ई जीएचजी उत्सर्जन में कमी		
90,387 मीट्रिक टन खतरनाक अपशिष्ट का पुनः उपयोग		
सभी प्रचालन विपणन और रिफाइनरी स्थानों के लिए **जीरो वेस्ट टू लैंडफिल प्रमाणन।** **कोच्चि रिफाइनरी** सितंबर 2024 तक अपेक्षित है		
100% ईईएल मुंबई रिफाइनरी, बीना रिफाइनरी, पाइपलाइन, रिटेल, एलपीजी, एविएशन एसबीयू, कोच्चि रिफाइनरी और लुब्रिकेंट्स व्यवसाय में मार्च 2025 तक		

ऊर्जा प्रबंधन

₹ 1,299.58 करोड़ नवीकरणीय ऊर्जा 2023–24 में संस्वीकृत नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में अनुमोदित कैपेक्स	**~200.7 हजार टीजे ऊर्जा की खपत**

	विशिष्ट ऊर्जा खपत (एमबीएन में)		
	बीना	**मुंबई**	**कोच्चि**
वित्त वर्ष 2022-23	68.0	62.7	63.9
वित्त वर्ष 2023-24	67.2	60.9	62.6
% परिवर्तन	~1.17% की कमी	~2.87% की कमी	~2.03% की कमी

"उचित परिवर्तन" की आवश्यकता से अवगत हैं जो लोगों को साथ लेकर चलता है क्योंकि हम सामूहिक रूप से एक नई ऊर्जा अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते हैं।

ऊर्जा दक्षता एक प्रमुख प्राथमिकता है, जो पर्यावरणीय लक्ष्यों और रिफाइनरियों में संभावित लागत में कमी से प्रेरित है। ऊर्जा संसाधन प्रबंधन और किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प ऊर्जा स्रोतों पर बीपीसीएल का सामरिक ध्यान हमारे दीर्घकालिक मूल्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कुशल ऊर्जा उपयोग को प्राथमिकता देकर, नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाकर और स्वच्छ स्रोतों की ओर बढ़ते हुए, हम पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करते हैं, लागत बचत को बढ़ावा देते हैं, प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं और कंपनी को भावी विकास के लिए तैयार करते हैं। ऊर्जा संरक्षण (ईएनसीओएन) योजनाएँ सभी तीन बीपीसीएल रिफाइनरियों में शुरू की गई हैं, जिससे विशिष्ट ऊर्जा खपत में उल्लेखनीय कमी आई है।

ऊर्जा परिवर्तन

नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसाय इकाई बीपीसीएल के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को आगे बढ़ा रही है, जिसका लक्ष्य कंपनी के ऊर्जा मिश्रण को ग्रीन विकल्पों के साथ विविधता प्रदान करना और एक एकीकृत ऊर्जा कंपनी के रूप में विकसित करना है। वर्ष 2023–24 में स्वीकृत निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए ₹ 1299.58 करोड़ का पूंजीगत परिव्यय आवंटित किया गया था।

स्वीकृत परियोजनाएँ

- उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में ग्राउंड माउंटेड सौर परियोजना
- मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में पवन ऊर्जा परियोजनाएँ
- केरल के कोच्चि में एकीकृत ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र और हाइड्रोजन री–फ्यूलिंग स्टेशन

जल प्रबंधन

34,685 हजार किलोलीटर कुल जल उपभोग	**6.4 लाख किलोलीटर** वर्षा जल संचय	**13.49 लाख वर्ग मीटर** वर्षा जल संचय के लिए जलग्रहण क्षेत्र वर्ष–दर–वर्ष 12.89% की वृद्धि

बीपीसीएल के संचालन में जल की महत्वपूर्ण भूमिका है, जो शोधन प्रक्रियाओं और शीतलन प्रणालियों का समर्थन करता है। प्रभावी जल प्रबंधन पर्यावरणीय प्रभाव को कम करके, लागत कम करके, उत्पादकता बढ़ाकर और जल की कमी और विनियमन से संबंधित जोखिमों का प्रबंधन करके बीपीसीएल के मूल्य सृजन को बढ़ाता है। यह सामरिक दृष्टिकोण उत्पादन को अनुकूलित करता है, दक्षता बढ़ाता है और बीपीसीएल के वित्तीय प्रदर्शन को सुदृढ़ करता है। कुशल जल प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए, हमने वर्षा जल संचयन (आरडब्ल्यूएच) क्षमता बढ़ाने और जल के अन्य स्रोतों पर निर्भरता कम करने की दिशा में लगातार निवेश और कार्य किया है।

अपशिष्ट प्रबंधन

1,15,862 मीट्रिक टन खतरनाक अपशिष्ट पुनर्चक्रण	**4891 मीट्रिक टन** प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्र किया गया और ब्रांड स्वामी के रूप में ईपीआर के अंतर्गत बीपीसीएल ल्यूब्स व्यवसाय इकाई के माध्यम से पुनःप्रसंस्करण किया गया।

बीपीसीएल सभी प्रचालनों में 5आर सिद्धांतों (रिफ्यूज अर्थात् इनकार करना, रिड्यूस अर्थात् कम करना, रियूज अर्थात् पुनः उपयोग करना, रिपर्पज अर्थात् उद्देश्य का पुनः निर्धारण और रिसाइकिल अर्थात् पुनर्चक्रण) का पालन करता है। हम पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने, प्रचालनात्मक अपशिष्ट की पहचान करने, उसे अलग करने, पुनर्चक्रण करने और नैतिक रूप से निपटान करने के लिए कुशल अपशिष्ट प्रबंधन को प्राथमिकता देते हैं। हम उपचार, भंडारण और निपटान सुविधाओं (टीएसडीएफ) द्वारा सुगम सुरक्षित लैंडफिलिंग विधियों को अपनाते हुए, तेल युक्त मिट्टी या तेल युक्त अवशेषों जैसे खतरनाक अपशिष्टों का जिम्मेदाराना निपटान सुनिश्चित करते हैं। खतरनाक और गैर–खतरनाक अपशिष्टों का उपचार और पुनः उपयोग पर्यावरण, वन और जलवायु संरक्षण मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विनियमों के अनुपालन में किया जाता है। हम सभी रिफाइनरियों और विपणन स्थानों के लिए 'जीरो वेस्ट टू लैंडफिल' प्रमाणन प्राप्त करने के लिए समर्पित हैं, कोच्चि रिफाइनरी को सितंबर 2024 तक यह प्रमाणन मिलने की उम्मीद है।

जैव विविधता प्रबंधन

1,60,000 वृक्ष वित्त वर्ष 2024 में लगाए गए	**23,600 एमटीसीओ2ई** कुल कार्बन स्वविवेजन

बीपीसीएल का लक्ष्य वृक्ष लगाकर जैव विविधता पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करना है। इस वर्ष, हमने मियावाकी तकनीक, सीड बॉम्बिंग और पारंपरिक तरीकों का उपयोग करके हरित आच्छादन और जैव विविधता को बढ़ाने के लिए 160,000 से अधिक वृक्ष लगाए। बीपीसीएल की साइटों पर हमारे संचयी वृक्षों की संख्या अब 1.03 मिलियन वृक्ष से अधिक है, जो 23,600 एमटीसीओ2ई को स्वविवेजित करके सीओ2 सिंक को बढ़ाते हैं। बीना रिफ़ाइनरी और मध्य प्रदेश राज्य वन विभाग ने जुलाई से शुरू करके 5 वर्षों में ₹1.96 करोड़ के कुल निवेश के साथ कंजिया रेंज, खुरई, वनमंडल उत्तर सागर, मध्य प्रदेश में 90 हेक्टेयर हरित पट्टी विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

सामाजिक: समावेशी भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता

बीपीसीएल में, हम एक समावेशी कार्यस्थल को प्राथमिकता देते हैं, जो विविधता का प्रदर्शन करता है और अपनेपन की एक सुदृढ़ संस्कृति को बढ़ावा देता है। हमारी पहल हमारे कर्मचारियों के कल्याण और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गई हैं, जबकि हम जिन समुदायों की सेवा करते हैं, उनके साथ सक्रिय रूप से जुड़ते हैं। मानवाधिकारों और नैतिक श्रम परिपाटियों के सिद्धांतों को अपनाकर, हम समाज के उत्थान वाली पहलों के लिए समर्पित हैं। हम एक ऐसा कार्यस्थल विकसित करते हैं जो न केवल समावेशिता और विविधता को महत्व देता है बल्कि खुले संवाद और सहयोग को भी बढ़ावा देता है। इसके अतिरिक्त, हमारी प्रतिबद्धता समुदाय–प्रचालित परोपकारी प्रयासों तक फैली हुई है, जिससे हम व्यापक समुदाय पर एक सार्थक और सकारात्मक प्रभाव के लिए लगातार प्रयास कर सकते हैं और सतत विकास में योगदान दे सकते हैं।

वित्त वर्ष 2023–24 की मुख्य विशेषताएं

8,506 स्थायी कर्मचारी और कामगार	**3,930 मानव घंटे** एचएसएसई पर 2794 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया
100% स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपायों तथा कौशल उन्नयन पर प्रशिक्षित कर्मचारी एवं कामगार (अस्थायी कामगारों सहित)	**100%** स्थायी कर्मचारियों और कामगारों को मानवाधिकार मुद्दों और नीति पर प्रशिक्षित किया गया
117.54 मिलियन रिफाइनरियों में एलटीए के बिना संयुक्त मानव–घंटे	**0** कर्मचारियों के लिए रिपोर्ट योग्य लोस्ट टाइम इंजरी फ्रीक्वेंसी दर (आरएलटीआईएफआर)
₹152.21 करोड़ सीएसआर व्यय	

10.7. कर्मचारी संतुष्टि संवर्धन (ईएसई)

बीपीसीएल में, हमारे पास कर्मचारी कल्याण का समर्थन करने के उद्देश्य से कई प्रमुख पहल हैं। रोशनी प्लस कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए गोपनीय मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाएँ प्रदान करता है। एसिटीलाइफ कार्य–जीवन संतुलन, माइंडफुलनेस और स्वस्थ आदतों पर एक्टिवलाइफ वेबिनार और ऑफलाइन सेमिनार आयोजित करता है, जिससे लगभग 2,166 प्रतिभागियों को लाभ मिला है। सहकारी मित्र 68 नामित कर्मचारियों को भावनात्मक प्राथमिक चिकित्सा प्रदाता के रूप में नियुक्त करता है, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देता है और विभिन्न बीपीसीएल स्थानों पर सहायता प्रदान करता है। नव चयनित सहकर्मीमित्रों को अपने साथियों का समर्थन करने में अपने कौशल को बढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है।

10.8. व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा

बीपीसीएल का आदर्श कथन, "सेफ्टी फर्स्ट, सेफ्टी मस्ट", सुरक्षा, स्वास्थ्य, संरक्षा और पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जो एक जिम्मेदार कंपनी के रूप में हमारे संचालन का केंद्रबिंदु है, जो विकसित हो रहे ईएसजी पहलुओं को संबोधित करते हैं। हमारा लक्ष्य शून्य घटनाएं, प्रभावी हाइड्रोकार्बन शमन, संबंधित खतरों में कमी और संचालन में निरंतर सुधार हासिल करना है। सुरक्षा और संरक्षा हमारी संस्कृति में गहराई से समाहित है, और हम अपने कामगारों और कर्मचारियों के लिए जोखिमों की पहचान करने और उन्हें कम करने के लिए अथक प्रयास करते हैं, जिससे एक सुरक्षित और संरक्षित कार्य परिवेश सुनिश्चित होता है। बीपीसीएल ने विभिन्न प्रचालन स्तरों (प्रचालन स्थान, क्षेत्रीय / मुख्यालय और कॉर्पोरेट स्तर) पर 3–स्तरीय स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई) समितियाँ स्थापित की हैं। ये समितियाँ नियमित रूप से सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा करती हैं, घटनाओं की जाँच करती हैं और सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए सुधार की सिफारिश करती हैं।

10.9. स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई) पहल

प्रशिक्षण कार्यक्रम: बीपीसीएल ओआईएसडी–एसटीडी–154 और वैधानिक / नियामक दिशा–निर्देशों (एमओयू लक्ष्य) के अनुसार कर्मचारियों और संविदाकारों के लिए व्यापक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है, जिसमें अग्नि सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा, आपातकालीन प्रतिक्रिया और खतरनाक सामग्रियों के सुरक्षित संचालन जैसे विषय शामिल हैं। ये कार्यक्रम सुनिश्चित करते हैं कि हर कोई सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए भली–भांति सुसज्जित है।

समय–समय पर स्वास्थ्य जांच: बीपीसीएल कर्मचारियों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करता है, जिसमें स्वास्थ्य समस्याओं का शीघ्र पता लगाने और इनके उपचार पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इन शिविरों में सामान्य स्वास्थ्य जांच, विशेष परीक्षण और स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ परामर्श शामिल हैं।

व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र: प्रमुख प्रचालन स्थलों पर, बीपीसीएल ने तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की निगरानी करने के लिए चिकित्सा पेशेवरों के साथ व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए हैं।

10.10. आपातकालीन तैयारी और प्रतिक्रिया

मॉक ड्रिल: अग्नि, रिसाव और प्राकृतिक आपदाओं जैसी आपातकालीन स्थितियों के लिए कर्मचारियों को तैयार करने के लिए पीएनजीआरबी ईआरडीएमपी विनियम 2010 के अनुसार नियमित मॉक ड्रिल आयोजित की जाती हैं। ये अभ्यास सुनिश्चित करते हैं कि कर्मचारी निकासी प्रक्रियाओं और आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यों में पारंगत हैं।

आपातकालीन प्रतिक्रिया दल: बीपीसीएल ने विभिन्न प्रकार की आपात स्थितियों से निपटने के लिए सुसज्जित आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों को प्रशिक्षित किया है। इन दलों को नियमित रूप से प्रशिक्षित किया जाता है और नवीनतम प्रतिक्रिया तकनीक संबंधी ज्ञान से अवगत कराया जाता है।

सुरक्षा संपरीक्षा और निरीक्षण: संभावित खतरों की पहचान करने और सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए नियमित आंतरिक/बाहरी सुरक्षा संपरीक्षा और निरीक्षण किए जाते हैं। ये सक्रिय उपाय सुधारात्मक कार्रवाइयों को तुरंत लागू करने में मदद करते हैं।

- बामर लॉरी ने अपने प्रचालन में सततता को बढ़ावा देने के लिए–सौर ऊर्जा में निवेश करने से लेकर विनिर्माण प्रक्रियाओं और जल उपयोग को अनुकूलित करने तक–कई पहलें की हैं। कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए, हमारी कार्यनीतियों में पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों को नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से प्रतिस्थापित करना, ऊर्जा–कुशल विनिर्माण प्रक्रियाओं, वीएफडी (चर आवृत्ति ड्राइव), मोटर, लाइट और भवनों को अपनाना और कार्बन ऑफसेट विनिर्माण प्रक्रियाओं में निवेश करना शामिल है। सततता नीति के अनुरूप, हमारी कंपनी ने अब तक

1,046 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया है। इससे जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा पर निर्भरता कम करने में मदद मिलती है और ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों का उपयोग करके हमारी ऊर्जा आवश्यकता को पूरा किया जाता है। भारत भर में एसबीयू–औद्योगिक पैकेजिंग के 4 संयंत्रों ने एलडीओ के स्थान पर पीएनजी/एलपीजी का उपयोग किया है।

- जल उपयोग को कम करने और अपशिष्ट को कम करने के लिए उठाए गए प्रमुख कदमों में कम प्रवाह वाले उपकरणों का उपयोग, जल रहित मूत्रालय, अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण, अपशिष्ट जल संयंत्रों के माध्यम से उपचार और वर्षा जल संचयन प्रणाली को लागू करना आदि शामिल है। अपशिष्ट जल का उपचार और निपटान वैधानिक आवश्यकताओं के अनुरूप है।
- बामर लॉरी पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 में निर्धारित वायु उत्सर्जन मानदंडों का सख्ती से पालन करता है।
- खतरनाक अपशिष्ट का निपटान खतरनाक और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमा पार आवागमन) नियम, 2016 के अनुसार सख्ती से किया जाता है। कंपनी के सभी संयंत्र और प्रमुख प्रतिष्ठान पर्यावरण मानकों आईएसओ 14001 के लिए प्रमाणित हैं।
- हम अपने संगठन के भीतर एकल–उपयोग वाले प्लास्टिक को कम करने पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।
- हम उत्पादों के लिए प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प विकल्पों की खोज करने के लिए नियमित रूप से हितधारकों के साथ सहकार्य हैं।
- बीआरएसआर को प्रकाशित करने के अलावा, कंपनी के पास एक ईएसजी समिति है, जिसकी संचालन समिति के सदस्य निदेशक मंडल के सदस्यगण हैं।

बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड के ईएसजी प्रदर्शन की मुख्य विशेषताएं

पर्यावरण	सामाजिक	अभिशासन
3.58 % (कुल खपत की गई बिजली में से) नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का हिस्सा	**857** स्थायी कर्मचारी	**65** सतर्कता जागरूकता सत्र
100% सभी बीएल संयंत्रों और इकाइयों के लिए ऊर्जा कुशल प्रकाश व्यवस्था	**₹ 4.41 करोड़** सीएसआर व्यय	**97.00%** बंद की गई ग्राहक शिकायतें
30 % स्थायी स्रोत से प्राप्त इनपुट सामग्री का प्रतिशत	**1** स्थायी कर्मचारियों के लिए रिपोर्ट योग्य लॉस्ट टाइम इंजरी फ्रीक्वेंसी रेट (आरएलटीआईएफआर)	**1** महिला निदेशक
758.74 मीट्रिक टन विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) के अंतर्गत प्लास्टिक निपटान	**21000** सीएसआर लाभार्थियों की कुल संख्या	**100 %** भ्रष्टाचार से संबंधित जोखिम के लिए मूल्यांकित प्रचालन स्थल
422.77 एमटीसीओ2ई **सतत रूप से प्राप्त इनपुट सामग्री के प्रतिशत के 30%** में जीएचजी उत्सर्जन में कमी	**सीएसआर के पांच फोकस क्षेत्रों में** स्वास्थ्य और स्वच्छता, आजीविका, कौशल विकास, सामुदायिक विकास शामिल हैं	सभी बोर्ड स्तरीय समितियों का गठन कंपनी अधिनियम 2013, सेबी विनियमों और डीपीई दिशानिर्देशों के लागू प्रावधानों के अनुसार किया गया है।
758.74 मीट्रिक टन विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) के अंतर्गत प्लास्टिक निपटान **422.77 एमटीसीओ2ई** जीएचजी उत्सर्जन में कमी	कॉर्पोरेट, क्षेत्रीय स्तर पर **पीओएसएच समिति का गठन** सुरक्षा संस्कृति को बढ़ाने के लिए बीएलसीएल में कॉर्पोरेट सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है	सुदृढ़ शिकायत निवारण प्रणाली सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है। सार्वजनिक हित प्रकटीकरण और मुखबिर संरक्षण संकल्प (पीआईडीपीआई) को बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड में लागू किया गया है।
	एमएसएमई/एमएसई से 25% के लक्ष्य के सापेक्ष 12.28% से अधिक खरीदारी।	

8. सीपीसीएल

सीपीसीएल पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) सिद्धांतों के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका उपयोग कंपनी की किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्पता और नैतिक प्रभाव का आकलन करने के लिए किया जाता है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा अधिदेशित व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) ढांचा भारतीय कंपनियों को उनके ईएसजी प्रदर्शन का प्रकटीकरण करने में मार्गदर्शन करता है।

सीपीसीएल के ईएसजी प्रदर्शन की मुख्य विशेषताएं

पर्यावरण	सामाजिक	अभिशासन
1) राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा **व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण** में उत्कृष्टता के लिए **सम्मान पुरस्कार** 2) भारतीय उद्योग परिसंघ– दक्षिणी क्षेत्र (सीआईआई.एएसआर) द्वारा **ऊर्जा/ कार्बन फुटप्रिंट** श्रेणी में **विशेष पुरस्कार** 3) भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा ईएचएस (पर्यावरण **स्वास्थ्य और सुरक्षा**) में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित **स्वर्ण पुरस्कार**	1) सामुदायिक विकास में उत्कृष्ट सीएसआर गतिविधि के लिए **महात्मा फाउंडेशन** (आदित्य बिड़ला समूह) द्वारा महात्मा पुरस्कार 2023 2) अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति के स्वामित्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों से की गई खरीद के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम **मंत्रालय द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र** (वित्त वर्ष 2022–23 के लिए ₹ 100 करोड़ से ₹1,000 करोड़ के बीच कुल खरीद की श्रेणी)। 3) तमिलनाडु श्रम अध्ययन संस्थान (टीआईएलएस), तमिलनाडु द्वारा **वर्ष 2023 का सर्वश्रेष्ठ मानव संसाधन नेतृत्वकर्ता पुरस्कार**	जनहित प्रकटीकरण और मुखबिर संरक्षण संकल्प (**पीआईडीपीआई**) को सीपीसीएल में लागू किया गया है।
22 पवन चक्कियाँ, 17.6 मेगावाट विलवणीकरण संयंत्र की विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए **6 किलोवाट घंटा रूफटॉप पवनचक्की** कॉर्पोरेट कार्यालय में संस्थापित	**54.9 मिलियन** सुरक्षित मानव घंटे	**महिला प्रकोष्ठ** महिला कर्मचारियों की शिकायतों को निपटाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है **पीओएसएच** पीओएसएच के अंतर्गत 0 शिकायतें
2.3 मेगावाट भवनों और रिफाइनरी परिसर में ग्राउंड माउंडेट और रूफटॉप सौर पैनल	**1,647** दुर्घटना–मुक्त दिवस	**79% स्कोर** कर्मचारी संतुष्टि सर्वेक्षण **1.3%** न्यून कर्मचारी पलायन दर
5.8 एमजीडी समुद्री जल विलवणीकरण परियोजना	**10,920** मानव घंटे प्रशिक्षण	**साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र** डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने के लिए शुरू
सीओ2 में 0.22 मीट्रिक टन की कमी आरएलएनजी खपत बढ़ाकर	**₹ 20.11 करोड़** सीएसआर व्यय	**11 वेंडर विकास कार्यक्रम** एमएसएमई, महिला स्वामित्व वाले और सामाजिक रूप से पिछड़े उद्यमों को समर्थन देने के लिए आयोजित।

पर्यावरण	सामाजिक	अभिशासन
15,000 वृक्ष पिछले 5 वर्षों के दौरान लगाए गए **176 एकड़** ग्रीन पट्टी के रूप में स्थापित	**सीएसआर के प्रमुख फोकस क्षेत्र** 1) स्वास्थ्य एवं स्वच्छता 2) शिक्षा 3) पर्यावरण स्थिरता 4) कौशल विकास 5) अवसंरचना विकास 6) सामुदायिक विकास	**0 लंबित निवेशक शिकायतें** सभी 947 शिकायतों का समाधान **लोक शिकायत प्रबंधन** वित्त वर्ष 2023–24 के लिए प्राप्त सभी 18 शिकायतों का समय पर निपटान
शून्य निस्सरण उपचारित व्यापारिक अपशिष्टों के लिए	**52.05%** एमएसएमई खरीद **6.76% खरीद** एससी/एसटी स्वामित्व वाले उद्यमों से **3.3% खरीद** महिलाओं के स्वामित्व वाले उद्यमों से	**सतर्कता एवं नैतिक अभिशासन–सतर्कता जागरूकता सप्ताह** का आयोजन, भ्रष्टाचार विरोधी पहलों को बढ़ावा देना, तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सतर्कता अधिकारियों को नियमित प्रशिक्षण देना।
2-5 एमजीडी एशिया का पहला नगरी सीवेज पुनःशोधन संयंत्र		**जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी)** जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा और विनियामक अनुपालन जैसे प्रमुख जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जोखिम प्रबंधन योजनाओं और नीतियों की देखरेख करती है।
87.5 अब तक का सबसे कम ऊर्जा तीव्रता सूचकांक		
प्राकृतिक जल पर शून्य निर्भरता और वित्त वर्ष 2023–24 में जल उपयोग में 7.1 एमजीडी से 6.6 एमजीडी की कमी		

सीपीसीएल एक वार्षिक एकीकृत रिपोर्ट प्रकाशित करता है जिसमें वित्तीय और गैर–वित्तीय (ईएसजी) सूचनाएं समेकित होती हैं, जो मूल्य सृजन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है। यह रिपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत रिपोर्टिंग परिषद (आईआईआरसी) और वैश्विक रिपोर्टिंग पहल (जीआरआई) जैसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है, जो व्यापक और मानकीकृत ईएसजी प्रकटीकरण सुनिश्चित करती है। कंपनी के किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्पता प्रयास संयुक्त राष्ट्र किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प विकास लक्ष्यों (एसडीजी) से भी जुड़े हुए हैं, जो वैश्विक किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्पता उद्देश्यों में इसके योगदान को रेखांकित करते हैं।

इसके अलावा, यह रिपोर्ट कंपनी अधिनियम 2013 की आवश्यकताओं, भारतीय लेखा मानकों और सेबी विनियमों का पालन करती है, जो पारदर्शिता और कानूनी अनुपालन सुनिश्चित करती है। सीपीसीएल के बीआरएसआर प्रकटीकरण स्वतंत्र आश्वासन से गुजरते हैं, जो रिपोर्ट किए गए ईएसजी डाटा की विश्वसनीयता को बढ़ाते हैं। कंपनी अपने व्यवसाय और हितधारकों के लिए सबसे प्रासंगिक ईएसजी मुद्दों की पहचान करने और उन्हें प्राथमिकता देने के लिए एक भौतिकता मूल्यांकन करती है, जिससे केंद्रित और प्रभावी किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्पता प्रयास सुनिश्चित होते हैं। सीपीसीएल निवेशकों, कर्मचारियों, ग्राहकों और समुदायों सहित हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से सहकार्य करता है, ताकि उनकी ईएसजी चिंताओं और अपेक्षाओं को समझा और संबोधित किया जा सके।

9. ओवीएल

जैव विविधता संरक्षण

- **एमईसीएल, कोलंबिया:** जीव–जंतुओं और वनस्पतियों पर वास्तविक समय के डाटा को एकत्र करने के लिए, हमने सघन वन पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर एक प्रौद्योगिकी–प्रचालित निगरानी परियोजना को लागू किया। बायोसेंसर क्षेत्र के रूप में नामित, यह क्षेत्र हमारे तेल क्षेत्र के आसपास वन्यजीव विविधताओं को ट्रैक करते हुए वन आवरण को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करता है। प्रजातियों की विविधता के संकेतकों की निगरानी करके, हमने, विशेष रूप से पिछले कुछ वर्षों में पक्षियों की आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ, वर्ष 2023 में उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं।
- सीपीओ–5, कोलंबिया: ओएनजीसी विदेश ने कोलंबिया के कैंबुरायो मेटा में अपने सीपीएच स्थान पर स्थानीय गैलापागासलानेरस कछुए की प्रजाति पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। प्रजातियों की पहचान, देखभाल और घोंसले की पहचान पर केंद्रित प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से, सभी कर्मचारियों को इस लुप्तप्राय सरीसृप प्रजाति के बारे में बहुमूल्य ज्ञान प्राप्त हुआ। गैलापागासलानेरस, अन्य सभी पोडोक्नेमिस प्रजातियों के साथ, वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (सीआईटीईएस 2017) के परिशिष्ट–II के तहत संरक्षित है। ओएनजीसी विदेश पर्यावरण अधिकारियों के निर्देशानुसार सभी गैलापागासलानेरा को सीपीएच स्थान पर उनके आवास में वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पर्यावरण संरक्षण

तेल और गैस उद्योग में एक अग्रणी कंपनी के रूप में, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड सुकर्सल कोलम्बियाना ने कार्बन उत्सर्जन और फ्लेयर गैस में कमी के लिए वैकल्पिक परियोजनाओं को लागू किया है। उत्पादित गैस के उपयोग के लिए माइक्रो–टरबाइन स्थापित किया गया है।

सीपीओ–5 क्षेत्र कुछ ड्रिलिंग कूपों के पैड के लिए सौर ऊर्जा आधारित फोटोवोल्टिक आधारित प्रकाश व्यवस्था का उपयोग कर रहा है और ड्रिलिंग गतिविधियों के दौरान प्रभावी उपचार और उसी के पुनः उपयोग के साथ जल खपत को कम कर रहा है।


ओएनजीसी विदेश के ईएसजी प्रदर्शन की मुख्य विशेषताएं

पर्यावरण	सामाजिक	अभिशासन
ओएनजीसी विदेश ने कोलंबिया के मानसरोवर एनर्जी कंपनी लिमिटेड (एमईसीएल) में वनस्पति एवं जीव संरक्षण परियोजना के लिए सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम श्रेणी में **रजत पुरस्कार** जीता।	16 प्रोजेक्ट्स और एचक्यू में 60.9 मिलियन मानव कार्य घंटों के लिए 0.07 एलटीआईएफ।	सभी बोर्ड स्तरीय समितियों की अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक कर रहे हैं।
कुल **100%** जल पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग	विदेश कर्मचारियों के लिए रिपोर्ट योग्य लोस्ट टाइम इंजरी फ्रीक्वेंसी रेट (आरएलटीआईएफआर)	कोई ग्राहक शिकायत नहीं
सीपीओ–5 कोलंबिया में ओएनजीसी विदेश प्रचालन के लिए एआरएल सुरा कोलंबिया द्वारा एचएसई उत्कृष्टता का प्रमाण पत्र	थरजाथ बेस कैंप के आसपास सीएसडी प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों के माध्यम से प्रति वर्ष 24,000–30,000 रोगियों को चिकित्सा सेवा प्रदान की गई। दक्षिण सूडान में वर्ष के दौरान टीकाकरण और नेत्र चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। बैटरी 3, म्यूले वेलास्केज़, कोलंबिया के निकट स्कूलों के लिए अध्ययन सामग्री की आपूर्ति की गई।	ओएनजीसी विदेश के बोर्ड में 2 महिला निदेशक

पर्यावरण	सामाजिक	अभिशासन
एमईसीएल, कोलंबिया में प्रौद्योगिकी के माध्यम से जीव–जंतुओं और वनस्पतियों की निगरानी। हमारे प्रचालन क्षेत्रों के निकट वन्यजीवों की विविधताओं पर नजर रखी गई और वर्ष 2023 के प्राप्त परिणाम उत्साहजनक हैं। पिछले कुछ वर्षों में पक्षियों की प्रजातियों की उपस्थिति में वृद्धि हुई है।	पीओएसएच समिति उपलब्ध है। कर्मचारियों को पीओएसएच के बारे में जागरूक करने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गईं।	
कोलंबिया के सीपीओ–5 में कछुओं की स्थानीय प्रजातियों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम प्रचालित किया जा रहा है।	मानव अधिकार नीति तैयार की गई और सार्वजनिक डोमेन पर प्रकाशित की गई।	
	सुरक्षा संस्कृति को बढ़ाने के लिए कॉर्पोरेट सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है	एचएसई गतिविधियों की निगरानी के लिए बोर्ड स्तरीय समिति
	5,041 प्रशिक्षण मानव घंटे तथा प्रति कर्मचारी 20.01 औसत प्रशिक्षण मानव घंटे प्रदान किए गए	







संवेदनशील पेट्रोलियम उत्पादों संबंधी मूल्य निर्धारण नीति

11 संवेदनशील पेट्रोलियम उत्पादों संबंधी मूल्य निर्धारण नीति


पृष्ठभूमि

11.1. पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य निर्धारण को जुलाई, 1975 से प्रभावी प्रशासित मूल्य तंत्र (एपीएम) के अंतर्गत लाया गया था जब पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य निर्धारण को आयात समता सिद्धांतों से लागत संबंधी सिद्धांतों में स्थानांतरित कर दिया गया था। एपीएम (1975 से 2002) के तहत विभिन्न तेल पूल खातों को इस उद्देश्य से बनाए रखा गया था कि (i) बिक्री मूल्य में स्थिरता सुनिश्चित किया जा सके; (ii) उपभोक्ताओं को अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों में उतार-चढ़ाव से बचाया जा सके;और (iii) पेट्रोल, विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) आदि जैसे अन्य उत्पादों से क्रॉस राजसहायता द्वारा सार्वजनिक वितरण के लिए मिट्टी तेल और घरेलू एलपीजी जैसे कतिपय उत्पादों के उपभोक्ता मूल्य में राजसहायता दी जा सके।

11.2. दिनांक 01.04.2002 से एपीएम को समाप्त कर दिया गया और सरकार ने विनिर्दिष्ट फ्लैट दरों पर पीडीएस मिट्टी तेल और घरेलू एलपीजी की बिक्री पर राजसहायता प्रदान करने का निर्णय लिया। इन बजटीय राजसहायता को प्रशासित करने के लिए सरकार ने 'पीडीएस मिट्टी तेल और घरेलू एलपीजी, राजसहायता स्कीम 2002' तैयार किया। इस योजना के तहत, यह निर्णय लिया गया था कि इन राजसहायता को 3–5 वर्षों में समाप्त कर दिया जाएगा।

वर्ष 2013–14 से 2023–24 तक कच्चे तेल की भारतीय रुझान बास्केट की प्रवृत्ति नीचे दी गई है:

कच्चे तेल का रुझान: भारतीय बास्केट $/बीबीएल



स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ

कच्चे तेल का मूल्य निर्धारण

कच्चे तेल का भारतीय बास्केट पिछले वर्ष के तत्काल पूर्व मीठे कच्चे तेल और सोर कच्चे तेल के वास्तविक प्रसंस्करण के अनुपात में भारतीय रिफाइनरियों द्वारा संसाधित कच्चे तेल के औसत दर्शाता है। मीठे कच्चे तेल की कीमत के लिए, बेंचमार्क कच्चे तेल "ब्रेंट" के लिए दैनिक प्लैट्स आकलन पर विचार किया जाता है। सोर कच्चे तेल के लिए बेंचमार्क कच्चे तेल "दुबई" और "ओमान" हेतु औसत प्लेट मूल्यांकन पर विचार किया जाता है। वर्ष 2020–21 के दौरान भारतीय रिफाइनरियों ने 75.62 प्रतिशत सोर कच्चे तेल और 24.38 प्रतिशत मीठे कच्चे तेल का प्रसंस्करण किया।इसलिए, 2021–22 के लिए, कच्चे तेल की भारतीय बास्केट ने प्लैट्स द्वारा "दुबई" और "ओमान" (सोर कच्चा तेल) और "ब्रेंट" (मीठा कच्चा तेल) के बेंचमार्क अंतर्गत औसत के लिए 75:62:24:38 के अनुपात में दैनिक मूल्य दर्शाया।

घरेलू कच्चे तेल उत्पादक कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों की भी पेशकश की जाती है जो अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के लिए बेंचमार्क हैं जो उनके कच्चे तेल की कसौटी से मेल खाती हैं। कच्चे तेल का आयात अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों पर होता है।

प्राकृतिक गैस

सरकार ने ओएनजीसी/ओआईएल के नामित क्षेत्रों, नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) ब्लॉकों और पूर्व-एनईएलपी ब्लॉकों, जहां उत्पादन साझाकरण संविदा (पीएससी) में कीमतों के लिए सरकार की मंजूरी का प्रावधान है, से उत्पादित गैस के लिए दिनांक 07.04.2023 की राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से संशोधित घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों को भी मंजूरी दी है। ऐसी प्राकृतिक गैस की कीमत भारतीय क्रूड बास्केट के मासिक औसत का 10% होगी और इसे मासिक आधार पर अधिसूचित किया जाएगा। ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा अपने नामांकन ब्लॉकों से उत्पादित गैस के लिए, प्रशासित मूल्य तंत्र (एपीएम) मूल्य क्रमश: $4.0/एमएमबीटीयू और $6.5/एमएमबीटीयू की न्यूनतम और अधिकतम सीमा के अध्यधीन होगा। सुधारों के कारण घरों के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) और परिवहन के लिए संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की कीमतों में उल्लेखनीय कमी आई है।

नए मूल्य निर्धारण दिशानिर्देश घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता के साथ उपभोक्ता हितों को संतुलित करने के सरकार के आशय को दर्शाते हैं और वर्ष 2030 तक भारत के ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को 15% तक बढ़ाने की व्यापक कार्यनीति का हिस्सा हैं।

पेट्रोल और डीजल

1. पेट्रोल और डीजल के मूल्य क्रमश 26 जून, 2010 और 19 अक्टूबर, 2014 से बाजार निर्धारित किए गए और तब से उनके मूल्यों का निर्धारण सरकारी क्षेत्र की तेल विपणन

कंपनियों (ओएमसीज़) नामतः इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड और भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाजार मूल्यों और अन्य बाजार दशाओं में परिवर्तन के अनुरूप किया जा रहा है।

2. सरकारी क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने 16 जून, 2017 से पूरे देश में पेट्रोल और डीज़ल के खुदरा बिक्री मूल्य में दैनिक संशोधन लागू किया। पेट्रोल और डीज़ल के दैनिक मूल्य संशोधन खुदरा कीमतों को वर्तमान बाजार स्थितियों के प्रति अधिक प्रतिबिंबित करते हैं, जिससे पेट्रोल और डीज़ल के खुदरा बिक्री मूल्य में अस्थिरता कम हो जाती है। इसके अलावा, इससे प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ती है और रिफाइनरी/डिपो से खुदरा दुकानों तक उत्पादों के सुचारू प्रवाह को सक्षम बनाता है।

वर्ष 2013–14 से दिल्ली में पेट्रोल और डीज़ल के वार्षिक औसत खुदरा बिक्री मूल्य के रुझान निम्नानुसार हैं:



स्रोतः पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ

घरेलू एलपीजी

1. अंतर्राष्ट्रीय तेल मूल्यों में वृद्धि के प्रभाव से आम आदमी को बचाने के लिए सरकार घरेलू एलपीजी के उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी मूल्य (प्रत्येक परिवार के लिए प्रति वर्ष 12 सिलेंडरों की सीमा तक) को घटाना जारी रखे हुए है। तथापि, गैर–राजसहायता प्राप्त घरेलू एलपीजी के मूल्यों का निर्धारण ओएमसीज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में परिवर्तनों के अनुरूप किया जाता है।

2. 1 जनवरी, 2015 से "पहल (डीबीटीएल) योजना 2014" पूरे देश में लागू की गई है, जिसमें घरेलू एलपीजी पर राजसहायता पात्र उपभोक्ताओं को सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा रही है।

   सरकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को प्रति वर्ष 12 रिफिल तक 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर पर ₹300 की लक्षित राजसहायता भी प्रदान कर रही है। दिनांक 31.03.2024 तक, लक्षित राजसहायता के बाद, पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी की प्रभावी लागत ₹503 प्रति 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर (दिल्ली में) है।

पीडीएस कैरोसीन

1 मार्च, 2020 से प्रभावी पीडीएस कैरोसीन का खुदरा बिक्री मूल्य अखिल भारतीय आधार पर शून्य अंडर–रिकवरी स्तर पर बनाए रखा जा रहा है।

राज सहायता

वर्ष 2017–18 से पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस पर कुल राजसहायता/अंडर रिकवरी निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24 (पी)
कैरोसीन							
पीडीएस कैरोसीन पर कुल अंडर–रिकवरी	4,672	5,950	1,833	-	-	-	-
एलपीजी							
एलपीजी (डीबीएलटी) राजसहायता के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (क)	20,905	31,539	22,726	3,658	242	855	1,227
प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) राजसहायता* (ख)	2,559	5,670	1,446	76	1,569	6,110	10,217
प्रधान मंत्री गरीब कल्याण पैकेज (पीएमजीकेपी) राजसहायता (ग)	-	-	-	8,162	-	-	-
घरेलू एलपीजी पर कुल राजसहायता (क+ख+ग)	**23,464**	**37,209**	**24,172**	**11,896**	**1,811**	**6,965**	**11,444**

*लक्षित राजसहायता शामिल है


स्रोतः पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ

(पी): अनंतिम

गैर–राजसहायता वाले घरेलू एलपीजी की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में होने वाले परिवर्तनों के अनुरूप तेल विपणन कंपनियों द्वारा स्वयं निर्धारित की जाती हैं।


AKSHAYA
PATRA
IndianOil

अध्याय 12



अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों एवं दिव्यांगजनों का कल्याण

12 अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों एवं दिव्यांगजनों का कल्याण

12.1. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लोक उद्यम विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा समय-समय पर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण के संबंध में जारी दिशा-निर्देश पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में कार्यान्वित किए जा रहे हैं। इस मंत्रालय का एससीटी प्रकोष्ठ मंत्रालय के साथ-साथ इस मंत्रालय के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य संगठनों में आरक्षण नीतियों के कार्यान्वयन की निगरानी करता है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, ईडब्ल्यूएस, ईएसएम और दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने और उनकी शिकायतों का निवारण करने के लिए अपने मुख्य संपर्क अधिकारियों की देखरेख में कार्यान्वयन प्रकोष्ठों का भी गठन किया है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संपर्क अधिकारी राष्ट्रपति के निर्देशों के कार्यान्वयन के साथ-साथ इस विषय पर समय-समय पर जारी भारत सरकार के विभिन्न आदेशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी हैं। संसद सदस्यों, राष्ट्रीय अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के आयोग तथा राष्ट्रीय अन्य पिछड़े वर्ग आयोग के माध्यम से प्राप्त सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, ईडब्ल्यूएस, ईएसएम और दिव्यांग कर्मचारियों की शिकायतों पर उपचारात्मक कार्रवाई की जाती है। मंत्रालय द्वारा अ. जा., अ.ज.जा., अपिव, ईडब्ल्यूएस और दिव्यांगजनों की नियुक्ति की स्थिति की निगरानी पीएसयू द्वारा दी गई रिपोर्ट के माध्यम से की जाती है।

12.2. सेवारत अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण वाली कल्याण संबंधी संसदीय समिति की टिप्पणियों के अनुसरण में, इस मंत्रालय के मुख्य संपर्क अधिकारी के नेतृत्व में एक दल सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की इकाइयों द्वारा रखे जाने वाले आरक्षण रोस्टरों का वार्षिक रूप से निरीक्षण करता है।

12.3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों पर विशेष ध्यान देते हुए मंत्रालय के अधीन तेल एवं गैस पीएसयू द्वारा विभिन्न कार्यकलाप शुरू किए गए हैं, सीएसआर पहल/योजनाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय को प्रभावी ढंग से ध्यान में रखा जा रहा है।

12.4. दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए विशेष भर्ती अभियान।

माननीय उच्चतम न्यायालय ने दिनांक 28.04.2015 को नेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लाइंड द्वारा सीए संख्या 9096/2013 में दायर अवमानना याचिका संख्या 499/2014 में दिव्यांगजनों के पदों को भरने का आदेश दिया। इस मामले की निगरानी डीओपीटी द्वारा की जा रही है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत पीएसयू में 359 पदों की पहचान की गई थी। 31.12.2024 तक दिव्यांगजनों के लिए रिक्तियों को भरने की स्थिति निम्नानुसार है:

क्र.सं.	चरण-वार ब्योरा	पद
1.	माननीय उच्चतम न्यायालय को सूचित मंत्रालय और तेल पीएसयू में पदों की संख्या	359
2.	पहले से भरे गए पदों की संख्या	326
3.	भरे जाने वाले शेष पद	33

31.12.2024 की स्थिति के अनुसार मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन तेल कंपनियों में अ.जा./अ.ज.जा./अपिव/दिव्यांग हेतु बैकलॉग

पीएसयू/ पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय	अ.जा., अ.ज.जा., अपिव और दिव्यांगजनों के संबंध में बैकलॉग रिक्तियों (सीधी भर्ती) की संख्या															
	समूह क				समूह ख				समूह ग*				समूह घ*			
	अ.जा.	अ.ज.जा.	अपिव	दिव्यांगजन	अ.जा.	अ.ज.जा.	अपिव	दिव्यांगजन	अ.जा.	अ.ज.जा.	अपिव	दिव्यांगजन	अ.जा.	अ.ज.जा.	अपिव	दिव्यांगजन
एमआरपीएल	इस मंत्रालय में इसका ब्यौरा नहीं रखा जाता है।				शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	0	2	0	0	लागू नहीं			
एचपीसीएल	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	1	शून्य	1	1	शून्य	2	8	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
आरजीआईपीटी	0	0	1***	0	0	0	0	0	0	1***	1***	0	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
एचपीसीएल	0	0	0	8	--	--	--	--	0	0	0	0	--	--	--	--
आईआईपी	वर्तमान में सीधी भर्ती के लिए आईआईपीई में कोई बैकलॉग रिक्तियां नहीं है।															
एमआरपीएल	7	4	11	5	*	*	*	*	-	-	1	3	*	*	*	*
ओएनजीसी	36	37	67	22	यह प्रवेश स्तर नहीं है				31	41	64	85	04	01	09	07
बीओआरएल	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
बीपीसीएल	शून्य	5	30	23	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
एचआरएल	0	0	0	0	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	0	0	0	0	0	0	0	0
आईओसीएल	18	27	42	62	इस समूह में कोई भर्ती नहीं की गई				3	8	14	84	3	2	3	33
सीआईएसी	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
ओआरएल	1	0	2	1	0	0	0	1	7	6	15	16	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
गेल	19	19	18	28	01	03	01	06	33	24	44	21	-	-	-	-
सीजीसीएल	02	0	12	16	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
ईआईएल	7	1	2	3	-	-	-	1	1	2	-	2	-	-	-	-

आरजीआईपीटी ***केवल प्रशासनिक कर्मचारी कैडर

एचपीसीएल *एचपीसीएल में समूह 'ख' और 'घ' के तहत वर्गीकृत कोई पद नहीं है क्योंकि गैर–प्रबंधन ग्रेड में प्रविष्टि को समूह 'ग' में पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

एमआरपीएल *एमआरपीएल में समूह 'ख' और 'घ' में कोई सीधी भर्ती नहीं है।

टिप्पणी: उपरोक्त बैकलॉग रिक्तियां प्रवेश स्तर पर हैं जहां आम तौर पर भर्तियां की जाती हैं।

समूह 'क' – अ.जा. में 7 रिक्तियों में से 6 रिक्तियों को पहले ही वर्ष 2024 में फिर से विज्ञापित किया जा चुका है और भर्ती प्रगति पर है। सभी 4 अ.ज.जा. रिक्तियों को पहले ही वर्ष 2024 में फिर से विज्ञापित किया जा चुका है और भर्ती प्रगति पर है।

अ.पि.व. में 11 रिक्तियों में से 9 रिक्तियों को पहले ही वर्ष 2024 में फिर से विज्ञापित किया जा चुका है और भर्ती प्रगति पर है। पीडब्ल्यूबीडी में 5 रिक्तियों में से 3 रिक्तियों को पहले ही वर्ष 2024 में फिर से विज्ञापित किया जा चुका है और भर्ती प्रगति पर है।

अ.पि.व. में **समूह 'ग'**–1 की रिक्ति वर्ष 2023 में पहले ही फिर से विज्ञापित की जा चुकी है और भर्ती प्रक्रिया जारी है।

पीडब्ल्यूबीडी में 2 रिक्तियों को वर्ष 2023 में पहले ही फिर से विज्ञापित किया जा चुका है और भर्ती प्रक्रिया जारी है।


ओएनजीसी ***टिप्पणी:**

(1) ओएनजीसी में इस तरह की कोई बैकलॉग रिक्तियां नहीं है। हालांकि, पिछली भर्ती प्रक्रिया में खाली रह गई रिक्तियों को बाद की भर्ती प्रक्रिया में अग्रेणीत किया जाता है।

समूह 'ग' की 63 रिक्तियां और समूह 'घ' की 11 रिक्तियां आंध्र प्रदेश की है, जो वर्ष 2014–15 से न्यायालयी मामले के कारण रुकी हुई है।

एनआरएल ***एनआरएल** में आरक्षित रिक्तियों की कमी है, लेकिन कोई बैकलॉग नहीं है। एनआरएल आगामी भर्ती प्रक्रिया में इन कमियों को दूर करने का पूरा प्रयास कर रहा है।





अध्याय 13

महिलाओं का कल्याण, विकास और सशक्तिकरण

13 महिलाओं का कल्याण, विकास और सशक्तिकरण

13.1. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/संगठन महिला कर्मचारियों के कल्याण और सशक्तिकरण की दिशा में कई पहल कर रहे हैं। स्त्री–पुरुष संवेदनशीलता से निपटने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दृष्टि से, उनके व्यावसायिक विकास और कल्याण गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें बाह्य और आंतरिक प्रशिक्षण, महिला स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम, सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाओं के मंच की राष्ट्रीय बैठक में भाग लेने के लिए उन्हें प्रायोजित करना आदि शामिल है।

महिला कर्मचारियों के हितों को देखने के लिए पीएसयू में महिला मंच का गठन किया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा तैयार की गई 'क्या करें और क्या न करें' की सूची सभी कर्मचारियों के ध्यानार्थ प्रचालित की गई। कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न की शिकायतों के निवारण के लिए समितियों का गठन किया गया है।

अनुलग्नक-II

तेल पीएसयू में 31.12.2024 की स्थिति के अनुसार कुल कर्मचारियों की संख्या की तुलना में महिला कर्मचारियों की संख्या:

क्र.सं.	पीएसयू का नाम/एमओपीएनजी	कर्मचारियों की कुल संख्या	महिला कर्मचारियों की कुल संख्या
1.	पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय	231	56
2.	सीपीसीएल	1422	75
3.	आरजीआईपीटी	107	15
4.	एचपीसीएल	8154	847
5.	आईआईपीई	47	5
6.	एमआरपीएल	2548	229
7.	ओएनजीसी	25847	2043
8.	बीएलएल	863	97
9.	बीपीसीएल	8508	674
10.	एनआरएल	1063	82
11.	आईओसीएल	30349	2731
12.	ओआईडीबी	12	4
13.	ओआईएल	6492	496
14.	गेल	5038	344
15.	बीसीपीएल	625	53
16.	ईआईएल	2646	307

13.2. विशाखा बनाम राजस्थान राज्य के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग/महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा जारी आदेशों के अनुरूप कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतों की रोकथाम और निवारण के लिए मंत्रालय में एक आंतरिक शिकायत समिति (महिला प्रकोष्ठ) का गठन किया गया है। वर्तमान में श्रीमती सुजाता शर्मा, संयुक्त सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय इस समिति की अध्यक्ष हैं, जिसमें एनजीओ के एक सदस्य सहित चार अन्य सदस्य हैं। समिति नियमित अंतराल पर अपनी बैठकें आयोजित करती है।

A Flagship CSR Initiative of Indian Oil Corporation Limited

IndianOil Stree Shakti

অসম অইল কলেজ অব নার্ছিং & অসম অইল স্কুল অব ন

असम ऑयल कॉलेज ऑफ नर्सिंग & असम ऑयल स्कूल ऑफ

Assam Oil College of Nursing & Assam Oil School

Digboi, Assam - 786171

Established in 1986

B.Sc. (N) Course affiliated to Srimanta Sankardeva University of Health Sciences, Guwahati. I Recognised by A





IndianOil





GAIL (India) Limited







ऑयल इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
Oil India Limited
(A Government of India Enterprise)



A Navratna Company

अध्याय 14

उपक्रम/संगठन

14 उपक्रम/संगठन

14.1. महारत्न कंपनी

14.1.1. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)



इंडियन ऑयल भारत की एक ऐसी ऊर्जा है जो तेल, गैस, पेट्रो रसायन और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की लगभग सभी धाराओं को समाहित करने वाली विविधीकृत, एकीकृत ऊर्जा प्रमुख है। ब्रांड इंडियनऑयल उच्च क्षमता वाले लोगों और अत्याधुनिक तकनीकों का लाभ उठाता है ताकि सभी प्रकार की ऊर्जा का जिम्मेदारी से दोहन किया जा सके और उन्हें उपभोक्ताओं तक किफायती दरों पर पहुँचाया जा सके। यह फॉर्च्यून ग्लोबल 500–2023 सूची (रैंक 94) में भारत का सर्वोच्च रैंक वाला ऊर्जा पीएसयू है।

इंडियन ऑयल के व्यावसायिक रूचि में रिफाइनिंग से लेकर संपूर्ण हाइड्रोकार्बन मूल्य श्रृंखला, कच्चे तेल और गैस की खोज और उत्पादन के लिए पाइपलाइन परिवहन और विपणन, पेट्रोरसायन, गैस विपणन, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों और अनुप्रवाह संचालन के वैश्वीकरण शामिल है। इस ब्रांड की वैश्विक आकांक्षाओं को श्रीलंका, मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य देशों में इंडियन ऑयल के व्यापारिक प्रयासों के माध्यम से पूरा किया जाता है।

14.1.1.1. वित्तीय निष्पादन:

इंडियन ऑयल का कारोबार (प्रचालन से राजस्व) अप्रैल 2022–मार्च 2023 में ₹ 9,34,953 करोड़ की तुलना में अप्रैल 2023–मार्च 2024 में 7% (₹ 68,608 करोड़) घटकर ₹ 8,66,345 करोड़ हो गया। अप्रैल 2023–मार्च 2024 के दौरान, इंडियन ऑयल को ₹ 39,619 करोड़ का निवल लाभ हुआ, जबकि अप्रैल 2022–मार्च 2023 के दौरान यह ₹ 8,242 करोड़ था और इसका मुख्य कारण वर्तमान अवधि के उच्च विपणन मार्जिन है। जीआरएम अप्रैल 2022–मार्च 2023 के दौरान 19.52 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल की तुलना में अप्रैल 2023–मार्च 2024 के दौरान 12.05 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहा।

14.1.1.2. राजकोष में योगदान:

पिछले कुछ वर्षों में इंडियन ऑयल शुल्कों, करों और लाभांश के रूप में सरकारी खजाने में सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा है। अप्रैल 2023–मार्च 2024 के दौरान सरकारी खजाने में ₹ 2,41,629 करोड़ का भुगतान किया गया, जबकि अप्रैल 2022–मार्च 2023 के दौरान ₹ 2,40,185 करोड़ का भुगतान किया गया था। 23 अप्रैल–मार्च 2024 के दौरान केंद्रीय राजकोष को ₹ 1,21,171 करोड़ और राज्यों के राजकोष को ₹ 1,20,458 करोड़ का भुगतान किया गया, जबकि अप्रैल 2022–मार्च 2023 के दौरान क्रमशः ₹ 1,16,271 करोड़ और ₹ 1,23,914 करोड़ का भुगतान किया गया था।

14.1.1.3. रिफाइनरी संबंधी निष्पादन:

आईओसीएल के रिफाइनरियों ने वित्त वर्ष 2023–24 में अब तक का सबसे अधिक 73.3 एमएमटी कच्चा तेल और अब तक का सबसे अधिक 3.1 एमएमटी नैफ्था संसाधित किया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2022–23 में 72.4 एमएमटी कच्चा तेल और 2.1 एमएमटी नैफ्था संसाधित किया गया था। आईओसीएल रिफाइनरियों की डिस्टिलेट उपज भी वित्त वर्ष 2022–23 में 78.7% से बढ़कर वित्त वर्ष 2023–24 में 79.3% हो गई।

प्रचालन उपलब्धता (ओए) के संबंध में, आईओसीएल वित्त वर्ष 2023–24 में 97.3% पर है (पिछले वर्ष 98.1%) और विशिष्ट ऊर्जा खपत (एमबीएन) के संबंध में (कम एमबीएन उच्च ऊर्जा दक्षता को दर्शाता है), आईओसीएल रिफाइनरियों ने वित्त वर्ष 2022–23 में 68.0 एमबीएन की तुलना में वित्त वर्ष 2023–24 में 68.9 एमबीएन हासिल किया है।

'आत्मनिर्भर भारत' पहल को प्रमुख उत्पादों की शुरूआत और संयंत्र की स्थापना द्वारा और भी बेहतर तरीके से दर्शाया गया है। उल्लेखनीय शुरूआत में वाहन परीक्षण और अंशांकन के लिए भारत का पहला रेफरेंस गैसोलीन (ई10, ई20) और डीजल ईंधन (बी7), गैर–एथेनॉल एक्सपी 100 और एशियाई रोड रेसिंग चैंपियनशिप के लिए स्टॉर्म–एफआईएम अनुरूप कैट 2 ईंधन शामिल हैं। इंडियन ऑयल रेफरेंस फ्यूल बनाने वाली दुनिया की 3 कंपनियों में से एक है।

14.1.1.4. पाइपलाइन संबंधी निष्पादन:

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, कच्चे तेल की पाइपलाइनों ने वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान 53.4 एमएमटी की तुलना में 51.8 एमएमटी का थ्रूपुट हासिल किया और उत्पाद पाइपलाइनों ने वित्त वर्ष

2023–24 में 44.0 एमएमटी का थ्रूपुट हासिल किया, जबकि वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान यह 41.7 एमएमटी था। इसके अतिरिक्त, गैस पाइपलाइनों ने वित्त वर्ष 2023–24 में 3,717 एमएमएससीएम का थ्रूपुट हासिल किया, जबकि वर्ष 2022–23 के दौरान यह 3,077 एमएमएससीएम था।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान अंतर– देश नेटवर्क में 2,180 किलोमीटर की वृद्धि करते हुए इंडियन ऑयल ने अपने पाइपलाइन नेटवर्क को विस्तार करना जारी रखा और कच्चे तेल और उत्पाद पाइपलाइनों के लिए प्रति वर्ष 124.4 मिलियन टन संसाधन और गैस पाइपलाइनों के लिए 48.73 एमएमएससीएमडी की संयुक्त थ्रूपुट क्षमता सहित 19,744 किलोमीटर का महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कर ली हैं।

14.1.1.5. विपणन निष्पादन:

वर्ष 2023–24 के दौरान 87.32 एमएमटी की घरेलू पीओएल बिक्री (सीएनजी और एलएनजी को छोड़कर और स्वयं के उपयोग सहित) हुई है, जबकि पिछले वर्ष 2022–23 की इसी अवधि में 87.16 एमएमटी घरेलू पीओएल बिक्री हुई थी।

इंडियन ऑयल ने अपने खुदरा दुकानों के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 2.85 करोड़ ग्राहकों को सेवा प्रदान की और वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान प्रतिदिन 22 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए, जिससे भारत की ऊर्जा आवश्यकता पूरी हुई। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, इंडियन ऑयल ने 1,260 खुदरा दुकानों (आरओ) को शुरू किया, जो किसी भी ओएमसी में सबसे अधिक है। नए युग के ईंधन के चलन को बढ़ावा देने के लिए, इंडियन ऑयल ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान डीजल के लिए 26 डोर–टू–डोर डिलीवरी मोबाइल डिस्पेंसर भी शुरू किए हैं, जिससे इसकी कुल संख्या 1,187 हो गई है।

31 मार्च 2024 तक, एक्स्ट्राग्रीन डीजल उत्पाद पूरे भारत में 6,948 आरओ के माध्यम से बेचा जा रहा है। भारत का पहला सुपर प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी100, जिसका ऑक्टेन मूल्य 100 है, 98 नगरों में 201 आरओ के माध्यम से बेचा जा रहा है। साथ ही, एक्सपी95 (95 ऑक्टेन प्रीमियम पेट्रोल) पूरे भारत में 11,243 आरओ के माध्यम से बेचा जा रहा है।

वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देने के लिए, इंडियन ऑयल ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 322 नए सीएनजी, 40 कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी), 3,500 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग और 12 बैटरी स्वैपिंग स्टेशन शुरू की हैं।

इंडियन ऑयल वर्तमान में देश में 2,110 सीएनजी, 85 सीबीजी, 8,598 ईवी चार्जिंग और 87 बैटरी स्वैपिंग स्टेशन प्रचालित कर रहा है।

इंडियन ऑयल ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 14.1 एमएमटी की कुल एलपीजी बिक्री की है और उज्ज्वला 2.0 योजना के अंतर्गत लगभग 37.5 लाख सहित 54.0 लाख से अधिक नए एलपीजी कनेक्शन दिए हैं। सेवाओं में ग्राहकों की पहुँच और ग्राहकों की संतुष्टि में सुधार करने के लिए, इंडियन ऑयल ने 44 नए एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप शुरू किए, जिससे दिनांक 31.03.2024 तक उनकी कुल संख्या 12,880 हो गई। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 5 किग्रा निःशुल्क व्यापार एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडर, 50 लाख से अधिक "छोटू" सिलेंडरों की बिक्री हुई है और इसमें 53.8% की वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, 4.5 लाख से अधिक इंडेन कम्पोजिट सिलेंडर भी ग्राहकों को बेचे गए, जिन्हें 5 किलोग्राम और 10 किलोग्राम की इकाइयों में शुरू किया गया, ताकि ग्राहकों को नए जमाने का और हल्का एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके।

विमानन क्षेत्र में भी, इंडियन ऑयल ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 4.8 एमएमटी की ईंधन बिक्री करके 58% की बाजार हिस्सेदारी सहित अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी। इंडियन ऑयल ने वर्ष के दौरान अयोध्या में एक नया एएफएस शुरू किया, जिससे दिनांक 31.03.2024 तक देश में इंडियन ऑयल द्वारा स्थापित एएफएस की कुल संख्या 129 हो गई।

14.1.1.6. अनुसंधान और विकास (आरएंडडी)

इंडियन ऑयल आरएंडडी घरेलू प्रौद्योगिकियों को विकसित करके, आयात निर्भरता को कम करके और भविष्य के संधारणीयता को आकार देकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। वित्त वर्ष 2023–24 में आरएंडडी की उपलब्धियों में पानीपत रिफाइनरी में उत्प्रेरक विनिर्माण संयंत्र शुरू करना और आयात के स्थान पर संदर्भ गैसोलीन और प्रीमियम रेसिंग ईंधन 'स्टॉर्म' जैसे विशिष्ट उत्पादों के लिए घरेलू उत्पादन को सक्षम करना शामिल है। आत्मनिर्भर भारत पर ध्यान केंद्रित करते हुए, पहली बार इन–हाउस विकसित निरीक्षण गेज का उपयोग करके 2,711 किलोमीटर तेल पाइपलाइनों का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान 125 से अधिक ल्यूब फॉर्मूलेशन जारी किए गए और 45 से अधिक ओईएम अनुमोदन प्राप्त की गईं। पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का निष्पादन करते हुए, इंडियन ऑयल आरएंडडी ने संबर्धित ऊर्जा दक्षता के लिए एंजाइम–सहायता प्राप्त सीओ2, कैप्चर प्रौद्योगिकी 'ईसीओ2 एसओआरबी' का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। हरित संरक्षण का नेतृत्व करते हुए, आरएंडडी ने केंद्र द्वारा प्रचालित परियोजना के हिस्से के रूप में पहली हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल बस का उद्घाटन किया गया। नवाचार को बढ़ावा देते हुए, इंडियन

ऑयल स्टार्टअप योजना, जो वर्तमान में 75 से अधिक आईपीआर प्रदान करने वाली 36 परियोजनाओं को विकसित कर रही है, को एक और मुक्त नवोन्मेष दौर के माध्यम से 6 और स्टार्टअप के चयन सहित आगे बढ़ाया गया है। दर्ज 1,736 और 1,636 प्रभावी पेटेंट को सुदृढ़ पेटेंट पोर्टफोलियो द्वारा सुदृढ़ करते हुए, इंडियन ऑयल आरएंडडी नैनोटेक्नोलॉजी, सौर, जैव ऊर्जा और हाइड्रोजन ईंधन सेल जैसे उभरते क्षेत्रों में काम करते हुए नवाचार और राष्ट्र प्रथम के मूल मूल्य को सुदृढ़ करते हुए आगे बढ़ रहा है, जिसमें मौजूदा अनुसंधान और नियोजन सुविधाएं शामिल हैं, और आने वाले नए ऊर्जा परिसर हेतु फरीदाबाद में भविष्य के संधारणीय के लिए एक परिसर की स्थापना की जा रही है।

14.1.1.7. पेट्रोरसायन निष्पादन:

इंडियन ऑयल देश की दूसरी सबसे बडी पेट्रोरसायन कंपनी है, जो पॉलिमर (पॉलीइथिलीन) और पॉलीप्रोपाइलीन), लीनियर अल्काइल बेंजीन (एलएबी), शुद्ध टेरेफथेलिक एसिड (पीटीए), ग्लाइकोल और ब्यूटाडीन प्रदान करती है। ब्रांड, प्रोपेल, भारतीय पेट्रोकेमिकल्स बाजार में अग्रणी ब्रांड है।

वर्ष 2023–24 के दौरान, निर्यात सहित पेट्रोरसायन की बिक्री 2.9 एमएमटी रही, जो भारतीय तेल द्वारा अब तक की सबसे अधिक बिक्री है, जबकि वर्ष 2022–23 में यह 2.1 एमएमटी थी।

पानीपत में दो नए आला पीपीसीपी ग्रेड 2,300 एमएक्स और 5,300 एमएन और पारादीप में एक रैंडम को–पॉलिमर 2,120 एमसी की शुरूआत सहित उत्पाद बास्केट का विस्तार किया गया। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, पीई 100 ऑरेंज और ब्लैक कंपाउंड को प्रतिष्ठित और मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय परीक्षण प्रयोगशाला–एलिमेंट, स्वीडन से अनिवार्य एमआरएस 10 रेटिंग के लिए अनुमोदन मिला है। इससे भारतीय तेल सीजीडी गैस परिवहन के लिए पीई ऑरेंज यौगिकों को प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे आयात प्रतिस्थापन के लिए सामग्री प्रस्तुत करने वाला भारत का पहला घरेलू उत्पादक बन जाएगा।

14.1.1.8. प्राकृतिक गैस:

इंडियन ऑयल ने वर्ष 2023–24 में 6.5 एमएमटी की बिक्री (आंतरिक खपत सहित) की है, जबकि वर्ष 2022–23 में यह 4.4 एमएमटी थी। बिक्री में यह वृद्धि ग्राहक और रिफाइनरियों को एचपीएचटी गैस की अतिरिक्त आपूर्ति के कारण हुई है। इंडियन ऑयल ने दिनांक 31 मार्च 2024 तक 10 नए औद्योगिक ग्राहक अपने साथ जोडे हैं। इंडियन ऑयल 'एलएनजी एट डोरस्टेप' के माध्यम से बिक्री ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 66.8 टीएमटी की तुलना में वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 150.7 टीएमटी की अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की है। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, 33 एलएनजी कार्गो आयात किए गए, जिनमें से 18 स्पॉट कार्गो थे, जबकि 15 दीर्घकालिक संविदा के अंतर्गत थे।

14.1.1.9. नगरी गैस वितरण (सीजीडी)

गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने में इंडियन ऑयल का महत्वपूर्ण योगदान है। जेवीसी सहित, इंडियन ऑयल में 114 जिलों के कुल 49 जीए का प्राधिकरण है। इंडियन ऑयल अपने आप को ओएमसी के बीच सबसे अधिक जीए के साथ देश की सबसे बड़ी सीजीडी कंपनी के रूप में स्थापित किया है।

14.1.1.10. अन्वेषण और उत्पादन:

इंडियन ऑयल भागीदारी हितों (पीआई), संयुक्त उद्यमों और अन्य गठबंधनों के माध्यम से ईएंडपी क्षेत्र में अवसरों का निरंतर पता लगाता रहता है। वर्तमान में, अपस्ट्रीम पोर्टफोलियो टैली 18 घरेलू और 11 विदेशी परिसंपत्तियों से संबंधित है, जिनमें से 8 परिसंपत्तियां उत्पादन कर रही हैं (1 घरेलू और 7 विदेशी)। उत्पादक परिसंपत्तियों के अतिरिक्त, 6 परिसंपत्तियाँ विकास के अधीन हैं, 4 परिसंपत्तियों में खोज की जा रही है, 1 परिसंपत्ति का मूल्यांकन किया जा रहा है और 10 परिसंपत्तियाँ अन्वेषण के अधीन हैं।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, इंडियन ऑयल की अपनी उत्पादक परिसंपत्तियों से उत्पादन में हिस्सेदारी 4.2 एमएमटी तेल समतुल्य (एमएमटीओई) रही है, जबकि वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान यह 4.3 एमएमटीओई थी।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल द्वारा प्रचालित कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के माध्यम से मकैटर पेट्रोलियम लिमिटेड (एमपीएल) में 100% हिस्सेदारी हासिल करने में सफल होने पर इंडियन ऑयल के घरेलू एकड क्षेत्र को सुदृढ़ किया गया।

14.1.1.11. वैकल्पिक ऊर्जा:

इंडियन ऑयल हरित अर्थव्यवस्था के लिए कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। दिनांक 31.03.2024 तक की स्थिति के अनुसार इंडियन ऑयल की स्थापित क्षमता 246.94 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की है, जिसमें 167.60 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता और 79.34 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता शामिल है। इंडियन ऑयल ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 401.5 मिलियन यूनिट का अब तक का सबसे अधिक नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन हासिल किया है, जिससे 368.98 हजार मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य उत्सर्जन में कमी आई है।

दिनांक 31.03.2024 तक की स्थिति के अनुसार, इंडियन ऑयल ने 31,647 खुदरा दुकानों को सौर ऊर्जा से सुसज्जित किया है, जिसकी कुल सौर ऊर्जा स्थापित क्षमता 165.3 मेगावाट है। साथ ही, वित्त वर्ष 2023–24 में अब तक का सबसे अधिक खुदरा दुकानों का सौरीकरण अर्थात 10,655 दुकानों का किया गया है, जिसकी क्षमता लगभग 41.91 मेगावाट है। इससे वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान लगभग 212.15 गीगावॉट घंटे बिजली उत्पादन हुआ, जिससे 194.97 हजार मीट्रिक टन कार्बन–डाइऑक्साइड समतुल्य (टीएमटीसीओ,ई) उत्सर्जन में कमी आई।

इंडियन ऑयल, एसएटीएटी (सस्ती परिवहन के लिए संधारणीय विकल्प) की प्रमुख कार्यान्वयन एजेंसी है। इंडियन ऑयल समय–समय पर संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) के उत्पादन और आपूर्ति के लिए आशय पत्र (एलओआई) जारी करता रहा है और दिनांक 31.03.2024 तक, इंडियन ऑयल में एसएटीएटी पहल के अंतर्गत 1,596 सक्रिय आशय पत्र (एलओआई) हैं। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, 8 सीबीजी संयंत्र शुरू किए गए हैं, जिससे शुरू किए गए सीबीजी की संख्या 31 हो गई है। सीबीजी का विपणन 85 खुदरा दुकानों और 2 औद्योगिक उपभोक्ताओं के माध्यम से किया जा रहा है। उत्पादित सीबीजी को 'इंडीग्रीन' ब्रांड नाम से इंडियन ऑयल के खुदरा दुकानों के माध्यम से खुदरा बिक्री की जा रही है। वित्त वर्ष 2023–24 में, इंडियन ऑयल ने लगभग 7.8 हजार मीट्रिक टन (टीएमटी) सीबीजी की बिक्री की और इसके स्थापना (सितम्बर 2019) के बाद से संचयी बिक्री 18.8 टीएमटी को पार कर गई है।

गोरखपुर में प्रतिदिन 200 टन (टीपीडी) मिश्रित अपशिष्ट (धान का भूसा, प्रेस–मड और गोबर) आधारित सीबीजी संयंत्र स्थापित किया गया है, जो इंडियन ऑयल आरएंडडी केन्दर द्वारा विकसित इन–हाउस तकनीक का उपयोग करके धान के भूसे के निपटान के लिए पर्यावरण–अनुकूल समाधान प्रदान करता है। इस संयंत्र में सालाना 70 टीएमटी धान के भूसे और 3.5 टीएमटी गोबर को संसाधित करने की क्षमता है। इस संयंत्र का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री और माननीय मंत्री पीएंडएनजी और एचएंडयूए द्वारा दिनांक 8 मार्च 2024 को किया गया था।

14.1.1.12. संधारणीय विकास:

वर्ष 2023 में, ब्लूमबर्ग ने अपनी एनईएफ वैश्विक मूल्य निर्धारण में इंडियन ऑयल को शीर्ष भारतीय कंपनी का दर्जा दिया है, जो संधारणीय भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मान्यता देता है।

भारत में तेल और गैस क्षेत्र की कंपनियों के बीच वर्ष 2023 में डॉव जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स (डीजेएसआई) में इंडियन ऑयल को प्रथम स्थान दिया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस 2023 के उपलक्ष्य में इंडियन ऑयल द्वारा साइक्लोथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंत्रालय के अधिकारियों और विभिन्न तेल एवं गैस पीएसयू के सीएमडी/वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया था।

14.1.1.13. हरित ऊर्जा:

इंडियन ऑयल, मेसर्स लैंजाजेट इंक, यूएसए और मेसर्स प्राज इंडस्ट्रीज लिमिटेड, भारत जैसी प्रतिष्ठित वैश्विक प्रौद्योगिकी अग्रणियों के साथ कार्यनीतिक साझेदारी के लिए कार्य कर रही है, जिसका उद्देश्य भारत में संधारणीय विमानन ईंधन (एसएएफ) सुविधाएं स्थापित करना है। इंडियन ऑयल लैंजाजेट एटीजे प्रौद्योगिकी पर आधारित पानीपत में 86.8 टीएमटीपीए एसएएफ संयंत्र स्थापित कर रहा है। बीडीईपी का काम नवंबर 2023 में शुरू हो गया है और पीएमसी की स्थापना फरवरी 2024 में की जाएगी। इसके अतिरिक्त, इंडियन ऑयल ने दिनांक 06 जुलाई 2023 को प्राज इंडस्ट्रीज के साथ निबंधन और शर्तों संबंधी पत्रक पर हस्ताक्षर किए, जिसके अंतर्गत भारत में एसएएफ और एथेनॉल, सीबीजी, बायोडीजल, बायो–बिटुमेन आदि से युक्त अन्य जैव ईंधन संयंत्रों की स्थापना के लिए 50:50 संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) का गठन किया जाएगा।

14.1.2. तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी)



तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) की स्थापना दिनांक 23.06.1993 को इस उद्देश्य से की गई थी कि संसद के अधिनियम के माध्यम से तेल और प्राकृतिक गैस आयोग नामक संवैधानिक आयोग को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी में परिवर्तित किया जाए और दिनांक 01.02.1994 से आयोग के व्यवसाय को अपने हाथ में लिया जाए। ओएनजीसी एक वैश्विक ऊर्जा कंपनी है जो संपूर्ण ऊर्जा मूल्य–श्रृंखला के लिए एकीकृत कंपनी है। ओएनजीसी पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत ईएंडपी क्षेत्र में अनुसूची–'ए' सूचीबद्ध महारत्न सीपीएसई कंपनी है, जिसके पास इसकी 58.89% शेयरधारिता है।

14.1.2.1. वर्ष 2023–24 की प्रमुख विशेषताएँ/पहलें

- **केजी–डीएन–98/2 ब्लॉक से तेल उत्पादन की शुरूआत:** ओएनजीसी ने दो खोजों अर्थात एल. ई. केजी–डीएन–98/2–एम–1 (पद्मावती) और केजी–डीएन–98/2–एम–3 का मुद्रीकरण किया और दिनांक 7 जनवरी 2024 को बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित गहरे पानी के केजी–डीएन–98/2 ब्लॉक के 'एम' क्षेत्र से "पहला तेल" निकालने का सफलतापूर्वक शुरूआत किया।
- भारत के ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि को चिह्नित करते हुए, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने दिनांक 2 मार्च 2024 को ओएनजीसी के कृष्णा गोदावरी गहरे पानी के ब्लॉक से 'पहला कच्चा तेल' टैंकर 'स्वर्ण सिंधु' को हरी झंडी दिखाई। अपने सर्वाधिक उत्पादन से यह परियोजना भारत के तेल और गैस उत्पादन में 7 प्रतिशत की वृद्धि करेगी।
- माननीय प्रधान मंत्री ने दिनांक 6 फरवरी 2024 को भारत ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्य) 2024 के दौरान ओएनजीसी समुद्री जीवन रक्षा केंद्र को राष्ट्र को समर्पित किया। गोवा के आईपीएस एचईएम में ओएनजीसी उन्नत प्रशिक्षण संस्थान में स्थित यह केंद्र देश के समुद्री जीवन रक्षा प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र को वैश्विक मानकों तक आगे बढ़ाने के उद्देश्य से अग्रणी संस्थान के रूप में उभर कर आया है।
- ओएनजीसी ने दिनांक 27 फरवरी 2024 को पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ओएनजीसी ग्रीन को निगमित किया। भविष्य में, ओएनजीसी हरित ऊर्जा उद्योग मूल्य श्रृंखला के विभिन्न क्षेत्रों में प्रवेश करेगी। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत, जैव ईंधन और बायोगैस, साथ ही हरित हाइड्रोजन और इसके व्युत्पन्न जैसे ग्रीन अमोनिया और ग्रीन मेथनॉल और अन्य कम कार्बन ऊर्जा स्रोत शामिल होंगे।
- नवरत्न कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) ने गुजरात के गिफ्ट सिटी में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ओवरसीज आईएफएससी लिमिटेड (ओओआईएल) को निगमित किया, जो ओवीएल और 15 देशों में विस्तृत इसकी 25 सहायक कंपनियों (स्टेप–डाउन सहायक कंपनियों सहित) की राजकोषीय कार्यकलापों को केंद्र में रखने के लिए वैश्विक राजकोषीय केंद्र के रूप में कार्य करेगी।
- ओएनजीसी ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में रिकॉर्ड तोड़ 541 कुओं की ड्रिलिंग करके ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जो पिछले तीन दशकों में हासिल की गई उपलब्धियों में सबसे अधिक संख्या है। ड्रिलिंग सर्विसेज ने 103 खोजपूर्ण कुओं और 438 विकास सह साइड ट्रैक कुओं की सफलतापूर्वक ड्रिलिंग की। वित्तीय वर्ष में अब तक की सबसे अधिक चक्रिय गति प्राप्त हुई, लगभग 1042एम/आरएम तक पहुँच प्राप्त हुई, जो इसके दक्षता और प्रचालन उत्कृष्टता को दर्शाती है।
- ओएनजीसी मुंबई हाई ने फरवरी 2024 में अपनी 50 वर्ष की सेवा सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए वर्षगाठ मनाया।
- **राजमुंदरी की तातीपका रिफाइनरी से उत्पादित नेफ्था की बिक्री के लिए अब तक का सबसे अधिक प्रीमियम जुटाया गया:** नई बिक्री निविदा के समापन पर, एचपीसीएल को रियायती बिक्री की तुलना में नेफ्था की बिक्री के लिए प्रीमियम के संदर्भ में प्राप्ति 2.8 गुना सुधार हुआ है, जिससे तातीपका रिफाइनरी में कोई रोकथाम संबंधी समस्या नहीं आई।
- **ओएनजीसी, ब्रिटिश गैस और रिलायंस के बीच ऐतिहासिक समझौता:** ओएनजीसी और पन्ना मुक्ता तापी संयुक्त उद्यम भागीदारों अर्थात ब्रिटिश गैस एक्सप्लोरेशन एंड प्रोडक्शन इंडिया लिमिटेड (बीजीईपीआईएल) और रिलायंस इंडिया लिमिटेड (आरआईएल) के बीच दिनांक 17 अप्रैल 2023 को हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौता गैस परिवहन शुल्क से संबंधित लंबे समय से लंबित मुद्दे को हल करेगा।
- **पेट्रोरसायन में अनुप्रवाह संभावनाओं की खोज के लिए आईओसीएल के साथ समझौता ज्ञापन:** ओएनजीसी ने रिफाइनिंग और पेट्रोरसायन उपज के निर्यात से मूल्य सृजन को बढ़ाने के लिए वैश्विक संभावनाओं की संयुक्त रूप से खोज करने के लिए दिनांक 14 जून 2023 को नई दिल्ली में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दोनों कंपनियों का लक्ष्य ग्रीनफील्ड परियोजनाओं और अधिग्रहणों के माध्यम से तेल से लेकर रसायनों और/या आला परियोजनाओं के सहयोग की संभावनाओं का दोहन करना है।

- **पूर्वोत्तर क्षेत्र में गैस मुद्रीकरण के लिए आईजीजीएल के साथ हुक अप करार:** आईओसीएल, गेल, ओआईएल और एनआरएल के साथ संयुक्त उद्यम, अर्थात इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएल) के प्रवर्तक के रूप में ओएनजीसी ने दिनांक 11 जुलाई 2023 को आईजीजीएल के साथ तीन हुक अप करारों पर हस्ताक्षर किए, ताकि जोरहाट, सिलचर और त्रिपुरा परिसंपत्ति में पहचान किए गए 09 स्रोत बिंदुओं पर आईजीजीएल तक ओएनजीसी की गैस वितरण संबंधी सुविधा प्रदान करने के लिए ओएनजीसी क्षेत्रों को नॉर्थ ईस्ट गैस ग्रिड (एनईजीजी) से जोड़ा जा सके।
- भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत बीपीसीएल, गेल, एचपीसीएल, आईओसी और ओएनजीसी सहित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) ने 19 जून 2023 को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधिकारियों की उपस्थिति में पाइपलाइनों की क्रॉसिंग अनुमति के लिए ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

14.1.2.2. अन्वेषण

- वर्ष 2023–24 के दौरान, ओएनजीसी ने 971.81 एनकेएम 2डीए 8,588 एसकेएम 3डी भूकंपीय डेटा प्राप्त किया और 103 अन्वेषण कुओं की खुदाई की, 11 नई हाइड्रोकार्बन की खोज (6 तेल और 5 गैस) की। साथ ही, 7 खोजों का मुद्रीकरण किया, जिसमें वित्त वर्ष 2023–24 की 3 खोजें शामिल हैं।
- वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, ओएनजीसी ने ओएएलपी बोली दौर–VIII के अंतर्गत 7 राजस्व साझाकरण संविदा (आरएससी) पर हस्ताक्षर किए। सात संविदाओं में से छह अपतटीय ओएएलपी ब्लॉक और एक ऑनलैंड ओएएलपी ब्लॉक (कैम्बे ऑनलैंड) के लिए हैं। ओएनजीसी ने ऑनलैंड और अपतटीय क्षेत्रों को शामिल करते हुए लगभग 2.17 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के लिए आशय की अभिव्यक्ति (EOI) प्रस्तुत की। ईओआई प्रस्तुत करने के लिए लक्षित नए घाटियां–करेवा, प्राणहिता गोदावरी आदि हैं।
- महानदी ओएएलपी ब्लॉक में दौर–III (एमएन-डीडब्लूएचपी–2018/1) में दो महत्वपूर्ण गैस अर्थात "उत्कल" और "कोणार्क" खोजें गए हैं, जहाँ क्रमशः 3.0 लाख एमं/दिन और 4.5 लाख एमं/दिन से अधिक गैस प्रवाहित हुई। प्लियोसीन में इन खोजों ने महानदी अपतटीय क्षेत्र में नई उम्मीदें जगाई हैं।
- त्रिपुरा के तुलामुरा क्षेत्र में कुआं टीएलएम#3 में गैस की खोज की गई, जहाँ मध्य भुवन एफएम के सब–थ्रस्ट भाग से लगभग 85,000 एमक/दिन गैस प्रवाहित हुई, जिससे गलियारे में और उसके आसपास सब–थ्रस्ट अन्वेषण खुलने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, असम शेल्फ के पूर्वी लखीबारी–6 में अन्वेषण ने गॉडोवाना प्ले के लिए और अधिक समन्वित अन्वेषण की उम्मीद जगाई है।
- ग्लोबल आउटरीच पहल के अंतर्गत, ओएनजीसी ने कई प्रतिष्ठित ईएंडपी मेजर जैसे शेवरॉन, टोटल एनर्जीज, एक्सोमोबिल आदि के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इन वैश्विक प्रमुख कंपनियों द्वारा विभिन्न तलछटी बेसिन क्षेत्र के लिए समझौता ज्ञापन की शर्तों के अनुसार तकनीकी अध्ययन प्रगति पर हैं।

14.1.2.3. उत्पादन पहल:

- **बेसिन और सैटेलाइट (बीएंडएस) परिसंपत्ति ने रुझान को पलट दिया:** योजना–भिन्न कुओं से एनबीपी क्षेत्र तेल उत्पादन हाल के दिनों में अपने सर्वाधिक उत्पादन तक पहुंच गया। ड्रिलिंग और चार कुओं के पूरा होने के बाद तेल उत्पादन 18,000 बीओपीडी से बढ़कर 20,010 बीओपीडी हो गया। राजमुंदरी एसेट के मंडापेटा क्षेत्र ने दिनांक 05 अक्टूबर 2023 को 1.0 एमएमएससीएमडी गैस उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया, जो वर्ष 1994 में इस क्षेत्र की स्थापना के बाद से अब तक का सबसे अधिक आंकड़ा है। यह जलाशय के लक्षण और उचित कुओं की नियुक्ति, उच्च मात्रा में फ्रैकिंग और उत्पादन सुविधाओं के समय पर विस्तार के माध्यम से संभव हो पाया है।
- **कैम्बे परिसंपत्ति में पूरे 10 ट्रंक लाइन सेगमेंट के लिए सफल पिगिंग प्रचालन:** कैम्बे परिसंपत्ति में लगभग 65 किलोमीटर तक फैले पूरे 10–इंच ट्रंक लाइन सेगमेंट के लिए प्रारंभिक पिगिंग प्रचालन सफलतापूर्वक किया गया है। यह पाइपलाइन अखोलजुनी, कथाना और पादरा जीजीएस से उत्पादित कच्चे तेल को लक्ष्मीपुरा में टी–ऑफ संयंत्र में स्थानांतरित करने की सुविधा प्रदान करती है, ताकि इसे केटी रिफाइनरी में बाद में प्रसंस्करण किया जा सके।

- **नागयालंका चरण–II**

  पुनर्विकास: नागयालंका क्षेत्र के द्वितीय चरण के क्षेत्र विकास के पूरा होने के बाद राजमुंदरी परिसंपत्ति ने 245 मिलियन प्रति दिन का अब तक का सर्वाधिक तेल उत्पादन किया, जिसके बाद ड्रिलिंग के बाद तीन नए विकास स्थलों में बहु–स्तरीय उच्च टन भार हाइड्रो फ्रैक्चरिंग कार्य किए गए और उन्हें उत्पादन में लगाया गया।

14.1.2.4. ड्रिलिंग पहल:

- **साइड–ट्रैक, सब–सी वेल वाडा का पुन: निर्माण:** वाडा कुएं की साइड–ट्रैकिंग आईआरएस, आईओजीपीटी और डीडब्ल्यू मुंबई द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई रिपोर्ट के आधार पर डीपी रिग के साथ की गई, जिससे बहुविध सहयोग, प्रौद्योगिकी प्रेरण और गहरे पानी में प्रचालन उत्कृष्टता की सफलता की कहानी बन गई।
- ड्रिलिंग उस क्षेत्र में शुरू की गई है जिसे पहले राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के कारण 'नो–गो' क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत किया गया था और महानदी ब्लॉक एमएन–डीडब्ल्यूएचपी–2018/1 में उत्कल और कोणार्क नामक दो खोजें क्रमशः 714 मीटर और 1,110 मीटर की पानी की गहराई में की गई थीं।
- ओएनजीसी ने वर्क ओवर जॉब्स (2110 जॉब्स) के माध्यम से एक वित्तीय वर्ष में अब तक के सबसे अधिक कुओं की सेवा करने की उपलब्धि हासिल की गई और साथ ही वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 28.30 का अब तक का सबसे अधिक वर्क ओवर सूचकांक प्राप्त हुआ।
- रिकॉर्ड संख्या में 13,276 कुआं उत्तेजन कार्य किए गए, जो कि स्थापना के बाद से अब तक के सबसे अधिक उत्तेजन कार्य है।
- कुआं सेवा ईओए ने कुआं हस्तक्षेप के माध्यम से केजी–डीएन–98/2 क्षेत्र के उप–समुद्री कुआं यू–1–बी से उत्पादन को सफलतापूर्वक पुनर्जीवित किया।

14.1.2.5. तकनीकी सेवा पहल:

- **ओएनजीसी ने उपकरण उपलब्धता में सुधार के लिए परिसंपत्ति विनिमय कार्यक्रम शुरू किया:** 9 जनवरी 2024 को बीएंडएस परिसंपत्ति के बीपीए–प्लेटफॉर्म पर बूस्टर कंप्रेसर–4 में परिसंपत्ति विनिमय नीति के अंतर्गत पहला गैस टरबाइन इंजन स्थापित किया गया।
- **कॉर्पोरेट विजुअलाइजेशन सेंटर 'दर्पण' का उद्घाटन:** माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवासन एवं नगरी कार्य के मंत्री ने नई दिल्ली में अत्याधुनिक डिजिटल कॉर्पोरेट विजुअलाइजेशन सेंटर, ओएनजीसी दर्पण का उद्घाटन किया, जो वास्तविक समय के आधार पर तेल और गैस कुओं और ड्रिलिंग इकाइयों (अपतटीय सहित) की केंद्रीय निगरानी को सक्षम बनाता है।
- **ओएनजीसी ने बी2बी एकीकरण के लिए डिजिटल शक्ति का लाभ उठाया:** ई–शासन और व्यापारिक सुगमता की दिशा में बड़े कदम के रूप में, ओएनजीसी ने नेशनल ई–गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड (एनईएसएल) के पहले लाभार्थी के रूप में इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी (ईबीजी) के लिए एनईएसएल के साथ बी2बी एकीकरण क्रियान्वित किया। ईबीजी प्रक्रिया में, एनईएसएल के डिजिटल दस्तावेज निष्पादन (डीडीई) प्लेटफॉर्म का उपयोग बैंक गारंटी जारी करने, इसे संशोधन करने और बैंक गारंटी के विभिन्न जीवन चक्र से संबंधित चरणों के लिए किया जाता है।
- **सौर ऊर्जा संयंत्र की शुरुआत:** ओएनजीसी ने कावेरी परिसंपत्ति के नरीमनम–जीजीएस में 200 किलोवाट के ग्राउंड–माउंटेड सौर ऊर्जा संयंत्र की पायलट परियोजना को सफलतापूर्वक शुरू किया। इसके अतिरिक्त, तमिलनाडु सरकार की नीति के नए प्रावधानों के अनुसार पावर व्हीलिंग को भी सक्षम बनाया गया।
- **कुआं #एलडब्ल्यूकेआई में पहली बार चक्रीय स्टीम प्रोत्साहन पूरी हुई:** ओएनजीसी मेहसाणा, सीमेंटिंग सर्विसेज, ने आईडीटी के सहयोग से एचजीएस–आधारित सीमेंट घोल का उपयोग करके चक्रीय स्टीम प्रोत्साहन (सीएसएस) परियोजना के प्रारंभिक कुएं के लिए सीमेंटेशन कार्य पूरा किया।
- **ओएनजीसी ने पन्ना प्रोसेस प्लेटफॉर्म को अपने विशाल सबसी पाइपलाइन नेटवर्क से जोड़ा:** इस कार्य में 37.50 किलोमीटर लंबी सबमरीन पाइपलाइन के 2 खंड को बिछाना और अन्य मदों के अतिरिक्त 3 एमओएल (मुख्य तेल लाइन) और 3 बूस्टर पंप लगाना शामिल था। पन्ना खंड के शुरू होने से टैंकर किराए पर लेने की लागत, टैंकर बदलने के दौरान उत्पादन में होने वाले नुकसान और खराब मौसम के दौरान टैंकर के विलंब के मामले में बचत हुई।

- **ओएनजीसी ने पश्चिमी अपतटीय कार्बोनेट जलाशयों के प्रोत्साहन के लिए अगली पीढ़ी के एसिडाइजिंग फॉर्मूलेशन 'एसपीआरएएस' का विकास किया:** कार्बोनेट जलाशयों में मैट्रिक्स प्रोत्साहन में हाइड्रोक्लोरिक एसिड (एचसीआई) का उपयोग करने में आने वाली चुनौतियों को दूर करने के लिए, आईपीईओटी ने नया सुत्रीकरण विकसित किया है, अर्थात सिंगल फेज रिटार्डेड एसिड सिस्टम (एसपीआरएएस) जो रिटार्डिंग सर्फेक्टेंट का उपयोग करके प्रतिक्रिया की दर को धीमा कर देता है और डीजल के उपयोग को पूरी तरह से समाप्त कर देता है।

- भारत में नवीकरणीय ऊर्जा, जल विद्युत और पंप भंडारण जल विद्युत परियोजना विकास योजना के क्षेत्रों में सहयोग के लिए एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) के साथ समझौता ज्ञापन।

- ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में नवीकरणीय ऊर्जा उद्देश्यों को साकार करने के लिए एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) के साथ समझौता ज्ञापन, जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना और व्यवहार्यता की खोज करना है।

- **एनटीपीसी ग्रीन के साथ संयुक्त उद्यम करार (जेवीए):** आईईडब्ल्यू वर्ष 2024 के दौरान, ओएनजीसी और एनजीईएल ने अपतटीय पवन पर ध्यान केंद्रित करते हुए नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को विकसित करने के लिए संयुक्त उद्यम करार पर हस्ताक्षर किए।

- **मीथेन उत्सर्जन का पता लगाने और उसे मापने के लिए सहयोग करार:** भारत ऊर्जा सप्ताह 2024 के दौरान, ओएनजीसी ने मीथेन उत्सर्जन का पता लगाने और उसे मापने के अभियान चलाने के लिए टोटल एनर्जीज के साथ करार किया है।

- भारत में भूतापीय ऊर्जा की खोज और विकास के लिए 7 जून 2023 को नई दिल्ली में आइसलैंड जियो–सर्वे (आईएसओआर) के साथ समझौता ज्ञापन।

- एसआरपी–पीसीपी (सकर रॉड पंप– प्रोग्रेसिव कैविटी पंप) कुओं के लिए वास्तविक समय निगरानी प्रणाली लागू की गई जो वर्तमान में विद्युत और ऊर्जा मापदंडों को पहचानने में सक्षम है, जिससे एसआरपी–पीसीपी सतह इकाई असामान्यताओं की पहचान करने में मदद मिली है और साथ ही डाउन होल समस्याओं और ब्रेकडाउन के बाद सुधार के लिए प्रतिक्रिया समय को कम करने और प्रारंभिक समस्या निवारण में मदद मिली है, जिससे डाउनटाइम घंटे कम हो गए हैं।

- **सौर और पवन ऊर्जा पहल:** दिनांक 31 मार्च 2024 तक नवीकरणीय ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता लगभग 192.8 मेगावाट थी (सौर) 39.8 मेगावाट और पवन: 153 मेगावाट)

14.1.2.6. प्रमुख पुरस्कार और मान्यताएँ:

- फोर्ब्स 2000 सूची 2023: फोर्ब्स ने ओएनजीसी को भारत में 5वां स्थान दिया है और यह बिक्री, लाभ, परिसंपत्ति और बाजार मूल्य के आधार पर वैश्विक 2000 सूची में दुनिया भर में 226वां स्थान पर है।

- फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची 2023 में ओएनजीसी को वैश्विक स्तर पर 158वां और भारत में चौथा स्थान मिला है।

- एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स टॉप 250 ग्लोबल एनर्जी कंपनी रैंकिंग 2022 में ओएनजीसी को 14वां स्थान मिला।

- भारत के माननीय उपराष्ट्रपति ने दिनांक 18 जनवरी 2024 को पर्यावरण उत्कृष्टता और संधारणीय विकास में सराहनीय उपलब्धियों के लिए ओएनजीसी को स्कॉप एमिनेंस अवार्ड्स 2019–20 प्रदान किए।

- ओएनजीसी को दिनांक 17 अक्टूबर 2023 को इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स (आईओडी) द्वारा कॉर्पोरेट गवर्नेंस के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया।

- ओएनजीसी ने ऊर्जा क्षेत्र में अपने नेतृत्व को स्वीकार करते हुए उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू और गवर्नमेंट समिट 2023 में सर्वश्रेष्ठ महारत्न पुरस्कार और क्रूड ऑयल (केंद्रीय पीएसयू) पुरस्कार जीता।

- ओएनजीसी को दिनांक 13 जनवरी 2024 को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा पीएसयू श्रेणी में वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए प्रतिष्ठित 'वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता हेतु पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है।

- दिनांक 16 फरवरी 2023 को, ओएनजीसी को राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान के लिए गवर्नेंस नाउ 9वें पीएसयू पुरस्कार से सम्मानित किया गया और कॉर्पोरेट संचार टीम को अपने उत्कृष्ट संचार आउटरीच के लिए पुरस्कार मिला।
- दिनांक 25 मार्च 2023 को, ओएनजीसी को सीएनबीसी, नेटवर्क 18 समूह द्वारा जैव विविधता संरक्षण के लिए ग्रीन रिबन चैंपियंस पुरस्कार मिला, जो इसके प्रचालन क्षेत्रों के आसपास जैव विविधता की रक्षा में सराहनीय और निरंतर प्रयासों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को मान्यता देता है।
- ओएनजीसी को वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान शासन संरचना में स्थापित जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया की प्रभावशीलता को मान्यता देने के लिए दिनांक 03 अप्रैल 2023 को ग्रो केयर इंडिया द्वारा जोखिम प्रबंधन श्रेणी में स्वर्ण पुरस्कार मिला।
- दिनांक 6–7 मई 2023 के दौरान नई दिल्ली में अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय एडीआर शिखर सम्मेलन में एशिया पैसिफिक सेंटर फॉर आर्बिट्रेशन एंड कॉन्सिलिएशन (एपीसीएएम) द्वारा एडीआर में अपने योगदान के लिए ओएनजीसी को 'अग्रणी वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) यूजर 2023' होने के लिए सम्मानित किया गया।
- ओएनजीसी के निदेशक (वित्त) सुश्री पोमिला जसपाल को दिनांक 12 सितंबर 2023 को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और वित्त में ओएनजीसी के शानदार निष्पादन के सम्मान में दलाल स्ट्रीट इन्वेस्टमेंट जर्नल द्वारा "सर्वश्रेष्ठ महिला सीएफओ 2023 (लार्ज कैप)" के रूप में सम्मानित किया गया।
- ओएनजीसी को दिनांक 17 नवंबर 2023 को एमएच परिसंपत्ति के क्लस्टर–7 और 8 क्षेत्र में इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोडक्शन इंजीनियरिंग एंड ओशन टेक्नोलॉजी (आईपीईओटी) द्वारा किए गए अध्ययन के आधार पर असाधारण 'ऑफशोर इनिशिएटिव ऑफ द ईयर–इंडिया' के लिए प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय एशियाई तेल और गैस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- ड्रिलिंग प्रौद्योगिकी संस्थान (आईडीटी) को 24 नवंबर, 2023 को 23वें वार्षिक ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार 2023 में दो श्रेणियों अर्थात नवोन्मेष प्रौद्योगिकी अपनाने और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों में वार्षिक ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया।



14.1.2.7. इंस्टीट्यूट ऑफ ड्रिलिंग टेक्नोलॉजी (आईडीटी) ने दिनांक 30 जनवरी 2024 को रीसाइकलिंग और अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र में आईडीटी के उत्कृष्ट योगदान के लिए टीम ऑफ द ईयर श्रेणी में प्रतिष्ठित "बिजनेस वर्ल्ड रीसाइकलिंग फॉर ग्रीनर टुमॉरो अवार्ड्स 2024" जीता है।

वित्तीय निष्पादन (ओएनजीसी)

₹/करोड़ में

	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
कुल आय	1,09,655	96,214	68,141	1,10,345	1,55,517	1,38,402
निवल लाभ / हानि	26,765	13,464	11,246	40,306	40,097*	40,526
योजना परिव्यय–वास्तविक	29,450	29,538	26,859	27,741	30,208	37,494
योजना लक्ष्य	32,077	32,921	32,502	29,800	29,950	30,125

14.1.3. गेल (इंडिया) लिमिटेड



गेल (इंडिया) लिमिटेड को अगस्त, 1984 में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएंडएनजी) के अंतर्गत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) के रूप में निगमित किया गया था, जिसका मिशन "राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लाभ के लिए प्राकृतिक गैस और उसके अंशों के प्रभावी और आर्थिक उपयोग को गति देना और अनुकूलित करना" था।

गेल 1997 में नवरत्न बन गया और अब यह तेरह महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में से एक है, जो किसी भी पीएसयू को दिया जाने वाला सर्वोच्च दर्जा है। गेल के व्यवसायों में प्राकृतिक गैस का संचरण और विपणन शामिल है और गेल एलपीजी के संचरण, पेट्रोकेमिकल्स और लिक्विड हाइड्रोकार्बन के निर्माण में भी शामिल है। गेल ने अस्सी के दशक के अंत में गैस ट्रांसमिशन कंपनी के रूप में शुरुआत की और यह लगभग 16,240 किलोमीटर की प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों का बड़ा नेटवर्क स्थापित करके स्वाभाविक रूप से विकसित हुआ है; लगभग 2040 किलोमीटर की दो एलपीजी पाइपलाइन प्रणाली; एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रोकार्बन के उत्पादन के लिए पांच गैस प्रसंस्करण संयंत्र जिनकी संयुक्त उत्पादन क्षमता लगभग 1.4 एमएमटीपीए है और 810 केटीपीए पॉलिमर की क्षमता वाला गैस आधारित एकीकृत पेट्रोकेमिकल संयंत्र है। गेल दो अन्य पेट्रोकेमिकल परियोजनाओं का सह–प्रवर्तक है, जिसमें असम में 280 केटीपीए ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड (बीसीपीएल) कॉम्प्लेक्स और गुजरात में 1.4 एमएमटीपीए ओएनजीसी पेट्रो–एडिशंस लिमिटेड (ओपीएएल) परियोजना शामिल है। पेट्रोनेट एलएनजी (गेल का संयुक्त उद्यम) नगर गैस और कोच्चि में दो एलएनजी रीगैसिफिकेशन टर्मिनल प्रचालित करता है।

गेल कोंकण एलएनजी लिमिटेड का भी प्रवर्तक है जो 5 एमएमटीपीए की डिजाइन क्षमता सहित दाभोल में एलएनजी रीगैसिफिकेशन टर्मिनल प्रचालित करता है। इसके अतिरिक्त गेल के पास 2,200 एमटीपीडी अमोनिया और 3,850 एमटीपीडी यूरिया के उत्पादन के लिए एनएफएल, ईआईएल और एफसीआईएल के साथ मिलकर रामागुंडम फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) में 14.72% इक्विटी हिस्सेदारी है। गेल संयुक्त उद्यम अर्थात कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के साथ गठित तालचेर फर्टिलाइजर लिमिटेड (टीएफएल), राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) जिनमें से प्रत्येक की 31.65% इक्विटी हिस्सेदारी है और फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एफसीआई) की 4.45% इक्विटी है, के माध्यम से कोयला गैसीकरण आधारित उर्वरक संयंत्र की स्थापना की प्रक्रिया में भी कार्य कर रही है। गेल ने ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी में 26% हिस्सेदारी और मेसर्स मित्सुई ओएसके लाइन्स जापान की मेसर्स एलएनजी जैपोनिका शिपिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड में 26% इक्विटी हिस्सेदारी भी हासिल कर ली है। इसके अतिरिक्त, गेल ने कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के माध्यम से 1.25 एमएमटीपीए निवल टेरेफ्थेलिक एसिड (पीटीए) की जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (जेबीएफपीएल) का अधिग्रहण किया है। जेबीएफपीएल का पुनः नामाकरण गेल मैंगलोर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (जीएमपीएल) के रूप में हुआ है और यह अब गेल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन गई है।

गेल, भारत में नगरी गैस वितरण व्यापार में अग्रणी है। 12वें सीजीडी बोली दौर के पूरा होने के बाद भारत भर में 72 भौगोलिक क्षेत्रों में इसकी पहुंच है। गेल के पास अपने सीजीडी व्यवसाय के लिए भारत में 8 संयुक्त उद्यम और तीन सहायक कंपनियां हैं। इसके अतिरिक्त, गेल की रूस, अमेरिका, सिंगापुर, म्यांमार, चीन और मिस्र में विदेशी पहुंच है। इसने सिंगापुर, यांगून, ह्यूस्टन और मॉस्को (भारत ऊर्जा कार्यालय) में कार्यालय खोले हैं। इसकी अमेरिका में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक (जीजीयूआई) है। जीजीयूआई ने सहायक कंपनी गेल ग्लोबल (यूएसए) एलएनजी एलएलसी (जीजीयूएलएल) बनाई है, जिसने कोव प्वाइंट एलएनजी द्रवीकरण परियोजना में 2.3 एमएमटीपीए क्षमता बुक की है। गेल के पास एलएनजी में व्यापार करने और विदेशी निवेश करने के लिए एक और पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी गेल ग्लोबल (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड है। गेल का कुल एलएनजी सोर्सिंग पोर्टफोलियो लगभग 15.5 एमएमपीटीए है।

गेल की 13 अन्वेषण एवं उत्पादन (ईएंडपी) ब्लॉकों में भागीदारी है, जिनमें से 10 ब्लॉक भारत में, 2 म्यांमार में और ईगल फोर्ड बेसिन, टेक्सास, यूएसए में 1 शेल गैस संयुक्त उद्यम है। इसके अतिरिक्त, गेल की साउथ ईस्ट एशिया गैस पाइपलाइन कंपनी (एसईएजीपी) में 4.17% इक्विटी भागीदारी है, जो म्यांमार से चीन तक गैस पहुंचा रही है। गेल ने मिस्र और चीन में डाउनस्ट्रीम व्यवसाय में तीन कंपनियों में निवेश किया है।

गेल के पास ~134.72 मेगावाट का नवीकरणीय पोर्टफोलियो है, जिसमें लगभग ~118 मेगावाट पवन और लगभग ~16.72 मेगावाट सौर ऊर्जा शामिल है। इसके अतिरिक्त, गेल जैविक अपशिष्ट से संपीड़ित जैव गैस (सीबीजी) के उत्पादन और विपणन में विभिन्न व्यावसायिक संभावनाओं का खोज कर रहा है। नए व्यावसायिक संभावनाओं के लिए एथेनॉल, हाइड्रोजन, कोयला गैसीकरण, लघु पैमाने की एलएनजी इकाई आदि सहित उभरते क्षेत्रों की भी खोज की जा रही है। गेल ने वर्ष 2040 तक कार्यक्षेत्र 1 और कार्यक्षेत्र 2 उत्सर्जन में 100% कमी और कार्यक्षेत्र 3 उत्सर्जन में 35% की कमी के लिए जीएचजी उत्सर्जन के लिए अपना निवल शून्य कार्यनीति लक्ष्य विकसित किया है। गेल रांची में सीबीजी संयंत्र स्थापित कर रहा है जो विजयपुर इकाई में इलेक्ट्रोलाइजर संयंत्र है और जिसकी क्षमता 10 मेगावाट है और जो प्रतिदिन 4.3 टन/1.4 किलो टन प्रति वर्ष ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन करेगा और जो विजयपुर में लघु पैमाने की एलएनजी इकाई है।

दिनांक 31 दिसंबर, 2023 तक की स्थिति के अनुसार गेल की कार्यबल की संख्या लगभग ~5,038 थी।

14.1.3.1 वास्तविक और वित्तीय निष्पादन: –

भौतिक

मापदंड	इकाई	वर्ष 2022–23 में निष्पादन	वर्ष 2023–24 में निष्पादन
गैस परिवहन	एमएमएससीएमडी	107	120
गैस विपणन	एमएमएससीएमडी	95	98
तरल हाइड्रोकार्बन उत्पादन	टीएमटी	933	995
पेट्रोरसायन उत्पाद	टीएमटी	442	777
एलपीजी परिवहन टीएमटी		4335	4396

वित्तीय

₹ करोड़ में

विवरण	वर्ष 2022–23 में निष्पादन	वर्ष 2023–24 में निष्पादन
प्रचालन से राजस्व	1,44,302	1,30,638
सकल मार्जन (ईबीडीआईटीए)	9,384	15,563
कर से पहले लाभ	6,584	11,555
कर पश्चात लाभ	5,302	8,836

14.1.3.2. गेल द्वारा कार्यान्वित की जा रही प्रमुख परियोजनाएँ/पाइपलाइनें:

क. जगदीशपुर हल्दिया और बोकारो–धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल)

पूर्वी भारत में किफायती मूल्य पर स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण ऊर्जा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गेल जगदीशपुर–हल्दिया और बोकारो–धामरा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) परियोजना (2,563 किमी) का क्रियान्वयन कर रहा है, जिसे पूर्वी भारत की प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा के नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, पाइपलाइन को बरौनी से गुवाहाटी (सिलीगुड़ी और बोंगाईगांव के माध्यम से) (726 किमी) तक भी विस्तारित किया जा रहा है, जो जेएचबीडीपीएल का अभिन्न अंग है, ताकि उत्तर पूर्व क्षेत्र (एनईआर) को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ा जा सके। जेएचबीडीपीएल की कुल एकीकृत लंबाई 3,289 किमी है। बीजीपीएल सहित संपूर्ण जेएचबीडीपीएल का निर्माण ₹ 17,405 करोड़ के निवेश से किया जा रहा है। यह उत्तर प्रदेश (335 किमी), बिहार (719 किमी), झारखंड (500 किमी), पश्चिम बंगाल (696 किमी), ओडिशा (785 किमी) और असम (254 किमी) से होकर गुजरेगा। जेएचबीडीपीएल ने एचयूआरएल गोरखपुर, एचयूआरएल सिंदरी, एचयूआरएल बरौनी के उर्वरक संयंत्रों को पुनर्जीवित किया है और दुर्गापुर में मेसर्स मैटिक्स फर्टिलाइजर्स की मांगों को भी पूरा कर रहा है। इसके अतिरिक्त, यह नेटवर्क पाइपलाइन के रास्ते भारत के पूर्वी हिस्से में घरेलू और औद्योगिक ग्राहकों के लिए स्वच्छ ईंधन की आपूर्ति को सक्षम बनाएगा।

दुर्गापुर हल्दिया पाइपलाइन (~294 किमी) को छोड़कर एकीकृत जगदीशपुर-हल्दिया और बोकारो-धामरा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) के सभी खंड (2,986 किमी) शुरू हो चुके हैं।

जेएचबीडीपीएल द्वारा प्राप्त की गई प्रमुख उपलब्धियां:

- फूलपुर से वाराणसी (110 किमी) की शुरूआत की गई। **दिनांक 14.07.2018 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया।**
- दिनांक 31.03.2019 को वाराणसी से डोभी और पटना से बरौनी (474 किमी) की शुरूआत की गई।
- दिनांक 30.06.2019 को गोरखपुर से कनेक्टिविटी (166 किमी) की शुरूआत की गई।
- डोभी से दुर्गापुर (350 किमी) जिसमें मैटिक्स फर्टिलाइजर तक कनेक्टिविटी भी शामिल है। **माननीय भारत के प्रधान मंत्री द्वारा दिनांक 07.02.21 को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्र को समर्पित।**
- दिनांक 02.06.2021 को स्पर लाइन से एचयूआरएल सिंदरी (9.2 किमी) तक की शुरूआत।
- बोकारो अंगुल मेनलाइन (533 किमी) **दिनांक 12.07.2022 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित।**
- दिनांक 12.09.2022 को जमशेदपुर स्पर लाइन का 123.2 किमी और सीजीएस रांची स्परलाइन का 4.6 किमी हिस्सा शुरू किया गया।
- धर्मा–अंगुल मेनलाइन (206 किमी) **दिनांक 16.02.2023 को शुरू किया गया।**
- धामरा–अंगुल खंड की कटक–भुवनेश्वर स्परलाइन को दिनांक 31.03.2023 को शुरू किया गया।
- बरौनी–गुवाहाटी पाइपलाइन का बिहार खंड (282 किमी) दिनांक 31.03.2023 को शुरू किया गया।
- पारादीप स्परलाइन (~86 किमी): **दिनांक 30.06.2023 को शुरू किया गया।**
- बरौनी–गुवाहाटी पाइपलाइन (717 किमी) का **उद्घाटन माननीय प्रधान मंत्री द्वारा दिनांक 09.03.2024 को किया गया।**

ख. मुंबई नागपुर झारसुगुडा पाइपलाइन (एमएनजेपीएल)

मुंबई–नागपुर–झारसुगुडा पाइपलाइन 1,755 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन है जो मुंबई से शुरू होकर झारसुगुड़ा में समाप्त होगी। साथ ही, इसकी स्परलाइन नागपुर (महाराष्ट्र) से जबलपुर (मध्य प्रदेश) तक विस्तारित होगी। यह राष्ट्रीय गैस ग्रिड (एनजीजी) का भी हिस्सा है और महाराष्ट्र के 25 जिलों (12 जिले), मध्य प्रदेश (3 जिले), छत्तीसगढ़ (19 जिले) और ओडिशा (1 जिला) से होकर गुजरेगी। यह ठाणे (महाराष्ट्र) से शुरू होगा और झारसुगुड़ा (ओडिशा) में जेएचबीडीपीएल से जुड़ेगा।

यह पाइपलाइन स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी और सीजीडी उद्योगों और एंकर लोड ग्राहकों की मांग को पूरा करेगी। घरेलू गैस की उपलब्धता भविष्य में पाइपलाइन के मार्ग में विद्युत, उर्वरक और अन्य उद्योगों जैसे प्रमुख उद्योगों के विकास में मदद कर सकती है। पीएनजीआरबी ने 33 जिलों (महाराष्ट्र 21, मध्य प्रदेश: 15, छत्तीसगढ़, 17) को शामिल करते हुए लगभग 17 जीए को अधिकृत किया है, जहां निकट भविष्य में नगर गैस वितरण नेटवर्क विकसित किया जाएगा।

पाइपलाइन कई औद्योगिक क्षेत्रों से गुजर रही है जैसे महाराष्ट्र में म्हसकल, औरंगाबाद, वर्धा, अमरावती, जलगांव, नागपुर, गोंदिया; मध्य प्रदेश में जबलपुर और छिंदवाड़ा; छत्तीसगढ़ में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़; ओडिशा में झारसुगुड़ा।

मुंबई–नागपुर और नागपुर–जबलपुर खंड के निर्माण कार्य जोरों पर है और नागपुर–जबलपुर खंड में आरओयू अधिग्रहण का काम चल रहा है। मार्च 2024 तक 1,174 किलोमीटर लोअरिंग संबंधी कार्य पूरी कर ली गई है।

ग. श्रीकाकुलम अंगुल पाइपलाइन (एसएपीएल):

ओडिशा और आंध्र प्रदेश में स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण ऊर्जा की आपूर्ति के उद्देश्य से, इस पाइपलाइन का राष्ट्रीय गैस ग्रिड के अंश के रूप में कार्यनीतिक महत्व है और यह अंगुल में गेल की जगदीशपुर हल्दिया बोकारो धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) नेटवर्क और श्रीकाकुलम में आंध्र प्रदेश गैस वितरण निगम (एपीजीडीसी) कोंकाकोनाडा श्रीकाकुलम पाइपलाइन से जुड़ेगी। यह पाइपलाइन नगर गैस, एन्नोर, धामरा, गंगावरम (ए.पी.), गोपालपुरा एफएसआरयू आदि जैसे मौजूदा/भविष्य में एलएनजी टर्मिनलों से गैस के कुल खरीद के लिए महत्वपूर्ण अवसंरचना के रूप में कार्य करेगी।

श्रीकाकुलम अंगुल पाइपलाइन की कुल लंबाई 744 किमी (ओडिशा में 619 किमी और आंध्र प्रदेश में 125 किमी) है, जिसकी क्षमता 6.65 एमएमएससीएमडी है और यह ओडिशा के अंगुल, ढेंकनाल, कटक, खोरधा, नयागढ़, गजपति, गंजम, रायगढ़, कोरापुट और कालाहांडी जिलों और आंध्र प्रदेश के

श्रीकाकुलम और विजयनगरम जिलों से होकर गुजरती है।

निर्माण कार्य जोरों पर है और मार्च 2024 तक 613 किमी लोअरिंग संबंधी कार्य पूरी कर ली गई है।

घ. कोच्चि–कूट्टनद–बैंगलोर–मैंगलोर पाइपलाइन (केकेबीएमपीएल) परियोजना चरण–II (891 किमी):

कोच्चि–कूट्टनद–बैंगलोर–मैंगलोर पाइपलाइन (केकेबीएमपीएल) परियोजना की अवधारणा वर्ष 2007 में सरकार द्वारा की गई थी। भारत की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय गैस ग्रिड (एनजीजी) के अंश के रूप में और गेल को एमओपीएंडएनजी द्वारा केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु राज्यों में इस गैस पाइपलाइन परियोजना को बिछाने के लिए अधिकृत किया गया था। 16 एमएमएससीएमडी की कुल क्षमता वाली इस 30"/24" पाइपलाइन की योजना कोच्चि एलएनजी टर्मिनल से पुनः गैसीफाइड एलएनजी (आरएलएनजी) को निकालने के लिए केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक राज्य के विभिन्न उपभोक्ताओं तक परिवहन करने की योजना बनाई गई थी, जिससे इन तीन दक्षिणी राज्यों को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ा जा सके। यह पाइपलाइन घरेलू जरूरतों को पूरा करेगी अर्थात खाना पकाने के उद्देश्य के लिए पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस), होटल उद्योग, परिवहन क्षेत्र में वाहनों के लिए सीएनजी (सपीड़ित प्राकृतिक गैस), विद्युत संयंत्र, उर्वरक संयंत्र और कई अन्य उद्योग।

परियोजना को प्रगतिशील तरीके से कार्यान्वित और शुरू किया जा रहा है। इस परियोजना का कार्य नवंबर, 2024 तक समाप्त होने की संभावना है।

ङ. धामरा हल्दिया पाइपलाइन परियोजना :–

धामरा हल्दिया पाइपलाइन परियोजना को प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा (पीएमयूजी) पाइपलाइन परियोजना के विस्तार के रूप में क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसका नाम जगदीशपुर–हल्दिया और बोकारो धामरा पाइपलाइन परियोजना (जेएचबीडीपीएल) है, जिसका उद्देश्य आईओसीएल हल्दिया की अतिरिक्त गैस मांग और ओडिशा और पश्चिम बंगाल में सीजीडी जीए की मांग को पूरा करना है। यह पाइपलाइन ओडिशा (154 किमी) के 03 जिलों और पश्चिम बंगाल (99 किमी) के 02 जिलों से होकर गुजर रही है। धामरा–हल्दिया पाइपलाइन का निर्माण ₹ 1,030 करोड के निवेश से किया जा रहा है और इसके जून 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। ओडिशा में इस पाइपलाइन का 154 किलोमीटर भाग पूरा हो चुका है। पश्चिम बंगाल में शेष 99 किलोमीटर का काम जारी है।

च. उत्तर–पूर्व प्राकृतिक गैस ग्रिड (इंद्रधनुष) गैसग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएल)

इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएलआई) आईओसीएल (20% ओएनजीसी (20%), गेल (20%), ओआईएल (20%), और एनआरएल (20%) की संयुक्त उद्यम कंपनी है, जिसे भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित उत्तर पूर्व गैस ग्रिड (एनईजीजी) परियोजना के कार्यान्वयन के लिए सौंपा गया है, जिसकी परिकल्पना उत्तर पूर्व भारत के लिए हाइड्रोकार्बन विजन 2030 के अनुरूप की गई है। एनईजीजी को सभी आठ उत्तर पूर्वी राज्यों अर्थात असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम, नागालैंड, मणिपुर और सिक्किम को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करने के लिए कार्यान्वित किया जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत ₹ 9,265 करोड है। 4.75 एमएमएससीएमडी की क्षमता वाली 1,656 किलोमीटर लंबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन ग्रिड उत्तर पूर्व भारत के चुनौतीपूर्ण इलाकों से होकर गुजरेगी और गुवाहाटी को राजधानी/क्षेत्र के प्रमुख नगरों अर्थात ईटानगर, दीमापुर, कोहिमा इम्फाल, आइजोल, अगरतला, शिलांग, सिलचर, गंगटोक और नुमालीगढ़ से जुड़ेगा। चरणबद्ध तरीके से विभिन्न कार्यकलाप प्रक्रियाधीन हैं और इस परियोजना का मार्च, 2025 तक शुरू होने की संभावना है।

छ. कोयला गैसीकरण

गेल, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) के साथ गठित संयुक्त उद्यम–तालचेर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के माध्यम से कोयला गैसीकरण आधारित यूरिया परियोजना स्थापित करने जा रही है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) दोनों की हिस्सेदारी 31.85% है और फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एफसीआईएल) का 4.45% इक्विटी है। लगभग ₹ 17,080 करोड की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना से 2,200 एमटीपीडी अमोनिया और 3,850 एमटीपीडी यूरिया का उत्पादन करने की परिकल्पना की गई है।

ज. पेट्रोरसायन

गेल 500 केटीए पीडीएच–पीपी इकाई स्थापित कर रहा है जो महाराष्ट्र के ऊसर में पॉलीप्रोपाइलीन इकाई और ऑफसाइट इकाई

सहित एकीकृत भारत की पहली प्रोपेन डिहाइड्रोजनेशन इकाई है, साथ ही ऊसर–उरण प्रोपेन पाइपलाइन (नई लिक्विड हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन) भी है। यह परियोजना महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में गेल–ऊसर के मौजूदा एलपीजी रिकवरी संयंत्र में स्थित है। प्रोपेन फीड मौजूदा बीपीसीएल उरण टर्मिनल से प्राप्त की जाएगी और इसे समर्पित लिक्विड प्रोपेन पाइपलाइन के माध्यम से गेल–ऊसर संयंत्र में पंप किया जाएगा। कुल परियोजना लागत ₹ 11,256 करोड़ है। सभी प्रमुख उपकरणों और अनुबंधों सहित, स्थल निर्माण कार्यकलाप पूरे जोरों पर प्रक्रियाधीन हैं और यह परियोजना अक्टूबर, 2025 तक पूरी हो जाएंगी।

गेल उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के पाटा पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में लगभग ₹ 1,299 करोड़ की लागत से 60 केटीपीए पॉलीप्रोपाइलीन इकाई स्थापित कर रहा है। प्रस्तावित सुविधा पाटा पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में मौजूदा सुविधाओं के अंदर स्थापित की जा रही है और मौजूदा पाटा पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में उत्पादित पॉलिमर ग्रेड प्रोपलीन का उपयोग नए पॉलीप्रोपाइलीन (पीपी) संयंत्र के लिए फीड–स्टॉक के रूप में किया जाएगा। सभी उपकरण और कार्य संविदा प्रदान किए जा चुके हैं। मार्च, 2025 तक परियोजना के लक्षित पूरा होने के लिए निर्माण कार्यकलाप पूरे जोरों पर प्रक्रियाधीन हैं।

वित्त वर्ष 2023–24 की उपलब्धियां :–

- डीपीई ने गेल को वित्त वर्ष 2022–23 के लिए उत्कृष्ट समझौता ज्ञापन रेटिंग प्रदान की है।
- गेल ने 120.46 एमएमएससीएमडी की अब तक की सबसे अधिक वार्षिक गैस ट्रांसमिशन मात्रा प्राप्त की है।
- 4.395 एमएमटीपीए की अब तक की सबसे अधिक कुल वार्षिक एलपीजी ट्रांसमिशन मात्रा प्राप्त की है।
- गेल ने लगातार तीसरी बार वित्त वर्ष 2023–24 में 1000 किमी से अधिक की पाइपलाइन लौअरिंग संबंधी कार्य पूरा किया है, ~1,171 किमी पूरी की है।
- भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने निम्नलिखित परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया:
  - जेएचबीडीपीएल का धामरा अंगुल पाइपलाइन खंड (412 किमी)
  - बरौनी गुवाहाटी पाइपलाइन (बीजीपीएल), जेएचबीडीपीएल का एक भाग (717 किमी)
  - विजयपुर–औरैया पाइपलाइन (352 किमी)
- भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने एमएनजेपीएल के नागपुर-झारसुगुड़ा खंड और केकेबीएमपीएल-II के कृष्णागिरि से कोयंबटूर खंड (294 किमी) की आधारशिला रखी।
- पीएनजीआरबी ने गेल को गुरदासपुर–जम्मू एनजीपीएल की 160 किमी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, संचालन और विस्तार करने के लिए प्राधिकरण प्रदान किया।
- माननीय केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवासन एवं नगरी कार्य मंत्री ने देश भर में गेल और गेल समूह के 201 सीएनजी स्टेशनों, विजयपुर में भारत की पहली लघु स्तरीय एलएनजी इकाई और रविदास घाट, वाराणसी में दुनिया के पहले फ्लोटिंग सीएनजी एमआरयू का उद्घाटन किया।
- गेल ने वर्ष 2026 से शुरू होने वाले लगभग 1.53 एमएमटीपीए की कुल मात्रा के लिए मेसर्स विटोल एशिया प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स एडीएनओसी एलएनजी के साथ दीर्घकालिक एलएनजी करार किए हैं।
- गेल ने महाराष्ट्र के उसर में आगामी पेट्रोकेमिकल संयंत्र के लिए प्रोपेन की 15 वर्ष की आपूर्ति के लिए बीपीसीएल के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं।
- कतर एनर्जी एलएनजी और पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ने फरवरी 2024 में 7.5 एमएमटीपीए के एलएनजी एसपीए पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें गेल वर्ष 2028 से 20 वर्ष की अवधि के लिए 60% मात्रा का अधिग्रहण करेगा।
- गेल की परिसंपत्ति और बाजार पूंजीकरण 1 ट्रिलियन के आंकड़े को पार कर गया।
- वित्त वर्ष 2022–23 (लगातार 14 साल) के लेखों के लिए सीएजी से "शून्य" टिप्पणियां प्राप्त हुई।
- गेल ने कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी रेजोल्यूशन प्रोसेस (सीआईआरपी) के जरिए जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (जेबीएफपीएल) का 100% अधिग्रहण कर लिया है और इसका नाम बदलकर गेल मैंगलोर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (जीएमपीएल) कर दिया है।
- गेल को फिच रेटिंग द्वारा "बीबीबी" और आउटलुक स्टेबल द्वारा बीएए3 स्टेबल की पुष्टि की गई है, दोनों को सॉवरेन रेटिंग दिया गया है। केयर द्वारा गेल की मूल्य निर्धारण को "एएए" के रूप में फिर से पुष्टि की गई है।

वर्ष के दौरान प्राप्त प्रमुख सम्मान/पुरस्कार :–

- गेल को एफआईपीआई द्वारा प्रतिष्ठित पुरस्कार "वर्ष की सर्वश्रेष्ठ प्राकृतिक गैस परिवहन कंपनी" से सम्मानित किया गया
- गेल को एफआईपीआई से विजयपुर–औरई पाइपलाइन परियोजना (36352 किमी) के लिए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ प्रबंधित परियोजना का पुरस्कार मिला
- गेल (इंडिया) लिमिटेड को वाराणसी में दुनिया का सबसे पहला फ्लोटिंग कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) स्टेशन की स्थापना के लिए "वर्ष की मिडस्ट्रीम परियोजना" श्रेणियों के अंतर्गत प्रतिष्ठित "इंटरनेशनल एशियन आयल एंड गैस पुरस्कार 2023" से सम्मानित किया गया और मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित कार्यक्रम में एलएनजी के शिप–टू–शिप (एसटीएस) हस्तांतरण के माध्यम से एलएनजी शिपिंग लागत और उत्सर्जन में कमी के लिए "इनोवेशन अवार्ड" दिया गया।
- गेल को विक्रेता चालान प्रबंधन [वीआईएम] प्रणाली के लिए गेल में वित्त परिवर्तन के लिए प्रौद्योगिकी के लाभ उठाने को मान्यता देने के लिए "द डिसरप्टर–बेस्ट फाइनेंस ट्रांसफॉर्मेशन" श्रेणी के तहत प्रतिष्ठित एसएपी एसीई पुरस्कार–2023 से सम्मानित किया गया।
- गेल को सीआईडीसी से "नई दिल्ली में बरौनी–गुवाहाटी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्माण परियोजनाओं के लिए उपलब्धि पुरस्कार" श्रेणी में "15वां विश्वकर्मा पुरस्कार" 2023 प्राप्त हुआ।
- गेल ने "राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार योजना" के तहत "प्रथम पुरस्कार" जीता।
- गेल ने पर्यावरण जागरूकता पर ब्रांडेड सामग्री के लिए "गोवाफेस्ट एबी वन शो साउथ एशिया अवार्ड 2023" में स्वर्ण पदक जीता
- गेल को एमएसएमई मंत्रालय द्वारा वित्त वर्ष 2022–23 के लिए ₹ 1,000 करोड़ से अधिक की कुल खरीद की उच्चतम श्रेणी में एससी/एसटी स्वामित्व वाले एमएसई से दूसरे उच्चतम प्रतिशत खरीद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- गेल, विजयपुर को विज्ञान भवन में आयोजित पुरस्कार समारोह में भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएमएआई) द्वारा लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए 18वें राष्ट्रीय पुरस्कारों में विनिर्माण–सार्वजनिक क्षेत्र–मध्यम श्रेणी के तहत प्रथम स्थान प्रदान किया गया है।

14.1.4. भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल)



बीपीसीएल जो एक फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी है, भारत की दूसरी सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी और एकीकृत ऊर्जा कंपनियों में से एक है। यह कंपनी कच्चे तेल के शोधन और पेट्रोलियम उत्पादों के विपणन में कार्य कर रही है, जिसकी उपस्थिति तेल और गैस उद्योग के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में है। इसने प्रतिष्ठित महारत्न का दर्जा प्राप्त किया और अधिक प्रचालन और वित्तीय स्वायत्तता वाली कंपनियों के क्लब में शामिल हो गई है।

मुंबई, कोच्चि और बीना में भारत पेट्रोलियम की रिफाइनरियों की संयुक्त शोधन क्षमता लगभग 35.3 एमएमटीपीए है। इसके विपणन अवसंरचना में प्रतिष्ठानों, डिपो, ऊर्जा स्टेशनों, विमानन सेवा स्टेशनों, एलपीजी और ल्यूब वितरकों का नेटवर्क शामिल है।

भारत पेट्रोलियम संधारणीय मंच की ओर बढ़ने के लिए अपनी कार्यनीति, निवेश, पर्यावरण और सामाजिक महत्वाकांक्षाओं को एकीकृत कर रहा है। कंपनी ने लगभग 7000 ऊर्जा स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन पेश करने की योजना बनाई है।

संधारणीय समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कंपनी कार्यक्षेत्र 1 और कार्यक्षेत्र 2 उत्सर्जन में 2040 तक निवल शून्य ऊर्जा कंपनी बनने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र और दिशा–निर्देश विकसित कर रही है। भारत पेट्रोलियम मुख्य रूप से शिक्षा, जल संरक्षण, कौशल विकास, स्वास्थ्य, सामुदायिक विकास, क्षमता निर्माण और कर्मचारी स्वयंसेवा के क्षेत्रों से जुड़ी कई पहलों का समर्थन करके समुदायों के साथ भागीदारी कर रहा है। अपने मुख्य उद्देश्य "एनरजाइजिंग लाइव्ज" सहित, भारत पेट्रोलियम

का विजन प्रतिभा, नवाचार और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हुए प्रशंसित वैश्विक ऊर्जा कंपनी बनना है।

14.1.4.1. वित्तीय निष्पादन

वर्ष 2023–24 के दौरान बीपीसीएल का प्रचालन से राजस्व ₹ 5,06,911 करोड़ रहा। अनुकूल बाजार स्थितियों के साथ समर्थित सुदृढ़ प्रचालन दक्षताओं का निष्पादन करते हुए, बीपीसीएल ने वित्त वर्ष 2023–24 में ₹ 26,673.50 करोड़ का अपना अब तक का सबसे अधिक स्टैंडअलोन निवल लाभ प्राप्त किया, जो पिछले वर्ष के ₹ 1,870.10 करोड़ के निवल लाभ से उल्लेखनीय वृद्धि है। इस शानदार निष्पादन के मद्देनजर, बोर्ड ने 21 प्रति शेयर (प्री–बोनस) का अंतिम लाभांश दिया, जिससे अंतरिम भुगतान सहित वर्ष के लिए कुल लाभांश 42 प्रति शेयर हो गया और यही वित्त वर्ष 2022–23 की तुलना में 950% की भारी वृद्धि को दर्शाता है। अपनी कामयाबी को आगे साझा करते हुए, बीपीसीएल ने अपने शेयरधारकों के निरंतर समर्थन को स्वीकार करते हुए 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी किए।

14.1.4.2. राजकोष में योगदान

पिछले कुछ वर्षों में, बीपीसीएल ने शुल्क, कर और लाभांश के रूप में सरकारी खजाने में योगदान दिया है। अप्रैल–मार्च 2024 की अवधि के दौरान, राजकोष को ₹ 1,48,566 करोड़ का भुगतान किया गया। अप्रैल–मार्च 2024 के दौरान केंद्रीय राजकोष को ₹ 77,907 करोड़ और राज्यिक राजकोष को ₹ 70,659 करोड़ का भुगतान किया गया।

14.1.4.3. रिफ़ाइनरी संबंधी निष्पादन

मुंबई रिफ़ाइनरी

मुंबई रिफ़ाइनरी की वर्तमान स्थापित क्षमता 12.00 एमएमटीपीए है। मुंबई रिफ़ाइनरी ने वित्त वर्ष 2023–24 (अप्रैल 2023–मार्च 2024) के दौरान 125.43% की क्षमता उपयोग सहित 15.05 एमएमटी का क्रूड थ्रुपुट प्राप्त किया। वित्त वर्ष 2022–23 के लिए, 121.25% की क्षमता उपयोग सहित 14.55 एमएमटी का क्रूड थ्रुपुट प्राप्त किया गया।

कोच्चि रिफ़ाइनरी

कोच्चि रिफ़ाइनरी की वर्तमान स्थापित क्रूड प्रसंस्करण क्षमता 15.5 एमएमटीपीए है।

कोच्चि रिफ़ाइनरी ने वित्त वर्ष 2023–24 में 17.31 एमएमटी क्रूड प्रसंस्करण किया, जिसकी क्षमता का उपयोग 112% रहा, जबकि वित्त वर्ष 2022–23 में 16.02 एमएमटी की क्षमता का उपयोग 103% रहा।

बीना रिफ़ाइनरी

बीना रिफ़ाइनरी की वर्तमान स्थापित क्षमता 7.8 एमएमटीपीए है। बीना रिफ़ाइनरी ने वर्ष 2023–24 के दौरान 7.13 एमएमटी क्रूड थ्रुपुट प्राप्त किया। अनुरक्षण और निरीक्षण (एमबी) के लिए रिफ़ाइनरी का कारोबार वर्ष 2023 के मद्देनजर वर्ष के दौरान क्षमता उपयोग 91.4% रहा। वित्त वर्ष 2022–23 के लिए, 7.84 एमएमटी का क्रूड थ्रुपुट प्राप्त किया गया, जिसमें क्रूड रिफ़ाइनिंग क्षमता का 100.5% उपयोग किया गया।

14.1.4.4. पाइपलाइन निष्पादन

बीपीसीएल में 3,537 किमी का मल्टीप्रोडक्ट और क्रूड पाइपलाइन का नेटवर्क है, जिसकी डिज़ाइन क्षमता 29 एमएमटीपीए है।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, पाइपलाइन थ्रुपुट 25.72 एमएमटी था। भारत पेट्रोलियम ने पाइपलाइनों को कुशल और सुरक्षित तरीके से प्रवालित करना जारी रखा और उनके पाइपलाइन नेटवर्क में कोई चोरी की घटना नहीं घटी, बीपीसीएल ने अपनी सभी प्रमुख उत्पाद पाइपलाइनों को पाइपलाइन घुसपैठ पहचान प्रणाली (पीआईडीएस) के साथ शामिल किया है जो पाइपलाइन नेटवर्क पर तीसरे पक्ष की कार्यप्रणाली की वास्तविक समय की निगरानी में मदद करेगा।

14.1.4.5. विपणन अवसंरचना और निष्पादन

बीपीसीएल के पास सुदृढ़ वितरण नेटवर्क है जिसमें 21,800 से अधिक ऊर्जा केन्द्र, 6,200 से अधिक एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप, 525 ल्यूब डिस्ट्रीब्यूटरशिप, 121 पीओएल भंडारण केन्द्र, 53 एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र, 63 विमानन सेवा केन्द्र, 4 ल्यूब ब्लेंडिंग संयंत्र और 4 क्रॉस–कंट्री पाइपलाइन शामिल हैं, जिसमें 3,537 किमी मल्टीप्रोडक्ट और क्रूड पाइपलाइन का नेटवर्क है, जिसकी डिज़ाइन क्षमता 29 एमएमटीपीए है।

वित्त वर्ष 2023–24 में बीपीसीएल की बाजार बिक्री 51.04 एमएमटी थी जबकि वित्त वर्ष 2022–23 में यह 48.92 एमएमटी थी। पीएसयू तेल कंपनियों के बीच 27.57% की बाजार हिस्सेदारी सहित बिक्री में 4.33% की वृद्धि हुई है।

बीपीसीएल के खुदरा व्यापार खंड ने 1.1% की वृद्धि प्राप्त की, जो 32.69 एमएमटी की मात्रा और पिछले 10 वर्षों में पीएसयू के बीच उच्चतम पूर्ण बाजार हिस्सेदारी है (वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान: एमएस में 29.68% और एचएसडी में 29.83%)।

बीपीसीएल ने देश भर में 25 से अधिक शहरों में 120 से अधिक खुदरा दुकानों पर बाक और श्रवण

(एसएचआई) दिव्यांगजनों को रोजगार प्रदान करने के लिए रुसाइलेंटवॉयस शुरू किया।

बीपीसीएल 6,252 वितरकों के सुदृढ़ नेटवर्क सहित 9.35 करोड़ से अधिक एलपीजी ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रहा है। वर्ष के दौरान उज्ज्वला 2.0 के तहत 18.54 लाख नए ग्राहकों को नामांकित किया गया और 9.26 लाख ग्राहकों को डबल बॉटलिंग कनेक्शन में अपग्रेड किया गया। एलपीजी सिलेंडरों से संबंधित चोरी और अन्य मुद्दों का समाधान करने के लिए छेड़छाड़ रहित सील और क्यूआर कोड सहित "प्योर फॉर श्योर" पहल संबंधी योजना शुरू की गई।

स्नेहक व्यवसाय खंड में, 16% की वृद्धि सहित 446 टीएमटी की अब तक की सबसे अधिक बिक्री की गई। एमएके ने अफ्रीका में अपनी व्यावसाय को स्थापित किया, केन्या, युगांडा और तंजानिया में अपना स्थान पक्का किया और स्नेहक के लिए श्रीलंका में नए चैनल पार्टनर को नियुक्त किया।

विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) की बिक्री 1,901 टीएमटी रही, जिसमें 9.40% की वृद्धि हुई है और ओएमसी पीएसयू के बीच 25.20% की बाजार हिस्सेदारी प्राप्त की।

14.1.4.6. अनुसंधान और विकास

आरएंडडी व्यवसाय विकास और संधारणीयता के लिए महत्वपूर्ण है, आरएंडडी से बौद्धिक संपदा अधिकार बाजार में अंतर प्रदान करते हैं और 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देते हैं। बीपीसीएल का कॉर्पोरेट अनुसंधान और विकास केंद्र (सीआरडीसी) विशिष्ट पेट्रोकेमिकल्स, जैव ईंधन, वैकल्पिक ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और कार्बन डाइऑक्साइड शमन पर ध्यान केंद्रित करता है।

वर्ष 2023–24 के दौरान, सीआरडीसी ने ग्रीन हाइड्रोजन में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ प्राप्त कीं। भारत ऊर्जा सप्ताह में, सीआरडीसी ने ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के साथ संयुक्त रूप से विकसित स्वदेशी क्षारीय इलेक्ट्रोलाइज़र का निष्पादन और प्रदर्शन किया। कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीआईएएल) पर बसों के लिए ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन भरने वाला स्टेशन स्थापित किया जा रहा है। सहयोग की इसी भावना को बढ़ावा देने के लिए, एच–सीएनजी और एच2–आईसीई आधारित जेनसेट के संयुक्त विकास के लिए मेसर्स किर्लोस्कर ऑयल इंजन लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

वर्ष 2023–24 के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों पर बीपीसीएल के अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को मान्यता दी गई। फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री (एफआईपीआई) द्वारा भारत एच2सेप टेक्नोलॉजी को इनोवेटर ऑफ द ईयर नामित किया गया। ऊर्जा दक्षता नवाचार के लिए भारत हाईजी डीऐरेशन टेक्नोलॉजी ने एनईईआईए–2023 में दूसरा पुरस्कार जीता। के मॉडल® / को एशियन ऑयल एंड गैस अवार्ड्स से न्यू प्रोडक्ट ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला। बीपीसीएल और एस्पेन टेक्नोलॉजी के सहयोग को डिजिटल परिवर्तन और परिचालन उत्कृष्टता के लिए कई पुरस्कार मिले। भारत हाई–स्टार ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के लिए पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। वर्ष 2023–24 के दौरान ध्यान–केंद्रित अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के परिणामस्वरूप सात पेटेंट दिए गए। इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान छह नए पेटेंट आवेदन दर्ज किए गए।

14.1.4.7. पेट्रोरसायन संबंधी निष्पादन

स्वदेशी उत्पादन और आयात निर्भरता में कमी के साथ भारत सरकार के "आत्मनिर्भर भारत" के दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए, सितंबर 2021 में कोच्चि रिफाइनरी में प्रोपलीन डेरिवेटिव पेट्रोकेमिकल प्रोजेक्ट (पीडीपीपी) शुरू किया गया, जिसमें ऐक्रेलिक एसिड, ऑक्सो अल्कोहल और एक्रिलेट्स जैसे विशिष्ट पेट्रोकेमिकल्स का उत्पादन किया गया, जिन्हें अब तक आयात किया जा रहा था। संयंत्र की क्षमता उपयोगिता पिछले कुछ वर्षों में पहले वर्ष (वित्त वर्ष 2021–22) में 28% से बढ़कर वित्त वर्ष 2023–24 में 233 केटी उत्पादन सहित 71% हो गई है। इसके अतिरिक्त, कोच्चि रिफाइनरी में ₹ 4,460 करोड़ की लागत से 400 केटीपीए पॉलीप्रोपाइलीन परियोजना स्थापित की जा रही है।

बीपीसीएल रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परिचालनों के एकीकरण की सहक्रियाशीलता का लाभ उठाने और उत्पाद पोर्टफोलियो में पेट्रोकेमिकल्स की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए ₹ 43,367 करोड़ की लागत से बीना रिफाइनरी में आधुनिक पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स भी स्थापित कर रही है। बीना रिफाइनरी की क्षमता को वर्तमान के 7.8 एमएमपीटीए से बढ़ाकर 11 एमएमटीपीए किया जाएगा, जो लगभग 2.2 एमएमटीपीए पेट्रोकेमिकल उत्पादों का उत्पादन करेगी।

14.1.4.8. प्राकृतिक गैस

बीपीसीएल ने वर्ष 2023–24 में अपने प्राकृतिक गैस कारोबार का विस्तार जारी रखा और वर्ष 2002–21 में 1.48 एमएमटी की तुलना में 1.69 एमएमटी की आंतरिक खपत सहित बिक्री दर्ज की है। बीपीसीएल

के पास अब 65 संरक्षकों का ग्राहक आधार है, जिसमें वर्ष के दौरान 6 नए ग्राहक जुड़े हैं, इसके अतिरिक्त मुंबई (महाराष्ट्र) और कोच्चि (केरल) में अपनी स्वयं की रिफाइनरियों को आपूर्ति भी शामिल है।

14.1.4.9. नगर गैस वितरण

बीपीसीएल को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा 81 जिलों वाले 26 भौगोलिक क्षेत्रों के लिए नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास के लिए प्राधिकरण प्राप्त हुआ है। प्राकृतिक गैस की जल्द से जल्द आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सीजीडी परियोजनाएं पूरे जोरों पर चल रही हैं। इसमें मार्च 2024 तक 671 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं, 3.31 लाख पीएनजी ग्राहक जुड़े हुए हैं, 1,287 किमी स्टील पाइपलाइन और 3,387 किमी एमडीपीई पाइपलाइन सहित सीजीडी नेटवर्क बिछाया गया है।

14.1.4.10. अन्वेषण और उत्पादन

भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड (बीपीआरएल) को अपस्ट्रीम कार्यकलापों को समाप्त करने के लिए बीपीसीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में अक्टूबर 2006 में स्थापित किया गया। इसके पोर्टफोलियो में अन्वेषण, मूल्यांकन, विकास और उत्पादन के विभिन्न चरणों में ब्लॉक शामिल हैं। लगभग 19,824 वर्ग किमी को शामिल करते हुए, बीपीआरएल और इसकी सहायक कंपनियों के स्वामित्व वाले लगभग 46% एकड़ जमीन अपतटीय क्षेत्र में विस्तारित है।

बीपीआरएल के पास 15 ब्लॉकों में भागीदारी हित (पीआई) है, जिनमें से 8 भारत में और 7 विदेश में स्थित हैं। इसके अतिरिक्त, बीपीआरएल के पास दो रूसी संस्थाओं में इक्विटी हिस्सेदारी है, जिनके पास रूस में चार उत्पादक ब्लॉकों के लिए लाइसेंस हैं। जबकि बीपीआरएल के पास घरेलू ब्लॉकों में सीधे तौर पर पीआई है, ब्राज़ील, मोज़ाम्बिक, इंडोनेशिया, यूएई में ब्लॉकों के संबंध में इसकी हिस्सेदारी और रूसी संस्थाओं में इक्विटी हिस्सेदारी नीदरलैंड और सिंगापुर में स्थित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों की स्टेप-डाउन पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों या संयुक्त उद्यमों के माध्यम के रूप में है। भारत में आठ ब्लॉकों में से पाँच को नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) के विभिन्न दौरों के तहत अधिग्रहित किया गया था, एक ब्लॉक को खोजे गए छोटे क्षेत्रों (डीएसएफ) बोली दौर 1 के तहत और दो ब्लॉकों को ओपन एकरेज लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) बोली दौर 1 के तहत सम्मानित किया गया था।

वित्त वर्ष 2023-24 में, तेल और गैस उत्पादन में बीपीआरएल समूह की हिस्सेदारी 2.64 एमएमटीओई थी।

14.1.4.11. वैकल्पिक ऊर्जा

वर्ष 2023 में बीपीसीएल की कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 78 मेगावाट है। कुल स्थापित सौर क्षमता 66 मेगावाट है और पवन क्षमता 12 मेगावाट है। कोच्चि और बीना में कुल 31 मेगावाट क्षमता के नए सौर संयंत्र स्थापित और शुरू किए गए हैं। वर्तमान में 176 मेगावाट की संचयी क्षमता वाली चार नवीककरणीय ऊर्जा परियोजनाएँ कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

बीपीसीएल मध्य प्रदेश में अपनी बीना रिफाइनरी में 5 मेगावाट का हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित कर रही है और सीआईएएल के साथ कोच्चि में एक एकीकृत हरित हाइड्रोजन संयंत्र और हाइड्रोजन ईंधन भरने वाला स्टेशन स्थापित कर रही है।

बीपीसीएल को एसईसीआई मोड-1 ट्रैक-1 एसआईजीएचटी योजना संविदा के तहत मार्ग आधारित बायोमास के माध्यम से हरित हाइड्रोजन उत्पादन की 2000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष क्षमता प्रदान की गई है। इन सभी परियोजनाओं में नियोजित कार्यक्रम का अनुपालन करते हुए कार्य सुचारू रूप से चल रही है।

बीपीसीएल ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के साथ साझेदारी की है ताकि हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए क्षारीय इलेक्ट्रोलाइज़र तकनीक को बढ़ाया जा सके। यह नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का समर्थन करने के लिए अपनी तरह की पहली पहल है। इलेक्ट्रोलाइज़र संयंत्र वर्तमान में आयात किए जाते हैं, और सहयोग का उद्देश्य "हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए क्षारीय इलेक्ट्रोलाइज़र तकनीक को बढ़ाना" है।

जैव–ईंधन

सरकार के इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के अनुरूप, बीपीसीएल ने इस वर्ष 11.7% (166.4 करोड़ लीटर इथेनॉल की खपत) का उच्चतम इथेनॉल मिश्रण प्रतिशत हासिल किया, जो पिछले वर्ष के 10.6% से अधिक है और इसका लक्ष्य 2024–25 में 14% से अधिक होना है। बीपीसीएल ने अपने आरओ में ई20 (20% इथेनॉल मिश्रण के साथ एमएस) भी स्थापित किया है और अब तक 4,279 आरओ तक पहुँच गया है।

कंपनी पूरे भारत में अपने सभी स्थानों पर पेट्रोल में गुड़, गन्ना, क्षतिग्रस्त खाद्यान्न और अधिशेष चावल से उत्पादित 1जी इथेनॉल का मिश्रण कर रही है। इसने अपने आपूर्ति स्थानों पर इथेनॉल भंडारण क्षमता को भी पिछले वित्तीय वर्ष में 112 टीकेएल से बढ़ाकर 135 टीकेएल कर दिया है। बीपीसीएल ने ईबीएमएस के साथ–साथ रेल द्वारा इथेनॉल की कमी वाले स्थानों तक आवाजाही करके पूरे देश में इथेनॉल की उपलब्धता सुनिश्चित की है।

बीपीसीएल इथेनॉल खरीद के लिए उद्योग समन्वयक है और कई स्रोतों से 1जी इथेनॉल खरीद कर ईबीपी कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहा है। कंपनी की ओडिशा के बरगढ़ में एकीकृत 1जी/2जी बायो–इथेनॉल रिफाइनरी, जिसकी संयुक्त उत्पादन क्षमता 200 किलोलीटर प्रतिदिन है, निर्माणाधीन है और वित्त वर्ष 2024–25 में शुरू होने की उम्मीद है।

कंपनी का बायोडीजल पर ध्यान वर्ष 2023–24 में 102.6 टीकेएल (पिछले वित्त वर्ष में 8.21 टीकेएल) बायोडीजल की खरीद और 1,390 टीकेएल बायोडीजल–मिश्रित डीजल (पिछले वर्ष 116 टीकेएल बेचा गया) की बिक्री के साथ गति पकड़ चुका है, जिससे 0.36% (पिछले वर्ष 0.03%) का मिश्रण प्राप्त हुआ है।

बीपीसीएल ने कृषि अवशेषों, गन्ना प्रेस मड नगरपालिका ठोस अपशिष्ट इत्यादि जैसे बायोमास अपशिष्ट/बायोमास स्रोतों से संपीड़ित जैव–गैस (सीबीजी) के उत्पादन के क्षेत्र में भी पहल की है और सीबीजी की लगभग 7 लाख टन प्रति वर्ष (टीपीए) की कुल अनुमानित उत्पादन क्षमता के लिए 382 आशय पत्र (एलओआई) जारी किए हैं। वर्ष के दौरान, बीपीसीएल एलओआई धारकों द्वारा छह सीबीजी संयंत्र शुरू किए गए। कंपनी ने सीबीजी खुदरा बिक्री के लिए नौ और आरओएस जोड़े, जिससे आउटलेट्स की संख्या 50 हो गई और संचयी बिक्री 6.5 टीएमटी हो गई। बीपीसीएल ने अपने स्वयं के सीबीजी संयंत्रों की स्थापना शुरू कर दी है और अलग किए गए नगरपालिका ठोस अपशिष्ट पर आधारित कोच्चि में 150 टीपीडी सीबीजी संयंत्र स्थापित करने के लिए केरल सरकार से सैद्धांतिक अनुमोदन प्राप्त कर लिया है।

14.1.4.12. संधारणीय विकास

एक जिम्मेदार व्यवसाय के रूप में, बीपीसीएल ने ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा, कार्बन पृथक्करण, अपशिष्ट उपचार के माध्यम से जल प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, जल संतुलन अध्ययन और अपशिष्ट प्रबंधन आदि से संबंधित अपने स्थानों पर किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प विकास के लिए कई पहल की हैं, जो तीन उपाय अर्थात कम करें, पुन: उपयोग करें और पुनर्चक्रण करें की विचारधारा का पालन करते हैं। वर्षा जल संचयन के जलग्रहण क्षेत्र में 13% की वृद्धि हुई है, जो बीपीसीएल में कुल 13.5 लाख वर्गमीटर आरडब्लूएच क्षेत्र बनाएगी। मार्च 2024 तक कुल जल संचयन लगभग 639 टीकेएल है, जो बीपीसीएल द्वारा पिछले वर्ष की तुलना में 5.28% की वृद्धि हुई है। मुंबई रिफाइनरी ने वर्षा जल संचयन को बढ़ाने के लिए पर्याप्तता और क्षमता का अध्ययन किया है। 29 नए स्थानों/स्थानों के समूहों का चयन किया गया, जिनका कुल जलग्रहण क्षेत्र 63,010 वर्ग मीटर है और अनुमानित वार्षिक आरडब्ल्यूएच क्षमता 1,64,439 केएल (दैनिक आधार पर एमआर के ताजे पानी का लगभग 10%) है। मुंबई, कोच्चि और बिनल रिफाइनरियों ने भी जल संतुलन अध्ययन किया है और अब पानी की खपत को कम करने के लिए सुझाए गए विभिन्न पहलों को लागू कर रहे हैं। सभी खुदरा विपणन स्थानों और एलपीजी संयंत्रों में जल संतुलन अध्ययन भी प्रक्रियाधीन है और पानी बचाने और स्थान को जल तटस्थ बनाने के लिए पहल लागू की जा रही है।

बीपीसीएल ने कार्यक्षेत्र 1 और कार्यक्षेत्र 2 जीएचजी उत्सर्जन के लिए 2040 तक निवल शून्य बनने की घोषणा की है और इसके लिए दिशा–निर्देश बनाया है। सौर, पवन, जल और हरित हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ाने और ऊर्जा परिवर्तन के लिए जैव–ईंधन, जैव–सीएनजी, जैव–डीजल के उपयोग के लिए विभिन्न परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं।

बीपीसीएल ई–मोबिलिटी बढ़ाने के लिए खुदरा दुकानों पर चार्जिंग केन्द्र और बैटरी स्वैपिंग पहल स्थापित कर रहा है।

वर्ष 23–24 के दौरान ऊर्जा कुशल प्रकाश (ईईएल) क्षमता 63.52 मेगावाट से बढ़ाकर 71.05 मेगावाट कर दी गई। सभी खुदरा परिचालन स्थान, मुंबई रिफाइनरी, पाइपलाइन, एलपीजी, विमानन पहले ही 100% ईईएल में परिवर्तित हो चुके हैं।

सीड बॉलिंग: बीपीसीएल ने महाराष्ट्र क्षेत्र में 5 लाख बीज बम लगाए हैं, जिसमें खुदरा स्थान, एलपीजी संयंत्र और एमएमबीपीएल पाइपलाइन शामिल हैं।

मियावाकी तकनीक: विभिन्न विपणन स्थानों पर हरित आच्छादन बढ़ाने के लिए मियावाकी तकनीक का भी उपयोग किया गया।

बीपीसीएल की सभी व्यावसायिक इकाइयों में लगाए गए पेड़ों की कुल संख्या लगभग 1.6 लाख थी और कुल वृक्षारोपण 10.3 लाख से अधिक हो गया। इस वर्ष वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से कुल कार्बन पृथककरण लगभग 23,600 मीट्रिक टन हुआ है। मध्य प्रदेश राज्य के बीना रिफाइनरी और वन विभाग ने 18.05.2023 को कंजिया रेंज, खुरई, वनमंडल उत्तर सागर, मध्य प्रदेश में 90 हेक्टेयर वन भूमि पर ग्रीनबेल्ट विकसित करने के लिए अपनी साझेदारी के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 5 वर्ष की परियोजना अवधि में कुल 1.96 करोड़ का निवेश किया जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रचालन स्थानों में संचालन मिट्टी को खराब न करे, बीपीसीएल ने अपनी सभी रिफाइनरियों और विपणन स्थानों में शून्य अपशिष्ट से भूमि भरना (जेडडब्लूएल) का प्रमाणन लेने के लिए अभियान शुरू किया है। मुंबई रिफाइनरी, बीना रिफाइनरी, खुदरा और एलपीजी प्रचालन स्थान, स्नेहक, विमानन, पाइपलाइन पहले से ही जेडडब्लूएल के लिए प्रमाणित हैं। ब्रांड मालिक के रूप में बीपीसीएल स्नेहक विभाग ने वर्ष 2023–24 में ब्रांड मालिक के रूप में लगभग 4,891 टन अपशिष्ट प्लास्टिक का निपटान किया है। बीपीसीएल के कॉर्पोरेट आर एंड डी ने सड़क बनाने में अपशिष्ट प्लास्टिक का उपयोग करने की एक नई तकनीक तैयार की है और अब तक लगभग 1,000 टन अपशिष्ट प्लास्टिक का उपयोग किया है। 250 टन अपशिष्ट प्लास्टिक से 750 एमटीसीओ2ई ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आएगी।

14.1.4.13.कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व:

निगम का दृष्टिकोण "एनरजाइजिंग लाइव्ज" है और सीएसआर पहलों के अंतर्निहित दर्शन को साथ में लेकर चलना है अर्थात स्थानीय समुदायों का सशक्तिकरण और समावेशी, न्यायसंगत और संधारणीय मार्ग प्रशस्त करना। निगम अपने सीएसआर हस्तक्षेपों को मुख्य रूप से पाँच मुख्य क्षेत्रों में वर्गीकृत करता है अर्थात कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII में सूचीबद्ध अन्य मदों के साथ–साथ स्वास्थ्य और स्वच्छता, शिक्षा, कौशल विकास, सामुदायिक विकास और पर्यावरणीय स्थिरता।

- निगम की सीएसआर संबंधी कार्यकलाप मुख्य रूप से वित्त वर्ष 2023–2024 के लिए सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के विषय–वस्तु के अनुरूप स्वास्थ्य और पोषण पर ध्यान–केंद्रित है।
- राष्ट्रीय पोषण कार्यनीति के प्रति नीति आयोग के प्रयासों को पूरक बनाने के लिए बीपीसीएल ने पोषण केंद्रित शारीरिक परीक्षा (एनएफपीई) के परिणामों के आधार पर 13,700 से अधिक कुपोषित बच्चों और माताओं का समर्थन करते हुए "कुपोषण मुक्त भारत" कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण को राष्ट्रीय विकास एजेंडे के केंद्र में लाना है, साथ ही भारत की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लक्षित कार्रवाई का दिशा–निर्देश तैयार करना है। बीपीसीएल मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के 7 सरकारी स्कूलों में कुपोषण और बौनेपन के बारे में जागरूकता की आवश्यकता संबंधी समस्या का समाधान कर रहा है।
- कैंसर के क्षेत्र में, बीपीसीएल ने कैंसर के माध्यम से निवारक देखभाल को बढ़ावा देने के लिए कैंसर देखभाल कार्यक्रम शुरू किया है। मौखिक, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच के साथ–साथ 10 सरकारी/धर्मार्थ अस्पतालों में वंचित जनसंख्या को मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण कैंसर उपचार प्रदान कर रहा है और साथ ही कैंसर से बचे लोगों के पुनर्वास हेतु सहायता प्रदान की जा रही है। इस अखिल भारतीय कार्यक्रम से अब तक 1.5 लाख से अधिक लोगों की मदद मिली है।

दिनांक 31.03.2024 तक 2पी तेल और गैस भंडार की स्थिति, 4 विदेशी उत्पादक और खोजी गई परिसंपत्तियों में ऑयल की हिस्सेदारी के अनुरूप है, अर्थात, वैंकोमेफ्ट और तास रूस में युरयाख, वेनेजुएला में कारबोबो और मोजाम्बिक में रोवुमा एरिया 1 में 43.95 एमएमटीओआईआरीई रहा। वर्तमान वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, विदेशी परिसंपत्तियों से संचयी उत्पादन में ओआईएल का हिस्सा 2.119 एमएमटीओई रहा। इस ब्लॉकों में प्रमुख विकास की स्थिति निम्नानुसार है:

14.1.6.9.1. उत्पादक परिसंपत्तियाँ (4)

i. जेएससी वैंकोरनेफ्ट, रूस (रोसनेफ्ट: 50.1%, ओआईएल/आईओसीएल/ बीपीआरएल: 23.9% (ओवीएल: 26%)

कंपनी ने आईओसीएल और बीपीआरएल के साथ मिलकर 5 अक्टूबर 2016 से जेएससी वैंकोरनेफ्ट, रूस में 23.9% हिस्सेदारी प्राप्त की। परिसंपत्ति एसपीवी वैंकोर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड(वीआईपीएल) के माध्यम से रखी गई है, जिसे कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों, ऑयल इंडिया, आईओसीएल और सिंगापुर में बीपीआरएल द्वारा संयुक्त रूप से निगमित किया गया है। दिनांक 31.03.2024 तक, इस परिसंपत्ति में कंपनी की भागीदारी हित के अनुरूप 2पी रिजर्व स्थिति 11.94 एमएमटी तेल और 4.56 एमएमटीओई प्राकृतिक गैस होने का अनुमान लगाया गया है। वर्ष 2023–24 के दौरान, परिसंपत्ति में कंपनी का उत्पादन हिस्सा 1.076 एमएमटीओई रहा। दिनांक 31.03.2024 तक संचयी रूप से, परियोजना में ओआईटी की हिस्सेदारी के अनुरूप वीआईपीएल स्तर पर 444.7 मिलियन अमरीकी डॉलर के बराबर राशि लाभांश के रूप में प्राप्त हुई है।

ii एलएलसी तास–युर्याख नेफ्टेगाज़ोडोबचा (टीवीएनजीडी): रूस (रोसनेफ्ट) 50.1%, ऑयल/आईओसीएल/बीपीआरएल: 29.9%, ब्रिटिश पेट्रोलियम: 20%)

कंपनी ने आईओसीएल और बीपीआरएल के साथ मिलकर एलएलसी तास–युर्याख नेफ्टेगाज़ोडोबचा (टीवाईएनजीडी), रूस में 5 अक्टूबर 2016 से 29.9% हिस्सेदारी हासिल की। यह परिसंपत्ति एरापीवी तास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टीआईपीएल) के माध्यम से रखी गई है, जिसे सिंगापुर में कंपनी, ऑयल, आईओसीएल और बीपीआरएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से निगमित किया गया है।

दिनांक 31.03.2024 तक, इस परिसंपत्ति में कंपनी की भागीदारी हित के अनुरूप 2पी रिजर्व स्थिति 10.66 एमएमटी तेल होने का अनुमान लगाया गया है। वर्ष 2023–24 के दौरान, परिसंपत्ति में कंपनी का उत्पादन हिस्सा 1.025 एमएमटीओई रहा। दिनांक 31.03.2023 तक संचयी रूप से, परियोजना में ओआईएल की हिस्सेदारी के अनुरूप लाभांश और अधिशेष पूंजी पुनर्भुगतान के रूप में टीआईपीएल स्तर पर 398 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर राशि प्राप्त हुई है।

iii. रूस: लाइसेंस 61 (ओआईएल–50% और पेट्रोनेफ्ट रिसोर्सेज लिमिटेड–50% (ऑपरेटर),

ओआईएल ने 3 जुलाई 2014 को पेट्रोनेफ्ट रिसोर्सेज पिक (पीआर) से अपने डब्ल्यूओएस ऑयल इंडिया इंटरनेशनल बीवी (ओआईआईबीवी)

के माध्यम से वर्ल्डऐस इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (डब्लूआईएल) में 50% हिस्सेदारी प्राप्त की। डब्लूआईएल का शेष 50% हिस्सा पेट्रोनेफ्ट रिसोर्सेज पीएलसी (पीआर) के स्वामित्व में है। डब्लूआईएल की रूस में एलएलसी स्टीमुल–टी नामक पूर्ण रूप से स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जिसके पास ब्लॉक लाइसेंस–61 (L-61) का लाइसेंस है। आज तक, लाइनिनोये, वेस्ट लाइनिनोये, आर्कुजोल्कोये और तुंगोलस्कॉय क्षेत्रों का विकास किया गया है।

अगस्त 2022 से, नॉर्ड इंपीरियल पाइपलाइन के बंद होने के कारण परिसंपत्ति कच्चे तेल का उत्पादन नहीं कर रहा है। स्टिमुल–टी ने प्रतिकूल प्रचालन और वित्तीय परिस्थितियों के कारण दिनांक 10.05.2023 को दिवालियापन घोषित किया है।

iv. वेनेजुएला: परियोजना कैराबोबो [कॉर्पोरेशन वेनेजुएला डेल पेट्रोल (सीवीपी)–71%, इंडोइल नीदरलैंड बीवी 7% (आईओसीएल–3.5%, ओआईएल–3.5%)] ओवीएल–11% रेपसोल वाईपीएफ (स्पेन)–11%)]

रेप्सोल (11%) ओवीएल (11%) और इंडोइल (7%) (आईओसीएल–3.5% ओआईएल 3.5%) (सामूहिक रूप से अल्पसंख्यक शेयरधारक (एमएसएच) कहा जाता है) और इस संघ के पास 29% शेयर हैं, और सीवीपी (पीडीवीएसए की सहायक कंपनी) के पास शेष 71% शेयर हैं, जो मेसर्स पेट्रोकाराबोबो एसए (पीसीबी) नामक मिश्रित कंपनी में है, जो प्रचालक है। ओआईएल और आईओसीएल ने परियोजना में निवेश करने के लिए नीदरलैंड में इंडोइल नीदरलैंड बीवी (इंडोइल) नामक 50:50 संयुक्त उद्यम कंपनी बनाई है। मिश्रित कंपनी संबंधी संविदा पर दिनांक 12 मई 2010 को 25 वर्ष की अवधि के लिए हस्ताक्षर किए गए थे।

यह परियोजना 30 केबीडी क्रूड शोधन संयत्र का स्वामित्व और संचालन करती है। वर्तमान में, वेनेजुएला में आर्थिक और राजनीतिक संकट के कारण परियोजना संबंधी कार्यकलापों में विलम्ब हो रही है।

दिनांक 31.03.2024 तक, परियोजना कैराबोबो में कंपनी की भागीदारी हित के अनुरूप 2पी प्रारक्षित स्थिति का अनुमान 0.12 एमएमटी लगाया गया है। वर्ष 2023–24 के दौरान, परिसंपत्ति में कंपनी का उत्पादन हिस्सा 0.018 एमएमटीओई रहा।

14.1.6.9.2. विकास संबंधी परिसंपत्तियाँ (2)

i. मोजाम्बिक: रोवुमे क्षेत्र 1 (कुल (प्रचालन–26.5%) मित्सुई–20%, ईएनएच 15% (वहन किया), बीपीआरएल–10%, बीआरईएमएल 10%, ओवीएल–10%, पीटीटीईपी–8.5%)

कंपनी ने वीडियोकॉन मोजाम्बिक रोवुमा 1 लिमिटेड (जिसे बाद में ब्यास रोवुमा एनर्जी मोजाम्बिक लिमिटेड (बीआरईएमएल)–ओवीएल 60%, ओआईएल–40%) में 100% शेयरों के अधिग्रहण के माध्यम से ओवीएल के साथ मिलकर 7 जनवरी 2014 को क्षेत्र–1 मोजाम्बिक में 10% भागीदारी हित प्राप्त किया।

मोजाम्बिक के काबो डेलगाडो प्रांत में सुरक्षा स्थिति के बिगड़ने के कारण, ऑपरेटर ने 22 अप्रैल 2021 को फोर्स मैज्योर घोषित किया। परियोजना वर्तमान में फोर्स मैज्योर के तहत है और क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए ऑपरेटर और मोजाम्बिक सरकार के बीच चर्चा जारी है।

दिनांक 31.03.2024 तक, रोवुमा, एरियल में कंपनी की भागीदारी हित के अनुरूप क्षेत्र 1 के गोलिकन्हो–एटम क्षेत्र की 2पी प्रारक्षित स्थिति का अनुमान 16.21 एमएमटीओई प्राकृतिक गैस और 0.456 एमएमटी कंडेनसेट है।

ii. नाइजीरिया: ब्लॉक ओएमएल 142 (पूर्व में ओपीएल 205) [संयुक्त उद्यम सनटेरा नाइजीरिया 205 में ओआईएल–17.5%, आईओसीएल–17.5%, और सनटेरा रिसोर्सेज–35% (ब्लॉक में 70% हित)] समिट पेट्रोलियम–30% (प्रचालन)

नाइजीरिया में निगमित एक कंपनी सनटेरा नाइजीरिया 205 लिमिटेड (एसएन–205) ने मई 2006 में समिट ऑयल इंटरनेशनल से 30% का आर्थिक हित (ईआई) ने 40% भागीदारी हित (पीआई) अधिग्रहण किया। इसके पश्चात, ओआईएल ने आईओसीएल के साथ मिलकर सनटेरा नाइजीरिया 205 लिमिटेड (एसएन–205) की 25% (प्रत्येक) शेयरधारिता हासिल कर ली, जिसमें सनटेरा रिसोर्सेज लिमिटेड के पास शेष 50% हिस्सेदारी है, ब्लॉक में हाइड्रोकार्बन खोज (गैस और कंडेनसेट) वर्ष 1991–92 (ओटियन #1 कुआं) से शुरू हुई थी। खोज कुएं ओटियन #1 में पुनः प्रवेश के बाद, एकल क्षेत्र (क्षेत्र #8) से विस्तारित कुआं परीक्षण

(ईडब्ल्यूटी) उत्पादन और ओटियन #1 कुएं का पुनः वर्कओवर संचालन पूरा हो गया।

ओटियन क्षेत्र के करीब एक ऊर्जा पार्क बन रहा है जो इस क्षेत्र से उत्पादित गैस के मुद्रीकरण में मदद करेगा।

14.1.6.9.3. अन्वेषणात्मक परिसंपत्तियाँ (4)

I. बांग्लादेश: ब्लॉक एसएस–04 और एसएस–09 [ओआईएल–45%: ओवीएल–45%: (प्रचालक)–45% (बेपेक्स: 10% (वहन)]

उथले अपतटीय ब्लॉक बांग्लादेश बोली दौर–2012 में प्रदान किये गए थे। दोनों ब्लॉकों के लिए उत्पादन साझाकरण संविदा 17 फरवरी, 2014 को ढाका, बांग्लादेश में पाँच (05) वर्षों की प्रारंभिक अन्वेषण अवधि के लिए हस्ताक्षरित किए गए थे, जो 16.02.2025 तक वैध है। संघ ने अनिवार्य भूकंपीय सर्वेक्षण और 1 (एक) तटवर्ती कुएँ (ब्लॉक एसएस–04 में) की ड्रिलिंग पूरी कर ली है। ब्लॉक एसएस–04 और एसएस–09 में 1 (एक) अपतटीय कुएँ की ड्रिलिंग के लिए ड्रिलिंग कार्यनीति की योजना बनाई जा रही है।

ii. लीबिया: क्षेत्र 95/96 ब्लॉक [सीपेक्स (प्रचालक)–50%, आईओसीएल–25%, ओआईएल–25%]

संघ ने 08 (आठ) कुओं की ड्रिलिंग की प्रतिबद्धता के एमडब्लूपी के लिए पाँच कुओं की ड्रिलिंग पूरी कर ली है। सभी ड्रिल किए गए कुओं में तेल और गैस पाई गई है। जब से अशांति शुरू हुई, तब से छठे कुएँ की ड्रिलिंग चल रही थी और मई 2014 से क्षेत्र–95/96 में सभी प्रचालन निलंबित कर दिए गए थे। अशांति के कारण, मई 2014 से ब्लॉक अप्रत्याशित घटना के अधीन था, तथापि, लीबिया में कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार को देखते हुए, अप्रत्याशित घटना को 07.11.2023 से हटा दिया गया है। एनओसी, लीबिया ने 07.11.2023 से 06.05.2026 तक 30 महीने के लिए अन्वेषण अवधि का विस्तार देने पर सहमति व्यक्त की है।

iii. गैबॉन: ब्लॉक शक्ति–II [ओआईएल (प्रचालक)–50%, आईओसीएल–50%)

पुराने पीएससी (जी4–220) के दौरान ब्लॉक में तीसरे कुएं (लासा–1) में तेल की खोज की गई थी। नए पीएससी (जी4–245) के चरण–I के एमडब्लूपी के अनुसार दो मूल्यांकन कुएं (लासा–2 और 3) भी ड्रिल किए गए और चरण–I में 1,213.04 एलकेएम का 2डी भूकंपीय एपीआई पूरा किया गया। एकीकृत व्याख्या और संभावना मूल्यांकन के आधार पर, संघ ने ब्लॉक ने चरण–II अन्वेषण अवधि में प्रवेश किया है, जिसे संवैधानिक विलंब और कोविड–19 महामारी आदि के कारण 15.04.2025 तक बढ़ा दिया गया था। वर्तमान में, ड्रिलिंग की तैयारी संबंधी कार्यकलाप किया जा रहा है।

14.1.6.9.4. पाइपलाइन

सूडान: उत्पाद पाइपलाइन [ओआईएल–10% पीआई एवं ओवीएल–90% पीआई]

इस परियोजना में अल–राबयान से पोर्ट सूडान तक 12" x 741 किलोमीटर लंबी क्रॉस कंट्री मल्टी प्रोडक्ट पाइपलाइन का निर्माण शामिल है। पाइपलाइन का निर्माण निर्माण कार्य, परिचालन, पट्टा और हस्तांतरण के आधार पर किया गया है। कंसोर्टियम ने परियोजना के लिए ईपीसी संविदाकार के रूप में मेसर्स डोडसल प्राइवेट लिमिटेड को नियुक्त किया। इस परियोजना को 15 महीने के रिकॉर्ड समय में पूरी कर ली गई (लक्ष्य 16 महीने का था)। इस पाइपलाइन की शुरूआत वर्ष 2005 में की गई है।

14.1.6.10 वित्तीय प्रदर्शन

₹/करोड

	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
कुल आय	15,170.00	13,648.71	10,561.45	16,427.65	24,757.85	24,514.28
निवल लाभ / हानि	2,590.14	2,584.06	1,741.59	3,887.31	6,810.40	5,551.85
योजना परिव्यय–वास्तविक	3,180.81	4,247.21	13,331.93*	4,366.52	5,534.42	5906.92
योजना संबंधी लक्ष्य	4,299.99	4,105.20	3,877.00	4,108.00	4,302.00	4,896.00

नोट*: इसमें एनआरएल ₹8,677.27 करोड़ में कार्यनीतिक निवेश शामिल है

14.1.6.11. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

ओआईएल जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक है जो अपने प्रचालन क्षेत्रों और समग्र रूप से समाज के समावेशी और समग्र विकास के लिए सीएसआर के सिद्धांतों के प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध है।

जैसा कि कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII के तहत विनिर्दिष्ट किया गया है, कंपनी ने निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्रों के अंतर्गत विभिन्न सीएसआर परियोजनाएं शुरू की हैं:

क) स्वास्थ्य देखभाल और पोषण:

ओआईएल आरोग्य, ओआईएल स्पर्श जैसी परियोजनाएं और स्वास्थ्य सेवा के अवसंरचना को संवर्धित करना, आम जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने और शिशुओं, बच्चों और गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं आदि की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न परियोजनाएं।

ख) स्वच्छ भारत अभियान (पेयजल एवं स्वच्छता):

ओआईएल स्कूलों में शौचालयों, सामुदायिक शौचालयों और व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों के निर्माण, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं और अपने प्रचालन क्षेत्रों में ओआईएल के कर्मचारियों द्वारा संगोष्ठी, वॉकथॉन, प्रतियोगिताओं और श्रमदान के आयोजन जैसे कार्यकलापों के लिए प्रतिबद्ध है।

ग) शिक्षा:

ओआईएल सुपर 30 परियोजना जेईई और एनईईटी के लिए 11 महीने की निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों के लिए साक्षरता और पुनर्वास को बढ़ावा देने के लिए ओआईएल दीक्ष्या, सक्षम जैसी परियोजनाएं भी चलाई जा रही हैं।

घ) संधारणीय आजीविका सृजन:

संधारणीय आय सृजन के लिए रूपान्तर, जीविका और कृषि परियोजना जैसी परियोजनाएं।

ङ) कौशल/क्षमता निर्माण:

कौशल/क्षमता निर्माण परियोजना के लिए ओआईएल स्वावलंबन परियोजना। इसके अतिरिक्त ओआईएल ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के युवाओं की कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए गुवाहाटी में कौशल विकास संस्थान की स्थापना की है।

च) महिला सशक्तिकरण के लिए परियोजनाएँ:

महिलाओं को प्रशिक्षण देने के लिए हथकरघा, हस्तशिल्प और उद्यमिता के लिए उत्कृष्टता केंद्र; ऑयल नर्सिंग स्कूल का जनरल नर्सिंग और मिड वाइनरी (जीएनएम) में तीन वर्षीय पाठ्यक्रम

छ) पर्यावरण और संधारणीता:

असम के डिगबोई में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और बांस के बागान की स्थापना, तालाबों/झीलों की सफाई और जीर्णोद्धार, वृक्षारोपण और जैव विविधता संरक्षण जैसी अन्य परियोजनाएँ

ज) कला, संस्कृति और विरासत का संवर्धन:

धार्मिक और सांस्कृतिक हितों के विभिन्न स्थानों पर इस के संबंध में व्यवस्था की गई।

झ) खेलों का विकास:

क्षमता निर्माण के लिए कोचिंग कार्यक्रम और खेल प्रशिक्षण और पुनर्वास केंद्र का निर्माण

ज) ग्रामीण अवसंरचना का विस्तार:

सड़कों, पुलों, सामुदायिक हॉल, प्रतीक्षा शेड और अन्य अवसंरचना का निर्माण।

14.2. नवरत्न पीएसयू

14.2.1. इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल)

14.2.1.1. प्रस्तावना

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) की स्थापना सन 1965 में नई दिल्ली में अपने मुख्यालय सहित पेट्रोलियम रिफाइनरियों और संबंधित परियोजनाओं के लिए इंजीनियरिंग और संबंधित तकनीकी सेवाएं प्रदान करने के लिए की गई थी। पिछले कुछ वर्षों में, इसने अपनी सेवाओं के कार्यक्षेत्र को बढ़ाया है और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल की है और निम्न क्षेत्रों में अग्रणी परियोजना, डिजाइन, इंजीनियरिंग और टर्नकी संविदा कंपनी के रूप में उभरी है।

- पेट्रोलियम रिफाइनिंग
- पेट्रोरसायन, रसायन और उर्वरक
- कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और गैस पाइपलाइन

- ऑफशोर / ऑनशोर तेल और गैस
- टर्मिनल और भंडारण
- उप सतह कार्यनीतिक भंडारण
- खनन एवं धातुकर्म
- अवसंरचना एवं नगरी विकास

अवसंरचना क्षेत्र में अपने प्रवेश के बाद से, ईआईएल ने अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों के आधुनिकीकरण / विकास, खुफिया भवनों और जल प्रबंधन से संबंधित कई उल्लेखनीय और महत्वपूर्ण कार्य प्राप्त किए हैं। ईआईएल परामर्शी और टर्नकी के दो प्रमुख खंडों के तहत परियोजनाओं को निष्पादित करता है।

ईआईएल आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित कंपनी है और चेन्नई, वडोदरा और कोलकाता में इसके क्षेत्रीय कार्यालय हैं, मुंबई में शाखा कार्यालय, अबू धाबी में विदेशी इंजीनियरिंग / विपणन कार्यालय है, जो मध्य पूर्व में कंपनी का कार्यकलाप संबंधी केंद्र है। पूरे भारत में और लंदन, मिलान और शंघाई में विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण / खरीद के लिए कार्यालय हैं, साथ ही भारत और विदेश दोनों में विभिन्न परियोजना स्थलों पर निर्माण कार्यालय हैं। इसके अतिरिक्त, ईआईएल के पास प्रमाणन और निरीक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, सर्टिफिकेशन इंजीनियर्स इंटरनेशनल लिमिटेड है। ईआईएल की संयुक्त उद्यम कंपनी–रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) है, जिसमें नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड (एनएफएल) और फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआईएल) की 26% हिस्सेदारी है। आरएफसीएल संयंत्र का वाणिज्यिक संचालन दिनांक 22 मार्च, 202 को पूरा हो गया है। ईआईएल के पास नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड में 4.37% हिस्सेदारी भी है।

ईआईएल परियोजना से संबंधित प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग सेवाओं की व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है, जो परियोजना की अवधारणा से लेकर परियोजना की शुरूआत तक विस्तृत है, जिसमें संयंत्रों का पुनरुद्धार, क्षमता विस्तार और आधुनिकीकरण शामिल है। कंपनी द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के पोर्टफोलियो में निम्नलिखित शामिल हैंरू

परियोजना–पूर्व सेवाएँ जैसे व्यवहार्यता अध्ययन, पर्यावरण प्रभाव आकलन प्रौद्योगिकी और प्रक्रिया लाइसेंसकर्ता चयन और लागत अनुमान।

परियोजना प्रबंधन सेवाओं में पूरी श्रृंखला अवधारणा से लेकर कमीशनिंग तक जिसमें प्रक्रिया देवगढ़ इंजीनियरिंग, बुनियादी और विस्तृत इंजीनियरिंग खरीद और तृतीय–पक्ष प्रमाणन निर्माण प्रबंधन, कमीशनिंग और पूर्ण स्टार्ट–अप सहायता शामिल है।

ईआईएल शायद उन कतिपय परामर्शदात्री संगठनों में से एक है जो हीट और माउ ट्रांसफर उपकरण डिजाइन, निवेश इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, विशेषज्ञ सामग्री और रखरखाव, संयंत्र संचालन और सुरक्षा सहित एचएजेडओपीएस और जोखिम विश्लेषण, जंग संरक्षण, संयंत्र अखंडता और अवशिष्ट जीवन मूल्यांकन, रिफाइनरी अनुकूलन अध्ययन और, उपज और ऊर्जा अनुकूलन अध्ययन आदि के क्षेत्र में विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करता है।

ईआईएल के पास बहु–विषयक इंजीनियरिंग कार्यबल है और 31.03.2024 तक मुख्यालय और विदेशी कार्यालयों सहित क्षेत्रीय कार्यालयों में कंपनी की स्वीकृत कार्यबल 2,649 थी। इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता हासिल करने के अतिरिक्त, ई.आई.एल. एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक है और अच्छे कॉर्पोरेट प्रशासन संबंधी कार्यप्रणाली के लिए प्रतिबद्ध है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को कंपनी में लागू किया गया है और अधिनियम संबंधित समस्याओं का समाधान करने के लिए सार्वजनिक सूचना अधिकारी और अपीलीय प्राधिकरण नामित किया गया है। अधिनियम के प्रावधान के अनुसार सूचना कंपनी की वेबसाइट www.engineersindia.com पर प्रदर्शित की जाती है। इसके अतिरिक्त, जनता, संविदाकारों, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं आदि से प्राप्त अभियोगों / शिकायतों का निष्पादन करने के लिए वेब–आधारित शिकायत प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है। इसके अतिरिक्त, कंपनी के महिला फोरम में यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों का निवारण करने के लिए निर्धारित समिति है।

14.2.1.2. वर्ष 2023-24 से संबंधित निष्पादन की मुख्य विशेषताएं

व्यावसायिक निष्पादन

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, ईआईएल ने ₹ 4,747.66 करोड़ का नया व्यवसाय किया है, जिसमें परामर्शी भाग में ₹ 1,725.44 करोड़ का व्यवसाय (घरेलू ग्राहकों से ₹ 1,226.97 करोड़ और विदेशी ग्राहकों से ₹ 498.47 करोड़) और एलएसटीके भाग ₹ 3,022.22 करोड़ का व्यवसाय शामिल है।

कंपनी द्वारा अपने व्यावसायिक परिचालन के घरेलू खंड में प्राप्त प्रमुख कार्यों में ओएनजीसी के लिए आवासीय मकान के नवीकरण और मुंबई हाई एसेट्स के लिए एचवीएसी के पुनरुद्धार के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी), आईओसीएल के लिए पीआरपीसी में कोक ड्रम प्रतिस्थापन, आस्थना ब्यूरो के लिए एकीकृत कार्यालय–सह–आंकड़ा केन्द्र परिसर के लिए बहु–मंजिला भवन का निर्माण, नोएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र प्राधिकरण और कई अन्य के लिए डिपॉजिटरी आधार पर एनएसईजेड नोएडा में अवसंरचना विकास और उन्नयन के लिए व्यापक डिजाइन इंजीनियरिंग और परियोजना प्रबंधन परामर्श शामिल है।

ईएलएल विभिन्न ग्राहकों को अपनी इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण प्रबंधन (ईपीसीएम) सेवाएं भी प्रदान करता है और वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान मुंबई रिफाइनरी, माहुल से बीपीसीएल के रसायनी परिसर तक प्रस्तावित पाइपलाइन, गेल इंडिया लिमिटेड के लिए उसर में 50 केटीए आईएसओ–प्रोपाइल अल्कोहल (आईपीए) संयत्र, आईओसीएल, बरौनी रिफाइनरी (चरण–II) में बिटुरॉक्स इकाई, एनआरएल में डिपॉजिटरी आधार पर नुमालीगढ़ रिफाइनरी में जलीय अमोनिया इकाई की स्थापना, बीना में बीपीसीएल के लिए बीना पेट्रोकेमिकल और रिफाइनरी विस्तार परियोजना के लिए स्थल आधारित सक्षम कार्य सहित कई अन्य सेवाएं प्रदान करने के प्रमुख कार्य हासिल किए हैं।

ईआईएल को अपने ग्राहकों के लिए विभिन्न पूर्व–व्यवहार्यता और विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट (डीएफआर) तैयार करने का काम भी सौंपा गया है। वर्ष के दौरान इस श्रेणी के अंतर्गत प्राप्त कतिपय प्रमुख कार्यों में एआरयू, एसडब्ल्यूएस, यूटिलिटीज और ऑफसाइट पैकेज के लिए बीईडीपी प्रस्तुतिकरण, एचपीसीएल मुंबई रिफाइनरी में एकीकृत हाइड्रोक्रैकर कैटेलिटिक डी–वैक्सिंग और एसडीए इकाई के लिए एकीकृत डीएफआर, एचपीसीएल के लिए जवाहरद्वीप द्वीप पर कच्चे तेल टर्मिनल और उत्पाद टैंकों के लिए डीएफआर और ईआईए/आरआरए अध्ययन, एनआरएल के लिए मेथनॉल से मिथाइलमाइन उत्पादन के लिए पूर्व–व्यवहार्यता रिपोर्ट, एमआरपीएल के लिए नई पेट्रोकेमिकल परियोजना हेतु व्यवहार्यता रिपोर्ट, नयारा एनर्जी लिमिटेड के लिए एल्काइलेशन इकाई का व्यवहार्यता अध्ययन, गेल पाटा में सी2–सी3 प्राप्त करने के लिए पाटा में अतिरिक्त सुविधाओं की व्यवहार्यता सहित कई अन्य कार्य शामिल हैं। वर्ष के दौरान विभिन्न निष्पादन विधियों के तहत प्राप्त अन्य प्रमुख कार्यों में जीसीपीएल नगर गैस में पाइपलाइनों को हटाना, तटवर्ती भंडारण टैंक फार्म और संबंधित सुविधाओं के लिए एफईईडी इंजीनियरिंग सेवाओं के लिए परामर्श सेवाएं, भारी उद्योग मंत्रालय के उन्नत रसायन प्रकोष्ठ के लिए पीएलआई योजना के लिए स्वतंत्र इंजीनियर सेवाएं, भोगपुरम, विजयनगरम में ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास, निर्माण और संचालन के लिए स्वतंत्र अभियांत्रिक, गोवा में पेट्रोलियम सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण प्रबंधन संस्थान (आईपीएसएचईएम) को ओएनजीसी के लिए लागत प्रतिपूर्ति के आधार पर विश्व स्तरीय सुविधा में उन्नत करना आदि शामिल हैं।





आईपीएसएचईएम परिसर, गोवा और आईईडब्ल्यू–2024 से संबंधित अवसंरचना के अवसंरचनागत कार्य को पूरा करना

आईपीएसएचईएम परिसर, गोवा और आईईडब्ल्यू–2024 से संबंधित अवसंरचना के अवसंरचनागत कार्य को पूरा करना वर्ष के दौरान **अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रों** में कंपनी द्वारा प्राप्त प्रमुख कार्य में विभिन्न अन्य सेवाओं में सोनाट्रैक, अल्जीरिया के लिए नई

एनएचटी/सीसीआर–रिफॉर्मिंग इकाई हेतु एफईईडी और पीएमसी सेवाएं, नाइजीरिया पदाह एलएनजी के लिए एलएनजी टर्मिनल के ईपीसी–1 (एलएनजी स्टोरेज) और ईपीसी–3 (यूटिलिटीज और बीओपी) पैकेज के लिए पीएमसी सेवाएं, लोअर जकूम सुविधाएं हैजॉप/इंजीनियरिंग पैकेज और सी5934–मैसर्स एडनोक ऑफशोर के लिए डीआवाईओबी मूल्यांकन कुआं जेडवो–420 (डब्ल्यूएचटी जेडके–374) को उत्पादन पर रखने के लिए अध्ययन आवश्यकताएं, केएनपीसी, कुवैत से एमएए रिफाइनरी में एजीआरपी पुनरुद्धार के लिए एफईईडी शामिल हैं।

वर्ष के दौरान, ईआईएल ने नाइजीरिया में स्टैंच फर्टिलाइजर एफजेडई के लिए ग्रीन–फील्ड 4,000 टीपीडी यूरिया और 2,300 टीपीडी अमोनिया कॉम्प्लेक्स (परिवर्तन आदेश) के लिए अपनी ईपीसीएम सेवाएँ प्रदान करने का प्रमुख कार्य प्राप्त किया।

अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रों में अन्य प्रमुख कार्यों में कुवैत नेशनल पेट्रोलियम कंपनी (केएनसीपी) के लिए एमएए रिफाइनरी में एसिड गैस रिमूवल प्रोजेक्ट (एजीआरपी) के पुनरुद्धार के लिए एफईईडी, एडीएनओसी ऑफशोर के लिए यूएई में एसएआरबी उत्पादित जल शोधन मूल्य के लिए एफईईडी और एडीएनओसी के लिए हेलोन प्रतिस्थापन कार्य के लिए एफईईडी शामिल हैं।

परियोजना संबंधी निष्पादन

परियोजना प्रबंधन में मुख्य योग्यता सहित ईआईएल गुणवत्ता, समय, लागत और अन्य प्रमुख निष्पादन सूचकांकों पर उच्च स्तर के निष्पादन से अपने ग्राहकों को परियोजनाओं को निष्पादित करने और वितरित करने का प्रयास करता है। इनमें से कई परियोजनाओं ने नए उद्योग मानक भी बनाए हैं।

वर्ष के दौरान पूरी की गई कुछ प्रमुख परियोजनाओं में सीपीसीएल रिफाइनरी की बीवी–VI ऑटो ईंधन परियोजना में एसआरबी की शुरुआत, छारा एलएनजी टर्मिनल परियोजना का यांत्रिक समापन, कोच्चि–पलक्कड़ एलपीजी पाइपलाइनों का यांत्रिक समापन, कॉकण एलएनजी लिमिटेड में एलएनजी ट्रक लदान सुविधा (टीएलएफ) का यांत्रिक समापन, जीजीएसपीएपी, एचएमईएल भटिंडा की एलएलडीपीई/एचडीपीई (स्विंग) इकाई का समापन, आईओसीएल ऐश्वर्या परियोजना की सोर वाटर स्ट्रिपर इकाई और अमाइन पुनर्जनन इकाई का निष्पादन गारंटी परीक्षण, धोबी–दुर्गापुर हल्दिया पाइपलाइन परियोजना के तहत जमशेदपुर स्परलाइन की शुरुआत, ओएनजीसी, उरण में स्लग कैचर


छारा एलएनजी परियोजना


कॉकण एलएनजी लिमिटेड में एलएनजी ट्रक लदान सुविधा


ओएनजीसी की स्लग कैचर परियोजना

परियोजना (चरण–1) को शुरू करना और पीजीटीआर, आईईडब्लू 2024 के लिए अवसंरचना कार्य को पूरा करना और आईपीएसएचईएम परिसर, गोवा में प्रमुख सुविधाएं, असम में पीएनसीपीएल परियोजना के लिए इंटरसेक्शन तकनीक सहित दुनिया की सबसे लम्बी एचडीडी क्रॉसिंग (28" आकार) को पूरा करना, राजस्थान रिफाइनरी परियोजना में 6500 एमड/घंटे क्षमता वाले प्राकृतिक जल शोधन संयंत्र (आरडब्लूटीपी) का यांत्रिक कार्य पूरा करना और आईओसीएल–बरौनीइंडजेटो इकाई के पीजीटीआर को पूरा करना।

ईएल के लिए यह गर्व की बात है कि स्वदेशी तकनीक इंडजेट, जिसका व्यवसायीकरण किया जा रहा है, को ईआईएल के अनुसंधान और विकास और आईओसीएलके अनुसंधान और विकास ने एटीएफ के उत्पादन के लिए संयुक्त रूप से विकसित किया है और यह प्रक्रिया पाइपलाइन संगत केरोसिन (पीसीके) का उत्पादन करने में भी सक्षम है।



आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी में इंडजेट परियोजना



(जीजीएसपीएपी), एचएमईएल में स्थित इकाई) एलएलडीपीई हॉप



पीएनसीपीएल परियोजना के लिए दुनिया की सबसे लंबी एमडीपी कॉलिंग

14.2.1.3. वित्तीय निष्पादन

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, ईआईएल ने क्रमशः ₹ 3,232.16 करोड़ और ₹ 470.41 करोड़ का कारोबार और कर से पहले लाभ प्राप्त किया।

14.2.1.4. मानव संसाधन संबंधी पहल

ईएलएल मानव संसाधन आधारित संगठन है और अपने मुख्यालय और निर्माण स्थलों, गुरुग्राम कार्यालय सहित विदेशी कार्यालयों में बहु–विषयक इंजीनियरिंग कार्यबल के माध्यम से काम करता है। 31 मार्च 2024 तक ईआईएल की स्वीकृत कार्यबल 2649 थी। वर्ष के दौरान मानव संसाधन फ्रंट पर कई पहल की गई, जिसमें मार्च 2023–मार्च 2024 की अवधि के लिए "ग्रेट प्लेस टू वर्क" के रूप में प्रमाणन, ई–साइन आधारित दावा प्रस्तुतियाँ और लेन–देन की शुरूआत सहित सहज एकीकरण और मानव संसाधन सेवा वितरण के लिए मानव संसाधन सॉफ्टवेयर का उन्नयन, बेहतर कर्मचारी जुड़ाव लाने के लिए मानव संसाधन नीतियों की समीक्षा और समीक्षा जिसमें "सहयोग ऋण योजना" की शुरूआत के माध्यम से कर्मचारी लाभ में वृद्धि शामिल है जो सरल और चुस्त–दुरुस्त आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से कर्मचारियों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करती है, आरोग्यम के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करता है: कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए दैनिक ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन करता है।



आरोग्यम–दैनिक ऑनलाइन योग सत्र

ईआईएल ने टीम लीडर्स और समूह प्रमुख के लिए 11 दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम "दक्ष", वरिष्ठ अधिकारियों के लिए 12–सप्ताह का अग्रिम नेतृत्व विकास कार्यक्रम "शिखर" और नेतृत्व विकास कार्यक्रम–आरोहण जैसे दीर्घकालिक शिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किए हैं। ईआईएल ने विदेश मंत्रालय (एमईए) के अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) मंच के साथ सहयोग करके वैश्विक शिक्षण भागीदार के रूप में भी उभर रहा है और मंगोल रिफाइनरी के अधिकारियों के लिए 10 सप्ताह का तकनीकी प्रशिक्षण आयोजित किया है। वर्ष के दौरान विभिन्न कर्मचारी सहभागिता कार्यकलापों का भी आयोजन किया जाता है, जिनमें "ऊर्जालेख"–जो कि उद्योग–व्यापी तकनीकी पेपर लेखन प्रतियोगिता

है, "दर्पण"–एक इन–हाउस फोटोग्राफी प्रतियोगिता और विशेषज्ञ व्याख्यान श्रृंखला–"इसमें सुविधा व्याख्यान श्रृंखला" शामिल है. इसके अतिरिक्त, सभी कर्मचारियों के लिए ईआईएल– गुरुग्राम कार्यालय परिसर में इन–हाउस क्रेच सुविधा भी स्थापित की गई है।



सिक्योर–वरिष्ठ अधिकारियों के लिए उन्नत नेतृत्व कार्यक्रम



गुरुग्राम परिसर में ईआईएल क्रेच

14.2.1.5. प्रौद्योगिकी विकास और व्यावसायीकरण

ईआईएल आंतरिक और विभिन्न हितधारकों के साथ सहयोगात्मक विकास के माध्यम से प्रौद्योगिकी विकास में सबसे आगे है। वर्ष के दौरान कई प्रौद्योगिकी विकास परियोजनाएं शुरू की गईं, जिनमें एसओ, की रोकथाम के लिए प्रक्रिया का विकास, टीजीटीयू क्वेंच कॉलम में फिसलन, बेहतर संचालन और ऊर्जा अनुकूलन के लिए नए सीडीयू–वीडीयू, विन्यास का डिजाइन, मल्टी–डाउनकमर ट्रे के लिए डिजाइन क्षमताओं का विकास, ग्रीन हाइड्रोजन शुद्धिकरण के लिए डी–ऑक्सो रिएक्टर प्रौद्योगिकी का विकास, कोयले के लंबे परिवहन के लिए स्लरी पाइपलाइन के लिए डिजाइन पद्धति का विकास, मॉडल बायोमास तेल से ग्रीन हाइड्रोजन संश्लेषण के लिए बहु–कार्यात्मक अनुरूप विषम उत्प्रेरक विकास और प्राकृतिक गैस से दुर्लभ गैस की वसूली के लिए प्रक्रिया का विकास शामिल है।

वर्ष के दौरान ईआईएल द्वारा विकसित कई प्रौद्योगिकियों का व्यावसायीकरण भी किया गया, जिसमें नुमालीगढ़ रिफाइनरी में जलीय अमोनिया इकाई की स्थापना, ईएलएल द्वारा लाइसेंस प्राप्त एनआरएल एसआरयू और टीजीटीयू की कमीशनिंग और पीजीटीआर गतिविधियां, नयारा एनर्जी लिमिटेड में सीडीयू–2 पुनरुद्धार के तहत इंजीएचओजी के लिए बेसिक इंजीनियरिंग डिजाइन पैकेज (बीईडीपी) की आपूर्ति, एचपीसीएल–वीआर में एलपीजी उपचार प्रौद्योगिकी के लिए मालिकाना संपर्ककर्ता का नवीनीकरण और कोच्चि रिफाइनरी में सुपर एब्जॉर्बेंट पॉलीमर (एसएपी) उत्पादन संयंत्र के लिए बीईडीपी शामिल है।

ईआईएल स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापनों और एमओए करने के विभिन्न हितधारकों के साथ सहयोग भी करता है। इनमें से कुछ सहयोगी साझेदारी समझौतों और प्रौद्योगिकी गठजोड़ में भारत और विदेशों में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा को एकीकृत करके सौर सीएसपी डोमेन में समाधान और सेवाओं की पूरी श्रृंखला प्रदान करने के लिए सनराइज सीएसपी ग्रुप के साथ समझौता ज्ञापन शामिल है। वैज्ञानिक जानकारी का आदान–प्रदान, संयुक्त अनुसंधान, हाइड्रोकार्बन, पेट्रोकेमिकल्स, ऊर्जा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने और एचपीसीएल द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों/संयुक्त रूप से विकसित प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण के लिए एचपीसीएल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। बीपीसीएल द्वारा उत्पन्न तकनीक पर बीएफडब्ल्यू के लिए हाईजी डीएरेशन प्रौद्योगिकी के लिए संयुक्त प्रौद्योगिकी के विकास के लिए बीपीसीएल के साथ और एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। ईआईएल ने सीओ, को मूल्यवान रसायनों में बदलने, सीओ, के उत्प्रेरक रूपांतरण और लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोमास को रसायनों में बदलने के लिए उत्प्रेरक प्रक्रिया के विकास जैसे पारस्परिक हित के क्षेत्रों में अनुसंधान हेतु सहयोगी कार्यकलापों के लिए आईआईटी रुड़की के साथ सहयोगी साझेदारी भी की है।

ईआईएल प्रोसेस साईस टेक्नोलॉजी सेंटर (पीएसटीसी) की सदस्यता भी रखता है, जो कि टेक्सास विश्वविद्यालय, यूएसए द्वारा शुरू किया गया एक उद्योग–अकादमिक सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रम है, फ्रैक्शनेशन रिसर्च इनकॉर्पोरेटेड (एफआरआई), ओक्लाहोमा, यूएसए स्थित एक गैर–लाभकारी सहकारी अनुसंधान संगठन और प्रोसेस इंटीग्रेशन रिसर्च कंसोर्टियम (पीआईआरसी), मैनचेस्टर विश्वविद्यालय, यूके।



ईआईएल का सनराइज सीएसपी ग्रुप के साथ समझौता ज्ञापन

14.2.1.6. स्टार्टअप पहल– इंग्सुई

ईआईएल के अनुसंधान और विकास ने भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके लिए ईआईएल की स्टार्टअप पहल "इंग्सुई" को आगे बढ़ाया जा रहा है। इंग्सुई के तहत, ईआईएल स्टार्टअप को बौद्धिक, ढांचागत और वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। ईएलएल हाइड्रोकार्बन, आईटी और आईआईओटी, नवीकरणीय ऊर्जा और भंडारण, नैनो–सामग्री, अपशिष्ट से ऊर्जा, स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाली स्टार्टअप परियोजनाओं को वित्तपोषित करता है। 9 आईआईटी और 4 एनआईटी ने ईआईएल की स्टार्टअप इंडिया पहल के साथ पंजीकरण कराया है। अब तक 6 दौर में कुल 27 परियोजनाओं को वित्तपोषित किया गया है। हाल ही में, सातवें दौर का प्रस्ताव स्क्रीनिंग प्रक्रियाधीन है।

पेटेंट पोर्टफोलियो

पेटेंट दर्ज करना और अनुदान प्रदान करना ईआईएल के लिए महत्वपूर्ण कार्यकलाप है जिसके माध्यम से यह अपनी बौद्धिक संपदा की रक्षा करता है। इस प्रयास में वर्ष 2023–24 के दौरान ईआईएल ने 13 पेटेंट दाखिल किए जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- एच25 समृद्ध हाइड्रोकार्बन प्रणाली से उत्पन्न व्ययित कास्टिक धारा के शोधन के लिए विधि और प्रणाली
- कोश के लिए अस्तर प्रणाली
- निलंबित माइक्रो–लिग्निन समस्या निवारण हेतु द्वितीय पीढ़ी (2जी) इथेनॉल जैव–रिफाइनरियों के लिए नवीन अनुरूपित आसवन टॉवर इंजीनियरिंग डिजाइन
- कम ईंधन खपत सहित कच्चे तेल के प्रसंस्करण के लिए सौर ऊर्जा आधारित प्रक्रिया और उपकरण
- परिवेशीय परिस्थितियों में कच्चे तेल के भूमिगत भंडारण के लिए विधि, जो पर्याप्त सुरक्षा स्तर प्रदान करते हुए सभी तरफ से संरक्षित होती है
- वैक्यूम आसवन इकाई में निम्न ग्रेड गर्मी का उपयोग
- एबुलेटेड बेड अवशेष हाइड्रोक्रैकर से कुल अपरिवर्तित तेल को संसाधित करने के लिए विलंबित कोकर इकाई का पुनः प्रयोजन करना
- जीएचजी उत्सर्जन का अनुमान लगाने की विधि और प्रणाली
- औद्योगिक हीटर लगाने की प्रणाली
- हैंगिंग डाउनकमर्स के साथ आसवन स्तंभ
- बाहरी रूप से दुर्गम दीवार ट्यूब हैंगर समर्थन को समायोजित करने के लिए प्रणाली
- कुशल ताप हस्तांतरण के लिए नवीन आर्क–गुंबददार टू काउंटर करंट प्लेट एयर प्रीहीटर
- फायर्ड हीटर

इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 16 पेटेंट प्रदान किए गए, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं;

- डिगैसिंग सहित जमीन के ऊपर तरल सल्फर सील के लिए विधि और उपकरण
- प्री–फ्लैश ड्रम में डी–फोमिंग साइक्लोनिक उपकरण
- उच्च राख वाले कोयले को संभालने वाले द्रवित बिस्तर गैसीफायर के लिए फ्लैट प्लेट प्रकार का वितरक
- डिसाल्टर पात्र
- कोकरंट डाउनफ्लो ट्रिकल बेड रिएक्टर के लिए नवीन गैस–तरल इनलेट डिफ्यूजर
- पानी के डीऑक्सीजनेशन के लिए उपकरण और कैम के लिए प्रक्रिया

- कम दबाव वाले द्रव को पुनः प्राप्त करने और अलग करने के लिए उपकरण
- प्रणाली का उपयोग करके कैम में ऊर्जा के अनुकूलन की विधि
- सीओ, समृद्ध धारा का उपयोग करके क्षारीय अपशिष्ट जल के निष्प्रभावीकरण के लिए उपकरण और प्रक्रिया
- उच्च दबाव, तापमान और नमी सामग्री संश्लेषण गैस नमूनाकरण के लिए प्रणाली और प्रक्रिया
- उच्च शुद्धता सीओ, की वसूली सहित मेथनॉल उत्पादन के लिए उच्च राख भारतीय कोयले से सिंथेटिक गैस के शुद्धिकरण के लिए प्रणाली और प्रक्रिया
- ईंधन को कम करके गर्मी की वसूली और दक्षता में सुधार के लिए आत्मनिर्भर प्रक्रिया और प्रणाली
- थर्मोडायनामिक चक्र का उपयोग करके मौजूदा गैस टरबाइन से बिजली उत्पादन को अधिकतम करना
- चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में हाइड्रोडायनामिक कैविटेशन के आधार पर जल कंडीशनिंग उपकरण और विधि
- फायर हीटर सिस्टम के लिए वायु वितरण वाहिनी प्रणाली
- फायर हीटर के लिए स्पष्ट रूप से रिसाव–रोधी विस्फोट द्वार की व्यवस्था

14.2.1.7. सीएसआर संबंधी कार्यकलाप :

ईआईएल समाज में कंपनी के समग्र योगदान को बढ़ाने के लिए आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार तरीके से काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी की सीएसआर नीति का उद्देश्य समावेशी विकास को बढ़ावा देकर सामाजिक उत्थान की प्रक्रिया के माध्यम से लोगों के जीवन को समृद्ध बनाना और संधारणीय प्रक्रिया के माध्यम से पर्यावरण को रिचार्ज करना है।

सीएसआर कार्यकलाप कंपनी अधिनियम की अनुसूची VII और भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा जारी परिपत्रों/संशोधनों/दिशानिर्देशों/निदेशों/नियमों और अधिसूचनाओं के अनुपालन में की जाती है। ईआईएल के सीएसआर के प्रमुख ध्यान–केन्द्रित क्षेत्र स्वास्थ्य सेवा और पोषण, शिक्षा/कौशल विकास, पेयजल/स्वच्छता, ग्रामीण विकास, पर्यावरण संरक्षण/स्थायित्व, वंचितों का उत्थान, महिला सशक्तिकरण और विशिष्ट सरकारी कार्यक्रमों/योजनाओं को पूरक बनाना है।

सीएसआर कार्यकलापों का उद्देश्य स्थानीय, राज्य या केंद्र सरकार की चल रही और नियोजित पहलों को पूरक/समर्थित करना है, जिसमें हमारे परियोजना स्थलों/कार्यालयों और मुख्यालय सहित देश भर में विभिन्न स्थानों पर पिछड़े क्षेत्रों और वंचितों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। किए गए कार्यकलापों के दोहराव से बचने के लिए राज्य सरकारों, जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन के साथ–साथ केंद्र सरकार के विभागों/एजेंसियों, स्वयं सहायता समूहों आदि के साथ सामंजस्य करता है और परामर्श भी लेता है।

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार, पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान किए गए औसत निवल लाभ का कम से कम 2% का बजटीय आवंटन वित्तीय वर्ष 2023–24 में सीएसआर कार्यकलापों के लिए किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2023–24 (31 मार्च, 2024 तक) में परियोजनाओं/कार्यकलापों के प्रकार पर संक्षिप्त विवरण के साथ हमारी सीएसआर गतिविधियों के विभिन्न प्रमुख क्षेत्र नीचे दिए गए हैं:

स्वास्थ्य सेवा और पोषण (संजीवनी)–

इस प्रमुख क्षेत्र के अंतर्गत पूर्ण की गई परियोजनाओं में असम के आकांक्षी जिले धुबरी में 140 मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थापना; इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और अनुसंधान संस्थान, पुडुचेरी में एनेस्थिसियोलॉजी, कान नाक गला, रेडियो डायग्नोसिस और यूरोलॉजी विभाग के लिए चिकित्सा उपकरणों की खरीद; उत्तराखंड के आकांक्षी जिले हरिद्वार में 600 मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे और दवाओं के वितरण सहित नेत्र जांच शिविरों के लिए सहायता; असम के चार आकांक्षी जिलों बक्सा, उदलगिरी, बारपेटा और हैलाकांडी में नेत्र और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए; पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में टीएलएम पुरुलिया कुष्ठ रोग गृह और अस्पताल को चिकित्सा उपकरण प्रदान किए गए; असम के 4 जिलों में

चिकित्सा शिविरों और जीवन रक्षक उपचार के लिए एडवांस लाइफ एम्बुलेंस, गरीब और जरूरतमंद दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर चार शिविर आयोजित किए, महाराष्ट्र के आकांक्षी जिले नंदुरबार में डेस्क के साथ अभिनव स्कूल बैग वितरित करके बच्चों की रीढ़ और नेत्र स्वास्थ्य सुधार पर कार्यक्रम के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राजस्थान के बाड़मेर जिले के आसपास के क्षेत्रों में चिकित्सा वैन के लिए सहायता की।

इस क्षेत्र के अंतर्गत कार्यान्वयन के तहत परियोजनाओं में राजीव गांधी कैंसर संस्थान और अनुसंधान केंद्र, नई दिल्ली में 8 वंचित कैंसर रोगियों के उपचार में सहायता करना और गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश की मलिन बस्तियों में जन आरोग्यम सामुदायिक स्वास्थ्य क्लिनिक के लिए सहायता प्रदान करना शामिल है।



संपूर्ण भारत में 4 स्थानों पर दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण और सहायता सामग्री वितरित की गई



नंदुरबार, महाराष्ट्र में बच्चों को डेस्क सहित अभिनव स्कूल बैग वितरित किए गए



पुथरी, असम में मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र



बाड़मेर जिले, राजस्थान में ग्रामीणों की सेवा करने वाली चिकित्सा वैन

शिक्षा (प्रज्ञाता)/कौशल विकास (प्रवीण)– इस क्षेत्र के अंतर्गत पूर्ण की गई परियोजनाओं में कर्नाटक के धारवाड़ के कबेनूर में सरकारी स्कूल भवन का निर्माण; अहमदाबाद (गुजरात) में कौशल विकास संस्थानों के संचालन के लिए निधि में योगदान; पुडुचेरी के कराईकल जिले के 2 सरकारी स्कूलों और असम के दरंग जिले के 21 सरकारी स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण; स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत असम, तमिलनाडु और ओडिशा में ईआईएल द्वारा निर्मित स्कूल शौचालयों का अनुरक्षण शामिल हैं।



एसडीआई–अहमदाबाद में अभ्यर्थियों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण



धारवाड़, कर्नाटक में स्कूल भवन का निर्माण

महिला सशक्तिकरण (शक्ति)– इस क्षेत्र के अंतर्गत पूर्ण की गई परियोजना में झारखंड के गिरिडीह जिले के आकांक्षी जिले में ग्रामीण लड़कियों/महिलाओं के लिए स्वास्थ्य और रिन्नयों का मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता जागरूकता शिविरों के लिए सहायता शामिल हैं।



गुरुग्राम, हरियाणा में मियावाकी वन का विकास



डरंग, असम में सरकारी स्कूलों कक्षाओं का निर्माण किया गया



डरंग, असम में सरकारी स्कूलों कक्षाओं का निर्माण किया गया

पर्यावरण संरक्षण (प्रकृति)– इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के अंतर्गत पूर्ण की गई परियोजना में पश्चिम बंगाल में दिव्यांगजनों के लिए आरोग्य संधान आवासीय देखभाल गृह में 40 किलोवाट की छत पर सौर ग्रिड की स्थापना शामिल है।

इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के अंतर्गत कार्यान्वित की जा रही परियोजना में हरियाणा के गुरुग्राम में मियावाकी वन का विकास शामिल है, ताकि इस क्षेत्र में और उसके आसपास की आम जनता के लाभ के लिए परिवेशी वायु गुणवत्ता, जल संरक्षण, वनस्पति और जीव–जंतु तथा समग्र पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार लाया जा सके।



पश्चिम बंगाल में दिव्यांगजनों के लिए आवासीय देखभाल गृह में छत पर सौर पैनल की स्थापना

14.2.2. ओएनजीसी विदेश लिमिटेड

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी और विदेशी शाखा है। इसे सन 1965 में हाइड्रोकार्बन इंडिया लिमिटेड के रूप में निगमित किया गया था और सन 1989 में इसका नाम बदलकर ओएनजीसी विदेश लिमिटेड कर दिया गया। ओवीएल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत अनुसूची 'क' केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) 'नवरत्न' कंपनी है। ओवीएल का प्राथमिक व्यवसाय भारत के बाहर तेल और गैस के क्षेत्रों की संभावना तलाशना है, जिसमें तेल और गैस की खोज, विकास और उत्पादन शामिल है। भंडार और उत्पादन के मामले में, ओवीएल भारत की दूसरी सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी है, जो अपनी मूल कंपनी ओएनजीसी से दूसरे स्थान पर है।

कंपनी ने 15 देशों में 32 परियोजनाओं में सीधे या अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यम कंपनियों के माध्यम से भागीदारी की है, जिनमें से 16 प्रचालित/संयुक्त रूप से प्रचालित हैं और 16 गैर-प्रचालित (भागीदारी हित के माध्यम से प्रबंधित) हैं। 15 देशों में परियोजनाएं, अर्थात मोज़ाम्बिक, इराक और यूएई में 1-1 परियोजना, अजरबैजान, बांग्लादेश, ब्राजील, दक्षिण सूडान, वियतनाम और वेनेजुएला में 2-2 परियोजनाएं, रूस में 3 परियोजनाएं, कोलंबिया में 4 परियोजनाएं, म्यांमार में 6 परियोजनाएं और 3 देशों में 4 बंद परियोजनाएं।

ओवीएल संतुलित पोर्टफोलियो दृष्टिकोण अपनाता है और उत्पादन, खोज, अन्वेषण और पाइपलाइन परिसंपत्तियों का संयोजन बनाए रखता है। वर्तमान में, ओवीएल के पास 14 परिसंपत्तियों से तेल और गैस का उत्पादन है, 4 परिसंपत्तियां जहां हाइड्रोकार्बन की खोज की गई है और विकास के विभिन्न चरणों में हैं, 11 परिसंपत्तियां अन्वेषण के विभिन्न चरणों में हैं और 3 पाइपलाइन परियोजनाएं हैं।

ओवीएल भारत की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है। वर्ष 2022-23 में, ओवीएल ने 10.171 मिलियन मीट्रिक टन तेल समकक्ष (एमएमटीओई) तेल और गैस का उत्पादन किया, जो भारत के घरेलू तेल और गैस उत्पादन का लगभग 16% है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, ओएनजीसी विदेश ने लगभग 10.518 मिलियन मीट्रिक टन तेल और गैस के समकक्ष (एमएमटीओई) तेल का उत्पादन किया है।

ओवीएल अच्छी तरह से प्रबंधित और व्यावसायिक रूप से प्रचालित कंपनी है। अंतर्राष्ट्रीय तेल और गैस उद्योग में इसकी सफलता का सुदृढ़ कार्य निष्पादन रिकॉर्ड है। ओवीएल भारत को विश्वसनीय और सस्ती ऊर्जा प्रदान करने और देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

14.3. मिनीरत्न पीएसयू

14.3.1. बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड (बीएल)

बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड (बीएल) बहु-प्रौद्योगिकी, बहु-स्थानीय कंपनी है जिसका मुख्यालय कोलकाता में है और इसका संचालन पूरे भारत में विस्तारित है। कंपनी के पास दुबई और इंडोनेशिया में संयुक्त उद्यमों के साथ महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक हित हैं। कंपनी की भारत में एक सहायक कंपनी और कई संयुक्त उद्यम भी हैं। कंपनी का व्यावसायिक हित विनिर्माण और सेवा दोनों में फैला हुआ है। 31 मार्च, 2024 तक कंपनी की अधिकृत और चुकता पूंजी क्रमशः ₹ 300 करोड़ और ₹ 171 करोड़ थी। बामर लॉरी इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड जो एक सरकारी कंपनी है, कंपनी के ₹ 10 प्रति शेयर के रूप में 10,56,79,350 इक्विटी शेयर (कुल चुकता इक्विटी पूंजी का लगभग 61.80%) है। कंपनी ने 2023-24 के दौरान ₹ 2,404.16 करोड़ का निवल कारोबार किया है, जबकि 2022-23 के दौरान यह ₹ 2,383.09 करोड़ था, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 0.88% की वृद्धि दर्ज करता है। वर्ष 2023-24 में कर से पहले लाभ ₹ 278.65 करोड़ रहा, जबकि 2022-23 में यह ₹ 211.30 करोड़ था, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 32% की वृद्धि है। यह वृद्धि सभी विनिर्माण व्यवसायों के साथ-साथ ट्रैवल वर्टिकल के उल्लेखनीय निष्पादन के कारण है।

कंपनी का प्रारक्षित और अधिशेष 31 मार्च 2023 में ₹ 1,185.24 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2024 को ₹ 1,256.21 करोड़ बढ़ गया।

14.3.2. चेन्नै पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

i. चेन्नै पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल), जिसे पहले मद्रास रिफाइनरीज लिमिटेड (एमआरएल) के नाम से जाना जाता था, का गठन सन 1965 में भारत सरकार, एएमओसीओ और नेशनल इरानी ऑयल कंपनी (एनआओसी) के बीच संयुक्त उद्यम के रूप में किया गया था। एएमओसीओ ने सन 1985 में भारत सरकार के पक्ष में सीपीसीएल की इक्विटी का विनिवेश किया। बाद में भारत सरकार ने अपनी इक्विटी आईओसीएल को हस्तांतरित कर दी और सीपीसेल वर्ष 2001 में आईओसीएल की सहायक कंपनी बन गई। मनाली रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 10.5 एमएमटीपीए है।

सीपीसीएल मनाली रिफाइनरी भारत की सबसे जटिल रिफाइनरियों में से एक है, जिसमें ईंधन, स्नेहक, मोम और पेट्रोकेमिकल फीडस्टॉक उत्पादन की सुविधाएँ है। इसकी रिफाइनरी की पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए 5.8 एमजीडी समुद्री जल विलवणीकरण परियोजना उद्योग में अपनी तरह की पहली परियोजना थी।

सीपीसीएल में वैक्स संयत्र की उत्पादन क्षमता प्रति वर्ष 30,000 मीट्रिक टन (एमटी) है, जो मोमबत्ती मोम, जलरोधी फॉर्मूलेशन और माचिस मोम के निर्माण के लिए पैराफिन मोम का उत्पादन करता है। पड़ोसी डाउनस्ट्रीम उद्योगों को पेट्रोकेमिकल फीडस्टॉक की आपूर्ति करने के लिए सन 1988 में 17,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की प्रारंभिक क्षमता सहित प्रोपलीन संयत्र शुरू किया गया था। वर्ष 2004 में प्रोपलीन उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 30,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष करने के लिए इकाई का जीर्णोद्धार किया गया। कंपनी के मुख्य उत्पाद एलपीजी, मोटर स्पिरिट, सुपीरियर केरोसिन, एविएशन टर्बाइन फ्यूल, हाई स्पीड डीजल, नेफ्था, बिटुमेन, ल्यूब बेस स्टॉक, पैराफिन वैक्स, फ्यूल ऑयल, हेक्सेन, पेट्रोकेमिकल फीड स्टॉक और पेट्रोलियम कोक आदि हैं। सीपीसीएल लीनियर अल्काइल बेंजीन के निर्माण के लिए डाउनस्ट्रीम इकाई को लीनियर अल्काइल बेंजीन फीडस्टॉक (एलएबीएफएस) की भी आपूर्ति करता है।

नागपट्टिनम में स्थित सीपीसीएल की दूसरी रिफाइनरी सन 1993 में शुरू की गई थी। यह कावेरी बेसिन रिफाइनरी (सीबीआर) एक छोटी पेल–हेड रिफाइनरी थी जो पास के ओएनजीसी फील्ड, रावा क्रूड और कंजी–डी6 क्रूड से कच्चे तेल का प्रसंस्करण करती थी। मौजूदा कॉन्फिगरेशन सहित उत्पाद विनिर्देशों को पूरा करने में उत्पन्न हुई कठिनाईयों के कारण सीबीआर को दिनांक 01.04.2019 से बंद कर दिया गया है। पेट्रोकेमिकल सुविधा सहित 9.0 एमएमटीपीए क्षमता की नई रिफाइनरी का निर्माण आईओसीएल (आईओसीएल–75% और सीपीसीएल–25%) के साथ संयुक्त उद्यम मोड में की जा रही है।

वर्ष 2023–24 में सीपीसीएल ने कुल 76.2% आसवन का लक्ष्य पूरा कर लिया है।

मापदंड	2022-23	2023-24
क्रूड थ्रुपुट (एमएमटी)	11.316	11.642
आसवन उपज (%)	76.0	76.2

ii. वित्तीय निष्पादन

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान सीपीसीएल में ₹ 90,801 करोड का कारोबार हुआ है। वर्तमान वित्त वर्ष 2023–24 में ₹ 97,207 करोड का कारोबार हुआ है। वित्त निष्पादन का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

मापदंड	वित्त वर्ष 2022–23 वास्तविक	वित्त वर्ष 2023–24
कारोबार	90,801	79,207
कर से पहले लाभ	4,809	3,660
कर पश्चात लाभ	3,534	2,711

iii. परियोजनाएं

क. पूरी की गई प्रमुख परियोजनाएँ

न्यू सल्फर रिकवरी ब्लॉक:

संबंधित आवश्यक ऑफसाइट सहित एसडब्लूएस (सोर वाटर स्ट्रिपर की क्षमता–30 एम³ / घंटे), एआरयू (अमीन पुनर्जनन इकाई की क्षमता–300 एम³ / घंटे) और एसआरयू (सल्फर रिकवरी इकाई की क्षमता 2x100 टीपीडी) से युक्त नया सल्फर रिकवरी ब्लॉक अप्रैल 2023 में शुरू किया गया।

परियोजना की लागत लगभग ₹ 600 करोड़ है।

ख. कार्यान्वयनाधीन प्रमुख परियोजनाएँ

नई विलवणीकरण और आरओ अस्वीकरण पानी के लिए पाइपलाइन बिछाना:

सीपीसीएल मनाली रिफाइनरी और एन्नोर में सीपीसीएल विलवणीकरण संयंत्र के बीच 22 किलोमीटर लंबी नई 28" विलवणीकरण पानी (जीआरपी–ग्लास प्रबलित प्लास्टिक) पाइपलाइन और नई 10" आरओ अस्वीकरण पानी (जीआरपी) पाइपलाइन संबंधी कार्य पूरा किया गया।

परियोजना की अनुमानित लागत ₹ 205 करोड़ है। ±10% (जीएसटी सहित) रुपये है और सितंबर 2025 इसके पूरा होने की संभावना है।

सीबीआर में रिफाइनरी का विस्तार:

क) सीपीसीएल, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के साथ मिलकर ₹ 31,580 करोड़ की अनुमानित लागत से नागपट्टिनम में 9.0 एमएमटीपीए की कावेरी बेसिन रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स परियोजना (सीबीआरपीएल) को शुरू कर रहा है।

ख) रिफाइनरी परिसर बीएस–VI विनिर्देशों को पूरा करने वाले एलपीजी, पेट्रोल, डीजल और एटीएफ और मूल्य वर्धित उत्पाद के रूप में पॉलीप्रोपाइलीन का उत्पादन करेगा। यह परियोजना देश के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप इंडमैक्स, ऑक्टामैक्स आदि जैसी कई स्वदेशी तकनीकों का उपयोग कर रही है।

ग) नई रिफाइनरी लगभग 1300 एकड़ भूमि में स्थापित की जाएगी। तमिलनाडु की सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण पूरा कर लिया गया है और इसके लिए भूमि 31 अक्टूबर 2023 को सीपीसीएल को सौंप दी गई थी।

घ) मौजूदा रिफाइनरी को हटाने का काम पूरा हो गया है और निर्माण संबंधी विद्युत, निर्माण जल, साइट ग्रेडिंग, स्थलाकृतिक और भू–तकनीकी सर्वेक्षण, सीमा दीवार और सड़क और नाली संबंधी सक्षम कार्यकलाप निर्माणाधीन हैं।

ङ) परियोजना की आधारशिला 17 फरवरी 2021 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा रखी गई थी। यह परियोजना न केवल भारत की ऊर्जा सुरक्षा में बढ़ोत्तरी करेगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी सृजन करेगी (परियोजना निर्माण चरण के दौरान 25,000 से अधिक सहित 12,000 / दिन जनशक्ति, 600 प्रत्यक्ष रोजगार और परियोजना के संचालन चरण के दौरान 2000 अप्रत्यक्ष रोजगार) और क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी।

च) इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण और प्रबंधन (ईपीसीएम) सलाहकार (इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, मैकडरमोट और टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स) को संरेखित किया गया है और विस्तृत इंजीनियरिंग की गई है। निविदा और खरीद संबंधी कार्यकलाप प्रगति पर हैं।

छ) सभी प्रमुख उपकरणों, कार्य संविदा (एलएसटीके और बीओओ सहित), पैकेजों के लिए पूछताछ शुरू कर दी गई है और वे निविदा, मूल्यांकन और प्रदान किए जाने के विभिन्न चरणों में है।

ज) कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय से संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) के निगमन का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है।

झ) जेवीसी में आईओसीएल और सीपीसीएल द्वारा इक्विटी के निवेश के लिए संवैधानिक अनुमोदन के अनुसार परियोजना को 39 महीनों में पूरा किया जाना है

ग. भावी परियोजनाएँ

सीपीसीएल बेहतर एलओबीएस उत्पादन के लिए ग्रुप II ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक के उत्पादन के लिए परियोजना लागू करने की योजना बना रही है। सीपीसीएल / आईओसीएल बोर्ड से पहले चरण का अनुमोदन मिल गया है और बीडीईपी की तैयारी और डीएफआर की तैयारी जैसी परियोजना–पूर्व कार्य पूरी हो गया हैं। जनवरी 2024 में पर्यावरणीय अनुमोदन प्राप्त हुआ है।

iv. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और संधारणीय विकास:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के तहत और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सीएसआर नियमों और डीपीई द्वारा जारी सीएसआर और संधारणीयता पर

लागू दिशानिर्देशों के अनुरूप सीपीसीएल की सीएसआर और संधारणीयता नीति तैयार की गई है।

कंपनी की सीएसआर नीति का उद्देश्य उन समुदायों की आर्थिक और सामाजिक स्थितियों पर सकारात्मक प्रभाव डालना है जिनमें यह काम करती है और समावेशी विकास को बढ़ावा देकर सामाजिक उत्थान की प्रक्रिया के माध्यम से लोगों के जीवन को समृद्ध बनाना और संधारणीय प्रक्रिया के माध्यम से पर्यावरण को पुनर्जीवित करना है।

सीपीसीएल के सीएसआर के मुख्य ध्यान–केन्द्रित क्षेत्र निम्नानुसार हैं:

- शिक्षा / कौशल प्रशिक्षण
- स्वास्थ्य
- पेयजल एवं स्वच्छता
- सामुदायिक विकास
- पर्यावरण संधारणीयता विकास
- दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण
- महिला सशक्तिकरण
- सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों का सशक्तिकरण

सीपीसीएल द्वारा की गई कतिपय सीएसआर कार्यकलाप निम्नानुसार हैं:

- वॉकहार्ट फाउंडेशन के माध्यम से रिफाइनरी के आसपास के लोगों को नेत्र विज्ञान, दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी और रक्त विज्ञान से संबंधित मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन करना।
- हेल्पेज इंडिया के माध्यम से तमिलनाडु में चेन्नै के निकट मनाली, नागापट्टिनम और रामनाथपुरम (आकांक्षी जिला) में मोबाइल मेडिकल हेल्थ केयर यूनिट का संचालन और अनुरक्षण, जिससे लगभग 30 गावों को सामान्य स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान की जा सकें।
- चेन्नै स्थित मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की इकाई शंकर नेत्रालय के माध्यम से नागपट्टिनम में मेगा नेत्र देखभाल शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 800 से अधिक लाभार्थियों की दृष्टि सुधार के लिए सहायता प्रदान की गई; तथा 122 मोतियाबिंद शल्यचिकित्सा के साथ–साथ शल्यक्रिया उपरांत समीक्षा भी की गई।
- तमिलनाडु के चेन्नै और तिरुवल्लूर जिलों में विभिन्न स्थानों पर अनेक शिविरों का आयोजन करके एलिम्को लिमिटेड के माध्यम से बहु–दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों के वितरण के लिए प्रायोजन करना।
- दृष्टिबाधित छात्रों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले स्मार्ट विजन ग्लास और सहायक उपकरण का वितरण।
- चेन्नै के अरिग्नार अन्ना प्राणी उद्यान में हाथियों को गोद लेना और उनका कल्याण करना।
- क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट, चेन्नै के माध्यम से क्लबफुट की समस्या के साथ जन्मे शिशुओं / बच्चों को पोन्सेटी विधि (गैर–शल्य चिकित्सा) के माध्यम से क्लबफुट के कारण होने वाली विकलांगता के उपचार हेतु योगदान।
- आईआईटी मद्रास इनक्यूबेशन सेल के माध्यम से चेन्नै मेट्रोपॉलिटन वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड (सीएमएसएसडब्ल्यूबी), चेन्नै के लिए रोबोटिक स्कैवेंजिंग मशीन की खरीद में योगदान, ताकि मैनुअल स्कैवेंजिंग को कम किया जा सके और समाप्त किया जा सके तथा पहले मैनुअल स्कैवेंजिंग कार्यकलाप से जुड़े लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर किया जा सके।
- मनाली रिफाइनरी के आसपास के गरीब और जरूरतमंद लोगों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए सीपीसीएल शिक्षा ट्रस्ट के माध्यम से पॉलिटेक्निक कॉलेज का संचालन।
- गरीब और वंचित छात्रों के लिए सीआईपीईटी, चेन्नै के माध्यम से मशीन ऑपरेटर प्लास्टिक प्रसंस्करण पाठ्यक्रम पर छह महीने के पूर्णकालिक आवासीय रोजगार उन्मुख कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रायोजन।
- विभिन्न सरकारी अस्पतालों के लिए महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों की खरीद और सहायता।
- जेईई / नीट कोचिंग क्लास के छात्रों के लिए प्रायोजन।
- श्री अरबिंदो सोसाइटी, पुदुचेरी द्वारा शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से महिला सशक्तिकरण
- मानसून में भारी वर्षा के दौरान नदी के पानी का मुक्त प्रवाह सुनिश्चित करने और इस प्रकार निचले इलाकों में बाढ़ की घटनाओं को रोकने के लिए नागपट्टिनम में वेन्नार उप बेसिन में नदी, चैनलों और नालों से जलकुंभी को हटाना
- हरित तमिलनाडु मिशन के माध्यम से भूजल संरक्षण, मृदा क्षरण की रोकथाम और पर्यावरणीय संधारणीयता के लिए नागपट्टिनम जिले के 14 तटीय क्षेत्रों में एक करोड़ पाल्मीरा के बीज बोए जाएंगे।

- चेन्नै में रिफाइनरी के आसपास सरकारी स्कूलों और कॉलेजों के अवसंरचना और सुव्यवस्थित स्कूली कक्षा का विकास, सामुदायिक हॉल, आंगनवाड़ी, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, भोजन और बहुउद्देश्यीय हॉल, विश्राम कक्ष का निर्माण, सरकारी स्कूलों में प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा का विस्तार आदि के लिए प्रायोजन और वित्तपोषण।
- सीपीसीएल ने वर्ष के दौरान 1040 किलोवाट के छत पर सौर पैनल शुरू किए हैं। इसके साथ ही कुल स्थापित छत पर सौर पैनल की क्षमता 2255 किलोवाट हो गई है।

14.3.3. मैंगलोर रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल)

14.3.3.1. कंपनी का संक्षिप्त विवरण:

मैंगलोर रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) श्रेणी 1 मिनीरत्न, "अनुसूची–क" सीपीएसई और ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) की सहायक कंपनी है।

रिफाइनरी में 24 से 46 एपीआई ग्रेविटी सहित कच्चे तेल को संसाधित करने के लिए उच्च समुत्थानशील सहित एक बहुमुखी रूपरेखा है और यह एक उच्च स्तरीय स्वचालन रिफाइनरी है।

रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 15 एमएमटीपीए है। एमआरपीएल ने वर्ष 2022–23 के दौरान 17.116 एमएमटी का अब तक का सबसे अधिक क्रूड थ्रुपुट प्राप्त किया है जबकि पिछले वर्ष 2021–22 के दौरान यह 15.04 एमएमटी था, जिसमें 114% की उपयोग क्षमता देखी गई है। यह किसी एक स्थान के पीएसयू द्वारा किया गया सबसे अधिक थ्रुपुट था। एमआरपीएल ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान ₹ 2,638 करोड़ का कर पश्चात लाभ (पीएटी) अर्जित किया, जबकि पिछले वर्ष वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान इसमें ₹ 2,955 करोड़ का लाभ हुआ था।

14.3.3.2. परियोजनाएँ

30 एमएलडी से 40 एमएलडी तक विलवणीकरण संयंत्र का विस्तार

एमआरपीएल ने गर्मियों / कमजोर मानसून के दौरान रिफाइनरी के निरंतर संचालन को सुनिश्चित करने के लिए न्यू मैंगलोर पोर्ट अथॉरिटी की भूमि पर थन्नीरबावी में 30 एमएलडी क्षमता का विलवणीकरण संयंत्र स्थापित किया है, ताकि नेत्रावली नदी के ताजे पानी का एकमात्र स्रोत होने के जोखिम को समाप्त किया जा सके। विलवणीकरण संयंत्र की क्षमता को 30 एमएलडी से बढ़ाकर 40 एमएलडी करने का काम शुरू किया गया। यह परियोजना फरवरी 2024 में शुरू हो जाएगी।

देवांगोथी में विपणन टर्मिनल

मुख्य रूप से कर्नाटक राज्य में पेट्रोलियम उत्पादों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ₹ 304 करोड़ की स्वीकृत लागत से देवांगोथी, बेंगलुरु में विपणन टर्मिनल स्थापित किया जा रहा है। टर्मिनल को एमआरपीएल से मौजूदा पीएमएचबीएल पाइपलाइन के माध्यम से तैयार पेट्रोलियम उत्पाद (एमएस, एचएसडी और एटीएफ) प्राप्त होंगे। खुदरा दुकानों / ग्राहकों / विमानन केन्द्रों को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति सड़क टैंकरों के माध्यम से की जाएगी। मैसर्स नौबता इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड इस परियोजना के लिए सलाहकार है। टर्मिनल के निर्माण संबंधी कार्यकलाप अंतिम चरण में हैं और वित्त वर्ष 2024–25 की पहली तिमाही तक पूरा होने की उम्मीद है।

सीसीआर–1 का पुनरुद्धार

सीसीआर–1 भारी नेफ्था फीडस्टॉक को गैसोलीन मिश्रण के लिए उच्च ऑक्टेन रिफॉर्मेट में परिवर्तित करता है और हाइड्रो–ट्रीटिंग / हाइड्रोक्रैकिंग के लिए हाइड्रोजन का उत्पादन करता है। सीसीआर–1 के रीजेनरेटर भाग का पुनरुद्धार रीजेनरेटर कोक बर्न क्षमता को बढ़ाने के लिए किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप कुल क्षमता 75 एमं / घंटे से बढ़कर 80 एमं / घंटे हो गई। यह परियोजना पूरी हो गई है और मई 2023 में इसकी शुरूआत की गई है।

विद्युत प्रणाली उन्नयन परियोजना

इस परियोजना में ग्रिड कनेक्टिविटी और रिफाइनरी प्रणाली उन्नयन को बढ़ाने की परिकल्पना की गई है, जिसमें रिफाइनरी के लिए 220 / 33 केवी स्तर पर ग्रिड कनेक्टिविटी का कार्यान्वयन और एरोमैटिक्स के लिए 110 / 33 केवी पर ग्रिड कनेक्टिविटी शामिल है। रिफाइनरी विद्युत प्रणाली उन्नयन, एसटीजी और कूलिंग वॉटर सिस्टम संशोधन के साथ–साथ अन्य सक्षम कार्यकलाप इस परियोजना के कार्यक्षेत्र का अंश हैं। मेसर्स ट्रैक्टबेल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड इस परियोजना का प्रबंधन सलाहकार है। परियोजना का यांत्रिक कार्य वित्त वर्ष 2025–26 की तीसरी तिमाही में पूरा होना निर्धारित है।

पीएफसीसी रीजेनरेटर स्टैक वेट स्क्रबर सिस्टम

इस परियोजना की परिकल्पना प्रदूषण नियंत्रण उपाय के रूप में पीएफसीसी की फ्लू गैस में एसपीएम उत्सर्जन को कम करने के लिए की गई है। पेट्रोकेमिकल फ्लूइडाइज्ड कैटेलिटिक क्रैकिंग (पीएफसीसी) इकाई हाइड्रोक्रैकर इकाइयों, सीधे चलने वाले कम सल्फर वैक्यूम गैस तेल और हाइड्रो शोधित भारी कोकर गैस तेल से अपरिवर्तित तेल को संसाधित करती है और प्रोपलीन, एलपीजी और गैसोलीन जैसे मूल्य वर्धित उत्पादों में परिवर्तित करती है। रीजेनरेटर स्टैक वेट स्क्रबर सिस्टम प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उत्सर्जन मानदंडों को पूरा करना सुनिश्चित करता है। मेसर्स थिसेनक्रुप इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड परियोजना प्रबंधन सलाहकार है और मेसर्स कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लिमिटेड परियोजना के लिए एलएसटीके संविदाकार है। परियोजना का यांत्रिक कार्य वित्त वर्ष 2024–25 की पहली तिमाही में पूरा होना अपेक्षित है।

पीएफसीसी एलपीजी+प्रोपलीन अमीन स्क्रबर

पेट्रोकेमिकल फ्लुइडाइज्ड कैटेलिटिक क्रैकिंग (पीएफसीसी) में उच्च सल्फर सामग्री वाले फीड को प्रोसेस करते समय, एलपीजी और प्रोपलीन स्ट्रीम में उच्च हाइड्रोजन सल्फाइड (एच,एस) की अपेक्षा की जाती है। एलपीजी और प्रोपलीन उत्पाद में एच,एस को पूरा करने के लिए वर्तमान प्रणाली कास्टिक वॉश है। अमीन स्क्रबर सिस्टम काफी हद तक कास्टिक वॉश पर निर्भरता को कम करता है। यह प्रणाली और प्रोपलीन स्ट्रीम में एच,एस को समाप्त करता है और मौजूदा कास्टिक शोधन प्रणाली में व्यय किए गए कास्टिक उत्पादन को कम करता है। परियोजना का यांत्रिक कार्य दिसंबर 2023 में पूर्ण होने की संभावना है।

मौजूदा बिटुमेन ब्लोइंग इकाई के विस्तार के भाग के रूप में नई बिटुमेन ब्लोइंग ट्रेन

इस परियोजना में मौजूदा बिटुमेन ब्लोइंग यूनिट के विस्तार के अंश के रूप में 144 केटीपीए की क्षमता वाली अतिरिक्त बिटुमेन ब्लोइंग ट्रेन की स्थापना की परिकल्पना की गई है, ताकि बाजार की मांग का लाभ उठाने के लिए बिटुमेन के वीजी–30 और वीजी–40 ग्रेड की मांग को पूरा किया जा सके। मेसर्स इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड इस परियोजना के लिए इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण प्रबंधन सलाहकार है। परियोजना का यांत्रिक कार्य वित्त वर्ष 2024–25 की पहली तिमाही में पूरा होना अपेक्षित है।

आईएसओ ब्यूटाइल बेंजीन (आईबीबी) पायलट सह डेमो संयंत्र

यह एमआरपीएल की आरएंडडी परियोजना है। आईएसओ ब्यूटाइल बेंजीन (आईबीबी) एक सक्रिय फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट (एपी) है और दर्द निवारक दवाओं के लिए महत्वपूर्ण इनपुट है और इसका उपयोग इत्र उद्योग में भी किया जाता है. एमआरपीएल ने आईबीबी प्रक्रिया प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए सीएसआईआर–राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला (सीएसआईआर–एनसीएल) के साथ सहयोग किया है, एमआरपीएल को इस प्रक्रिया प्रौद्योगिकी के लिए पेटेंट भी मिला है। 200 टीपीए क्षमता का पायलट सह डेमो संयंत्र स्थापित करने की योजना है। यह उत्पाद, आईबीबी एमआरपीएल मैकेनिकल के भीतर उपलब्ध कैप्टिव फीडस्टॉक के साथ निर्मित होने जा रहा है। परियोजना के वित्त वर्ष 2025–26 की पहली तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है।

हरित हाइड्रोजन

एमआरपीएल रिफाइनरी के अंदर वाटर इलेक्ट्रोलिसिस पाथवे पर आधारित 500 टीपीए ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करेगी। संयंत्र को वित्त वर्ष 2026–27 की दूसरी तिमाही में पूरा करने की योजना है।

बायो–एटीएफ

एमआरपीएल स्वदेशी तकनीक (ईआईएल/सीएसआईआर–आईआईपी) पर आधारित 20 केएलपीडी क्षमता का बायो–एटीएफ संयंत्र स्थापित करेगा। यह संयंत्र मैंगलोर में मौजूदा रिफाइनरी के साथ एकीकृत किया जाएगा। संयंत्र का आकार फीड स्टॉक की उपलब्धता के आधार पर तय किया गया है। संयंत्र का मैकेनिकल निर्माण वित्त वर्ष 2025–26 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।

मानव संसाधन

इसमें कुल स्वीकृत कार्यबल 2,550 थी जिसमें 226 महिला कर्मचारी, 332 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी और 41 शारीरिक रूप से दिव्यांग कर्मचारी शामिल थे। कुल 2,550 कर्मचारियों में से 1,107 कर्मचारी प्रबंधन संवर्ग से संबंधित हैं और 1,443 कर्मचारी गैर–प्रबंधन संवर्ग से संबंधित हैं।

14.3.3.4. ऊर्जा संरक्षण:

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान कार्यान्वित किए जाने वाले प्रमुख ऊर्जा संरक्षण उपाय:

क्र. सं.	योजना संबंधी विवरण
1	स्टीम रिसाव में कमी लाने के लिए स्टीम ट्रैप प्रबंधन प्रणाली की स्थापना
2	सीपीपी–1/2 एसटीजी के संचालन का अनुकूलन
3	एरोमैटिक परिसर में 2 नग. ज़ाइलीन हीटर/1 नग. टोल्यूनि हीटर में एपीएच प्रतिस्थापन
4	टर्नअराउंड के बाद डीसीयू स्टीम की खपत में कमी
5	एरोमैटिक परिसर प्लेटफॉर्मर में रीसाइकिल गैस अनुपात में कमी
6	एरोमैटिक परिसर में ज़ाइलीन कॉलम अनुकूलन
7	संयंत्र क्षेत्र में एच.पी.एम.वी. एवं एच.पी.एस.वी. लाइटों को ऊर्जा कुशल फिक्स्चरों से प्रतिस्थापित करना (7,000 नग)
8	एमसीएन एचडीएस बाईपासिंग और एमसीएन एचडीएस प्रीहीटर एक्सचेंजर खएफजीटीयू) लगभग 700 किलोग्राम/घंटा एचपी स्टीम की बचत
9	अतिरिक्त परिचालन पंप को रोकने के लिए सीएचटीयू वाश वाटर पंप की क्षमता में वृद्धि
10	सीपीपी–3 गैस बूस्टर कंप्रेसर के निष्पादन में सुधार
11	बॉयलर–4 में एपीएच निष्पादन में सुधार
12	डीसीयू एफडी पंखों में वीएसडी की व्यवस्था करना

14.3.3.5. सुरक्षा संबंधी निष्पादन:

- एमआरपीएल रिफाइनरी में 1003 दिनों तक और एरोमेटिक्स में 2711 दिनों तक चोट लगने की कोई सूचना (आरएलटीआई) नहीं मिली है।
- एरोमेटिक्स कॉम्प्लेक्स के लिए ओआईएसडी द्वारा बाह्य सुरक्षा लेखा–परीक्षा की गयी।
- कर्नाटक राज्यिक आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग और उपस्थिति में दिनांक 29 जुलाई 2022 को एमआरपीएल में राज्य स्तरीय ऑफसाइट मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया।
- माननीय केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री द्वारा अग्निशमन एवं सुरक्षा विभाग के सात कर्मचारियों को आपसी सहायता करार के अंतर्गत एमएसईजेड में निकटवर्ती कंपनी में लगी आग पर बहादुरी से काबू पाने के लिए सम्मानित किया गया।
- एमआरपीएल एरोमैटिक्स कॉम्प्लेक्स को कर्नाटक सरकार के फैक्ट्रीज बॉयलर औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग द्वारा पेट्रोकेमिकल उद्योग श्रेणी में "कर्नाटक राज्य स्तरीय सुरक्षा पुरस्कार 2023" में प्रथम स्थान मिला।
- एमआरपीएल एरोमैटिक्स कॉम्प्लेक्स ने अप्रैल 2022 में मेसर्स ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल से 4 स्टार रेटिंग और ओएसएच में बेहतर निष्पादन के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद से जून 2022 के महीने में "प्रशंसा पत्र" पुरस्कार भी प्राप्त किया।
- एमआरपीएल रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स को औद्योगिक जोखिम आपदा प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए (फेडरेशन ऑफ इंडिया चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज) फिक्की–जीआईजेड द्वारा प्रतिष्ठित स्वर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- रासायनिक आपदा निवारण दिवस–2022 के मद्देनजर, एमआरपीएल ने 15.12.2022 को "आपदा प्रबंधन कार्यनीतियां–संभावित चुनौतियां और हस्तक्षेप" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

14.3.3.6. पर्यावरण संबंधी प्रबंधन:

- एमओईएफएंडसीसी द्वारा रिफाइनरी की परिचालन क्षमता को मौजूदा विन्यास के 16.6 एमएमटीपीए से बढ़ाकर 18.2 एमएमटीपीए करने के लिए एमआरपीएल को पर्यावरण से अनुमोदन प्राप्त हुआ।
- इसके बाद, मौजूदा विन्यास (संचालन दिनों की संख्या बढ़ाकर) के 16.6 एमएमटीपीए से 18.2 एमएमटीपीए तक क्षमता विस्तार के लिए

केएसपीसीबी द्वारा संचालन के लिए सहमति (सीएफओ) दी गई।

- दावणगेरे में प्रस्तावित 2जी–इथेनॉल परियोजना के लिए राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआईएए), जीओके द्वारा पर्यावरण से अनुमोदन प्राप्त हुआ।
- एसपीसीबी द्वारा अधिकृत सीमेंट उद्योगों में 1273.01 मीट्रिक टन तैलीय कीचड़ और 1428.44 मीट्रिक टन पीएफसीसी व्यय उत्प्रेरक का सह–प्रसंस्करण किया गया।
- प्लैटिनम, कोबाल्ट मोलिब्डेनम, निकेल आदि परिवर्तन धातुओं वाले 367.65 मीट्रिक टन व्ययित उत्प्रेरकों का निपटान एसपीसीबी अधिकृत रिसाइकिलर्स / पुनःप्रसंस्करण के माध्यम से किया गया।
- 14.89 मीट्रिक टन अपशिष्ट सफेद तेल का निपटान एसपीसीबी अधिकृत भस्मीकरण सुविधा में किया गया।
- 292.4 मीट्रिक टन गैर–पुनर्चक्रणीय / गैर–पुनः प्रयोगीय खतरनाक अपशिष्ट को सुरक्षित लैंडफिल (टीएसडीएफ) को सौंप दिया गया।
- मैंगलोर नगर में 61,09,555 एम3 (औसतन 3.68 एमजीडी) तृतीयक शोधन नगरपालिका जलमल का उपयोग किया गया।
- एमआरपीएल में 21,92,386 एम3 (औसतन 1.32 एमजीडी) अलवणीकृत जल का उपयोग किया गया।
- एमआरपीएल ने प्रतिष्ठित ईईएफ (ऊर्जा और पर्यावरण फाउंडेशन) ग्लोबल वाटर मैनेजमेंट एंड कंजर्वेशन कंपनी ऑफ द ईयर 2022 पुरस्कार जीता।
- एमआरपीएल ने ईएचएस में सर्वोत्तम कार्यप्रणाली के लिए ग्रीनटेक इंटरनेशनल ईएचएस पुरस्कार 2023 जीता।

14.3.3.7. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल:

- कंपनी की सीएसआर उद्देश्य कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII और डीपीई दिशानिर्देशों के अनुरूप है और इसे संरक्षण के नाम से बढ़ावा दिया जाता है। यह संरक्षण, संरक्षण और संवर्धन की भावना और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारे व्यवसाय के क्षेत्र में और उसके आस–पास की सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत और संपदा को संरक्षित करना और संधारणीय विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- **सीएसआर पहल:** पुनर्वास कॉलोनी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ओवरहेड पानी की टंकियों का निर्माण, ऑडिटोरियम, सामुदायिक हॉल, सार्वजनिक पार्क का विकास, आंगनवाड़ियों का निर्माण, सरकारी स्कूलों में कक्षाओं का निर्माण, महिला विश्राम कक्ष, समुद्र तट का विकास, सरकारी स्कूलों में प्रौद्योगिकी सक्षम शिक्षा का विस्तार, मैंगलोर में कृत्रिम अंग शिविर का आयोजन, संरक्षण कार्यकलाप के रूप में प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान के अनुसार सरकारी स्कूलों में शौचालयों का निर्माण, सरकारी आयुष अस्पताल–मैंगलुरु को चिकित्सा उपकरण, एंडोसल्फान पीड़ितों को वित्तीय सहायता, परिचालन क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों को मध्याह्न भोजन। दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल का दान, सरकारी अस्पताल को आईसीयू बेड, सुरथकल पुलिस स्टेशन को सीसीटीवी, अल्पसंख्यक छात्रावासों को बुनियादी सुविधाएं, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल को स्कूली वैन की सहायता, महिला सशक्तिकरण के लिए कर्नाटक दर्जी संघ को सिलाई मशीनों का वितरण, एचआईवी से पीड़ित लोगों को बाजरा वितरण।

14.3.3.8. पुरस्कार और मान्यता:

वर्ष के दौरान, कंपनी को निम्नलिखित पुरस्कार और मान्यताएँ प्रदान की गई हैं:

- एमआरपीएल ने ऊर्जा प्रौद्योगिकी सम्मेलन के दौरान आयोजित समारोह में "रिफाइनरी में सर्वश्रेष्ठ नवाचार" के लिए वित्त वर्ष 2022–23 के लिए पुरस्कार जीता।
- एमआरपीएल को देश में सभी क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ मिनीरत्न सीपीएसई होने के लिए डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- एमआरपीएल ने क्रेटा–विक्रेता गौरव सम्मान समारोह 2023 में "जीईएम स्टार बायर्स" श्रेणी में पुरस्कार जीता।
- एमआरपीएल ने ऊर्जा और पर्यावरण फाउंडेशन (ईईएफ) ग्लोबल वाटर मैनेजमेंट कंपनी ऑफ द ईयर पुरस्कार 2023 जीता।
- एमआरपीएल ने ग्रो केयर इंडिया से व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्लेटिनम पुरस्कार जीता।


Bureau Veritas Certification

MANGALORE REFINERY AND PETROCHEMICALS LIMITED

EN 9100:2018
AS 9100:D - JISQ 9100:2016

PRODUCTION, STORAGE, TESTING AND DISTRIBUTION OF AVIATION TURBINE FUEL


एमआरपीएल भारत की पहली एएस 9100: डी प्रमाणित रिफाइनरी बनी


ओएनजीसी के नए कच्चे तेल की वीजीडी-98/2 का पहला कार्गो एमआरपीएल में पहुंचा



कर्मा प्रौद्योगिकी सम्मेलन 2023 में एमआरपीएल को 'रिफाइनरी में सर्वश्रेष्ठ नवाचार' पुरस्कार मिला



एमआरपीएल ने सभी क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ मिनीरत्न का पुरस्कार जीता


विलवणीकरण संयंत्र की क्षमता 30 एमएलडी से बढ़ाकर 40 एमएलडी की जाएगी

14.3.3.9. वित्तीय निष्पादन संबंधी विशेषताएं

अवधि		वित्त 2018-19	वित्त 2019-20	वित्त 2020-21	वित्त 2021-22	वित्त 2022-23	वित्त 2023-24
थ्रुपुट	एमएमटी	16.43	14.14	11.50	15.04	11.116	16.59
कारोबार (सकल)	₹ करोड़	72,283	60,728	50,796	86,064	1,24,686	105,189.68
ईबीआईटीडीए	₹ करोड़	1,809	(2,430)	797	5,003	6,711	7,892.54
पीबीटी	₹ करोड़	581	(3,955)	(915)	2,708	4,239	5,521.41
पीएटी	₹ करोड़	332	(2,708)	(761)	2,955	2,638	3,59.93
जीआरएम	$/बैरल	4.06	(0.23)	3.90	8.73	9.88	10.36

14.3.4. नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल)

14.3.4.1 प्रस्तावना

नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) की स्थापना 22 अप्रैल 1993 को हुई थी। एनआरएल की स्थापना 15 अगस्त 1985 को भारत सरकार द्वारा हस्ताक्षरित "असम समझौते" पर आधारित है। एनआरएल, ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) की एक सहायक कंपनी है और असम के गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ में पेट्रोलियम रिफाइनरी प्रचालित करती है। एनआरएल श्रेणी–I मिनीरत्न पीएसयू है। एनआरएल का वाणिज्यिक प्रचालन 1 अक्टूबर 2000 से शुरू हुआ था। 31.12.2023 तक, एनआरएल की शेयर धारिता पैटर्न ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल)–69.63%, असम सरकार–26% और इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल)–4.37% है।

एनआरएल के पास नुमालीगढ़ में एक एलपीजी बॉटलिंग प्लांट (क्षमता 42 टीएमटीपीए) है, इसके अतिरिक्त नुमालीगढ़ और सिलीगुड़ी में दो विपणन टर्मिनल हैं। व्हाइट ऑयल उत्पाद, जैसे एमएस, एसकेओ और एचएसडी को ऑयल इंडिया लिमिटेड की नुमालीगढ़–सिलीगुड़ी उत्पाद पाइपलाइन (एनएसपीएल) के माध्यम से नुमालीगढ़ से सिलीगुड़ी तक पहुँचाया जाता है।

एनआरएल की रिफाइनरी में उन्नत माध्यमिक प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों के कारण उच्च जटिलता कारक है, जिसने उच्च आसवन उपज प्राप्त को सक्षम बनाया है। एनआरएल के उत्पाद में एलपीजी, नेफ्था, मोटर स्पिट, एविएशन टर्बाइन ईंधन हाई स्पीड डीजल, सुपीरियर केरोसिन ऑयल, पैराफिन वैक्स, कच्चा/कैल्सीनयुक्त पेट्रोलियम कोक और सल्फर आदि शामिल हैं। एनआरएल में वैक्स उत्पादन करने वाला देश की सबसे बड़ी इकाई मौजूद है।

एनआरएल को गुणवत्ता प्रबंधन के लिए आईएसओ 9001, पर्यावरण प्रबंधन के लिए आईएसओ 14001, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए ओएचएसएएस 18001, सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 27001 और ऊर्जा प्रबंधन के लिए आईएसओ 50001 के अंतर्गत प्रमाणित किया गया है।

14.3.4.2. निष्पादन

एनआरएल प्रति वर्ष निरंतर लाभप्रदता के साथ काम कर रहा है। एनआरएल देश में सभी पीएसयू तेल रिफाइनरियों में सबसे अधिक डिस्टिलेट यील्ड हासिल करने में सफल रहा है। एनआरएल की विशिष्ट ऊर्जा खपत (एसईसी) और सकल रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) सर्वश्रेष्ठ उद्योगों में से एक है।

पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वित्त वर्ष के अप्रैल–दिसंबर 2023 के दौरान एनआरएल के वास्तविक और वित्तीय निष्पादन सूचकांक निम्नानुसार हैं

वास्तविक निष्पादन

मापदंड	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
क्रूड प्राप्ति (टीएमटी)	2,612	2,661	2,934	2,457
क्रूड थ्रुपुट (टीएमटी)	2,707	2,624	3,091	2,510
क्षमता का उपयोग (%)	90.24	87.47	103.03	98.09
डिस्टिलेट उपज (%)	86.36	85.69	87.69	86.54
विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत (एमबीएन)	64.37	63.51	61.66	61.57
ऊर्जा तीव्रता सूचकांक (ईआईआई)	86.99	84.68	82.31	81.36

वित्तीय निष्पादन:

मापदंड	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
बिक्री संबंधी कारोबार (रुपये करोड़ में)	18,543	23,546	29,785	23,731
पीबीटी (रुपये करोड़ में)	4,083	4,848	4,953	2,912
पीएटी (रुपये करोड़ में)	3,036	3,562	3,703	2,610
जीआरएम ($ बीबीएल में)	4.09	14.33	19.86	13.17
कुल संपत्ति	5,596	8,388	11,427	13,926

14.3.4.3. परियोजनाएँ

कार्यान्वयनाधीन परियोजनाएँ

क) नुमालीगढ़ रिफ़ाइनरी विस्तार परियोजना (एनआरईपी):

विस्तार परियोजना के दो प्रमुख घटक हैं, अर्थात क) नुमालीगढ़ में 6.0 एमएमटीपीए रिफाइनरी और ख) पारादीप–नुमालीगढ़ क्रूड पाइपलाइन के साथ–साथ क्रूड ऑयल आयात टर्मिनल। परियोजना की स्वीकृत लागत ₹ 28,026 करोड़ है, जिसमें से परियोजना के लिए पूंजी राजसहायता के रूप में ₹ 1,020 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है

i. **एनआरईपी–6.0 एमएमटीपीए रिफाइनरी:** कुल स्वीकृत परियोजना लागत ₹ 28,026 करोड़ में से, 6.0 मिलियन रिफाइनरी के लिए निर्धारित राशि ₹ 18,968 करोड़ है। दिनांक 31.03.2024 तक, कुल वास्तविक प्रगति 55.2% और वित्तीय प्रगति 53.33% है।

ii. **एनआरईपी–पारादीप नुमालीगढ़ क्रूड ऑयल पाइपलाइन (पीएनसीपीएल) और क्रूड ऑयल इंपोर्ट टर्मिनल (सीओआईटी):** पीएनसीपीएल और सीओआईटी के लिए निर्धारित राशि ₹ 9,058 करोड़ है। पाइपलाइन की लंबाई 1,635 किलोमीटर और क्षमता 9 एमएमटीपीए है। 31.03.2024 तक, कुल वास्तविक प्रगति 69.0% और वित्तीय प्रगति 78.33% है।

ख) भारत–बांग्लादेश पाइपलाइन परियोजना:

भारत के माननीय प्रधान मंत्री और बांग्लादेश के माननीय प्रधान मंत्री ने दिनांक 18.03.2023 को भारत बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन का उद्घाटन किया।

ग) ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र–2.4 केटीपीए:

राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप और आने वाले वर्षों में जीएचसीओ (ग्रीन हाइड्रोजन उपभोग दायित्व) को पूरा करने के लिए, एनआरएल, ईपीसी के आधार पर नुमालीगढ़ में 300 किलोग्राम / घंटा (2.4 केटीपीए) क्षमता का ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करेगा। यह रिफाइनरी द्वारा उपयोग किए जा रहे वर्तमान की 5% के ग्रे हाइड्रोजन के स्थान पर प्रतिस्थापित किया जाएगा, जिससे प्रति वर्ष लगभग 24,000 टन कार्बन उत्सर्जन कम होगा। परियोजना की स्वीकृत लागत ₹ 170 करोड़ है।

घ) **डीसीयू का पुनरुद्धार:**

इस परियोजना के लिए स्वीकृत लागत ₹ 370 करोड़ है, जिसमें नई 6.0 एमएमटीपीए रिफाइनरी की रेजिड अपग्रेडेशन सुविधा में उत्पादित होने वाले अन कन्वर्टेड ऑयल (यूसीओ) के प्रसंस्करण की क्षमता को 306 केटीपीए से बढ़ाकर 560 केटीपीए करके मौजूदा डिलेड कोकर यूनिट (डीसीयू) का पुनरुद्धार शामिल है।

इस परियोजना में कोक चैंबर, हीटर और स्विच डेक सिस्टम जैसे महत्वपूर्ण और पुराने उपकरणों को प्रतिस्थापित करना भी शामिल है। 31.03.2024 तक, कुल वास्तविक प्रगति 28.4% और वित्तीय प्रगति 27.95% है।

ङ) **दाबीडुबी एलपीजी सुविधा:**

नुमालीगढ़ रिफाइनरी असम के गोलाघाट जिले के दाबीडुबी में स्थापित की जा रही अपनी एलपीजी सुविधाओं को जोड़ने के लिए 15 किलोमीटर लंबी भूमिगत एलपीजी पाइपलाइन स्थापित कर रही है। विस्तार परियोजना के शुरू होने के बाद नई एलपीजी सुविधा की क्षमता 700 केटीपीए होगी और जिसकी स्वीकृत परियोजना लागत ₹ 338 करोड़ है।

च) **पीएफसीसी इकाई में विद्युत वसूली टर्बाइन:**

ऊर्जा बचत पहल के रूप में पीएफसीसीयू के रिएक्टर–रीजेनरेटर सेक्शन के डाउनस्ट्रीम में फ्लू गैस सेक्शन में विद्युत वसूली टर्बाइन स्थापित किया जाएगा। यह इकाई की ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए रीजेनरेटर फ्लू गैस से विद्युत सृजन करेगा और इसके परिणामस्वरूप परिसर से सीओ$_2$ उत्सर्जन में कमी आएगी। परियोजना की स्वीकृत लागत ₹ 293.50 करोड़ है।

छ) **2जी बायो रिफाइनरी (संयुक्त उद्यम परियोजना):**

एनआरएल ने दो अन्य विदेशी निवेशकों के सहयोग से ज्वाइंट वेंचर कंपनी असम बायो–रिफाइनरी प्राइवेट लिमिटेड (एबीआरपीएल) का गठन किया है, जो गैर–खाद्य ग्रेड फीड स्टॉक बांस से ऐथेनॉल का उत्पादन करने के लिए असम के नुमालीगढ़ में दूसरी पीढ़ी की बायो रिफाइनरी स्थापित कर रही है। परियोजना की स्वीकृत लागत ₹ 4,200 करोड़ है। एबीआरपीएल को ₹ 150 करोड़ का वित्तीय अनुदान सीएचटी की उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा अनुशंसित किया गया है। 31.03.2024 तक, समग्र वास्तविक प्रगति 94.0% और वित्तीय प्रगति 80.0% है।

ज) **नॉर्थ ईस्ट गैस ग्रिड परियोजना (संयुक्त उद्यम परियोजना):**

एनआरएल संयुक्त उद्यम कंपनी इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएल) में 20% की हिस्सेदारी भागीदार है जो 4.75 एमएमएससीएमडी क्षमता की प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए नॉर्थ ईस्ट गैस ग्रिड परियोजना को क्रियान्वित कर रही है। इस परियोजना को भारत सरकार द्वारा ₹ 9,265 करोड़ की लागत से कार्यान्वयन के लिए अनुमोदित किया गया है, जिसमें 60% की व्यवहार्यता अंतर निधियन शामिल है।

13.3.4.4. एससी/एसटी/ओबीसी/दिव्यांगों के लिए कल्याण योजना

31 मार्च 2024 तक एनआरएल की स्वीकृत कार्यबल 1,065 थी, जिसमें से 464 संघीकृत श्रेणी में और 601 कार्यकारी संवर्ग के थे। कुल कर्मचारियों में से 122 कर्मचारी अनुसूचित जाति (एससी), 114 अनुसूचित जनजाति (एसटी), 335 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और 26 दिव्यांगजन हैं।

13.3.4.5. महिला कर्मचारी

दिनांक 31.03.2024 तक महिला कर्मचारियों की अद्यतन–वार ब्यौरा इस प्रकार है:

समूह	महिला कर्मचारियों की संख्या	कुल कर्मचारियों की संख्या	कुल कर्मचारी की तुलना में महिला कर्मचारियों का %
क	60	601	9.98%
ग	22	464	4.74%
घ	0	0	-
कुल	**82**	**1,065**	**7.70%**

टिप्पणी: एनआरएल में समूह ख से संबंधित कोई कर्मचारी नहीं है।

14.3.4.6. राजभाषा का कार्यान्वयन

राजभाषा विभाग, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एनआरएल ने "हिंदी" को राजभाषा के रूप में बढ़ावा देने और लागू करने की दिशा में अपना प्रयास ध्यान केंद्रित किया है। राजभाषा विभाग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, हिंदी कार्यशाला और राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओएलआईसी बैठकें समय–समय पर आयोजित की जा रही हैं। कर्मचारियों के लिए "आज का शब्द" और "आज का सुविचार" के माध्यम से हिंदी सीखने को प्रतिदिन डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित किया जा रहा है। दिनांक 16 से 29 सितंबर 2023 तक "हिंदी पखवाड़ा" मनाया गया जिसमें हिंदी में रुचि बढ़ाने और इसके प्रचार और कार्यान्वयन के उद्देश्य से कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों, स्कूली बच्चों और सीआईएसएफ कर्मियों को शामिल करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस बार हिंदी दिवस गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार 14 सितंबर, 2023 को पुणे, महाराष्ट्र में राजभाषा विभाग के साथ संयुक्त रूप से मनाया गया। हिंदी पखवाड़े के उद्घाटन समारोह के दौरान 16 सितंबर, 2023 को श्री गोपाल सरमा, आरसीई द्वारा विशेष हिंदी ई–पत्रिका (5वां संस्करण) का विमोचन किया गया। एक वार्षिक हिंदी इन–हाउस पत्रिका "प्रयास" (13वां संस्करण) का विमोचन 19 दिसंबर, 2023 को 62वें टोलिक (पीएसयू) बैठक के दौरान अध्यक्ष, टोलिक (पीएसयू) एवं मंत्री, असम राष्ट्रभाषा प्रसार समिति श्री क्षीरोदा सैकिया द्वारा किया गया। नवंबर, 2023 में नुमालीगढ़ रिफाइनरी द्वारा विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए नगर राजभाषा कार्यकारिणी समिति (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम), गुवाहाटी के तत्वावधान में नगर राजभाषा कार्यकारिणी समिति स्तर पर "हिंदी के प्रचार–प्रसार में सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका" विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई और प्रतियोगिताओं के पांच सर्वश्रेष्ठ विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। हिंदी पत्राचार को बढ़ाने के उद्देश्य से, हिंदी प्रोत्साहन योजना के तहत वर्ष के दौरान नियमित आधार पर हर तिमाही में कर्मचारियों के बीच हिंदी ई–मेल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। सरकारी प्रयोजनों के लिए हिंदी में प्रयुक्त होने वाली छोटी तकनीकी शब्दावलियों से संबंधित पुस्तिका मेज पर रखे जाने वाले कैलेंडर के रूप में प्रकाशित की गई और सभी कर्मचारियों को वितरित की गई। नुमालीगढ़ रिफाइनरी की इन–हाउस पत्रिका "प्रयास" (तेरहवां संस्करण) को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (पीएसयू) गुवाहाटी द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रकाशन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया और यह पुरस्कार 19.12.2023 को जुबिली हॉल गुवाहाटी में आयोजित 62वें टोलिक (पीएसयू) बैठक के दौरान प्रदान किया गया।

नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड को वर्ष 2023–24 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति टोलिक (पीएसयू) गुवाहाटी द्वारा "प्रशस्ति प्रमाण पत्र" से सम्मानित किया गया तथा उक्त पुरस्कार 19 दिसंबर 2023 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति टोलिक (पीएसयू) की 62वीं बैठक के दौरान दिया गया।

14.3.4.7. अनुसंधान एवं विकास संबंधी कार्यकलाप

एनआरएल रिफाइनरी प्रचालन संबंधी सभी पहलुओं में तकनीकी उत्कृष्टता के कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने, नए मूल्यवर्धित उत्पादों को विकसित करने और मौजूदा पेट्रोलियम उत्पादों की गुणवत्ता को उन्नत करने के लिए तकनीकी इनपुट प्रदान करने के लिए शिक्षाविदों और अनुसंधान संगठनों के साथ साझेदारी के माध्यम से सीमित अनुसंधान एवं विकास संबंधी कार्यकलापों को आगे बढ़ा रहा है।

एनआरएल द्वारा वर्तमान में किए जा रहे नए उत्पाद विकास और अनुसंधान पहल इस प्रकार हैं:

1. **आईआईटी गुवाहाटी में संधारणीय सामग्री के लिए एनआरएल उत्कृष्टता केंद्र**

   एनआरएल ने विभिन्न रिफाइनरी और बायो रिफाइनरी शाखाओं से पर्यावरणीय रूप से संधारणीय सामग्रियों के विकास के लिए अनुसंधान एवं विकास संबंधी क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए आईआईटी गुवाहाटी में संधारणीय सामग्री के लिए एनआरएल उत्कृष्टता केंद्र (एनआरएल–सीओई एसएम) की स्थापना की है। हाल ही में, एनआरएल सीओई में बायो–डिग्रेडेबल पॉलीमर पर पायलट संयंत्र स्थापित करने के लिए ट्रांसलेशनल सुविधा स्थापित की गई है, जिसमें ब्लोन फिल्म मशीन, इंजेक्शन मोल्डिंग, थर्मोफॉर्मिंग, कास्ट फिल्म एक्सट्रूडर आदि जैसे बायो–डिग्रेडेबल प्लास्टिक के डाउनस्ट्रीम प्रसंस्करण से संबंधित उपकरणों की श्रृंखला है। पायलट संयंत्र में सामान्य और बायोडिग्रेडेबल पॉलीमर दोनों से कैरी बैग, खिलौने, कटलरी, सजावटी सामान आदि सहित विभिन्न प्रकार की वस्तुओं के निर्माण की सुविधा है।

   एनआरएल–सीओई के अंतर्गत "तेल और जैव–रिफाइनरी शाखाओं से संधारणीय सामग्रियों के विकास" के लिए शोध परियोजना

चलाई जा रही है। यह परियोजना अब तक कतिपय नवीन तरीकों या प्रक्रियाओं का आविष्कार करने में सफल रही है।

2. **काजीरंगा विश्वविद्यालय और सीमांत विज्ञान एवं अनुप्रयोग संस्थान के साथ अनुसंधान सहयोग:**

एनआरएल ने काजीरंगा विश्वविद्यालय (केयू) और इंस्टीट्यूट ऑफ फ्रंटियर साइंस एंड एप्लीकेशन (आईएफएसए) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत वे "पूर्वोत्तर भारत में पवन ऊर्जा क्षमता का आकलन" नामक शोध परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे। यह सहयोग पूर्वोत्तर भारत में पवन ऊर्जा क्षमता के व्यवस्थित अन्वेषण के लिए अपनी तरह का पहला सहयोग है। एमओए के अनुसार, काजीरंगा विश्वविद्यालय, इंस्टीट्यूट ऑफ फ्रंटियर साइंस एंड एप्लीकेशन (आईएफएसए) के साथ तकनीकी सहयोग और एनआरएल से मिलने वाले वित्तपोषण के साथ इस परियोजना को लागू करेगा, जिसका उद्देश्य तीन साल की अवधि के लिए मोबाइल लिडार अवलोकनों का उपयोग करके नदी के वातावरण में उत्तर पूर्व भारत में वैक योग्य पवन ऊर्जा आकलन डेटा विकसित करना है।

3. **इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) के साथ अनुसंधान एवं विकास सहयोग**

क. **नए उत्पाद का विकास:** एनआरएल और ईआईएल ने रिफाइनरी की अमोनिया–समृद्ध खट्टी गैसों से जलीय अमोनिया के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी के संयुक्त विकास और व्यावसायीकरण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए। एनआरएल ईआईएल की डिजाइन जानकारी और सल्फर रिकवरी यूनिट (एसआरयू) के संचालन के लिए एनआरएल की विशेषज्ञता का उपयोग करके जलीय अमोनिया उत्पादन के लिए एक संयंत्र स्थापित करेगा।

ख. **ओवरग्राउंड लिक्विड सल्फर लॉक:** ग्राउंड सल्फर सील को 70 किलोग्राम प्रति घंटे तरल सल्फर प्रवाह को कार्यान्वित करने के लिए डिजाइन किया जाएगा, जिसे ग्राउंड सल्फर सील के डिजाइन के लिए ईआईएल की विशेषज्ञता का उपयोग करके एनआरएल के एसआरयू में स्थापित किया जाएगा।

4. **सीएसआईआर के साथ अनुसंधान एवं विकास सहयोग: एनईआईएसटी**

एनआरएल, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के तहत उत्तर पूर्व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, जोरहाट के साथ अनुसंधान सहयोग के कार्यढांचे के तहत "सोउर वाटर और रिट्रप्ड वाटर से फिनोल को अलग करना, इसका पुनः उपयोग और मूल्य संवर्धन" के लिए अनुसंधान एवं विकास परियोजना चला रहा है, जिसका उद्देश्य रिफाइनरी के वाटर फुटप्रिंट को कम करना और मूल्य वर्धित रसायनों का उत्पादन करना है। खोखले फाइबर झिल्ली मॉड्यूल का डिजाइन और विकसित करके प्रयोगशाला के पैमाने पर इसका प्रयोग सफलतापूर्वक किए गए हैं। एनआरएल के परिसर में स्थापित करने के लिए प्रमुख निष्पादन सुविधा का विकास किया जा रहा है

5. **सेंट एडमंड कालेज, शिलांग में अनुसंधान परियोजना**

एनआरएल ने कच्चे तेल, हाइड्रोकार्बन भंडारण टैंक बटम स्लज, और ईटीपी हाइड्रोकार्बन स्लज और ईटीपी हाइड्रोकार्बन स्लज और इसके जैव–प्रौद्योगिकी प्रयोजन के जैव–शोधन में साइनो बैक्टीरिया के उपयोग पर अनुसंधान कार्य के लिए सेंट एडमंड कॉलेज शिलांग को नियुक्त किया है। इस परियोजना का उद्देश्य कच्चे तेल, हाइड्रोकार्बन भंडारण टैंक तल कीचड़ और ईटीपी हाइड्रोकार्बन कीचड़ के जैव–शोधन में साइनो बैक्टीरिया का उपयोग करना है।

एनआरएल से एकत्र किए गए साइनो बैक्टीरिया के नमूनों की संसाधन पर महत्वपूर्ण विकास हासिल किया गया है और हाइड्रोकार्बन स्लज पर संसाधन बैक्टीरिया के साथ जैव संचयन अध्ययन की जांच की जा रही है।

उपर्युक्त अनुसंधान एवं विकास संबंधी कार्यकलाप के अपेक्षित परिणाम:

क. **बायो–डिग्रेडेबल प्लास्टिक के उत्पादन** के लिए स्वदेशी तकनीक के विकास से गैर–बायोडिग्रेडेबल पॉलीथीन–आधारित पैकेजिंग को प्रतिस्थापन करने में मदद मिलेगी और ठोस अपशिष्ट से प्रदूषण को कम करने में योगदान मिलेगा। बायो–डिग्रेडेबल प्लास्टिक बायो रिफाइनरी से मूल्य वर्धित शाखा होगी, जिसे असम बायो रिफाइनरी प्राइवेट लिमिटेड

(एबीपीएलएन) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य बायो रिफाईनरी के उप–उत्पाद फुरफुरल स्टीम को बायोडिग्रेडेबल पॉलीमर, पॉलीकैप्रोलैक्टोन (पीसीएलआई) में प्रतिस्थापन करना है।

इस परियोजना के अंतर्गत अनुसंधान संबंधी कार्यकलापों के परिणामस्वरूप निम्नलिखित पेटेंट लागू किए गए हैं।

क. फुरफुरल को हाइड्रोक्सीमेथिल फुरफुरल में प्रतिस्थापन के लिए नया उत्प्रेरक (एसपीईईके)

ख. फुरफुरल, एचएमएफ फॉर्मेलिन, लेवुलिनिक एसिड के मिश्रण से एचएमएफ के शुद्धिकरण की नई प्रक्रिया

ख. पवन ऊर्जा संबंधी क्षमता की खोज:

टर्बाइन स्तर पर नदी संबंधी वातावरण में बहु–स्तरीय और बहु–स्थलीय उच्च आवृत्ति अवलोकन और विश्लेषण के माध्यम से एलआईडीएआर प्रौद्योगिकी का उपयोग करके पवन–ऊर्जा क्षमता का आकलन करना जो व्यवहार्य पवन ऊर्जा स्थापना के लिए प्रासंगिक असम के बैंकेबल पवन–ऊर्जा डेटाबेस प्रदान करेगा। परियोजना के परिणामों का उपयोग असम में वाणिज्यिक पवन ऊर्जा उत्पादन को उत्प्रेरित करने के लिए किया जा सकता है। इस प्रकार परियोजना में असम के लिए महत्वपूर्ण सामाजिक–आर्थिक लाभों की बहुत बड़ी क्षमता है। वर्तमान परियोजना सहित अवधारणा के प्रमाण के रूप में, इसे उत्तर–पूर्व के व्यापक क्षेत्रों को शामिल करने के लिए आसानी से संवर्धित किया जा सकता है।

ग. जलीय अमोनिया का उत्पादन:

एनआरएल और ईआईएल द्वारा संयुक्त रूप से विकसित स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके, एनएच, की अपशिष्ट धारा से जलीय अमोनिया (25% एनएच,) का उत्पादन, एंजाइमों के उचित निष्पादन के लिए पीएच बनाए रखने के लिए जैव रिफाइनरी में जलीय अमोनिया की आवश्यकता को पूरा करेगा।

घ. ओवरग्राउंड सल्फर सील से संबंधित प्रौद्योगिकी विकास:

ओवरग्राउंड सल्फर सील प्रौद्योगिकी के विकास और व्यावसायीकरण से रिफाइनरियों को सल्फर रिकवरी इकाइयों में तरल सल्फर के तरल गैस चरण पृथक्करण में सुधार करने में मदद मिलेगी। इससे एसओएक्स उत्सर्जन में भी कमी आएगी।

ङ. सोउर वाटर और स्ट्रिप्ड वाटर से फिनोल को अलग करने के लिए प्रौद्योगिकी:

सोउर और स्ट्रिप्ड वाटर से फिनोल को अलग करने की प्रौद्योगिकी के विकास से वाटर फुटप्रिंट कम होगा और साथ ही रिफाइनरी से मूल्यवर्धित रसायन, फिनोल का उत्पादन होगा। फिनोल को अलग करने के लिए प्रौद्योगिकी का प्रयोगशाला आधारित निष्पादन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है और एनआरएल साइट पर इसका निष्पादन करने के लिए एक पायलट संयंत्र की रूपरेखा और निर्माण प्रक्रियाधीन है।

च. साइनो बैक्टीरियल संसाधन के माध्यम से जैव–शोधन:

स्टोरेज टैंक बौटम और अपशिष्ट शोधन संयंत्र से हाइड्रोकार्बन संबंधी अपशिष्ट के जैव–उपचार में साइनो बैक्टीरिया का उपयोग खतरनाक अपशिष्ट के संधारणीय प्रबंधन में मदद करेगा।

14.3.4.8. ऊर्जा संरक्षण

एनआरएल ऊर्जा संरक्षण को बनाए रखने और इसकी दक्षता बढ़ाने को प्राथमिकता देता है। रिफाइनरी कई परिचालन मापदंडों में से मुख्य ऊर्जा निष्पादन संबंधी सूचकांक जैसे विशिष्ट ऊर्जा खपत (एसईसी) और ऊर्जा तीव्रता सूचकांक (ईआईआई) के लिए बारीकी से नजर रखती है। इकाई के निष्पादन का निरंतर आधार पर आकलन किया जाता है और सर्वश्रेष्ठ श्रेणी की तकनीक और वैश्विक ऊर्जा दक्षता वाले सर्वोत्तम कार्यप्रणाली प्रस्तुत करने का प्रयास जारी है। एसईसी में 61.6 एमबीएन और ईआईआई में 82.7% है, जबकि यह लक्ष्य क्रमशः 61.9% और 84.0% है, जो एमओपीएंडएनजी द्वारा निर्धारित दृढ़ लक्ष्य के भीतर है।

नुमालीगढ़ रिफाइनरी के पास 1.05 मैगावाट सौर फोटोवोल्टिक क्षमता का पोर्टफोलियो है, जो कुल कैप्टिव विद्युत उत्पादन का 0.4% है। वर्ष 2022–23 में परियोजना से कुल 983 एमडब्लूएच उत्पादन हुआ है, जो 10 लाख पाउंड सीओ2ई को कम करता है।

14.3.4.9. सीएसआर संबंधी कार्यकलाप

एनआरएल की सीएसआर और संधारणीयता कार्यकलाप कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII के तहत विनिर्दिष्ट कार्यकलापों के अनुरूप है। एनआरएल ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के तहत निर्धारित शर्तों, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा

जारी सीएसआर नियमों और डीपीई द्वारा जारी सीएसआर और संधारणीयता पर लागू दिशानिर्देशों के अनुरूप "सीएसआर और संधारणीयता नीति" तैयार की है। इसके अतिरिक्त, एनआरएल ने असम के दरांग जिले के जिला प्रशासन के साथ स्वयं को घनिष्टता से जोड़ा है जिसे नीति आयोग द्वारा कंपनी को आकांक्षी जिले के रूप में आवंटित किया गया है।

एनआरएल निम्नलिखित विशेषताओं पर जोर दिया है **क)** स्वास्थ्य देखभाल, **ख)** शिक्षा और कौशल विकास, **ग)** स्वच्छता कार्य योजना, **घ)** आजीविका सृजन, **ङ)** अवसंरचना का विकास, **च)** अपनी सीएसआर नीति के अनुरूप कला, खेल, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देना। इसके अतिरिक्त, एनआरएल के सीएसआर ने कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के अंतर्गत विनिर्दिष्ट कार्यकलापों के अनुरूप महिलाओं को सशक्त बनाने, पर्यावरण संबंधी संधारणीयता सुनिश्चित करने और पशु कल्याण आदि जैसे अन्य क्षेत्रों में भी योगदान दिया है।

क. स्वास्थ्य देखभाल :

वित्त वर्ष 2022–23 में सीएसआर कार्यकलापों के विषयगत क्षेत्र "स्वास्थ्य और पोषण" होने के लिए मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, एनआरएल ने इस क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा संबंधी सुधार हेतु व्यापक रूप से ध्यान दिया था। कुछ उल्लेखनीय परियोजनाएँ इस प्रकार हैं:

- एनआरएल ने असम के गोलाघाट में विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) के निर्माण और नवीनीकरण की पहल की है। नवीनीकरण कार्य में रोगियों को बेहतर चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए अवसंरचना की मरम्मत शामिल है। आज तक, परियोजना में 7 स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं।
- एनआरएल हरे कृष्ण फूड फॉर लाइफ कार्यक्रम और अक्षय पात्र फाउंडेशन के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से पोषण को बढ़ावा देने और जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।
- वीकेएनआरएल अस्पताल और नेत्र शिविर के माध्यम से आयोजित मोबाइल चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर जारी हैं, साथ ही वीकेएनआरएल अस्पताल के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को रियायती उपचार प्रदान किया जा रहा है।
- कैंसर, फेफड़े और हृदय रोग, किडनी की समस्या आदि जैसी गंभीर बीमारियों के लिए अपनी चिकित्सा सहायता योजना सहित एनआरएल स्वास्थ्य सेवा के मामले में जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को लगातार सहायता प्रदान कर रहा है।
- दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए असम के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों, पीएचसी के साथ-साथ पश्चिम बंगाल, बिहार और अरुणाचल प्रदेश जैसे बाहरी राज्यों को कई एम्बुलेंस प्रदान की गईं।

ख. शिक्षा और कौशल विकास :

वर्ष के दौरान समाज को प्रभावित करने वाली कुछ परियोजनाएं इस प्रकार हैं:

- जारी "ज्ञानदीप छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत, कक्षा X और XII में उनके प्रदर्शन के आधार पर 295 छात्रों को लाभान्वित किया गया। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कक्षा VII से X तक की शीर्ष तीन छात्राओं के लिए तैयार की गई 'प्रेरणा छात्रवृत्ति' के अंतर्गत कुल 298 छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। "सविदा श्रमिकों" के मेधावी बच्चों को दसवीं कक्षा की परीक्षा में उनके अच्छे परिणाम के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, 20 छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए "प्रतिभा" योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान की गई।
- एनआरएल निकटवर्ती विद्यालयों के कक्षा 9 और 10 के छात्रों के लिए सेंटर फॉर सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड लीडरशिप, नई दिल्ली के माध्यम से कोचिंग सेंटर को सहायता प्रदान करना जारी रखा है। कोचिंग का उद्देश्य छात्रों को इंजीनियरिंग और मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए योग्य बनाना है।

- एनआरएल ने असम के बिजनी में नॉर्थ ईस्ट मिलिट्री स्कूल में लड़कों के छात्रावास की पहली मंजिल के प्लिंथ प्लस ग्राउंड फ्लोर और छत के स्लैब का निर्माण किया है और साथ ही बीओपी फांसीदेवा, 176 बीएन बीएसएफ, सिलीगुड़ी के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए ई–शिक्षण अवसंरचना संबंधी सुविधाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है।

- वेल्डिंग, फिटर और आतिथ्य क्षेत्र में किए गए कौशल विकास पहल गोलाघाट आईटीआई के माध्यम से जारी रखे जा रहे हैं और वर्तमान में कुल पांच ट्रेडों में 64 छात्र हैं।

- वीकेएनआरएल स्कूल ऑफ नर्सिंग ने जनवरी, 2022 से जीएनएम कोर्स करने के लिए 40 छात्रों के अपने 6वें बैच को नामांकित किया। वर्तमान में, स्कूल में 117 लड़कियां पढ़ रही हैं और छात्रों के 3 बैच पास हो चुके हैं।

- एनआरएल ने आईटीआई माजुली के लिए डीजी सेट प्रदान किया है और माजुली जिले के युवाओं के बीच व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए फर्नीचर की खरीद के लिए वित्तीय सहायता भी दी है।

ग. स्वच्छता कार्य योजना:

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा अधिदेशित इस कार्यक्रम के अंतर्गत, व्यय के विभिन्न मदों के अंतर्गत ₹ 5.90 करोड़ के लक्ष्य के स्थान पर ₹ 6.88 करोड़ की राशि व्यय की गई है।

- "जीवनधारा" परियोजना का उद्देश्य गांवों, स्कूलों और अन्य सामुदायिक स्थानों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। वर्ष के दौरान, एनआरएल ने बिहार के दो अलग–अलग जिलों में दो आरओ पेयजल संयंत्रों की स्थापना और शुरूआत की है। इन सभी संयंत्रों को 3 वर्ष के वार्षिक अनुरक्षण संविदा के प्रावधान के साथ स्थापित किया गया था।

- एनआरएल ने विभिन्न नगर पालिकाओं/नगर समितियों को अपशिष्ट प्रबंधन उपकरण प्रदान किए हैं और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सरूपथर नगर समिति, बारपाथर नगर समिति जैसी विभिन्न नगर/बाजार समितियों और रिफाइनरी साइट की बाजार समितियों के बीच 45 औद्योगिक कूड़ेदान प्रदान किए हैं।

घ. आजीविका सृजन:

- असम सरकार के कृषि विभाग के साथ साझेदारी से पनबारी, बोकाखाट में एक सौर कोल्ड स्टोरेज परियोजना का उद्घाटन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में जल्दी खराब होने वाली कृषि उपज के संरक्षण और भंडारण के लिए संधारणीय और लागत प्रभावी समाधान प्रदान करना है।

- एनआरएल द्वारा राजपुखुरी के जुरपुखुरी गांव में ड्रैगन फ्रूट गांव की स्थापना के लिए सहायता की है, जिससे किसानों को अपनी फसल पोर्टफोलियो में विविधता लाने, उनकी आय के स्तर को बढ़ाने और रोजगार के अवसर सृजन करने में मदद मिलेगी।

ङ. अवसंरचना का विकास:

- वित्तीय वर्ष के दौरान एनआरएल और इसके आसपास कई विकास कार्य शुरू किए गए, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण सड़क निर्माण एवं नवीनीकरण तथा अन्य अवसंरचना विकास कार्य आदि परियोजनाएं शामिल थीं।

- एनआरएल ने सरूपथर, श्री श्री उत्तर कमलाबाड़ी एक्सट्रा, माजुली और बोकाखाट में तीन खुली प्रेक्षागृह का निर्माण कार्य शुरू किया है। यह पहल क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविधता के संवर्धन और संरक्षण के लिए मंच प्रदान करेगी।

- एनआरएल ने एनएच–39 से एनआरएल टाउनशिप सीमा दीवार के पास मौजूदा लोबोघाट रोड का विस्तार किया है और पीडब्ल्यूडी सरूपथार प्रादेशिक सड़क प्रभाग के तहत गोलाघाट दीमापुर रोड (मोइनापारा से रोंगाजन) की मरम्मत के लिए अपनी सीएसआर पहल के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की है।

च. कला, खेल, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देना:

- एनआरएल ने असम के जोरहाट में उच्च निष्पादन वाले खेल प्रशिक्षण और पुनर्वास केंद्र की स्थापना की पहल की है।

  इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र के खिलाड़ियों और एथलीटों के प्रशिक्षण और विकास के लिए विश्व स्तरीय सुविधा प्रदान करना और उनकी चोट की रोकथाम और उसे ठीक करने के लिए विशेष सेवाएं प्रदान करना है।

- एनआरएल ने गोलाघाट जिला खेल संघ (जीडीएसए) स्टेडियम, गोलाघाट में फ्लड लाइट लगाने का काम शुरू किया है। फ्लड लाइट लगाने में एलईडी लाइट के साथ चार हाई मास्ट टावरों का निर्माण और केबल और वायरिंग बिछाना शामिल होगा और इससे स्टेडियम की रोशनी और दृश्यता में समग्र रूप से सुधार होगा और रात के समय खेल आयोजनों और कार्यकलापों का संचालन संभव होगा।

- एनआरएल, एनआरएल फुटबॉल अकादमी में उभरते फुटबॉलरों को प्रशिक्षण दे रहा है। कोविड महामारी के बाद एनआरएल ने नवंबर 2021 में फिर से अकादमी का संचालन शुरू कर दिया है। वर्तमान में, इसमें 13 वर्ष से कम आयु, 15 वर्ष से कम आयु, और 18 वर्ष से कम आयु के श्रेणियों में खेलने वाले 69 खिलाड़ी हैं और अकादमी के अंतर्गत 7 अलग–अलग फीडर सेंटरों में लगभग 700 खिलाड़ी हैं।

- एनआरएल ने अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में "हर घर तिरंगा अभियान" चलाया। इस अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

- एनआरएल ने असम के बिश्वनाथ चरियाली में "बीर भूमि" नामक स्मारक स्थल का विकास किया है। इस पहल का उद्देश्य भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्षेत्र के शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करना और उनकी स्मृति को स्मरण करना है।

  एनआरएल की वेबसाइट www.nrl.co.in पर सीएसआर कार्यकलाप का विवरण प्रदर्शित किया जाता है और इसे निरंतर आधार पर अद्यतन किया जाता है।

  पिछले चार वर्षों के दौरान एनआरएल द्वारा सीएसआर कार्यकलापों पर व्यय की गई राशि इस प्रकार है:

(राशि करोड़ रुपये में)

	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
सीएसआर परिव्यय	52.80	59.13	70.92	92.27
वास्तविक व्यय	53.19	74.14	74.12	94.18

14.3.4.10. पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए एनआरएल का योगदान

एनआरएल की स्थापना सरकार द्वारा "असम समझौते" के प्रावधानों के अंतर्गत पूर्वोत्तर क्षेत्र के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए आवश्यक जोर देने के उद्देश्य से की गई थी। पिछले कुछ वर्षों में, कंपनी हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में सक्षम रही है और आज यह क्षेत्र की सबसे बड़ी परिचालन औद्योगिक इकाई है। पूर्वोत्तर क्षेत्रों के विकास के लिए एनआरएल के योगदान का सारांश नीचे दिया गया है।

मूल्य वर्धित परियोजनाओं में निवेश

एनआरएल की रिफाइनरी परियोजना ₹ 3,461 करोड़ की स्वीकृत परियोजना लागत के भीतर क्रियान्वित की गई थी। रिफाइनरी के शुरू होने के बाद से, एनआरएल जीविका और विकास सुनिश्चित करने के लिए कई मूल्य वर्धित परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है। पूर्वोत्तर सीमा पर सिलीगुड़ी में एक विपणन टर्मिनल की स्थापना को छोड़कर, ऐसी सभी परियोजनाएं पूर्वोत्तर क्षेत्र में है। इस पर एनआरएल का कुल निवेश नीचे दिए गए विवरण के अनुसार है:

क्र. सं	परियोजना	निवेश (करोड़ में)	टिप्पणी
1	10 टीएमटीपीए क्षमता का एलपीजी बॉटलिंग प्लांट	6	वर्ष 2002–03 में शुरू किया किया गया
2	कोक कैल्सीनेशन इकाई	90	वर्ष 2004–05 में शुरू किया किया गया
3	225 टीएमटीपीए क्षमता का मोटर स्पिरिट प्लांट	297	वर्ष 2006–07 में शुरू किया किया गया
4	सिलिगुन मार्केटिंग टर्मिनल	186	वर्ष 2008–09 में ऑयल इंडिया लिमिटेड की नूरनालीगढ़–सिलीगुड़ी उत्पाद पाइपलाइन से जुड़ी परियोजना के रूप में शुरू किया गया
5	डीजल गुणवत्ता उन्नयन परियोजना	435	100% क्षमता उपयोग कर बीएस–एचएसडी के उत्पादन के लिए वर्ष 2010–11 में शुरू किया गया
6	नेफ्था स्प्लिटर यूनिट	87	2013–14 में 160 टीएमटीपीए पेट्रोकेमिकल ग्रेड नेफ्था उत्पादन के लिए कमीशन किया गया
7	वैक्स परियोजना	676	मार्च 2015 में शुरू किया गया। एनआरएल 50टीएमटीपीए वैक्स उत्पादन करके देश में सबसे बड़ी वैक्स उत्पादक इकाई के रूप में उभरी है।
8	संयुक्त उद्यम में निवेश: असम गैस क्रैकर परियोजना	142	ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड में 10% इक्विटी भागीदारी
9	संयुक्त उद्यम में निवेश: दुलाजन से नुमालीगढ़ तक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन	43	डीएनपी लिमिटेड में 26% इक्विटी भागीदारी।
10	डीजल हाइड्रोट्रीटर यूनिट (डीएचटी)	1,031	वर्ष 2018–19 में शुरू किया गया।
11	माउंडेड बुलेट प्रोजेक्ट	122	29.10.18 को यांत्रिक संबंधी कार्य पूर्ण होने की घोषणा की गई
12	संयुक्त उद्यम में निवेश: असम बायो रिफाइनरी प्राइवेट लिमिटेड	138	कार्यान्वयनाधीन (50% इक्विटी भागीदारी)
13	संयुक्त उद्यम में निवेश: इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड	198	कार्यान्वयनाधीन (20% इक्विटी भागीदारी)
14	एलपीजी बॉटलिंग प्लांट की क्षमता में 10 से 42 टीएमटीपीए की वृद्धि	10	वर्ष 2017–18 में शुरू किया गया
15	एनआरईपी– नुमालीगढ़ में रिफाइनरी 6 मिलियन	18,968	कार्यान्वयनाधीन
16	पारादीप नुमालीगढ़ क्रूड ऑयल पाइपलाइन	9,058	कार्यान्वयनाधीन
17	ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट–2.4 केटीपीए	170	कार्यान्वयनाधीन
18	डीसीयू का पुनरुद्धार	370	कार्यान्वयनाधीन
19	दबीदुबी एलपीजी सुविधा	338	कार्यान्वयनाधीन
20	पीएफसीसी इकाई में पावर रिकवरी टर्बाइन	293	कार्यान्वयनाधीन
21	पेट्रोरसायन परियोजना	7,231	कार्यान्वयनाधीन
22	एनआरईपी के लिए कोल ब्लम संरचनात्मक परियोजना	635	कार्यान्वयनाधीन
	कुल	**40,524**	

राजकोष में योगदान

वाणिज्यिक प्रचालन शुरू होने से लेकर वर्ष 2022–23 तक, एनआरएल ने केंद्र और राज्य के राजकोष में ₹ 51,658 करोड़ से अधिक का योगदान दिया है। पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान दिसंबर 2023 तक राजकोष में एनआरएल का योगदान निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रुपये में)

	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
केन्द्रीय राजकोष	5,863	5,330	4,358	3,389
राज्यिक राजकोष	605	480	658	430
कुल	**6,468**	**5,810**	**5,016**	**3,819**

औद्योगिक सफलता का प्रदर्शन

पिछले कुछ वर्षों में, एनआरएल पूर्वोत्तर भारत में सफल औद्योगिक के रूप में उभर कर आया है, जिससे इस क्षेत्र में भविष्य में निवेश को आकर्षित करने में सहायता मिली है।

14.4. अन्य सीपीएसई

14.4.1. भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड (बीपीआरएल)

भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड (बीपीआरएल) की सत्रह ब्लॉकों में भागीदारी है, जिनमें से आठ भारत में और नौ विदेश में हैं। इसके अतिरिक्त, बीपीआरएल के पास रूस में चार उत्पादन ब्लॉकों के लाइसेंस रखने वाली दो रूसी संस्थाओं में इक्विटी हिस्सेदारी है।

भारत में आठ ब्लॉकों में से पांच को नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) के विभिन्न दौरों के अंतर्गत अधिग्रहित किया गया था, एक ब्लॉक को खोजे गए छोटे क्षेत्रों (डीएसएफ) बोली दौर 1 के तहत और दो ब्लॉकों को ओपन एकरेज लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) बोली दौर I के तहत संविदा प्रदान की गई थी।

नौ विदेशी ब्लॉकों में से पांच ब्राजील में, दो संयुक्त अरब अमीरात में और एक–एक मोजाम्बिक और इंडोनेशिया में हैं। बीपीआरएल के ब्लॉक अन्वेषण, मूल्यांकन, विकास और उत्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। बीपीआरएल और उसकी सहायक कंपनियों के पास कुल एकरेज करीब 21,380 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें से करीब 50% हिस्सा अपतटीय है।

रूस

बीपीआरएल, आईओसीएल और ओआईएल से मिलकर बने भारतीय संघ ("आईसी") ने सिंगापुर में निगमित अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों और विशेष प्रयोजन तंत्र के माध्यम से एलएलसी तास–युर्याख नेफ्टेगाजडोब्याचा ("टीवाईएनजीडी एलएलसी") में 29.9% इक्विटी हिस्सेदारी है, अक्टूबर 2016 में रोसनेफ्ट से जेएससी वैंकोरनेफ्ट में 23.9% इक्विटी हिस्सेदारी प्राप्त की। जेएससी वैंकोरनेफ्ट के वोस्तोक एलएलसी में 50.1% शेयर, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड में 26% शेयर और आईसी के पास वैंकोर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ("वीआईपीएल", सिंगापुर में आईसी सहायक कंपनियों की संयुक्त उद्यम कंपनी) के माध्यम से शेष 23.9% हिस्सेदारी प्राप्त की है। इस परिसंपत्ति में पूर्वी साइबेरिया में स्थित वानकोरकॉय क्षेत्र शामिल है, जिसमें बीपीआरएल की हिस्सेदारी 7.887% है। जेएससी वानकोर्नेफ्ट में 7.887% हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए किए गए निवेश 589 मिलियन अमेरिकी डॉलर थी। टीवाईएनजीडी एलएलसी में, रोसनेफ्ट की 50.1% हिस्सेदारी है, ब्रिटिश पेट्रोलियम की 20% हिस्सेदारी है और आईसी की शेष 29.9% हिस्सेदारी है, जो तास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ("टीआईपीएल सिंगापुर में आईसी की सहायक कंपनियों की संयुक्त उद्यम कंपनी है") के माध्यम से है। इस परिसंपत्ति में पूर्वी साइबेरिया में स्थित श्रेडनेबोटुओबिस्कॉय क्षेत्र शामिल है। बीपीआरएल की हिस्सेदारी 9.867% है। एलएलसी टीवाईएनजीडी में 9.867% हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए किए गए निवेश 430 मिलियन अमरीकी डालर थी।

लोअर जकुम

अबू धाबी अपतटीय शेलो वाटर में स्थित लोअर जकुम क्षेत्र सन 1967 से कच्चे तेल का उत्पादन कर रहा है। बीपीआरएल, ओवीएल और आईओसीएल से मिलकर बने भारतीय संघ ने मार्च 2018 में संयुक्त

अरब अमीरात के अबू धाबी में अपतटीय उत्पादक तेल परिसंपत्ति, लोअर जकुम कंसेशन में 10% हिस्सेदारी प्राप्त की।

लोअर जकुम कंसेशन में भारतीय संघ की हिस्सेदारी नीदरलैंड में निगमित एसपीवी फाल्कन ऑयल एंड गैस बीवी के माध्यम से है, जहाँ बीपीआरएल नीदरलैंड में अपनी स्टेप–डाउन सहायक कंपनी बीपीआरएल इंटरनेशनल वेंचर्स बीवी के माध्यम से 30% शेयर रखती है। एफओजी बीवी के शेयरधारक ओएनजीसी नाइल गंगा बीवी, बीपीआरएल इंटरनेशनल वेंचर्स बीवी और इंडऑयल ग्लोबल बीवी हैं, जिनकी क्रमशः 40%, 30% और 30% शेयरधारिता है। रियायत की अवधि 9 मार्च 2018 से 40 वर्ष है। लोअर जकुम रियायत में अन्य शेयरधारक अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (60%), जोडको (10%, जापान की इनपेक्स कॉर्पोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी), वाइना नेशनल पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (10%), इटली की ईएनआई (5%) और फ्रांस की टोटल एसए (5%) हैं। वर्तमान में दास ब्लेंड ग्रेड में औसतन 420,000 बीओपीडी कच्चे तेल का उत्पादन हो रहा है। वर्ष 2023–24 के दौरान, बीपीसीएल समूह रिफाइनरियों ने लोअर जकुम रियायत से अपने इक्विटी ऑयल के रूप में लगभग 4.02 मिलियन बैरल दास ब्लेंड कच्चे तेल का एकत्रित किया है। बीपीआरएल को अप्रैल 2023–दिसंबर 2023 के लिए 13.80 मिलियन अमरीकी डालर का लाभांश प्राप्त हुआ है। उत्पादन को बढ़ाने और उसका संवर्धन करने के लिए दीर्घावधिक विकास योजना–1 परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

मोजाम्बिक

मोजाम्बिक में, उत्तरी मोजाम्बिक के तट से दूर रोवुमा बेसिन, अपतटीय क्षेत्र 1 में प्राकृतिक गैस की विशाल मात्रा की खोज के बाद, क्षेत्र 1 रियायतकर्ताओं ने अपतटीय गोल्फिन्हो–अतुम खोज क्षेत्र से खोजी गई गैस के मुद्रीकरण के लिए 2 ट्रेन (2x6.56 एमएमटीपीए) ऑनशोर प्रारंभिक एलएनजी परियोजना विकसित करने के लिए 18 जून 2019 को अंतिम निवेश निर्णय (एफआईडी) की घोषणा की। एफआईडी की घोषणा से, गोल्फिन्हो–अतुम क्षेत्र विकास योजना प्रभावी हो गई और 30 वर्षों की विकास और उत्पादन अवधि शुरू हुई। जबकि परियोजना मार्च 2021 तक निर्धारित समय और बजट के भीतर थी, मार्च 2021 के अंत में अफुंगी परियोजना स्थल के आसपास सुरक्षा घटनाओं के कारण, ऑपरेटर ने जोओए, ईपीसीसी और अन्य सभी संविदाओं के अंतर्गत फोर्स मैज्योर (एफएम) घोषित किया क्योंकि वे सुरक्षित पेट्रोलियम संचालन करने के अपने दायित्वों को पूरा नहीं कर पाए थे। मोजाम्बिक सरकार शांति की बहाली और सुरक्षा स्थिति संबंधी समस्याओं का समाधान करने की दिशा में काम कर रही है। मोजाम्बिक सेना रवांडा और दक्षिण अफ्रीकी विकास समुदाय (एसएडीसी) की संयुक्त सेनाओं के साथ मिलकर इस क्षेत्र में अपने अभियान जारी रखे हुए है। क्षेत्र 1 परियोजना स्थानीय सामाजिक और आर्थिक अवसंरचना के विकास में सहायता कर रही है, और वर्तमान में कृषि, जल और स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, क्षमता निर्माण, मत्स्य पालन, सौर ऊर्जा और लघु व्यवसाय विकास के क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रही है। जबकि परियोजना अप्रत्याशित परिस्थितियों में बनी हुई है, संविदाकारों के साथ संबंध रचनात्मक बने हुए हैं और स्थानीय सामग्री, रोजगार और प्रशिक्षण आदि की संवेदनशीलता को देखते हुए स्थानीय मोजाम्बिक कंपनियों के साथ स्थिति की समीक्षा करने के लिए विशेष ध्यान रखा गया है। ऑपरेटर ने सूचित किया है कि साइट पर उपकरण और अवसंरचना संरक्षित और अच्छी स्थिति में है।

ब्राज़ील

आईबीवी ब्राज़ील (आईबीवी) को वर्ष 2008 में बीपीआरएल (बीपीसीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) और बीआईएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों की 50:50 संयुक्त उद्यम कंपनी के रूप में निगमित किया गया था, जो उनकी विदेशी सहायक कंपनियों जैसे बीपीआरएल वेंचर्स (नीदरलैंड) और वीडियोकॉन एनर्जी, ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स (वीईबीएल) के माध्यम से है। ब्राज़ील अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा अपस्ट्रीम निवेश स्थल है और वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा निवेश स्थल है। आईबीवी ने पहले ही 1.8 बिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश किया है, जिसमें पेट्रोब्रास के साथ एसईएपी–I परियोजना के अंतर्गत बीएम–एसईएएल–11 रियायत के विकास के लिए आईबीवी की पूरी हिस्सेदारी (40%) के लिए सीसीईए द्वारा अनुमोदित 1.6 बिलियन अमरीकी डॉलर का अतिरिक्त परिव्यय शामिल है।

ब्राजील की परिसंपत्तियों में भागीदारी हित (पीआई) आईबीवी के पास है। हितों की वर्तमान स्थिति इस प्रकार है:

बीएम–एसईएएल–11 (40% पीआई, विकास चरण)

बीएम–सी–30 (35.714%, ऑपरेटर पेट्रोरियो के लिए आईसीसी लंदन में जेओए के अनुसार विवाद के अंतर्गत)

बीएम–पीओटी–16 (बंद कर दिया गया, औपचारिक प्रक्रियाधीन है)

बीएम–ईएस–24/24क (बंद कर दिया गया)

ऑनशोर ब्लॉक 1

बीपीआरएल ने आईओसीएल के साथ मिलकर सन 2018 में आयोजित अबू धाबी ब्लॉक लाइसेंसिंग बिड राउंड को सफलतापूर्वक जीता और 24 मार्च 2019 को ऑनशोर ब्लॉक 1 रियायत से सम्मानित किया गया। ऑनशोर ब्लॉक 1 रियायत एक विशेष प्रयोजन तंत्र (एसपीवी), ऊर्जा भारत प्राइवेट लिमिटेड (यूबीपीएल) सिंगापुर के माध्यम से आयोजित की जाती है, जहाँ बीपीआरएल सिंगापुर में अपनी स्वेप–डाउन सहायक कंपनी बीपीआरएल इंटरनेशनल सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से 50% शेयरधारिता रखी है। यूबीपीएल, अन्वेषण चरण के दौरान ब्लॉक का ऑपरेटर है और ब्लॉक में 100% भागीदारी हित (पीआई) है। ब्लॉक की अन्वेषण अवधि 24 मार्च 2019 से प्रभावी 9 वर्षों के लिए है। ब्लॉक की न्यूनतम प्रतिबद्धता के अनुसार, यूबीपीएल को मार्च 2026 तक 179 मिलियन अमरीकी डॉलर की स्वीकृत निवेश सीमा के साथ पाँच अन्वेषण और चार मूल्यांकन कुओं को ड्रिल करने की आवश्यकता है। ऑनशोर ब्लॉक 1, रुवाइस नगर और रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स के आसपास अल धफरा क्षेत्र में स्थित 6,162 किमी² के क्षेत्र को शामिल करता है, जिसमें पश्चिम में तटीय क्षेत्र भी शामिल है।

इस क्षेत्र में रुवाइस और मिरफा नामक दो मौजूदा अविकसित तेल और गैस क्षेत्र हैं। आज की तारीख तक यूबीपीएल ने रुवाइस खोज के लिए 2 मूल्यांकन कुओं और 4 अन्वेषण कुओं की ड्रिलिंग पूरी कर ली है। परीक्षण के दौरान, रुवाइस मूल्यांकन कुआं आरडब्लू–11 ने @40/64" चोक आकार पर 4,000 बोप्ड प्रवाहित किया। अन्वेषण कुओं में से एक्सएन–79 ने ~250 बोप्ड प्रवाहित किया और भविष्य के कार्यकलापों के लिए स्थगित कर दिया। अपरंपरागत शिलैफ जलाशय को लक्षित करने वाले अन्वेषण कुआ एक्सएन–76 का परीक्षण वर्तमान में चल रहा है। मिरफा खोज के दो मूल्यांकन कुओं और एक अन्वेषण कुएँ की ड्रिलिंग की प्रतिबद्धता को 23 मार्च 2026 तक वैध दूसरी अन्वेषण अवधि में पूरा करने की योजना है।

रुवाइस खोज के लिए क्षेत्र विकास योजना (एफडीपी) 4 अक्टूबर 2022 को नियामक की स्वीकृति के लिए प्रस्तुत की गई थी। वर्तमान स्थिति के अनुसार, रियायत समझौते के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए अबू धाबी सरकार की स्वीकृति का इंतजार है। मार्च 2024 के अंत तक पीसीए पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। रुवाइस फील्ड से पहला तेल उत्पादन रियायत समझौते के निष्पादन के 18 महीने बाद मिलने की उम्मीद है। एसेट यूटिलाइजेशन एग्रीमेंट और क्रूड सेल्स एग्रीमेंट पर एडीएनओसी के साथ आगे का संरेखण प्रगति पर है। प्रस्तुत एफडीपी के अनुसार, क्षेत्र से उत्पादन को ~70 किलोमीटर की मल्टीफेज उत्पाद पाइपलाइन के माध्यम से एडीएनओसी की बु हासा प्रसंस्करण सुविधाओं तक पहुँचाया जाएगा। यूबीपीएल के पास या तो निर्यात टर्मिनलों में से किसी से अपना इक्विटी क्रूड उठाने या एडीएनओसी को बेचने का विकल्प है। यूबीपीएल बोर्ड ने रुवाइस फील्ड के विकास के लिए 166.8 मिलियन अमरीकी डॉलर के पूंजीगत व्यय को पहले ही मंजूरी दे दी है।

इंडोनेशिया

बीपीआरएल ने सितंबर 2009 में नुनुकन प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (पीएससी) में भाग लिया और इसकी स्टेप–डाउन सहायक कंपनी बीपीआरएल वेंचर्स इंडोनेशिया बीवी के माध्यम से 16.2% की भागीदारी हित (पीआई) है। पीटी पर्टामिना हुलु एनर्जी नुनुकन कंपनी (पीएचईएनसी), इंडोनेशिया की राष्ट्रीय तेल कंपनी पर्टामिना की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जिसके पास संघ में 83.8% 1 पीआई है और वह प्रचालक है। उत्पादन साझाकरण संविदा (पीएससी) पर 12 दिसंबर 2004 को हस्ताक्षर किए गए थे और यह 30 वर्षों की अवधि के लिए वैध है, अर्थात 2034 तक। यह ब्लॉक उत्तरी कालीमंतन प्रांत के तारकन बेसिन में बन्यू द्वीप के तट से दूर शेसी वाटर में स्थित है।

अन्वेषण चरण के तहत पीएससी के अनुसार प्रतिबद्ध न्यूनतम कार्य संबंधी कार्यक्रम पूरा हो चुका है। मूल्यांकन ड्रिलिंग कार्यक्रम, भूवैज्ञानिक, भूभौतिकीय और जलाशय अध्ययनों के परिणामों के साथ–साथ स्वतंत्र रिजर्व प्रमाणीकरण ने पारंग खोज से पुनर्प्राप्त करने योग्य तेल और गैस संसाधन मात्रा में महत्वपूर्ण कमी का संकेत दिया था। ब्लॉक में आगे का सफर तय करने के लिए विभिन्न वैकल्पिक विकल्पों का मूल्यांकन किया जा रहा है।

सीवी–ओएनएचपी–2017/9 (ऑनशोर कैम्बे बेसिन, गुजरात) साइट

कैम्बे बेसिन, गुजरात में ब्लॉक सीवी–ओएनएचपी–2017/9 को ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) बोली दौर–I के तहत बीपीआरएल को दिया गया था और ब्लॉक के रेवेन्यू शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (आरएससी) पर 1 अक्टूबर 2018 को भारत सरकार के साथ हस्ताक्षर किए गए थे। बीपीआरएल 60%

पीआई के साथ ब्लॉक में प्रमुख प्रचालक है और ओएनजीसी 40% पीआई सहित भागीदार है।

आईपीएम निविदा को जीईएम पोर्टल के माध्यम से मंगाया गया और तीन कुओं की ड्रिलिंग और परीक्षण के लिए मेसर्स श्लमबर्गर को दिया गया। 2 स्थानों के लिए साइट निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और तीसरे के लिए काम चल रहा है। पहला अन्वेषण कुआं 20 मार्च 2024 को शुरू होने की उम्मीद है।

सीवाई–ओएनएन–2002/2 (मदनम क्षेत्र, ऑनशोर कावेरी घाटी, तमिलनाडु)

कावेरी घाटी में ऑन–लैंड ब्लॉक सीवाई–ओएनएन –2002/2 में बीपीआरएल का पीआई 40% है, जिसमें ओएनजीसी 60% पीआई सहित प्रचालक है। अन्वेषण चरण के दौरान, संघ ने एक स्थान पर तेल की खोज की है, जिसका नाम मदनम आयल डिस्कवरी है। खोज के आधार पर, दो मूल्यांकन कुओं की ड्रिलिंग की गई। पहले मूल्यांकन कुएँ से गैस निकली, जिसकी पहचान तिरुनगरी गैस खोज के रूप में की गई। दूसरे मूल्यांकन कुएँ से तेल/गैस निकली। संघ ने क्षेत्र विकास चरण के तहत 10 कुओं की ड्रिलिंग पूरी कर ली है।

इस ब्लॉक में वर्तमान में 6 उत्पादक कुएं हैं, जिनका संयुक्त मासिक औसत तेल उत्पादन 5,673 टन (बीपीआरएल का हिस्सा 2,270 टन) है। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, ब्लॉक से 67,880 टन तेल (बीपीआरएल का हिस्सा 27,152 टन) का उत्पादन किया गया है।

सीबी–ओएनएन–2010/11 (ऑनशोर कैम्बे घाटी, गुजरात)

सीबी–ओएनएन–2010/11, ऑन–लैंड ब्लॉक भारत सरकार द्वारा एक संघ को प्रदान किया गया है गेल, बीपीआरएल ईआईएल, बीएफआईएल और एमआईईएल शामिल हैं, जिसमें 25% पीआई ब्लॉक का प्रमुख प्रचालक है। बीपीआरएल के पास 25% हिस्सेदारी है और यह ब्लॉक का संयुक्त संचालक है।

संयुक्त परिचालन समझौते (जेओए) के तहत एमआईईएल के नकद भार भुगतान में चूक के कारण, अन्य गैर–चूककर्ता पक्षकार 15% पीआई के एमआईईएल वितरण को उनके मौजूदा हिस्से में अनुपातिक रूप में वितरित करने के लिए सहमत हुए हैं, जिसके लिए अनुमोदन के लिए डीजीएच को अनुरोध प्रस्तुत भेजा गया है। गैलियानल की फील्ड डेवलपमेंट प्लान (एफडीपी) को 10 फरवरी 2020 को मंजूरी दी गई थी और विकास संबंधी कार्यकलाप प्रगति पर हैं।

एए–ओएनएन–2010/3 (असम अराकान घाटी, असम)

एए–ओएनएन–2010/3, ऑन–लैंड ब्लॉक भारत सरकार द्वारा ओआईएल, ओएनजीसी और बीपीआरएल के एक संघ को प्रदान किया गया था। इसमें ऑयल का 40: पीआई है और वह ब्लॉक का प्रचालक है। बीपीआरएल के पास ब्लॉक में 20% पीआई और ओएनजीसी के पास 40% पीआई है। ब्लॉक के लिए पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस असम सरकार द्वारा 12 दिसंबर 2013 से प्रभावी रूप से प्रदान किया गया था। ब्लॉक में संघ द्वारा प्रतिबद्ध न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) पूरा हो गया है एमडब्ल्यूपी में 101 वर्ग किलोमीटर का 3डी एपीआई और 3,500 मीटर के लक्ष्य तक अन्वेषण कुएं की ड्रिलिंग शामिल थी। 3डी भूकंपीय आंकड़ों के विवरण के आधार पर, एलके+टीएच गठन की संभावना का खोज करने के लिए 6,450 मीटर की गहराई तक ड्रिलिंग करने के लिए कुएं की योजना बनाई गई थी। एसडीवाईए–1 कुआं खोदते समय 5,892 मीटर पर कुछ अड़चन आ गई थी और सुरक्षा कारणों से कुएं को फिर से डिजाइन किए बिना आगे ड्रिल करना संभव नहीं था। 6,450 मीटर की लक्षित गहराई के स्थान पर कुआं 5,892 मीटर तक ड्रिल किया गया और उसे बंद करके छोड़ दिया गया। अन्वेषण अवधि 17.05.2023 तक वैध थी। प्रचालक ने डीजीएच/एमओपीएंडएनजी से ब्लॉक में 3 वर्ष की विशेष छूट के लिए आवेदन किया है।

एए–ओएनएचपी–2017/12 (असम अराकान घाटी, असम और अरुणाचल प्रदेश)

भारत सरकार ने ओएएलपी। बोली दौर के तहत ओआईएल को ब्लॉक एए–ओएनएचपी–2017/12 प्रदान किया था। दिसंबर 2019 में बीपीआरएल ने 10% पीआई सहित ब्लॉक प्रचालक बना रहा। ब्लॉक के अन्य संघ साझेदार प्रचालक के रूप में ओआईएल (60% पीआई), आईओसी (20% पीआई) और नुमालीगढ़ रिफाइनरीज लिमिटेड (10%) हैं। संपूर्ण ब्लॉक 469 वर्ग किमी क्षेत्र में है, जिसमें से 468.50 वर्ग किमी असम में और 0.5 वर्ग किमी अरुणाचल प्रदेश में है।

अन्वेषण अवधि 23 नवंबर 2023 तक वैध थी। ब्लॉक में एयरबोर्न ग्रेविटी ग्रैडियोमेट्री सर्वेक्षण, 2डी और 3डी भूकंपीय डेटा एपीआई पूरा हो चुका है। दो अन्वेषण कुओं की ड्रिलिंग की प्रतिबद्धता थी। एविएशन रिसर्च सेंटर से अनापत्ति प्रमाणपत्र केवल एक एमडब्ल्यूपी कुएं (ओडब्ल्यूएमए) के लिए दी गई है। कुएं ओडब्ल्यूएमए के लिए वन विभाग से मंजूरी प्रतिक्षीत है।

14.4.2. बामर लॉरी इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (बीएलआईएल):

भारत सरकार ने तेल के अपने नियोजित विनियमन और अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण के मद्देनजर, बीपी कंपनी लिमिटेड में अपने कुल इक्विटी धारण का 33.58% विनिवेश करने का निर्णय लिया है, जो प्रबंधन के साथ कार्यनीतिक साझेदार है। परिणामस्वरूप, पूर्ववर्ती सहायक कंपनी बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड (1) की शेयरधारिता को बामर लॉरी इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (बीएलआईएल) के पक्षकार के रूप में अलग कर दिया गया, जिसे 20 सितंबर 2001 को कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित किया गया था। भारत के राष्ट्रपति के पास प्रति ₹ 10 के 1,32,46,098 इक्विटी शेयर हैं, जो कंपनी में कुल चुकता इक्विटी पूंजी का 59.67% है। बीएलआईएल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है और इसका पंजीकृत कार्यालय कोलकाता में है। कंपनी के पास अपनी सहायक कंपनी, अर्थात बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड (बीएल) के इक्विटी शेयरों को रखने के अलावा कोई व्यावसायिक कार्यकलाप नहीं है। आय का मुख्य स्रोत बीएल से प्राप्त लाभांश आय है। लाभांश आय के अलावा, कंपनी अनुसूचित बैंकों की फॉक्सड/सावधि जमा योजनाओं में निवेश किए गए अपने अधिशेष निधियों से ब्याज अर्जित करती है। बीएलआईएल के संयुक्त उद्यम और सहायक कंपनियाँ निम्नानुसार हैं:

- बीएलआईएल का किसी भी कॉर्पोरेट संस्था के साथ कोई संयुक्त उद्यम नहीं है।
- बीएलआईएल की वर्तमान में एक सहायक कंपनी और एक स्टेप–डाउन सहायक कंपनी है, नामतः

i. बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(87) के अनुसार) (जिसे यहां इबीएलए कहा गया है) और इसके बदले में बीएल में एक सहायक कंपनी है, जैसा कि नीचे क्रम संख्या पप में उल्लिखित है।

ii. विशाखापत्तनम पोर्ट लॉजिस्टिक्स पार्क लिमिटेड (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(87) (ii) के अनुसार)

14.4.3. तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी)

14.4.3.1. बोर्ड के उद्देश्य और कार्य

तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) की स्थापना 13 जनवरी, 1975 को तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974 के तहत तेल उद्योग के विकास के लिए वित्तीय और अन्य सहायता प्रदान करने के लिए की गई थी। अधिनियम की धारा 6 में परिभाषित बोर्ड के कार्यों में, तेल उद्योग के विकास के लिए अनुकूल सभी कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए ऋण और अनुदान सहित वित्तीय सहायता प्रदान करना शामिल है।

14.4.3.2. संगठनात्मक संरचना

तेल उद्योग विकास बोर्ड के अध्यक्ष सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय है और अन्य सदस्य निम्नानुसार हैं, अर्थात् सचिव, रसायन और पेट्रोकेमिकल विभाग, अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, संयुक्त सचिव (पीएफसी–I), व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, संयुक्त सचिव (अन्वेषण), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, अध्यक्ष–आईओसीएल, ओएनजीसी, गेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, बीपीसीएल, ईआईएल, महानिदेशक, हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय, निदेशक (आरएंडडी), आईओसीएल और सचिव, तेल उद्योग विकास बोर्ड सदस्य सचिव के रूप में।

14.4.3.3. बोर्ड के संसाधन

अधिनियम के तहत परिकल्पित विभिन्न कार्यकलापों के लिए आवश्यक निधि, संसद द्वारा उचित विनियोजन के पश्चात स्वदेशी कच्चे तेल पर लगाए गए और एकत्र किए गए उपकर की आय से केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई थी। अब तक, ओआईडीबी को उपकर संग्रह में से 1991–92 तक केंद्र सरकार से ₹ 902.40 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है, जो आंतरिक उत्पादन के माध्यम से 31.03.2024 तक ₹ 12,041.85 करोड़ (अनंतिम) हो गई है।

14.4.3.4. निधियों का परिनियोजन

i) अनुदान

वर्ष 2023–24 के दौरान, ओआईडीबी ने संस्थानों को अनुदान जारी किया था। हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच), पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए), उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र (सीएचटी), तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय (ओआईएसडी), पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण सेल (पीपीएसी), आईएसपीआरएल को चरण–II एसपीआर की पूर्व–परियोजना कार्यकलाप और अन्य अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के लिए ₹ 257.86 करोड़ की निधि प्रदान की गई है।



ii) ऋण

वर्ष के दौरान, गेल की जगदीशपुर हल्दिया धामरा पाइपलाइन परियोजना, आईजीजीएल की उत्तर पूर्व गैस ग्रिड परियोजना और बीसीपीएल की पेट्रोकेमिकल परियोजना के लिए तेल और गैस सार्वजनिक उपक्रमों को ऋण के माध्यम से ₹ 1,411.38 करोड़ की वित्तीय सहायता जारी की गई।



iii) इक्विटी

ओआईडीबी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (आईएसपीआरएल) को तीन स्थानों पर कच्चे तेल के लिए कार्यनीतिक भंडारण के निर्माण का काम सौंपा गया है। ओआईडीबी ने अब तक चरण–1 के तहत विशाखापत्तनम, मैंगलोर और पादुर में कच्चे तेल के भंडारण परियोजनाओं की स्थापना के लिए पूंजीगत लागत के लिए आईएसपीआरएल में इक्विटी निवेश के रूप में ₹ 3,790.05 करोड़ की राशि जारी की है। इसके अतिरिक्त, चरण–2 एसपीआर के लिए पूर्व–परियोजना कार्यकलापों के लिए अनुदान के रूप में आईएसपीआरएल को ₹ 21.97 करोड़ की राशि भी उपलब्ध कराई गई है।

iv) अग्रिम

ओआईडीबी ने अंडमान अपतटीय क्षेत्रों में भूकंपीय सर्वेक्षण करने और अनन्य आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के गैर–मूल्यांकित अपतटीय बेसिनल क्षेत्रों के मूल्यांकन के लिए डीजीएच को कुल ₹ 965.69 करोड़ का ब्याज मुक्त वापसी योग्य अग्रिम प्रदान किया था, जिसमें से ₹ 565.28 करोड़ वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान जारी किए गए थे।

v) राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

राजभाषा नीति के सर्वोत्तम कार्यान्वयन के लिए, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2022–23 के लिए राजभाषा **कीर्ति पुरस्कार** हेतु बोर्ड/संस्थाओं की श्रेणी के अंतर्गत तेल उद्योग विकास बोर्ड को "क" श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।



इसके अतिरिक्त, वर्ष 2022–23 में राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नोएडा द्वारा भी तेल उद्योग विकास बोर्ड को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

14.4.4. तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय (ओआईएसडी)

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत तकनीकी निदेशालय, तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय (ओआईएसडी) को मानकों को तैयार करने, सुरक्षा लेखा–परीक्षा के माध्यम से इसके कार्यान्वयन की देखरेख करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि सुरक्षा के स्तर को बढ़ाया जा सके और इस उद्योग में निहित जोखिम को कम किया जा सके। ओआईएसडी मानकों को तेल और गैस कंपनियों द्वारा स्व–नियामक आधार पर लागू किया जाता है।

अपतटीय तेल और गैस अन्वेषण, ड्रिलिंग, उत्पादन और संबंधित गतिविधियों में सुरक्षा को विनियमित करने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस (अपतटीय परिचालन में सुरक्षा) नियम 2008 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया था, और ओआईएसडी को जून 2008 में जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार इन नियमों में निर्धारित शक्तियों और कार्यों का प्रयोग करने के लिए सक्षम प्राधिकारी के रूप में नामित किया गया है। निदेशालय, इन नियमों के प्रावधानों के तहत, अंतर्राष्ट्रीय कार्यप्रणाली के अनुरूप लक्ष्य निर्धारण दृष्टिकोण के अनुरूप अपतटीय प्रतिष्ठानों के संचालन के लिए अनुमोदन प्रदान करता है।

14.4.4.1. वित्त वर्ष 23–24 में OISD द्वारा सुरक्षा लेखा–परीक्षा:

ओआईएसडी समय–समय पर ऑनशोर और ऑफशोर ईएंडपी प्रतिष्ठानों, रिफाइनरी, गैस प्रसंस्करण संयंत्र, सेंट्रल टैंक फार्म, एलएनजी टर्मिनल, पेट्रोकेमिकल संयंत्र, क्रॉस कंट्री पाइपलाइन, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, एलपीजी आयात सुविधा, डिपो, टर्मिनल, एविएशन फ्यूलिंग स्टेशन और ल्यूब ब्लेंडिंग प्लांट के लिए बाहरी सुरक्षा लेखा–परीक्षा (ईएसए) करता है ताकि ओआईएसडी मानकों और वैधानिक विनियमों सहित उनके अनुपालन स्तर की निगरानी की जा सके। जनवरी 2023 से मार्च 2023, वित्त वर्ष 2023–24 और जनवरी 2023 से मार्च 2024 के लिए ओआईएसडी सुरक्षा लेखा–परीक्षा संबंधी निष्पादन नीचे विस्तृत रूप से दिया गया है:

प्रकार/प्रतिस्थापन	इकाई	जनवरी 2023 से मार्च 2023	वित्त वर्ष 2023–24		जनवरी 2023 से मार्च 2024
			योजना	वास्तविक	
रिफाइनरी / पैट्रोरसायन / जीपीपी / सीटीएफ / एलएनजी टर्मिनल	संख्या	03	23	29	32
विपणन प्रतिस्थापन(पीओएल)	संख्या	22	78	80	102
विपणन प्रतिस्थापन(एलपीजी)	संख्या	07	42	48	55
ईएंडपी ऑनशोर	संख्या	13	100	115	128
ईएंडपी ऑफशोर	संख्या	05	20	28	33
कार्पोरेट / एसबीयू स्तर पर सुरक्षा लेखा–परीक्षा	संख्या	01	05	05	06
प्रमुख पत्तन संबंधी लेखा–परीक्षा	संख्या	-	02	05	05
एसपीएम लेखा–परीक्षा	संख्या	05	02	06	11
आईसीजी के साथ आयल स्पील इमरजेंसी तत्परता के लिए संयुक्त निरीक्षण	संख्या	06	02	06	12
कुल योग	**संख्या**	**62**	**274**	**322**	**384**
क्रॉस कंट्री पाइपलाइन	किमी	1,883	11,000	12,362	14,245

टिप्पणी: यह वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान ओआईएसडी द्वारा प्रतिस्थापन के साथ–साथ पाइपलाइनों के लिए किया गया अब तक का सबसे बड़ा लेखा–परीक्षा है।

14.4.4.2. शुरूआत पूर्व सुरक्षा संबंधी लेखा–परीक्षा

ओआईएसडी ग्रीन–फील्ड विकास और मौजूदा स्थानों पर प्रमुख अतिरिक्त सुविधाओं के लिए शुरूआत पूर्व सुरक्षा संबंधी लेखा–परीक्षा करता है, ताकि निर्माण चरण में ही वैधानिक आवश्यकता और ओआईएसडी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। जनवरी 2023 से मार्च 2023, वित्त वर्ष 2023–24 और जनवरी 2023 से मार्च 2024 के दौरान किए गए पीसीएसए की स्थिति निम्नानुसार है:

शुरुआत पूर्व सुरक्षा संबंधी लेखा–परीक्षा (पीसीएसए)	इकाई	जनवरी 2023 से मार्च 2023	वास्तविक 2023–24	जनवरी 2023 से मार्च 2024
रिफाइनरी / पैट्रोरसायन / जीपीपी / सीटीएफ / एलएनजी टर्मिनल	संख्या	04	18	22
विपणन प्रतिस्थापन (पीओएल)	संख्या	12	17	29
विपणन प्रतिस्थापन(एलपीजी)	संख्या	03	10	13
ईएंडपी क्षेत्र	संख्या	-	01	01
पाइपलाइन से संबंधित स्थान (पाइपलाईन की लंबाई किमी में)	संख्या (किमी)	05 (647.55)	17 (1701.7)	22 (2349.25)
कुल	**संख्या**	**24**	**63**	**87**

14.4.4.3. अपतटीय प्रतिष्ठानों के लिए संचालन की सहमति:

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस (अपतटीय परिचालन में सुरक्षा) नियम 2008 के कार्यान्वयन की देखरेख करने के लिए सक्षम प्राधिकारी के रूप में ओआईएसडी अपतटीय प्रतिष्ठानों को संचालन की सहमति (सीटीओ) प्रदान करता है। वित्त वर्ष 2023–24 के लिए स्थिति इस प्रकार है:

अपतटीय प्रतिष्ठानों के लिए 'संचालन की सहमति':	इकाई	जनवरी 2023 से मार्च 2023	वास्तविक 2023–24	जनवरी 2023 से मार्च 2024
निर्धारित अपतटीय प्रतिस्थापन	संख्या	09	04	13
मोबाइल अपतटीय प्रतिस्थापन	**संख्या**	-	15	15
कुल	**संख्या**	**09**	**19**	**28**

14.4.4.4. ओआईएसडी मानकों का संशोधन

ओआईएसडी समिति के सदस्यों के अनुभव का लाभ उठाकर तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों का हवाला देकर सभी हितधारकों को शामिल करते हुए सहभागी प्रक्रिया के माध्यम से तेल और गैस उद्योग के लिए मानक विकसित करता है। ये मानक तेल और गैस उद्योग के विभिन्न पहलुओं में अंतर्निहित डिजाइन सुरक्षा, परिसंपत्ति अखंडता और सर्वोत्तम परिचालन संबंधी कार्यप्रणाली को शामिल करते हैं। ओआईएसडी मानकों की समय–समय पर समीक्षा की जाती है ताकि नए मानकों को विकसित करने, नवीनतम तकनीकी विकास के साथ–साथ जमीनी स्तर पर मौजूदा अनुभवों को शामिल करने के लिए मौजूदा मानकों को अद्यतन / संशोधित करने की आवश्यकताओं का पता लगाया जा सके।

ओआईएसडी ने तेल और गैस उद्योग के लिए 118 तकनीकी सुरक्षा मानक विकसित किए हैं। इनमें से 23 मानक पेट्रोलियम नियम, 2002, गैस सिलेंडर नियम, 2016, स्थिर और मोबाइल प्रेशर वेसल्स (अनफायर्ड) नियम, 2016, तेल खान विनियम, 2017 और पीएनजीआरबी विनियमों के वैधानिक प्रावधानों में शामिल हैं।

ओआईएसडी द्वारा 30 जून 2023 को सुरक्षा परिषद द्वारा 16 संशोधित मानकों को मंजूरी दी गई तथा इसे उद्योग के लिए जारी किया गया। वर्तमान में, "हाइड्रोजन सुरक्षा और संपीड़ित बायो गैस (सीबीजी) सुरक्षा" सहित 03 नए सुरक्षा मानक विकास के अधीन हैं तथा 55 मौजूदा मानक संशोधन के विभिन्न चरणों में हैं।

14.4.4.5. प्रशिक्षण/संगोष्ठी/सम्मेलन/कार्यशाला/वेबिनार

नवीनतम तकनीकी विकास, मामला अध्ययन आदि के प्रसार के लिए ओआईएसडी द्वारा तेल एवं गैस उद्योग के लिए प्रशिक्षण / संगोष्ठी / सम्मेलन / कार्यशाला / वेबिनार आयोजित किए जाते हैं।

ओआईएसडी ने जनवरी 2023 से मार्च 2023 के दौरान 163 लेखा–परीक्षकों के लिए 4 आंतरिक लेखा परीक्षक प्रशिक्षण, 480 प्रतिभागियों को शामिल करने वाले 2 सुरक्षा संवाद और अन्य ज्ञान साझाकरण सत्र आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में कुल 1,225 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

ओआईएसडी ने ऑडिटिंग कौशल को बढ़ाने के लिए वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 10 आंतरिक लेखा

परीक्षक प्रशिक्षण आयोजित किए। विभिन्न तेल और गैस उद्योगों के कुल 309 आंतरिक लेखा परीक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, ओआईएसडी ने 12 आंतरिक लेखा परीक्षक प्रशिक्षण आयोजित किए। सुरक्षा संवाद वेबिनार में 3878 प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की, जिनमें "मॉक ड्रिल और सामान्य अवलोकन", "बाघजन घटना और ए लैंड रीबॉर्न नामक फिल्म", "ऑफशोर एसपीएम घटना और ऑनशोर पाइपलाइन फटने की घटना", "ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कार्यस्थलों पर स्वास्थ्य और स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण के उपाय, गुड हाउसकीपिंग और "स्वच्छता बनाए रखने की पहल", "रिफाइनरी में हुई घटनाओं पर केस स्टडी और विश्लेषण", "एलपीजी प्लांट में हाल की घटनाओं का मामला अध्ययन और एलपीजी बल्क/पैक ट्रक का निरीक्षण" आदि शामिल थे। उद्योग के डोमेन विशेषज्ञों ने गलतियों से सीखने के लिए अनुभव साझा किए।

नए जारी किए गए प्रमुख ओआईएसडी मानकों अर्थात 178 (परिवर्तन का प्रबंधन), 105 (वर्क परमिट सिस्टम), 206 (सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली) और 227 (तेल और गैस उद्योग में आपातकालीन प्रतिक्रिया और तैयारी) के लिए प्रासंगिक मामला अध्ययन सहित सुरक्षा संवाद का आयोजन किया गया, ताकि उद्योग संशोधित मानकों, प्रमुख परिवर्तनों और लेखा–परीक्षा/दुर्घटना जांच के दौरान देखे गए उस विशेष मानक से संबंधित सामान्य अंतराल पर अपनी समझ बढ़ा सके।

ओआईएसडी ने एचएमईएल के साथ मिलकर 4 और 5 दिसंबर 2023 को बठिंडा, पंजाब में "सुरक्षा सम्मेलन–2023" का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें तेल और गैस उद्योग से 128 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

14.4.4.6. घटना की जांच और विश्लेषण:

ओआईएसडी घटना के मूल कारणों का विश्लेषण करने के लिए प्रमुख घटनाओं की जांच करता है। तेल और गैस उद्योग की प्रमुख घटनाओं का एक डेटाबैंक बनाए रखा जाता है और रुझानों, धारणा के क्षेत्रों और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई का आकलन करने के लिए उसका विश्लेषण किया जाता है। फिर इन्हें आवधिक बुलेटिनों अर्थात 'सुरक्षा चेतना'; सुरक्षा संबंधी चेतावनी और मामला अध्ययन; संगोष्ठी और कार्यशालाएँ के माध्यम से उद्योग में प्रसारित किया जाता है।

जनवरी 2023 से मार्च 2023 के दौरान, ओआईएसडी द्वारा छह प्रमुख घटनाओं की जाँच की गई है, जिनमें से एक घटना की पीएनजीबीआर के साथ संयुक्त रूप से जाँच की गई थी।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान ओआईएसडी द्वारा बारह प्रमुख घटनाओं की जाँच की गई है, जिनमें से तीन घटनाओं की पीएनजीआरबी के साथ संयुक्त रूप से जाँच की गई थी।

1 जनवरी 2023 से 31 मार्च 2024 तक, ओआईएसडी ने 18 प्रमुख दुर्घटनाओं की जाँच की, जिनमें से 4 घटनाओं की पीएनजीआरबी के साथ संयुक्त रूप से जाँच की गई।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान ओआईएसडी की वेबसाइट पर कुल 13 मामला संबंधी अध्ययन अपलोड की गईं और 14 सुरक्षा संबंधी चेतावनी जारी किए गए। "सुरक्षा चेतना" ओआईएसडी न्यूज़लेटर के दो संस्करण में प्रकाशित किए गए हैं।

14.4.4.7. सुरक्षा परिषद:

सुरक्षा परिषद ने सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अध्यक्षता में दिनांक 30 जून 2023 को आयोजित परिषद की 40वीं बैठक में सुरक्षा पर एपेक्स निकाय, सुरक्षा संबंधी प्रदर्शन की समीक्षा की। बैठक के दौरान स्वीकृत और/या विचार–विमर्श किए गए मुख्य मुद्दे इस प्रकार हैं:

- वर्ष 2022–23 में ओआईएसडी द्वारा की जाने वाली प्रमुख कार्यकलाप और वर्ष 2023–24 के लिए कार्यकलाप योजना।
- दो वर्षों से अधिक समय से लंबित ओआईएसडी सुरक्षा संबंधी लेखा–परीक्षा अनुशंसाओं की अनुपालन स्थिति की समीक्षा और उनके धारणा क्षेत्र।
- 16 संशोधित ओआईएसडी मानकों को स्वीकृति।
- बाघजान ब्लोआउट घटना से संबंधित एचएलसी की अनुशंसाओं का अनुपालन।
- चक्रवात तौकते घटना से संबंधित एचएलसी की अनुशंसाओं का अनुपालन।
- वित्त वर्ष 2022–23 में ओआईएसडी के वास्तविक व्यय और वित्त वर्ष 2023–24 के लिए बजट अनुमान को स्वीकृति।

14.4.5. हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच)

हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) की स्थापना 8 अप्रैल, 1993 को की गई थी, जिसका उद्देश्य भारतीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस संसाधनों के पर्यावरण और पेट्रोलियम कार्यकलापों के तकनीकी और आर्थिक पहलुओं के प्रति संतुलित दृष्टिकोण रखते हुए उनके उचित प्रबंधन को बढ़ावा देना था। डीजीएच की भूमिका और कार्य अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित है:–

- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए केन्द्रीय एजेंसी।
- अन्वेषण कार्यनीतियों और उत्पादन नीतियों पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सलाह देना।
- देश में हाइड्रोकार्बन की खोज और इष्टतम दोहन से संबंधित मुद्दों पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को तकनीकी सलाह प्रदान करना।
- तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1948 और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियमावली, 1959 के अंतर्गत दिए गए पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस के अंतर्गत काम करने वाली कंपनियों के अन्वेषण कार्यक्रमों की समीक्षा करना तथा सरकार को इन कार्यक्रमों की पर्याप्तता के बारे में सलाह देना।
- प्रचालन कंपनियों द्वारा खोजे गए और अनुमानित हाइड्रोकार्बन भंडार का मूल्यांकन करना
- कम्पनियों को अन्वेषण के लिए एकड़ भूमि की पेशकश के साथ–साथ कम्पनियों द्वारा एकड़ भूमि के त्याग से संबंधित मामलों पर सरकार को सलाह देना।
- परिचालन कंपनियों द्वारा प्रस्तावित हाइड्रोकार्बन भंडारों की व्यावसायिक खोजों के लिए विकास योजनाओं की समीक्षा करना तथा ऐसी योजनाओं की पर्याप्तता और प्रस्तावित दोहन दरों तथा उससे संबंधित मामलों पर सरकार को सलाह देना।
- परिचालन कंपनियों द्वारा पेट्रोलियम भण्डारों के प्रबंधन की समवर्ती समीक्षा और लेखापरीक्षा करना तथा भण्डारों के इष्टतम दोहन और पेट्रोलियम संसाधनों के संरक्षण के अनुरूप भण्डार प्रबंधन कार्यप्रणाली को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक किसी भी मध्य–पाठ्यक्रम सुधार पर सलाह देना।
- पेट्रोलियम अन्वेषण, ड्रिलिंग, भण्डारों के उत्पादन आदि से संबंधित आंकड़ों और नमूनों के संरक्षण, अनुरक्षण और भंडारण को विनियमित करना तथा कंपनियों को प्रस्तावित एकड़ के लिए आंकड़े संबंधी पैकेज तैयार करना।
- इससे संबंधित सभी अन्य मामले और ऐसे अन्य कार्य जो सरकार द्वारा समय–समय पर सौंपे जा सकते हैं।
- संविदा प्रबंधन कार्यों में सरकार की सहायता करना।
- गैस हाइड्रेट, शेल गैस/तेल और तेल शेल जैसी अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन संसाधनों की खोज और विकास।

14.4.5.1. भारत के ईएंडपी क्षेत्र में सरकारी पहल

सरकार ने खोजे गए छोटे क्षेत्र (डीएसएफ) नीति, कोल बेड मीथेन (सीबीएम) नीति और हाइड्रोकार्बन अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) आदि जैसी पहलों के माध्यम से ईएंडपी क्षेत्र को छोटे और नए प्रवेशकों सहित व्यापक श्रेणी के संस्थानों के लिए खोल दिया है।

बढ़ी हुई अन्वेषण कार्यकलाप, नए हाइड्रोकार्बन भंडारों की खोज की संभावनाओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिससे उत्पादन क्षमताएँ बढ़ती हैं। पहले से अनदेखे या कम खोजे गए क्षेत्रों में उद्यम करने से महत्वपूर्ण तेल और गैस भंडार मिलने की संभावना बढ़ जाती है। यह न केवल ईएंडपी उद्योग के विकास में योगदान देता है बल्कि देश की ऊर्जा मांगों को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा करने में भी मदद करता है। देश में अन्वेषण कार्यकलापों में तेजी लाने के लिए, सरकार ने 3 जनवरी 2024 को ओएएलपी बोली दौर–IX शुरू

किया है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से अन्वेषण और विकास के लिए लगभग 1,36,000 वर्ग किमी क्षेत्र वाले 28 ब्लॉक पेश किए गए हैं। यह दौर पिछले सभी ओएएलपी दौरों से बहुत बड़ा है और इससे देश में अन्वेषण संबंधी कार्यकलापों को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

कर अवकाश, श्रेणी–II और III के आधार पर कोई राजस्व नहीं मिलने जैसे सरकारी प्रोत्साहन घरेलू उत्पादनों को अधिक व्यवहार्य और लागत प्रभावी बनाएंगे। एचईएलपी के अंतर्गत सुव्यवस्थित विनियमन और एकल लाइसेंस प्रणाली संबंधी विलम्ब को कम करती है और खोजों के मुद्रीकरण को तेजी से आगे बढ़ाती है।

प्रारंभिक मुद्रीकरण योजना खोज के अग्रिम मुद्रीकरण में मदद करेगी और घरेलू तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाएगी।

इसके अतिरिक्त ईआर (संवर्धित रिकवरी) नीति मौजूदा क्षेत्रों से रिकवरी को अधिकतम करने के लिए बढ़ी हुई तेल रिकवरी (ईओआर) और बेहतर तेल रिकवरी (आईओआर) तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहित करेगी।

अपतटीय में लगभग 1 मिलियन वर्ग किलोमीटर नो–गो क्षेत्र को मुक्त किया गया जो दशकों से अन्वेषण के लिए अवरुद्ध था। इन पूर्ववर्ती "नो–गो" क्षेत्रों को जारी करने के बाद, अब तक 1,52,325 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के लिए बोलियाँ/हित की अभिव्यक्ति प्राप्त हुई है। हाल ही में ओएनजीसी द्वारा महानदी अपतटीय क्षेत्र में दो गैस संबंधी खोजें की गई हैं, जिसमें 94% क्षेत्र "नो–गो क्षेत्र" में है। अंडमान अपतटीय क्षेत्र को भी लंबे समय के बाद अन्वेषण और उत्पादन कार्यकलापों के लिए खोल दिया गया है। अब तक, ओएएलपी के अंतर्गत दिए गए ब्लॉकों में 12 हाइड्रोकार्बन खोजें की गई हैं, जिनमें से एक गुजरात में पहले से ही गैस (0.44 एमएमएससीएमडी) और कंडेनसेट (819 बीबीएल/दिन) का उत्पादन कर रहा है, जबकि अन्य खोजें मूल्यांकनाधीन हैं।

सरकार बोलीदाताओं को भारतीय तलछटी घाटी के गुणवत्तापूर्ण आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए ऑनलैंड और ऑफशोर क्षेत्रों में भूकंपीय आंकड़ों के अधिग्रहण और स्ट्रेटीग्राफिक कुओं की ड्रिलिंग के लिए लगभग ₹ 7,500 करोड़ व्यय कर रही है।

सरकार ने भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) से इतर ऑनलैंड में 20,000 एलकेएम और ऑफशोर में 30,000 एलकेएम के अतिरिक्त 2डी भूकंपीय आंकड़ों के अधिग्रहण को भी मंजूरी दी है।

14.4.5.2. व्यापारिक सुगमता के लिए पहल

सरकार ने निवेश और उत्पादन को बढ़ावा देने के लक्ष्य से अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) क्षेत्र में व्यापारिक सुगमता को प्राथमिकता दी है। प्रक्रियाओं और प्रक्रियाओं के सरलीकरण के परिणामस्वरूप अधिक पारदर्शी और कुशल प्रणाली तैयार की गई है, जो इस क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करती है।

डिजिटल क्रांति के युग में, सरकार प्रक्रिया दक्षता बढ़ाने और सरकारी सेवा वितरण में सुधार करने का प्रयास कर रही है। ईएंडपी क्षेत्र की मूल्य श्रृंखला में प्रक्रियाओं को सरल और डिजिटल बनाने के लिए कई उपाय लागू किए गए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) के अंतर्गत डीजीएच ने "स्व–प्रमाणन" सहित कई उपाए किए हैं। इससे स्व–प्रमाणन के आधार पर प्रमुख प्रक्रियाओं/अनुमोदनों को तेजी से अनुमोदन प्रदान किया जा सकता है। उत्पादन साझाकरण संविदा प्रबंधन प्रणाली, पेट्रोलियम अन्वेषण पट्टा/पेट्रोलियम खनन पट्टा संबंधी आंकड़ा प्रबंधन प्रणाली, उत्पादन डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली, ई–बोली पोर्टल आदि जैसे कई प्रकार के अनुप्रयोग और प्रणालियाँ भी शुरू की गई हैं। ये उपकरण प्रचालकों को सुचारू संचालन, पारदर्शी संविदा प्रबंधन, त्वरित अनुमोदन और निकासी अनुदान, तथा संभावित निवेशकों के साथ जोड़ने में सहायता करते हैं।

14.4.6. उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र (सीएचटी)

सन 1987 में स्थापित, उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र (सीएचटी) भारत सरकार के वैज्ञानिक और तकनीकी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की तकनीकी शाखा के रूप में कार्य करता है। सीएचटी के प्रमुख कार्यों में निम्नलिखित शामिल है:–

- रिफाइनरियों, पेट्रोकेमिकल्स और पाइपलाइनों के निष्पादन को बेंचमार्किंग करना
- सर्वोत्तम कार्यप्रणाली, विशेष अध्ययन, प्रचालन सुधार और प्रक्रिया प्रौद्योगिकी के माध्यम से रिफाइनरियों के निष्पादन में सुधार
- डाउनस्ट्रीम हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता में सुधार
- पेट्रोलियम उत्पाद के गुणवत्ता में सुधार
- भावी संधारणीयता के लिए वैकल्पिक ऊर्जा के साथ एकीकरण और डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में नई पहल
- हाइड्रोजन अनुसंधान सहित डाउनस्ट्रीम हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में नवाचारों और अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की हाइड्रोकार्बन पर वैज्ञानिक सलाहकार समिति (एसएसी) की कार्यकलापों का समन्वय
- आयात प्रतिस्थापन ईंधन, रसायन और उत्प्रेरक का विकास
- पीएम जी–वन योजना और साइट–2बी के कार्यान्वयन के लिए केन्द्रीय एजेंसी
- बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी (बीएएम) की खरीद के लिए संपीड़ित जैव गैस (सीबीजी) उत्पादकों को वित्तीय सहायता
- सर्वोत्तम कार्यप्रणाली को साझा करना तथा सूचना एवं ज्ञान का प्रसार

14.4.6.1. की गई प्रमुख गतिविधियाँ

1. निष्पादन को बेंचमार्किंग करना

बेंचमार्किंग की शुरुआत मेसर्स सोलोमन एसोसिएट्स (एसए), यूएसए के माध्यम से वर्ष चक्र 2018 से की गई थी। रिफाइनरी और पाइप लाइन दोनों के लिए वर्ष चक्र 2022 के लिए अध्ययन पूरा हो गया है।

पेट्रोकेमिकल (क्रैकर और पॉलिमर) बेंचमार्किंग इकाइयों के लिए संविदा संबंधी कार्यकलाप प्रगति पर है

2. रिफाइनरी के निष्पादन में सुधार

भारतीय रिफाइनरियों के निष्पादन को विश्व की सर्वश्रेष्ठ रिफाइनरियों के बराबर लाने के उद्देश्य से, ऊर्जा दक्षता सुधार, प्रचालन उपलब्धता, ओपेक्स में कमी आदि को लक्षित करते हुए विभिन्न पहल की जा रही हैं, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

2.1. पी.ए.टी. (निष्पादन, उपलब्धि और व्यापार)

पीएटी चक्र–2 में रिफाइनिंग क्षेत्र के लिए ऊर्जा कटौती लक्ष्य 5.49% निर्धारित किया गया था जो 1.01 मिलियन टीओई के बराबर है। इसके स्थान पर, 8.05% की वास्तविक ऊर्जा कटौती, जो 1.48 मिलियन टीओई के बराबर है, प्राप्त की गई। वर्तमान पीएटी चक्र–6 (2020–21 से 2022–23) के लिए, 5.49% का क्षेत्रीय ऊर्जा कटौती लक्ष्य बरकरार रखा गया है, जो 1.17 मिलियन टीओई के ऊर्जा बचत लक्ष्य के बराबर है। पीएटी चक्र–6 पूरा हो चुका है और रिफाइनरियों की ऊर्जा कटौती का अंतिम सत्यापन प्रगति पर है।

2.2. पीएसयू रिफाइनरियों में 2030 तक मिशन क्यू–1

ऊर्जा खपत में सुधार के लिए पीएसयू रिफाइनरियों के लिए विशिष्ट ऊर्जा खपत पर दिशा–निर्देश तैयार किया गया है ताकि सभी रिफाइनरियों को सोलोमन बेंचमार्किंग के क्वार्टाइल 1 (क्यू–1) में लाया जा सके। यह लक्ष्य भारत के एनडीसी के साथ भी संरेखित है, जिसके अनुसार 2005 के आधार वर्ष की तुलना में 2030 तक विशिष्ट ऊर्जा खपत में 45% की कमी की जानी है।

2.3. फार्नेस दक्षता और स्टीम रिसाव पर वार्षिक लेखा परीक्षा

रिफाइनरियों में ऊर्जा दक्षता में सुधार और ऊर्जा खपत को कम करने के लिए, सीएचटी प्रति वर्ष फर्नेस/बॉयलर दक्षता या स्टीम रिसाव के क्षेत्रों में हर दूसरे वर्ष सर्वेक्षण आयोजित करता है। फर्नेस/बॉयलर दक्षता सर्वेक्षण वर्ष 2023 में आयोजित किया गया था जबकि स्टीम रिसाव लेखा–परीक्षा, साक्षम–2024 (जनवरी– 2024) के दौरान पूरा किया गया था।

2.4. रिफाइनरियों के लिए जल उपभोग मानदंडों का विकास और वाटर फूटप्रिंट में कमी:

वर्ष 2019–2022 में 2.901 एम³/घंटे के लक्ष्य की तुलना में 2,360 एम³/घंटे जल उपभोग की बचत की गई है। वर्ष 2025 तक जल उपभोग में 3.435 एम³/घंटे की और कमी लाने के लिए काम चल रहा है। आज की तारीख तक 1,160 एम³/घंटे की बचत की गई है।

2.5. पीएसयू रिफाइनरियों का रिफाइनरी निष्पादन संबंधी सुधार कार्यक्रम (आरपीआईपी):

पीएसयू तेल कंपनियों को उत्पाद पैटर्न और उनकी गुणवत्ता, संचालन उत्कृष्टता में सुधार, ऊर्जा खपत और उत्सर्जन को कम करने आदि में सहायता करने के लिए सीएचटी ने दो चरणों में आरपीआईपी शुरू करने के लिए अनुभवी सलाहकार को नियुक्त किया है। चरण–I पीएसयू रिफाइनरियों (एचपीसी–मुंबई और विशाख, बीपीसी–मुंबई और कोच्चि, आईओसी–पानीपत, पारादीप और मथुरा) ने आरपीआईपी चरण–1 में भाग लिया है। आरपीआईपी चरण–1 के अंतर्गत उपर्युक्त उद्देश्यों को लक्षित करने वाली कई योजनाओं की पहचान की गई है और तेल कंपनियों द्वारा उनका कार्यान्वयन किया जा रहा है। दूसरे चरण में, शेष 8 रिफाइनरियों (आईओसी–बरौनी, गुजरात, हल्दिया, बोंगाईगांव, गुवाहाटी, डिग्बोई, सीपीसीएल–मनाली और एनआरएल) के लिए संबंधित रिफाइनरियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

3. ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन के लिए कार्यनीतिक हस्तक्षेप (साईट–2वी)

साइट 2वी भारत में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन (साइट) कार्यक्रम के लिए कार्यनीतिक हस्तक्षेप के हिस्से के रूप में शुरू की गई योजना है। इसका उद्देश्य निर्माताओं को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करके ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन को बढ़ावा देना है।

साइट 28 योजना के अंतर्गत, कार्यान्वयन एजेंसी/एजेंसियां रिफाइनरी या कई रिफाइनरियों के लिए सबसे कम लागत पर ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन और आपूर्ति के लिए मांग को एकत्रित करेंगी और बोलियां आमंत्रित करेंगी। मोड 28 का ट्रैच । प्रति वर्ष 2,00,000 मीट्रिक टन की बोली क्षमता प्रदान करता है। एमएनआरई ने दिनांक 16 जनवरी 2024 को अपने पत्र के माध्यम से अधिसूचित किया है कि मोड 20 के तहत योजना का क्रियान्वयन तेल एवं गैस कंपनियों तथा उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र (सीएचटी) द्वारा किया जाएगा। सीएचटी सचिवीय प्रबंधकीय एवं क्रियान्वयन सहायता प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होगा, जिसमें लाभार्थियों के दावों की जांच, संवितरण दावों की जांच एवं समाधान, प्रगति की निगरानी, आदि शामिल है तथा इसके साथ–साथ समय–समय पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सौंपी गई अन्य जिम्मेदारियां भी पूरी की जाएंगी।

4. स्वदेशी प्रौद्योगिकी के नवोन्मेष एवं विकास को बढ़ावा देना

सीएचटी राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं सहित डाउनस्ट्रीम हाइड्रोकार्बन क्षेत्र के लिए अनुसंधान परियोजनाओं की पहचान करने एवं उन्हें वित्तपोषित करने तथा ऊर्जा परिवर्तन को सुगम बनाने में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की हाइड्रोकार्बन पर वैज्ञानिक सलाहकार समिति (एसएसी) की कार्यकलापों का समन्वय करता है।

हाइड्रोजन अनुसंधान: सीएचटी ने विभिन्न मार्गों से हाइड्रोजन के उत्पादन, वाहन निर्माता एवं परिवहन संचालकों के साथ गठजोड़ करके ईंधन सेल बसों के विकास, हाइड्रोजन के भंडारण एवं वितरण, एचसीएनजी के उत्पादन तथा दिल्ली में एचओएनजी ईंधन वाली बसों के निष्पादन के लिए विभिन्न परियोजनाओं को वित्तपोषित किया है।

5. प्रधानमंत्री जीवन योजना का क्रियान्वयन

प्रधानमंत्री जीवन योजना की घोषणा वर्ष 2014 में की गई थी। 2जी इथेनॉल प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए मार्च, 2019 में इस योजना को मंजूरी दी गई थी। इस योजना का वित्तीय परिव्यय ₹ 1,969.5 करोड़ है। इस योजना के कार्यान्वयन के लिए सीएचटी को केन्द्रीय एजेंसी नियुक्त किया गया है। पीएम जी–वन योजना की संचालन समिति ने 6 वाणिज्यिक परियोजनाओं और 4 निष्पादन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता को मंजूरी दी है। 6 वाणिज्यिक परियोजनाओं में से 100 केएलपीडी की क्षमता वाला आईओसीएल पानीपत संयंत्र पहले से ही 2जी इथेनॉल का उत्पादन कर रहा है और बांस फीडस्टॉक पर आधारित 185 केएलएफडी की क्षमता वाला असम बायो रिफाइनरी प्राइवेट लिमिटेड (एबीआरपीएल) शुरू होने वाला है।

6. बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी (बीएएम) की खरीद के लिए संपीड़ित बायो गैस (सीबीजी) उत्पादकों को वित्तीय सहायता:

भारत सरकार ने अधिसूचना एफ. संख्या एल–16020/02/2023–जीपी–1 (ई–45833), दिनांक 2 फरवरी 2024 के माध्यम से वित्त वर्ष 2023–24 से वित्त वर्ष 2026–27 की अवधि के लिए ₹ 564.75 करोड़ के कुल वित्तीय परिव्यय सहित बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी की खरीद के लिए संपीड़ित बायो गैस (सीबीजी) उत्पादकों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना को मंजूरी दी है. सीएचटी को इस योजना के लिए परियोजना निगरानी एजेंसी (पीएमए) के रूप में नियुक्त किया गया है। सीएचटी ने योजना के कार्यान्वयन के लिए एक समर्पित पोर्टल विकसित किया है। योजना के तहत आवेदन 1 अप्रैल 2024 से जमा किया जा सकता है।

7. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को वैश्विक निविदा पूछताछ प्रस्तावों का प्रसंस्करण और अनुशंसा करना:

सामान्य वित्तीय नियम (जीएफआर) 2017 के नियम 161 (पअ) के तहत ₹ 200 करोड़ तक की राशि के आयातित वस्तुओं की खरीद केवल सक्षम प्राधिकारी (कैबिनेट सचिवालय/प्रशासनिक मंत्रालय) से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही की जा सकती है।

इस संबंध में, सीएचटी को मंत्रालय के संबंधित प्रशासनिक प्रभाग को इस संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पहले डाउनस्ट्रीम और मिडस्ट्रीम क्षेत्र से संबंधित प्रस्तावों की जांच करने और तकनीकी रूप से सिफारिश करने का काम सौंपा गया है। वित्तीय वर्ष 2023–2024 के दौरान, कुल 69 प्रस्तावों पर कार्रवाई की गई है।

8. पीसीआरए से सीएचटी को हस्तांतरित कार्यकलाप:

पीसीआरए के विघटन के बाद, पीसीआरए की अनुसंधान एवं विकास संबंधी कार्यकलापों को सीएचटी को सौंप दिया गया है।

9. ऊर्जा प्रौद्योगिकी सम्मेलन (ईटीएम):

26 ईटीएम जिसे पहले रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल्स प्रौद्योगिकी सम्मेलन (आरपीटीएम) के नाम से जाना जाता था, का आयोजन ईआईएल और एनआरएल के साथ आईईसीसी (भारत मंडपम) प्रगति मैदान, नई दिल्ली में दिनांक 9–11 अक्टूबर, 2023 के दौरान किया गया था। इस सम्मेलन का विषय 'उभरती ऊर्जा प्रवृत्तियों और रिफाइनिंग का भविष्य' रखा गया था। इस कार्यक्रम में 15 तकनीकी सत्रों में 77 मौखिक पेपर (8 पैनल बद्ध और 58 विदेशी कंपनियों के वक्ताओं सहित) और 66 डिजिटल पोस्टर सत्रों (जिनमें 47 विदेशी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सत्र शामिल थे) के साथ–साथ 27 प्रदर्शनी स्टॉल भी थे और इसमें भारत और विदेश से 1,300 से अधिक प्रतिनिधियों/आमंत्रित लोगों ने भाग लिया था।





माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने 26वें ऊर्जा प्रौद्योगिकी सम्मेलन का उद्घाटन किया

10. कार्यकलाप समिति की बैठकें (एसीएम)/वेबिनार:

सर्वोत्तम परिचालन कार्यकलापों और सुधारों को साझा करने तथा नवीनतम विकासों पर सूचना के प्रसार के उद्देश्य से, सीएचटी ने रिफाइनिंग क्षेत्र और पाइपलाइन संचालन में महत्वपूर्ण क्षेत्रों/प्रौद्योगिकियों में 24 एसीएम/वेबिनार आयोजित किए। इन बैठकों में उद्योग, लाइसेंसधारकों और आपूर्तिकर्ताओं से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

11. पुरस्कार:

सीएचटी पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित निम्नलिखित वार्षिक पुरस्कारों से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

- रिफाइनरी निष्पादन सुधार पुरस्कार
- सक्षम पुरस्कार (स्टीम लीक और फ्यूमस्ते दक्षता सर्वेक्षणों पर आधारित)
- आरएंडडी में नवोन्मेष पुरस्कार

14.4.7. राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान, जायस, अमेठी

14.4.7.1. नए शैक्षणिक कार्यक्रम:

राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीआईपीटी) ने केमिकल इंजीनियरिंग (मेजर: पेट्रोकेमिकल्स और पॉलिमर इंजीनियरिंग) केमिकल इंजीनियरिंग (मेजर: रिन्यूएबल इंजीनियरिंग) और पेट्रोलियम इंजीनियरिंग (मेजर: एप्लाइड पेट्रोलियम जियोसाइंस), अपने पेट्रोलियम और ऊर्जा पेशकशों को बढ़ाते हुए, और उद्योग के सुझावों को अपनाते हुए, अपने आधुनिक पेशकशों का विस्तार करते हुए जैसे नए बी.टेक कार्यक्रम में जोड़कर अपनी शैक्षणिक पेशकशों का विस्तार किया है।

14.4.7.2. अनुसंधान और विकास:

आरजीआईपीटी के बौद्धिक संसाधन पारंपरिक क्षेत्रों से लेकर एआई/एमएल/आईओटी जैसे अल्ट्रा–उन्नत क्षेत्रों तक फैले हुए हैं, जो इसे बुनियादी और उन्नत शोध कार्यों के माध्यम से समाधान प्रदान करने के लिए प्रेरित करते हैं। संकाय सदस्य विभिन्न विभागों द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं में शामिल हैं, जिनमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड, परमाणु ऊर्जा विभाग, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद, पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, ऑयल इंडिया लिमिटेड, ऑयल एंड नेचुरल गैस लिमिटेड, चेन्नै पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और एनटीपीसी एनर्जी टेक्नोलॉजी रिसर्च अलायंस आदि शामिल हैं।

14.4.7.3. समर्पित पोर्टल सहित केंद्रीय इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधाएं:

आरजीआईपीटी ने इस वर्ष अनुसंधान और बाहरी उपयोगकर्ताओं के लिए 288 उच्च–स्तरीय इंस्ट्रूमेंटेशन प्रदान करने के लिए समर्पित केंद्रीय इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधा (सीआईएफ) की स्थापना की है, जिसमें एक ऑनलाइन पोर्टल प्रणाली है। यह सीआईएफ स्वतंत्र केंद्र की छत्रछाया में काम करता है, जो आंतरिक अनुसंधान एवं विकास संबंधी कार्यकलापों और विदेशी शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और भारत भर के उद्योगों को पूरा करता है। सीआईएफ सामग्री व्यवहार को समझने के लिए अनुसंधान एवं विकास की आठ प्रमुख श्रेणियों के तहत परीक्षण प्रदान करता है, जिसमें विश्लेषणात्मक विज्ञान, क्रोमैटोग्राफी, संक्षारण इंजीनियरिंग, ईंधन प्रौद्योगिकी, भूवैज्ञानिक और भूभौतिकीय विज्ञान, स्पेक्ट्रोस्कोपी, सतह और इमेजिंग विज्ञान और थर्मल विज्ञान शामिल हैं। बाहरी उपयोगकर्ताओं से अन्य संगठनों की तुलना में कम दरों पर शुल्क लिया जाता है, जिससे भारत में व्यापक वैज्ञानिक जनसंख्या तक इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधाओं का विस्तार होता है।

14.4.7.4. आरजीआईपीटी में डीएसटी–निधि समावेशी प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेशन केंद्र:

राष्ट्रीय विशेषज्ञ सलाहकार समिति (एनईएसी) ने डीएसटी–निधि समावेशी प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर (आई–टीबीआई) कार्यक्रम के अंतर्गत सहायता के लिए भारत के संधारणीय विकास के लिए ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और कृषि क्षेत्रों में नवाचार और उद्यमिता' नामक परियोजना की सिफारिश की है। परियोजना का उद्देश्य उद्यमिता और स्टार्ट–अप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए आरजीआईपीटी में आई–टीबीआई स्थापित करना है। समिति ने प्रस्तावित आई–टीबीआई के लिए प्राथमिक क्षेत्र के रूप में ऊर्जा, स्वच्छ ईंधन, स्वास्थ्य सेवा, कृषि आदि पर जोर देने की सिफारिश की है। इस परियोजना के लिए डीएसटी से ₹ 3.24 करोड़ की सहायता मिली है।

14.4.7.5. उद्योग–अकादमिक सहयोग:

सीपीसीएल और आरजीआईपीटी ने निम्नलिखित दो क्षेत्रों में सहयोग करने के लिए दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए, (i) इथेनॉल–मिश्रित पेट्रोल जंग को रोकने के लिए संक्षारण अवरोधक सूत्र और (ii) चावल के भूसे और हरे नारियल के छिलकों से माइक्रोसेल्यूलोज, नैनोसेल्यूलोज और ईंधन के निष्पादन के लिए संयंत्र उत्पादन की स्थापना। इसके अतिरिक्त, ओएनजीसी मेहसाणा एसेट और आरजीआईपीटी ने बेहतर तेल रिकवरी और प्रवाह आश्वासन अनुप्रयोगों के लिए चिपचिपे कच्चे तेल के माइक्रोवेव–असिस्टेड मोबिलाइजेशन नामक परियोजना पर काम करने पर सहमति व्यक्त की। इसके अतिरिक्त, आरजीआईपीटी ने संयुक्त

शैक्षणिक और अनुसंधान पहलों के लिए माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

14.4.7.6. प्रमुख कार्यक्रम:

i. दिनांक 09 मार्च 2024 को यूपी सीएसटी प्रायोजित बौद्धिक संपत्ति अधिकारों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

ii. 18 मार्च 2024 को एसईआरबी प्रायोजित ऊर्जा–स्वतंत्र भारत के लिए नेक्स्टजेन स्पेक्ट्रो मा(इक्रो) स्कोपिक विधि पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

iii. दिनांक 26 फरवरी से 9 मार्च 2024 तक आईओसीएल अधिकारियों के लिए पेट्रोलियम रिफाइनिंग प्रौद्योगिकी पर 2 सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई।

iv. दिनांक 17–18, फरवरी 2024 को संधारणीय विकास के लिए निवल शून्य और ऊर्जा परिवर्तन पर आईसीएसएसआर द्वारा वित्तपोषित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

v. दिनांक 10–14 फरवरी, 2024 को स्मार्ट सेंसिंग और इंटरनेट ऑफ एवरीथिंग के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एसईआरबी प्रायोजित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

vi. दिनांक 27–31 दिसंबर, 2023 को आरजीआईपीटी ने संयुक्त रूप से 76वीं भारतीय केमिकल इंजीनियरिंग कांग्रेस (केमकॉन) 2023 का आयोजन किया।

vii. दिनांक 20 नवंबर से 2 दिसंबर 2023 तक सीपीसीएल अधिकारियों के लिए रिफाइनिंग टेक्नोलॉजी पर 2 सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

viii. दिनांक 06–08 नवंबर, 2023 तक पर्यावरण, सामाजिक, शासन और जिम्मेदार नेतृत्व के लिए आईओसीएल हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

14.4.7.7. समाचार पत्र (ऊर्जाप्रवाह) का पहला संस्करण:

समाचार पत्र (ऊर्जाप्रवाह) का पहला संस्करण का शुभारंभ दिनांक 04 मार्च 2024 को श्री अरुण कुमार सिंह, अध्यक्ष और सीईओ, ओएनजीसी, श्री भास्कर ज्योति फुकन, एमडी, एनआरएल की उपस्थिति में श्री रामेश्वर तेली, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा श्रम एवं रोजगार द्वारा किया गया।

14.4.7.8. नए भवन का उद्घाटन:

माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी ने दिनांक 6 मार्च 2024 को 'ऊर्जा' बालिका छात्रावास और इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स भवन का उद्घाटन किया।

14.4.7.9. निर्माण संबंधी कार्यकलाप: बाल छात्रावास और नया शैक्षणिक भवन:

आरजीआईपीटी जायस परिसर के मौजूदा परिसर में 17,056 एम² के प्लिंथ क्षेत्र के लिए नया बाल छात्रावास भवन बनाया जा रहा है और इसका दिसंबर 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है। बाल छात्रावास भवन के पूर्ण निर्माण के बाद अपेक्षित छात्रों की संख्या लगभग 950 होंगे और निर्माण की अनुमानित लागत ₹ 63.50 करोड़ है।

तदनुसार, आरजीआईपीटी के मौजूदा परिसर में 6,762 एम² क्षेत्र में नया शैक्षणिक भवन बनाया जा रहा है। उक्त भवन के पूरा होने की अपेक्षित तिथि दिसंबर 2024 है और उक्त निर्माण की अनुमानित लागत ₹ 18.81 करोड़ है।

14.4.7.10. ऊर्जा संस्थान, बेंगलुरु (आरजीआईपीटी केंद्र, जायस, अमेठी):

ऊर्जा संस्थान, बेंगलुरु (ईआईबी), आरजीआईपीटी जैस केंद्र, ऊर्जा के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी–प्रचालित शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधी कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिष्ठित शैक्षणिक और अनुसंधान केंद्र है। ईआईबी अस्थायी रूप से श्री वेंकटेश्वर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग विद्या नगर क्रॉस, इंटरनेशनल एयरपोर्ट रोड, बेंगलुरु में स्थित ट्रांजिट कैंपस द्वारा प्रचालित की जा रही है।

14.4.7.11. ईआईबी वर्तमान में तीन एम.टेक कार्यक्रम प्रदान कर रहा है, अर्थात नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी और आंकड़े संबंधी विज्ञान। इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, मैटेरियल साइंस एंड इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के विषयों में पीएचडी भी प्रदान किए जाते हैं।

इस केंद्र में वर्तमान में कुल 15 एम.टेक. के छात्र और 14 पीएच.डी. के छात्र हैं जो हरित ऊर्जा,

इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी और ऊर्जा प्रणालियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोगों के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। वर्ष 2023–24 में 38 छात्रों को स्नातक की डिग्री मिली है।

14.4.7.12. निर्माण की स्थिति:

ऊर्जा संस्थान बेंगलुरु के स्थायी शिविर का निर्माण वर्तमान में सर्वे संख्या 127पी, कंबालीपुरा गांव, सुलीबेले होबली, होसाकोटे तालुक, बेंगलुरु ग्रामीण जिले में प्रगति पर है। निर्माण की योजना में चारदीवारी, शैक्षणिक ब्लॉक, लड़कों के लिए दो छात्रावास, लड़कियों के लिए छात्रावास और एक भोजन कक्ष का निर्माण शामिल है। चारदीवारी का निर्माण पूरा हो चुका है। लड़कों के एक छात्रावास का निर्माण कार्य 70% पूरा हो चुका है और दूसरे का निर्माण कार्य 15% पूरा हो चुका है। लड़कियों के छात्रावास का निर्माण कार्य 30% पूरा हो चुका है। भोजन कक्ष का निर्माण कार्य 80% पूरा हो चुका है। भूतल और 2 मंजिला भवन सहित शैक्षणिक ब्लॉक का निर्माण कार्य 70% पूरा हो चुका है।

14.4.7.13. असम ऊर्जा संस्थान (एईआई), शिवसागर (आरजीआईपीटी जयस का केंद्र):

नये भवनों का उद्घाटन:

अकादमिक ब्लॉक, बाल छात्रावास और बालिका छात्रावास का उद्घाटन दिनांक 4 मार्च 2024 को श्री रामेश्वर तेली, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और श्रम और रोजगार, भारत सरकार द्वारा श्री अरुण कुमार सिंह, अध्यक्ष और सीईओ, ओएनजीसी और श्री भास्कर ज्योति फुकन, एमडी, एनआरएल की उपस्थिति में किया गया।

14.4.7.14. 5 टीपीडी संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र की स्थापना:

ऑयल इंडिया लिमिटेड ने शिवसागर में असम ऊर्जा संस्थान (एईआई) में अत्याधुनिक 5 टीपीडी सीबीजी संयंत्र स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई है। संयंत्र सीबीजी उत्पादन के लिए आधुनिक तकनीक से लैस होगा

14.4.7.15. किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प निर्माण:

बाल छात्रावास–2 (जी+3), भोजन कक्ष, शैक्षणिक भवन, अतिरिक्त बालकों और बालिकाओं के लिए छात्रावास (जी+4), और संकाय सदस्यों के लिए आवास (जी+6) का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

14.4.8. आईआईपीई–भारतीय पेट्रोलियम एवं ऊर्जा संस्थान, विशाखापत्तनम

14.4.8.1. प्रस्तावना:

भारत सरकार ने आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014 में किए गए प्रावधानों के अनुसार वर्ष 2016 में विशाखापत्तनम में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) के तत्वावधान में भारतीय पेट्रोलियम एवं ऊर्जा संस्थान (आईआईपीई) की स्थापना की है। संसद द्वारा अधिनियमित भारतीय पेट्रोलियम एवं ऊर्जा संस्थान अधिनियम 2017 ने इसे राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया है। भारत सरकार द्वारा इस संस्थान की स्थापना का मुख्य उद्देश्य पेट्रोलियम एवं ऊर्जा क्षेत्रों के लिए कुशल इंजीनियरों की आपूर्ति में मात्रात्मक और गुणात्मक कमी को पूरा करना और इन क्षेत्रों के विकास के लिए आवश्यक अनुसंधान संबंधी कार्यकलापों को बढ़ावा देना है। आईआईपीई में अनुसंधान का प्राथमिक लक्ष्य देश की जीवाश्म और गैर–नवीकरणीय ऊर्जा मांगों को पूरा करना रहा है। संस्थान को एचपीसीएल, ओएनजीसी, आयल, गेल और आईओसीएल जैसे प्रमुख तेल सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा ऊर्जा केन्द्रित विशिष्ट संस्थान के रूप में सह–प्रचारित किया जाता है।

